अक्खोहणिज्ज. त्रि० (अक्षोभणीय) जो क्षुब्ध न किया जा सके. That which is not prone to agitation. सुपा० ११४;

अक्खोहिणी स्त्री० (अक्षौहिणी) एक बडी सैना, जिसमें २१८७० हाथी, २१८७० रथ, ६५६१० घोड़े और १०९३५० पैदल होते हैं. A big army which contains 21870 elephants, 21870 Chariots, 65610 horses and 109350 foot police. पउम० ५५, ७; ११;

अखंडल. पुं० (आखण्डल) इन्द्र. Indra. पउम० ४६, ४४;

अखत्त. न० (अक्षात्र) क्षत्रिय धर्म के विरुद्ध; जुलम. Opposed to the characteristic of a क्षत्रिय warrior; harassment. धम्म० ८ टी;

अखादिम. त्रि० (अखाद्य) खाने को अयोग्य; अभक्ष्य. Not eatable; That which cannot be eaten. कुमा०

अखाय. त्रि० (अखात) नहीं खुदा हुआ. Not dug. -तल. न० (तल) छोटा तलाव. A small pond. पाश्र०

अखुट्टिअ. त्रि० (अतुडित) अखूट; परिपूर्ण. That which cannot be exhausted, full of; fully complete. कुमा०

अखोहा. स्त्री० (अक्षोभा) विद्या विशेष. A particular kind of a lore or science. पउम० ७, १३७;

अग. पुं० (अग) (१) वृक्ष; पेड़. A tree. (२) पर्वत; पहाड़. A mountain. से० १, ४२;

अगइ. स्त्री० (अगति) निरुपाय. Without having any recourse, remediless. अच्चू० १६;

अगंठिम. न० (अग्रन्थिम) (१) कदली फल; केला. A fruit of the plantain tree. बृह० १; (२) फल की फांक; टुकड़ा. A long and thin piece of a fruit. निसी० चू० १६;

अगड. पुं० (अवट) कूप के पास पशुओं के जल पीने के लिए जो गर्त बनाया जाता है वह. A pit rounded by four walls near the well constructed for the purpose of getting the cattle drunk water from within which is kept stored therein. उप० २०५;

अगड. त्रि० (अकृत) नहीं किया हुआ. Not done or performed. वव० ६;

अगणिमुह. पुं० (अग्निमुख) देव; देवता. A God; a divine being; a deity. आया० चू०

अगन्न. त्रि० (अकर्ण्य) नहीं सुनने लायक; अश्राव्य. Not fit or proper to be heard. भवि०

अगम. पुं० (अगम) (१) वृक्ष; पेड़. A tree or plant. दसनि० १, ३५; (२) त्रि० स्थावर; नहीं चलने वाला. Immovable, steady, standstill. महानि० ४;

अगय. न० (अगद) औषध; दवाई. Medicine. सुपा० ४४७;

अगार. पुं० (अकार) 'अ' अक्षर. The Letter "A" विशे० ४८४;

अगारग. त्रि० (अकारक) अकर्ता. Not doing or acting. सूअनि० ३०;

अगारी. स्त्री० (अगारिणी) गृहस्थ स्त्री. A housewife. वव० ४ ;

अग्ग. त्रि० (अग्र्य) श्रेष्ठ ; उत्तम. Best, excellent, superior. से० ८, ४४; (२) प्रधान; मुख्य. Chief, Major, Prime. उत्त० १४;

अग्गंथ. त्रि० (अग्रन्थ) धन रहित. Devoid of wealth, moneyless, poor. (२) जैन साधु. A Jain saint. ओव०

अग्गक्खंध. पुं० (अग्रस्कन्ध) सैन्य का अग्र भाग. The front part of an army. से० ३, ४० ;

अग्गणी. त्रि० (अग्रणी) अगुआ; मुखिया; नायक. A head or leader. कप्प० नाट०

अग्गद्ध. न० (अग्रार्ध) पूर्वार्ध. A first half. निसी० चू० १;

अग्गपहारि. त्रि० (अग्रप्रहारिन्) पहले प्रहार करने वाला. One who deals the first blow. आव० १;

अग्गमणि. पुं. (अग्रमणि) मुख्य; श्रेष्ठ; शिरोमणि. A leader; A head. उप० ७२८ टी;

अग्गय. त्रि० (अग्रज) (१) आगे उत्पन्न होने वाला; बड़ा भाई या बहन. The first born brother or sister or elder brother or sister. (२) पुं० ब्राह्मण. A Brahmin (The firstborn). नाट०

अग्गलिअ. त्रि० (अर्गलित) जो आगल से बंद किया गया हो वह. Bolted; shut up with a bolt. सुर० ६, १०;

अग्गलोग. पुं० (अग्रलोक) मुक्ति स्थान; सिद्धि क्षेत्र. The place where the soul is finally emancipated; the place where the desired object (liberty or final emancipation) is accomplished. आ० १२;

अग्गहण. न० (अग्रहण) अज्ञान. Ignorant. सुर० १२, ४६;

अग्गाहि. त्रि० (आग्रहिन्) आग्रही; हठी. Importunate, persistent, insistent, Obstinate. सूय० १, १३;

अग्गारण. न० (उद्गारण) वमन; वान्ति. Vomiting, ejecting. चारु० ७;

अग्गाहार. पुं० (अग्राधार) ग्राम विशेष का नाम. Name of a village. सुपा०१४४;

अग्गिकोण. पुं० (अग्निकोण) पूर्व और दक्षिण के बीच की दिशा. The south east corner ruled by Agani Deva. सू० च० ६८;

अग्गिज्जोय. पुं० (अग्निद्योत) भगवान् महावीर का पूर्वीय बीसवें ब्राह्मण जन्म का नाम. Name which was given to Bhagwan Mahavira on his twentieth birth in a Brahmin Family. आया० चू०

अग्गिज्झ. त्रि० (अग्राह्य) लेने के अयोग्य. Unfit for acceptance. पउम० ३१, ४४;

अग्गिदत्त. पुं० (अग्निदत्त) भगवान् पार्श्वनाथ के समकालीन ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव. Name of a god Tirthankara of Airavata Country, who flourished in the time of Bhagwan Parshvanath. तित्थ०

अग्गिदाण. पु० (अग्निदान) सातवें वासुदेव के पिता का नाम. Name of the father of the seventh Vasudeva. पउम० २०, १८२;

अग्गियय. पुं० (आग्नेयक) इस नाम का एक राज पुत्र. Name of a royal prince.

उप० ६३७;

अग्गिसिहाचारण. पुं० (अग्निशिखाचारण) अग्नि शिखा में निर्बाधतया गमन करने की शक्ति वाला साधु. A saint possessing such power as he can walk even in fire easily and without any pain or fear of being burnt. प्रव० ६८;

अग्गे. अ० (अग्रे) आगे; पहले. Formerly, previous to, before. पिंग० —यण. त्रि० (तन) आगे का; पहले का. Of former times. आयम०

अग्गेय. त्रि० (आग्नेय) (१) अग्नि संबंधी; अग्नि का. Pertaining to fire. पउम० १२, १२६; विशे० १६६०; (२) न० शस्त्र विशेष. Name of one of the arms. सुर० ८,४१; (३) अग्नि कोण. The south east corner. भवि०

अग्गोदय. न० (अग्रोदक) समुद्रीय वेला की वृद्धि और हानि. The Tide and ebb of the sea. सम० ७६;

अग्घ. पुं० (अर्घ) एक देव विमान. Name of a divine cart. देवेन्द्र० १३२;

अग्घविय. त्रि० (अर्घित) पूजित ; सत्कृत ; सम्मानित. Adored, worshipped, welcome, honoured. से० ११, ११; गउड०

अग्घाइ. त्रि० (आघ्रायिन्) सूँघने वाला; A smeller. काप्र० २६४;

अग्घाइर. त्रि० (आघ्रातृ) सूंघने वाला. A smeller. गा० ८८६;

अग्घिय. त्रि० (अर्घित) (१) बहुमूल्य; कीमती. Valuable, rich, dear. निसी०२; (२) पूजित. Worshipped, honoured. दे० १, १०७; से० २०२;

अघ. न० (अघ) (१) पाप; कुकर्म. Wrong act, bad action, sin. कुमा० (२) त्रि० शोचनीय; शोक का हेतु. Lamentable, repentable; a cause of lamentation. प्रयौ० ८०;

अचक्खुस्स. त्रि० (अचक्षुष्य) जिसको देखने को मन न चाहता हो. That which is not liked to the eye, that whose sight is disliked by the eye. बृह०३;

अचल. पुं० (अचल) (१) पर्वत; पहाड़. A mountain. गउड० १२०; (२) एक राजा, जिसने रामचन्द्र के छोटे भाई के साथ जैन दीक्षा ली थी. Name of a king who was initiated in Jain religion together with the younger brother of Shree Ramachandra. पउम० ८५, ४;

अचलप्प. न० (अचलात्मन्) हस्त-प्रहेलिका को ८४ लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; अन्तिम संख्या. The last number, the result of multiplication arrived at by multiplying Hasta Prahelika by 84,00,000. इक०

अचिंतणिअ-अचिंतणीअ. त्रि०(अचिन्तनीय) अनिर्वचनीय; जिसकी चिन्ता भी न हो सके वह; अद्भुत. Indescribable, undefinable, inconceivable, wonderful. लहुअ० ३;

अचिंतिय. त्रि० (अचिन्तित) आकस्मिक; असंभवित. Accidental; impossible. महा०

अचिराभा. स्त्री० (अचिराभा) बिजली; विद्युत्; Lightning. पउम० ४२, ३२;

अच्चग. त्रि० (अर्चक) पूजक. Adorer, worshipper. चैत्य० १२;

अच्चग्गल. त्रि० (अत्यर्गल) निरंकुश; अनियन्त्रित. Uncontrolled, free. मोह०८७;

अच्चत्थ. त्रि० (अत्यर्थ) गंभीर अर्थ वाला. Inscrutable; Difficult to be perceived or understood राय०

अच्चर-अच्चरिअ-अच्चरीअ. न० (आश्चर्य) विस्मय; चमत्कार. Surprise, wonder. विक्क० ६४, प्रबो० १७; रंभा० नाट०

अच्चा. स्त्री० (अर्चा) पूजा; सत्कार. Worship, adoration, honour. गउड०

अच्चाहिअ-द. न० (अत्याहित) (१) महाभीति; बड़ा भय. A great calamity, danger, misfortune, evil or mishap. (२) झूठ; असत्य. False; Lying, Untruth. स्वप्न० ४७; (३) ऐसा जोखमी कार्य, जिसमें प्राण हानि की संभावना हो. A deed; hazardous. अभि० ३७;

अच्चीकरण. न० (अर्चीकरण) (१) प्रशंसा. praising. (२) खुशामद. Excessive and undue praise; hence sycophancy. निसी० चू० ५;

अच्चुअ. पुं० (अच्युत) विष्णु. An epithet of Vishnu. अच्चु० ५;

अच्चुअवइ. पुं० (अच्युतपति) बारहवां देवलोक के इन्द्र. The Indra of the Twelfth world of gods. सु० च० ६१;

अच्चुइंद. पुं० (अच्युतेन्द्र) ग्यारहवें और बारहवें देवलोक का स्वामी; इन्द्र विशेष. The Indra of the eleventh and twelfth worlds of gods. पउम० ११७, ७;

अच्चुग्ग. त्रि० (अत्युग्र) अत्यंत उग्र. Very fierce, severe, stern. प्रव० २२४;

अच्चुच्च. त्रि० (अत्युच्च) खूब ऊंचा; विशेष उन्नत. Very high or lofty. उप० ६८६ टी;

अच्चुदार. त्रि० (अत्युदार) अत्यन्त उदार. Very generous. स० ६००;

अच्चुन्नय. त्रि० (अत्युन्नत) बहुत ऊंचा. Very high. कप्प०

अच्चुब्भड. त्रि० (अत्युद्भट) अति प्रबल. Very powerful or forceful. भवि०

अच्चुवयार. पुं० (अत्युपचार) विशेष सेवा. Excessive service. गा० ५१४;

अच्चुव्वाय. त्रि० (अत्युद्वात) अत्यंत थका हुआ. Extremely fatigued or tired. बृह० ३;

अच्चेअर. न० (आश्चर्य) आश्चर्य; विस्मय. Surprise, wonder. विक्र० १५;

अच्छअ. पुं० (अक्षक) बहेड़ा का वृक्ष. Name of a tree. (२) न० स्वच्छ जल. Pure water. से० ६, ४७;

अच्छअर. न० (आश्चर्य) विस्मय; चमत्कार. Surprise, wonder. कुमा०

अच्छण्ण. त्रि० (अच्छन्न) अगुप्त; प्रकट. Open, visible, patent. बृह० ३;

अच्छरिअ-अच्छरिज्ज-अच्छरीअ. न० (आश्चर्य) विस्मय; चमत्कार. Surprise, wonder. हे० १, ५८; प्रयौ० ४२;

अच्छहल्ल. पुं० (अच्छभल्ल) रींछ. A bear. पाअ०

अच्छाइ. त्रि० (आच्छादिन्) ढकने वाला; आच्छादक. One who covers or protects. A cover; protector. स० ३५१;

अच्छायंत. त्रि० (अच्छातान्त) तीक्ष्ण; धारदार Sharp edged. पाअ०

अच्छायण. न०(आच्छादन) (१) वस्त्र; कपड़ा. A garment or cloth. आया० (२) ढकना. A lid; A cover. दे० ७, ४५;

अच्छायणा. स्त्री०(आच्छादना) ढकना; आच्छादित करना. A lid, covering. वव० ३;

अच्छिंदण. न० (आच्छेदन) (१) छीनना. Snatching away, taking away by force, extortion. (२) थोड़ा छेद करना; काटना. Cutting a little. भग० १५;

अच्छिणण-अ. त्रि० (आच्छिन्न) (१) बलात्कार से छीना हुआ. Extorted, snatched away. पाअ०

अच्छित्तिणय. पुं० (अच्छित्तिनय) वस्तु को नित्य मानने वाला पक्ष. A school believing in the eternity or continuity of things. प्रव०

अच्छिप्प. त्रि० (अस्पृश्य) छूने को अयोग्य. Untouchable, unfit to be touched. सु० च० २८१;

अच्छिय. त्रि० (आसित) बैठा हुआ. Seated. पि० ४८०; ५६५;

अच्छोडण. न० (आच्छोटन) (१) सिंचन. Sprinkling. (२) आस्फालन. Striking against. वेणी० १०६; सुर० १३, ४१; सुपा० ५६३; (३) मृगया; शिकार. Hunting, Chase. दे० १, ३७;

अच्छोडिअ. त्रि० (आच्छोटित) (१) सिक्त; सिंचा हुआ. Sprinkled, Watered. सुर० २, २४५; (२) पटका हुआ; आस्फालित. Striken against, flapped. कुम०४३३;

अजड. त्रि० (अजड) (१) पक्व; विकसित. Fully developed; Come to perfection. गउड० (२) निपुण; चतुर. Clever, proficient. कुमा०

अजय. पुं० (अजय) षट्पद छंद का एक भेद. A variety of distinct part of the verse having six lines. पिंग०

अजाण. त्रि० (अज्ञान) अनजान; मूर्ख. Ignorant, fool. रयण० ८५;

अजिअ. त्रि० (अजय्य) जो जीता न जा सके. Invincible, Unconquerable. सुपा० ७५;

अजिअनाह. पुं० (अजितनाथ) नववाँ रुद्र पुरुष. Name of the ninth Rudra. विचार० ४७३;

अजिअबला. स्त्री० (अजितबला) भगवान् अजितनाथ की शासन देवी. Name of a goddess serving Lord Ajitanatha. प्रव० २७;

अजिआ. स्त्री० (अजिता) भगवान् अजितनाथ की शासनदेवी. Name of a goddess serving Lord Ajitanatha. संति० ६;

अजियंधर. पुं० (अजितधर) ग्यारह रुद्रों में आठवाँ रुद्र पुरुष. The eighth Rudra out of the eleven ones. विचार० ४७३;

अजिर. न० (अजिर) आँगन; चौक. A court-yard, compound. सण०

अअजु. न० (अयुत) दश हजार. Ten thousand (10,000). महा०

अजुत्तिअ. त्रि० (अयुक्तिक) युक्ति शून्य; अन्याय. Without any reason or rhyme. सुर० १२, ५४;

अज्ज. त्रि० (अर्य) (१) वैश्य. A man of the third tribe. (२) स्वामी; मालिक. A master, husband. दे० १, ५;

अज्ज. न० (आज्य) घी; घृत. Ghee, clarified butter. पाअ०

अज्जंत. त्रि० (आयत्) आगामी. Future, coming. **—काल.** पुं० (काल) भविष्य काल. Future time, future, time to come. पाअ०

अज्जंहिज्जो. अ० (अद्यह्य) आजकल. Now-a-days. उप० पृ० ३३४;

अज्जग. पुं० (अर्जक) उपार्जन करने वाला; पैदा करने वाला. One who acquires, or gets. सु० च० १२४;

अज्जम. पुं० (अर्यमन्) सूर्य. The sun. पि० २६१;

अज्जा. स्त्री० (आर्या) गौरी; पार्वती. An epithet of Parvati. दे० १, ५;

अज्जु. अ० (अद्य) आज. To-day. हे० ४,

३४३; भवि० पिंग०

अज्जू. स्त्री० (आर्या) सासू; श्वश्रू. Mother-in-law. हे० १, ७७;

अज्झक्ख. त्रि० (अध्यक्ष) अधिष्ठाता. A president, superintendent, ruler, head; one who supervises. कप्पू०

अज्झयणि. त्रि० (अध्ययनिन्) पढ़ने वाला; अभ्यासी. A student; one who knows or goes over the Sastras. विशे० १४६५;

अज्झहिय. त्रि० (अध्यधिक) अत्यंत; अतिशयित. Excessive, very much; too much. महा०

अज्झाय. पुं० (अध्याय) ग्रन्थ का एक अंश. A chapter of a book. विशे० ११११;

अज्झारोव. पुं० (अध्यारोप) आरोप; उपचार. Ascribing, attributing or supposing. धर्मसं० ३२२; ३२३;

अज्झारोवण. न० (अध्यारोपण) (१) आरोपण; ऊपर चढ़ाना. Raising, elevating. (२) पूछना; प्रश्न करना. Questioning, inquiring. विशे० २६२८;

अज्झास. पुं० (अध्यास) (१) ऊपर बैठना. To sit upon. (२) निवास स्थान. Abode, residential place. सु० च० २०;

अज्झेसार. त्रि० (अध्येतृ) पढ़ने वाला. A student, learner. विशे० १४६५;

अट्ट. पुं० न० (अट्ट) (१) दुकान; हाट. A shop. आ० १४; (२) महल के ऊपर का घर; अटारी. A balcony. कुमा०

अट्टणा. स्त्री० (आवर्तना) आवृत्ति. Repetition; An edition. प्राकृ० ३१;

अट्टण्ण. त्रि० (आर्तज्ञ) पीड़ित की पीड़ा को जानने वाला. One who knows the sufferings of the distressed. षड्०

अट्टय. पुं० (अट्टक) (१) हाट; दुकान. A shop. आ० १२; (२) पात्र के छिद्र को बंध करने में उपयुक्त द्रव्य विशेष. A substance which is used in closing the hole in a vessel. बृह० १;

अट्टिय. त्रि० (अर्दित) व्याकुल; व्यग्र. Confused; Confounded. ओव०

अट्ठ. पुं० न० (अर्थ) (१) धन; पैसा. Riches, wealth. आया० (२) फल; लाभ. Fruit, advantage. उत्त० १; (३) मोक्ष; मुक्ति. Final emancipation. उत्त० १;

अट्ठपया. स्त्री० (अष्टपदा) एक वृत्त; छन्द विशेष. A particular kind of metre. पिंग०

अट्ठपाहरिअ. त्रि० (अष्टप्राहरिक) आठ प्रहर संबंधी. Relating to eight praharas (*i. e.* 3 hours). सुर० १५, २१८;

अट्ठाइस. त्रि० (अष्टाविंश) अठाईसवाँ. Twenty-eighth. पिंग०

अट्ठाइ (ई) स. स्त्री० (अष्टाविंशति) संख्या विशेष, अठाईस. Twenty-eight. पिंग० पि० ४४२;

अट्ठाण. न० (अस्थान) (१) वेश्या का मुहल्ला. An abode of prostitutes. वव० २; (२) त्रि० अयोग्य; गैरवाजबी. Improper, unreasonable. सूय० १, ७;

अट्ठारसिय. त्रि० (अष्टादशिक) अठारह वर्ष की उम्र का. Eighteen years of age. वव० ४;

अट्ठावय. पुं० (अष्टापद) सुवर्ण; सोना. Gold. पण्ह० ८;

अट्ठासीय. त्रि० (अष्टाशीत) अठासीवाँ. Eighty-eighth. पउम० ८८, ४४;

अट्ठिसरक्ख. पुं० (अट्ठिसरजस्क) कापालिक. A follower of a certain Saiva sect (the left hand order) characterized by carrying skulls of men in the form of garlands

and eating and drinking from them. वव० ७;

अट्टिसेण. न० (अस्थिषेण) (१) वत्स गोत्र की शाखारूप एक गोत्र. A sect in the form of a branch of Vatsa sect. (२) पुं० इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी संतान. The founder of this sect or his children. ठा० ७;

अड. पुं० (अवट) (१) कूप; कुआ. A well. पाअ० (२) कूप के पास पशुओं के पानी पीने के लिये जो गर्त किया जाता है वह. A pit rounded by walls on its four sides constructed near a well, for storing water therein with a view that cattles can drink water from it. हे० १, २७१;

अडिल्ला. स्त्री० (अडिल्ला) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

अडोलिया. स्त्री० (अटोलिका) (१) एक राज पुत्री. Name of a royal princess. (२) मूषिका; चूही. A she-mouse. बृह० १;

अड्डण. न० (अड्डन) (१) चर्म; चमड़ा. Hide, leather, skin. (२) ढाल; फलक. A shield. सुर० २, ५;

अड्डिया. स्त्री० (अड्डिका) मल्लों की क्रिया विशेष. A sort of play tricks practised by wrestlers. विशे० ३३५७;

अड्ढत्त. त्रि० (आरब्ध) प्रारब्ध; शुरू किया हुआ. Begun, commenced. से० १३, ६;

अड्ढुट्ठ. त्रि० (अर्धचतुर्थ) साढ़े तीन. Three and a half. पि० ४५०;

अण. पुं० (अनस्) शकट; गाड़ी. A car, cart. धर्म० २; पुं० (अण) (१) शब्द; आवाज. A sound, Voice. (२) गमन; गति. Movement, Motion. विशे० ३४४०; (३) त्रि० कुत्सित; खराब. Bad, evil. विशे० २७१७;

अणईइ. त्रि० (अनीति) ईति रहित; शलभादि-कृत उपद्रव से रहित. Free from calamities or harm from locusts etc. ओव०

अणंग. पुं० (अनङ्ग) (१) कामदेव. The God of Love. गा० २३३; गउड; कप्पू० (२) एक राजकुमार, जो आनन्दपुर के राजा जितारी का पुत्र था. Name of a prince who was one of the sons of Jitari, the king of Anandapur. गच्छ० २; (३) त्रि० शरीर रहित; अंग-हीन; मृत. Bodiless; dead. गउड० सत्त० ४८; -घरिणी. स्त्री० (गृहिणी) रति; कामदेव की पत्नी. Rati, the wife of the God of Love. सुपा० ६१७; -बाण. पुं० (बाण) काम के बाण. An arrow of the God of Love. गा० ७४८; -सर. पुं० (शर) काम के बाण. A love-shaft. गा० १०००;

अणंगलवण. पुं० (अनङ्गलवन) रामचन्द्रजी का एक पुत्र; लव. Lava, one of the two sons of Shree Ramchandrajee. पउम० ६७, ६;

अणंत. पुं० (अनन्त) (१) विष्णु; कृष्ण. Vishnu, Krishna. पउम० ५, ११२; (२) शेष नाग. Name of a celebrated serpent, said to have one thousand heads, and represented as forming the couch of Vishnu or supporting the entire world on his head. से० ६, ८६;

अणंतइ. पुं० (अनन्तजित्) चालु काल के चौद-हवें जिन देव. The fourteenth Tirthankara Bhagwan of the present

twenty four. पउम० ५, १४८;

अणंतरह. पुं० (अनन्तरथ) राजा दशरथ के बड़े भाई का नाम. Elder brother of king Dasaratha. पउम० २२, १०१;

अणंतरहिय. त्रि० (अनन्तर्हित) अव्यवहित; व्यवधान रहित. Immediate; Direct. आया०

अणंस. त्रि० (अनंश) अखण्ड whole, unbroken ; complete. धर्मसं० ७०६ ;

अणगार. त्रि० (ऋणकार) (१) करजा करने वाला. One who incurs debt. (२) दुष्ट शिष्य; अपात्र. A wicked student. one who is not a deserving fellow. उत्त० १;

अणगाल. पुं० (अकाल) दुर्भिक्ष; अकाल. Dearth; famine. बृह० ३;

अणगिण. पुं० (अनग्न) (१) जो नंगा न हो; वस्त्रों से आच्छादित. Not nacked, clothed. (२) कल्पवृक्ष की एक जाति जो वस्त्र देती है. Name of a desire-yielding tree which gives clothes. तंदु०

अणग्घ. त्रि० (ऋणघ्न) ऋण नाशक; कर्ज नाशक. A destroyer of debts; on who payes a debt. दंस०

अणघ. त्रि० (अनघ) शुद्ध; निर्मल; स्वच्छ. Pure, clear. पंचव० ४;

अणज्झाय. पुं० (अनध्याय) (१) अध्ययन का अभाव. Absence of study. (२) जिसमें अध्ययन निषिद्ध है वह काल. The time which is prohibited for study. नाट०

अणण्ण. त्रि० (अनन्य) असाधारण; अद्वितीय. Extraordinary, Unparalleled. सुपा० १८६; सुर० १, ७; —तुल्ल. त्रि० (तुल्य) असाधारण; अनुपम. Extraordinary, Incomparable. उप० ६४८ टी; —समाण. त्रि० (समान) असाधारण; अद्वितीय. Matchless; Peerless. उप० ५६७ टी;

अणत्त. त्रि० (अनार्त्त) अपीडित. Not afflicted or pained. "दुव्वावइमाईसु अत्तमणत्ते गवेसणं कुणइ". वव० १;

अणथंत. व० कृ० (अतिष्ठत्) (१) नहीं रहता हुआ. Not staying. (२) अस्त होता हुआ. Setting. पउम० १४, १३४;

अणप्प. त्रि० (अनल्प) अधिक; बहुत. Very much, more. ओव०

अणप्प. पुं० (अनात्मन्) निजसे भिन्न; आत्मा से पर. Beyond the soul, not belonging the soul. पउम० ३७, २२; —वसग. त्रि० (वशक) परवश; पराधीन. dependent. पउम० ३७, ७२;

अणप्पज्ज. पुं० (अनात्मज्ञ) (१) निर्बोध; मूर्ख. Ignorant, foolish. (२) पागल; भूताविष्ट; पराधीन. Mad, possessed by a spirit, dependent. निसी० चू० १ ;

अणब्भंतर. त्रि० (अनभ्यन्तर) भीतरी तत्त्व को नहीं जानने वाला; रहस्य अनभिज्ञ. One who does not know the internal secret. अभि० ६१;

अणभिग्गह. न० (अनभिग्रह) 'सर्वे देवा वन्द्याः' इत्यादि रूप मिथ्यात्व का एक भेद. A sort of false belief that all the gods deserve salutation and honour etc. आ० ६;

अणमिस. त्रि० (अनिमिष) (१) विकसित; खुला हुआ. Blown; opened; Expanded. सुर० ३, १४३ ; (२) निमेष रहित ; पलक वर्जित. Without a twinkling of an eye. सुपा० ३५४ ;

अणय. पुं० (अनय) अनीति ; अन्याय Immorality, injustice. आ० २७;

स० ४०१;

अणरएण. पुं० (अनरण्य) साकेतपुर का एक राजा, जो पीछे से ऋषि हुआ था. Name of a king of Saketpur who after wards became a sage पउम० १०, ८७;

अणराय. त्रि० (अराजक) राज-शून्य; जिसमें राजा न हो वह. Having no king, Anarchical. बृह० १;

अणवच्च. त्रि० (अनपत्य) सन्तान रहित; निर्वंश. Childless; Heirless. सु० च० २४६;

अणवट्ठिय. त्रि० (अनवस्थित) पल्य विशेष; नाप विशेष. A time-measurement. A sort of standard by which time is measured or reckoned. क० गं० ४, ७३;

अणवत्थ. त्रि० (अनवस्थ) अव्यवस्थित; अनियमित; असमंजस. Irregular, not in order. दे० १, १३६;

अणवद्द. त्रि०(अनवद्य) निष्पाप; निर्द्दोष; शुद्ध. Innocent, not guilty, pure,holy, not sinful. प्राकृ० २१;

अणवयमाण. व० कृ० (अनपवदत्) (१) अपवाद नहीं करता हुआ. One who does not make any exception, one who does not do anything reverse or contrary to its nature. (२) सत्यवादी. One who has taken a vow to speak the truth forever. वव०३;

अणवसर. त्रि० (अनवसर) आकस्मिक; अचिन्तित. Occured accidently, Unexpected; Sudden. पाश्र०

अणह. न० (अनभस्) भूमि; पृथ्वी. Earth. से० ६, ३;

अणहा. स्त्री० (अधुना) इस समय. Now; In this time. प्राकृ० ८०;

अणहिअअ. त्रि० (अहृदय) हृदय-रहित; निठुर; निर्दय. Cruel, heartless. प्राप०;गा०४१;

अणहियास. त्रि० (अनध्यासक) असहिष्णु; सहन नहीं करने वाला. One who does not bear or endure. उत्त०

अणाइमं (वं) त. त्रि० (अनादिमत्) अनादि काल से प्रवृत्त. Having no beginning; Existing from eternity. पउम० ११८, ३२; भवि०

अणाइय. त्रि० (अनादृत) जिसका आदर न किया गया हो वह. Dishonoured, unwelcomed. उप० ८३३ टी;

अणाजीव. त्रि० (अनाजीव) (१) आजीविका रहित. Without means of livelihood or maintenance. (२) निःस्पृह; निरीह. Free from desire. दस०३;

अणाभिग्गह. न० (अनभिग्रह) मिथ्यात्व का एक भेद. A kind of false belief. पंच० ४, २;

अणाय. त्रि० (अज्ञात) नहीं जाना हुआ; अपरिचित. Unfamiliar, Unacquainted. पउम० २४, १७;

अणाय. पुं० (अनाक) मर्त्यलोक; मनुष्य लोक. World of mortals. से० १, १;

अणायग. त्रि० (अज्ञातक) स्वजन रहित; अकेला. One having no family members or relations. निसी० चू० ६;

अणायग. त्रि० (अज्ञायक) अज्ञान; निर्बोध. Ignorant. निसी० चू० ११;

अणायत्त. त्रि० (अनायत्त) पराधीन. Dependent. पउम० २६, २६;

अणारिस. त्रि० (अनार्ष) जो ऋषि प्रणीत न हो वह. Not belonging to the Rishi, not Vedic. पउम० ११, ८०;

अणारिस. त्रि० (अन्यादृश) दूसरे के जैसा. Like others. नाट०

अणाविश्र. त्रि०(आनायित) मंगवाया हुआ.

Sent for. सिरि० ६६; ७१८;

अणावि (वु) ट्ठि. स्त्री० (अवृष्टि) वर्षा का अभाव. Want of rain, drought, famine. पउम० २०, ८७; सम० ६०;

अणासंसि. त्रि० (अनाशंसिन्) अनिच्छु;निस्पृह. Free from desire. बृह० १;

अणाहि-अणाहिय. त्रि०(अनाधि-क) मानसिक पीड़ा से रहित. Free from mental pain. से० ३, ४४; पि० ३६५;

अणिउंचिय. त्रि० (अनिकुञ्चित) टेढ़ा नहीं किया हुआ; सरल. Straight; Not-crooked. गउड०

अणिक्क. त्रि० (अनेक) एक से ज्यादा. More than one, many. नव० ४३;

अणिक्किणी. स्त्री० (अनीकिनी) ऐसी सेना जिस में २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०६३५ प्यादे हों. An army which consists of 2187 elephants, 2187 charioteers, 6561 horses and 10935 foot soldiers. पउम० ५६, ६;

अणिट्ठिय. त्रि० (अनिष्ठित) असंपूर्ण. Incomplete, not full. गउड०

अणिमा. पुं० स्त्री० (अणिमन्) आठ सिद्धियों में एक सिद्धि; अत्यन्त छोटा बन जाने की शक्ति. One of the eight accomplishments, or perfections; a science by which one can assume a very small form. पउम० ७,१३६;

अणिय. त्रि० (अनित्य) अस्थिर; अनित्य. Unsteady, transitory. उव०

अणिरिण. त्रि० (अनृण) ऋण-करज रहित. Having no debt; free from debt. अभि० ४६; चारु० ६६;

अणिल. पुं० (अनिल) राक्षस वंशीय एक राजा. Name of a king in the lineage of Demons. पउम० ५, २६४;

अणिसीह. त्रि० (अनिशीथ) शास्त्र विशेष जो प्रकाश में पढ़ा या पढ़ाया जाय. Name of a scripture which can be publicly studied, known and taught. आवम०

अणिस्सकड. त्रि० (अनिश्रीकृत) जिस पर किसी खास व्यक्ति का अधिकार न हो; सर्वसाधारण. Very ordinary, very common. धर्म० २;

अणिहस. त्रि० (अनीदृश) इस माफिक नहीं; विलक्षण. Different, extraordinary; unusual, strange. स० ३०७;

अणीस. त्रि० (अनीश) असमर्थ. Not powerful, weak, powerless. अभि० ६०;

अणु. अ० (अनु) (१) समीप; नजदीक. Facing, near. 'अणुकुंडल' गउड० (२) लघु; छोटा. Small, little. 'अणुगाम०' उत्त० (३) क्रम; परिपाटी, Order. 'अणुगुरु' बृह० १; (४) में; भीतर. Inside, in, within. 'अणुजत्त' महा० (५) प्रतिनिधि. Representative, agent. 'अणुप्पभु' निसी०चू० २; (६) बहुत; अत्यंत. Much, very much, too much. 'अणुवंक' मा० ६२;

अणुअ. त्रि० (अज्ञ) अज्ञान; मूर्ख. Foolish, ignorant. गा० १८४; ३४५;

अणुअ. त्रि० (अनुज) पीछे से उत्पन्न; छोटा भाई या छोटी बहिन. Born after, after born; younger brother or sister. अभि० ८२; पउम० २८, १००;

अणुअंपा. स्त्री० (अनुकम्पा) दया; करुणा. Mercy, kindness, compassion, pity. से० ५, २४; गा० १६३;

अणुअंपि. त्रि० (अनुकम्पिन्) दयालु; करुणा करने वाला. Kind, pitiful, merciful, compassionate. अभि० १७३;

अणुअर. त्रि० (अनुचर) (१) सहायताकारी; सहचर. Helper, assistant, friend. पाय० (२) सेवक; नौकर. A servant. प्रामा०

अणुअरिय. त्रि० (अनुचरित) अनुष्ठित; विहित; किया हुआ. Executed, performed, done. कप्प०

अणुआर. पुं० (अनुकार) अनुकरण. Following imitation. नाट०

अणुआरि. त्रि० (अनुकारिन्) अनुकरण करने वाला. A follower, imitator. नाट०

अणुइएण. त्रि० (अनुकीर्ण) (१) व्याप्त; भरा हुआ. Full of, filled with. (२) नहीं गिरा हुआ; अपतित. Not fallen. ओव०

अणुइएण. त्रि० (अनुद्गीर्ण) बहार नहीं निकला हुआ. Not come out. ओव०

अणुओयण. न० (अनुयोजन) संबन्धन; जोड़ना. Connection, combining, uniting. विशे० १३८५;

अणुकंप. त्रि० (अनुकम्प्य) अनुकम्पा के योग्य. Fit to be pitied; pitiable. दे० १,२२;

अणुकड्ढिय. त्रि० (अनुकृष्ट) अनुकृत; अनुसृत. Followed, imitated, copied. स० १८२;

अणुकप्प. पुं० (अनुकल्प (१) बड़े पुरुषों के मार्ग का अनुकरण. Imitation of the great. (२) त्रि० महापुरुषों का अनुकरण करने वाला. Follower of the great. पंचमा०

अणुकरण. न० (अनुकरण) नकल. Copy, imitation. वव० ३;

अणुकहण. त्रि० (अनुकथन) अनुवाद. Repetition by way of explanation, corroboration or illustration. सूय० १, १३;

अणुकार. पुं० (अनुकार) अनुकरण; नकल. Imitation, copy. कप्पू०

अणुकारि. त्रि० (अनुकारिन्) अनुकरण करने वाला. One who follows, imitates or copies. महा०

अणुकिइ. स्त्री० (अनुकृति) अनुकरण; नकल. A copy, imitation. पंचू०

अणुकिरण. त्रि० (अनुकीर्ण) व्याप्त; भरा हुआ. Occupied, full of. पउम० ११,७;

अणुकित्तण. न० (अनुकीर्तन) वर्णन; प्रशंसा; श्लाघा. Description, praise. पउम० ६३, ७३;

अणुकुइय. त्रि० (अनुकुचित) (१) पीछे फेंका हुआ. Thrown back. (२) ऊँचा किया हुआ. Raised, lifted, elevated. निसी० चू० ८;

अणुकूलि. त्रि० (अनुकूलिन्) अनुकूल कारक. One who makes agreeable or suitable. संबोध० ५;

अणुकुइअ. त्रि० (अनुकुचित) थोड़ा संकुचित. Somewhat contracted. प्रव० ६२;

अणुग. त्रि० (अनुग) अनुचर; नौकर. An attendant, servant. दे० ७, ६६;

अणुगंपा. स्त्री० (अनुकम्पा) करुणा; दया. Pity, mercy, compassion. स० १५८;

अणुगच्छिर. त्रि० (अनुगन्तृ) अनुसरण करने वाला. One who follows or imitates. सण०

अणुगम. पुं० (अनुगम) (१) अनुसरण; अनुवर्तन. Following. दे० २, ६१;

अणुगमिअ. त्रि० (अनुगत) अनुसृत. Followed. कुम्म० ४३;

अणुगमिर. त्रि० (अनुगन्तृ) अनुसरण करने वाला. One who follows, a follower. दे० ६, १२७;

अणुगारि. त्रि० (अनुकारिन्) अनुकरण करने वाला; नक्कालची. One who copies, or

follows. महा० धर्म० ५; स० ६३०;

अणुगिइ. स्त्री० (अनुकृति) अनुकरण; नकल. A copy, imitation. आ० १;

अणुगिद्धि. स्त्री० (अनुगृद्धि) अत्यासक्ति. Over attachment, devotion or fondness. उत्त० ३,

अणुगीय. न० (अनुगीत) गाना; गीत. A song. पउम० ३३, १४८;

अणुगुण. त्रि० (अनुगुण) (१) अनुकूल; उचित; योग्य. Agreeable, proper, fit, suitable. नाट० (२) तुल्य; सदृश गुणवाला. Having similar merits, possessing equal merits. गउड०

अणुगूल. त्रि० (अनुकूल) अनुकूल. Agreeable, suitable. स० ३७८;

अणुगेज्झ. त्रि० (अनुग्राह्य) अनुग्रह के योग्य; कृपा पात्र. Fit to be favoured or obliged. प्राव०

अणुग्गह. पुं० (अनवग्रह) जैन साधुओं को रहने के लिये शास्त्र निषिद्ध स्थान. A place or abode prohibited by sastras (scriptures) for the Jain saints to reside in. बृह० ३;

अणुग्गहिअ-अणुग्गहीअ-अणुग्गिहीअ. त्रि० (अनुगृहीत) जिस पर कृपा की गई हो वह; आभारी. Favoured, obliged, thankful. महा० सुपा० १६२; स० ६७;

अणुचय. पुं० (अनुचय) फैला कर इकट्ठा करना. To collect together after spreading; first to spread and then to gather together. उप० पृ० १५;

अणुचर. त्रि० (अनुचर) सहचर; सेवक; नौकर. An attendant, a waiter, a servant. उत्त० २८;

अणुचिंतण. न० (अनुचिन्तन) सोच-विचार; पर्यालोचन. Constant thinking, Meditation, आव० ४;

अणुचिंता. स्त्री० (अनुचिन्ता) देखो अणुचिंतण शब्द. Vide 'अणुचिंतण' आव० ४;

अणुच्छहंत. त्रि० (अनुत्सहमान) उत्साह नहीं रखता हुआ. One having no energy or zeal. पउम० १८, १८;

अणुच्छित्त. त्रि० (अनुत्क्षिप्त) नहीं छोड़ा हुआ; अत्यक्त. Not given up, unabandoned. गउड० २३८;

अणुच्छित्त. त्रि० (अनुत्थित) (१) गर्व रहित; विनीत. Polite, prideless, modest. (२) स्फीत; समृद्ध. abundant, full of, plentiful. (३) सबसे उन्नत; सर्वोच्च. Highest, noblest. गउड०

अणुच्छूढ. त्रि० (अनुत्क्षिप्त) अत्यक्त; नहीं छोड़ा हुआ. Not given up, unabandoned. गा० ५२६;

अणुज. पुं० (अनुज) छोटा भाई. A younger brother. स० ३८८;

अणुजाइ. स्त्री० (अनुयाति) अनुसरण. Following, an act of following. धर्मवि० ४६;

अणुजाइ. त्रि० (अनुयायिन्) अनुसरण करने वाला. One who follows or goes behind. सुपा० ४०५;

अणुजाण. न० (अनुयान) (१) पीछे२ चलना. Going behind pace after pace. (२) महोत्सव विशेष; रथयात्रा. Name of a festival; the solemn procession of an idol placed in a car (usually drawn by men). बृह० १;

अणुजाणण. न० (अनुज्ञान) अनुमति; सम्मति. Consent, assent, approval. सूय० १, ६;

अणुजाणिय. त्रि० (अनुज्ञात) सम्मत; अनुमत. Agreed to, assented to, approved,

permitted, allowed. सुपा० ४८८;

अणुजाय. त्रि० (अनुयात) अनुगत; अनुसृत. followed. उप० १३७ टी;

अणुजीवि. त्रि० (अनुजीविन्) आश्रित; नौकर; सेवक. A dependent, servant, follower. सुपा० २३७; पाअ० स० २४३; **—त्तण.** न० (त्व) आश्रय; नौकरी. Dependence, service. पि० ४६७;

अणुज्ज. त्रि० (अनूह्य) उद्देश्य; लक्ष्य. To be intended or aimed at. धर्म० १;

अणुज्ज. त्रि० (अनूर्जस्) उत्साह रहित; अनुत्साही; हताश. One without perseverance, energy or inclination; one who has given up all hopes, hopeless. कप्प०

अणुज्ज. त्रि० (अनोजस्क) तेज रहित; फीका. Lustreless, pale. "अणुज्जं दीणवयणं विहरइ" कप्प०

अणुज्जा. स्त्री० (अनुज्ञा) अनुमति; सम्मति. Consent, assent, approval, permission. पउम० ३८, २४;

अणुज्जिय. त्रि० (अनुर्जित) बल रहित; निर्बल. Powerless having no ability or capacity. बृह० ३;

अणुज्झाण. न० (अनुध्यान) चिन्तन; विचार. Thinking. आवम०

अणुझिज्जिर. त्रि० (अनुक्षयिन्) क्षीण होने वाला. One which is destined to perish, perishable, destructible, transitory, momentary. वज्जा०

अणुट्ठ. त्रि० (अनुत्थ) नहीं उठा हुआ; स्थित. Not stood up, seated, steady. ओघ० ७०;

अणुट्ठाइ. त्रि० (अनुष्ठायिन्) अनुष्ठान करने वाला. One who performs, or executes. आया०

अणुट्ठाण. त्रि० (अनुत्थान) क्रिया का अभाव. Absence of exertion. उवा०

अणुट्ठावण. न० (अनुष्ठापन) अनुष्ठान कराना. Causing to do an act. करु०

अणुट्ठिय. त्रि० (अनुष्ठित) विधि से संपादित; विहित; किया हुआ. Performed or executed according to the ceremonies or rites. पह० सुर० ४, १६६;

अणुट्ठुभ. न० (अनुष्टुप्) एक प्रसिद्ध छंद. A well known metre. सुपा० ६४६;

अणुणय. पुं० (अनुनय) विनय; प्रार्थना. An humble supplication or entreaty; A request in general. महा अभि० ११६;

अणुणाय. त्रि० (अनुज्ञात) अनुमत; अनुमोदित. Consented, approved, seconded or supported. पंचू०

अणुणाय. पुं० (अनुनाद) प्रतिध्वनि; प्रतिशब्द. Reverberation, echo. विशे० ३४०४;

अणुणीअ. त्रि० (अनुनीत) जिसका अनुनय किया गया हो वह. One who is requested, solicited, propitiated. दे० ८, ४८;

अणुण्ह. त्रि० (अनुष्ण) ठंडा; गरम नहीं वह. Cool, cold. पि० ३१२;

अणुतप्पि. त्रि० (अनुतापिन्) पश्चाताप करनेवाला. One who repents, or regrets. वव० १;

अणुत्तप्प. त्रि० (अनुत्त्रप्य) परिपूर्ण शरीर; पूर्ण शरीर वाला. Having complete body, full-bodied. "होइ अणुत्तप्पो सो अविगलइंदियपडिप्पुण्णो" वव० २;

अणुत्तर. त्रि० (अनुत्तर) छोटा. Small, little, Principal, chief. 'अणुत्तरो भाया' पउम० ६, ४;

अणुत्थाह. त्रि० (अनुत्साह) हतोत्साह; निराश. One who has lost patience, perseverance, energy or hopes. कुमा०

अणुदत्त. पुं० (अनुदात्त) नीचे से बोला जाने वाला स्वर. Grace (accent); not elevated or raised (not pronounced with the Uditta accent); बृह० १;

अणुदिण. न० (अनुदिन) प्रतिदिन; हमेशां. Daily, always. कुमा०

अणुद्ध. त्रि० (अनूर्ध्व) ऊंचा नहीं; नीचा. Small, not tall. कुमा०

अणुद्धय. त्रि० (अनुद्धत) सरल; भद्र; विनयी. Humble, Modest, Simple. उप० ७६८ टी;

अणुधम्म. पुं० (अणुधर्म) गृहस्थ धर्म. Duties of a gentleman; gentlemanliness. विशे०

अणुधम्मिय. त्रि० (अनुधार्मिक) धर्म के अनुकूल; धर्मोचित. Agreeable to religion or duty. "एयं खु अणुधम्मियं तस्स" आया०

अणुधाविर. त्रि० (अनुधावितृ) पीछे दौड़ने वाला. One who runs behind. An after runner. उप० ७२८ टी;

अणुनाइ. त्रि० (अनुनादिन्) प्रतिध्वनि करने वाला. One who reverberates echoes or resounds. कप्प०

अणुनाय. त्रि० (अनुज्ञात) अनुमत; जिसको अनुमति दी गई हो वह. Consented, permitted, assented, approved. सुपा० ४७७;

अणुपन्न. त्रि० (अनुपन्न) प्राप्त. Obtained, acquired, got. कुम० ४०१;

अणुपयाण. न० (अनुप्रदान) दान का बदला; प्रतिग्रहण. A donation in return of a gift. संबोध० ३४;

अणुपरिवाडि-डी. स्त्री० (अनुपरिपाटि-टी) अनुक्रम. Order, succeession. से० १५, ६६; पउम० २०, ११; ३२, १६;

अणुपवेस. पुं० (अनुप्रवेश) प्रवेश; भीतर जाना. Entrance, going in. निशी० चू० ७;

अणुपुंख. न० (अनुपुङ्ख) मूल-तक; अन्त पर्यन्त. Upto the end or last. कुम० ३३;

केणुपेक्खा. स्त्री० (अनुप्रेक्षा) भावना; चिंतन; विचार. Meditation, recollection, Thinking. पउम० १४, ७७;

अणुप्पदाण. न० (अनुप्रदान) फिर फिर दान देना. Donating over and over again आव० ६;

अणुप्पभु. पुं० (अनुप्रभु) प्रतिनिधि; स्वामी के स्थानापन्न. A representative,-an agent. निसी० चू० २;

अणुप्पविति. स्त्री० (अनुप्रवृत्ति) अनुप्रवेश; अनुगम. Following, going after. विशे० २११०;

अणुप्पाइ त्रि० (अनुपातिन्) युक्त; संबद्ध; संबन्धी. Relating, connected to, joined with. निसी० चू० १;

अणुफुसिय. त्रि० (अनुप्रोच्छित) पोंछा हुआ; साफ किया हुआ. Cleansed; Cleared. स० ३४४;

अणुबंध. पुं० (अनुबन्ध) (१) संबन्ध Connection, continuity. स० १३८; गउड० (२) कर्मों का संबन्ध. Connection due to actions done in a previous existence. पंचा० १५; (३) कर्मों का विपाक; परिणाम. A result of actions done in the previous birth. उवर० ४; पंचा० १८; (४) स्नेह; प्रेम. Affection; love. स० २७६; सुर० ४, २०; (५) निर्बन्ध; आग्रह. Insisting upon; Persistence. स० ४५८;

अणुबंधेल्ल. त्रि० (अनुबन्धिन्) विच्छेद रहित; अनुगम वाला; अविनश्वर. Eternal, ever-

lasting. उप० २३३;

अणुबद्ध. त्रि० (अनुबद्ध) उत्पन्न. Produced. उत्तर० ६२;

अणुब्भूय. त्रि० (अनुद्भूत) अप्रगट; अनुत्पन्न. Unproduced, not issued out. नाट०

अणुभव. पुं० (अनुभव) (१) कर्म-फल का भोग. Result or consequence of actions done in the previous existence. विशे० (२) ज्ञान; बोध; निश्चय. Understanding, experience, perception or knowledge. पंचा०

अणुभवण. न० (अनुभवन) देखो 'अणुभव' शब्द. Vide 'अणुभव'. आव० ४; विशे० २०६०;

अणुभवि. त्रि० (अनुभविन्) अनुभव करने वाला. One who experiences. विशे० १६४८;

अणुभव्व. त्रि० (अनुभव्य) आसन्न भव्य. One who is to get final emancipation in the near future. संबोध० ४४;

अणुभाव. पुं० (अनुभाव) (१) मनोगत भाव की सूचक चेष्टा; जैसे भौं का चढ़ाना वगैरह. Gestures showing externally manifestations or indication of feelings. नाट० (२) कृपा; महरबानी. Favour, mercy. स० ३४४;

अणुभावग. त्रि० (अनुभावक) बोधक; सूचक. Indicative, suggestive. आवम०

अणुभासण. न० (अनुभाषण) अनुवाद; युक्त बात का कहना. Repetition, saying the same thing again. नाट०

अणुमय. त्रि० (अनुमत) उत्तम कुल वाला; श्रेष्ठ वंश वाला. One having a noble or excellent lineage. कप्प०

अणुमेअ. त्रि० (अनुमेय) अनुमान के योग्य. Inferable, fit to be inferred. नै० ७३;

अणुमोयग. त्रि० (अनुमोदक) अनुमोदन करने वाला. One who seconds or supports. विशे०

अणुम्मुह. त्रि० (अनुन्मुख) विमुख; असंमुख. With the face averted or turned away from; Averse, opposed. महा०

अणुय. पुं० (अणुक) धान्य विशेष० A kind of corn. प्रव० १४६;

अणुयत्तिय. त्रि० (अनुवृत्त) अनुकूल किया हुआ; प्रसादित. Made agreeable, suitable, favoured. सुपा० १३०;

अणुरंगिय. त्रि० (अनुरञ्जित) रंगा हुआ. Coloured. भवि०

अणुरंजण. न० (अनुरञ्जन) राग; आसक्ति. Attachment, love, devotion, affection. विशे० २१७७;

अणुरक्त. त्रि० (अनुरक्त) अनुराग-प्राप्त; प्रेम-प्राप्त. Beloved; Inspired with love. नाट०

अणुराइ-अणुराइल्ल. त्रि० (अनुरागिन्) अनुराग वाला; प्रेमी. Inspired with love. स० ३३०; महा० सुर० १३, १२०;

अणुरोह. पुं० (अनुरोध) (१) प्रार्थना. Entreaty, solicitation, request. महा० (२) दाक्षिण्य; दक्षिणता. Proficiency, expertness, cleverness. पाअ०

अणुरोहि. त्रि० (अनुरोधिन्) अनुरोध करने वाला. Compliant. स० १२१;

अणुलद्ध. त्रि० (अनुलब्ध) (१) पीछे से मिला हुआ. Obtained afterwards. (२) फिर से मिला हुआ. Acquired or obtained again. नाट०

अणुलेविय. त्रि० (अनुलेपित) लिप्त; पोता हुआ. Anointed with, besmeared with, rubbed with. पउम० ८२,७८;

अणुल्लण. त्रि० (अनुल्वण) अनुद्धत; अनुद्भट. Not obstinate; Mild. बृह० ३;

अणुवंक. त्रि० (अनुवक्र) अत्यंत वक्र; बहुत टेढ़ा. Much crooked. माल० ६२;

अणुवक्ख. त्रि० (अनुपाख्य) नाम रहित; अनिर्वचनीय. Nameless, indescribable, inexpressible. बृह० १;

अणुवच्चिअ. त्रि० (अनुव्रजित) अनुसृत. Followed. कुमा०

अणुवजीवि. त्रि० (अनुपजीविन्) (१) अनाश्रित. Independent. (२) आजीविका रहित. Devoid of means for livelihood or maintenance. पंचा० १५;

अणुवजुत्त. त्रि० (अनुपयुक्त) असावधान; ख्याल शून्य. Unattentive. अभि० १३१;

अणुवत्तग. त्रि० (अनुवर्तक) अनुकूल प्रवृत्ति करने वाला; सेवा करने वाला. One who does or acts agreeably, an attendant, a servant. उव०

अणुवत्तण. न० (अनुवर्तन) (१) अनुसरण. Following, going after. स० २३६; (२) अनुकूल प्रवृत्ति. Agreeable actions or acts. गा० २६५; (३) पूर्व सूत्र के पद का अन्वय के लिए नीचे के सूत्र में जाना. Supplying from a preceding Sutra. विशे० ३५६८;

अणुवलद्धि. स्त्री० (अनुपलब्धि) (१) अभाव; अप्राप्ति. Non-existence, non-perception. (२) अभाव-ज्ञान. Non-recognition, knowledge of non-existence. 'दुविहा अणुवलद्धीउ' विशे० १६८२;

अणुवलब्भमाण. त्रि० (अनुपलभ्यमान) जो उपलब्ध न होता हो; जो जानने में न आता हो. That which can not be known. वृस० नि० १;

अणुवसम. पुं० (अनुपशम) उपशम का अभाव. Non-control or restraint of the senses. उव०

अणुवाइ. त्रि० (अनुवादिन्) अनुवाद करने वाला; उक्त अर्थ को कहने वाला. One who repeats. सत्त० १४ टी;

अणुवाइ. त्रि० (अनुवाचिन्) पढ़ने वाला; अभ्यासी. A pupil, student, learner, reader. सत्त० १४ टी;

अणुवाएज्ज. त्रि० (अनुपादेय) ग्रहण करने के अयोग्य. Unfit of acceptance. आवम०

अणुवाय. त्रि० (अनुपाय) उपाय रहित; निरुपाय. Having no remedy. उप० पृ० १४;

अणुवाय. पुं० (अनुवाद) अनुभाषण; उक्त बात को फिर से कहना. Repetition. दे० १, १३१;

अणुवायण. न० (अनुपातन) अवतारण; उतारना. Causing to descend. धर्म० २;

अणुवायय. त्रि० (अनुवाचक) कहने वाला; अभिधायक. One who recites or reads. सुपा० ६१६;

अणुवालण. न० (अनुपालन) रक्षण; परिपालन. Protection. आया०

अणुवास. पुं० (अनुवास) एक स्थान में अमुक काल तक रह कर फिर वहां ही वास करना. Dwelling or residing in one and the same place over again. पंचभा०

अणुवित्ति. स्त्री० (अनुवृत्ति) (१) अनुकूल वर्तन. Acting according or suitably to, pleasing, obedience. कुमा० (२) अनुसरण. Following. उप० ८३३टी;

अणुविद्ध. त्रि० (अनुविद्ध) संबद्ध; जुड़ा हुआ. Joined or united with, connected with. से० ११, १५;

अणुविहाण. न० (अनुविधान) अनुकरण; अनुसरण. Following, imitation. विशे० २०७;

अणुवेयण. न० (अनुवेदन) फल भोग; अनुभव. Enjoyment of consequences; experience. स० ४०३;

अणुवेल. अ० (अनुवेल) निरंतर; सदा. Constantly, always. पाअ०

अणुसंग. पुं० (अनुषङ्ग) संसर्ग; सौबत. Association, conection. सट्ठि० २८; २७;

अणुसंधण-अणुसंधाण. न० (अनुसंधान) (१) खोज; शोध. Investigation. (२) विचार; चिन्तन. Thinking; meditation. आ० २०; (३) पूर्वापर का मिलान. Union of the former and the latter. पंचा० १२;

अणुसट्ठ. त्रि० (अनुशिष्ट) जिसको शिक्षा दी गई हो वह; शिक्षित. One who is punished. सुर० ११, २६;

अणुसरण. न० (अनुसरण) अनुसरण. The act of following. विशे० ४१३;

अणुसरिच्छ-स. त्रि० (अनुसदृश) (१) समान; तुल्य. Similar, equal to, congruent. पउम० ६४, ७०; (२) योग्य; लायक. Fit, proper. से० ११, ११२; पउम० ८२, २६;

अणुसिक्खिर. त्रि० (अनुशिक्षितृ) सीखने वाला. One who learns or studies. गा० ३७८;

अणुसिण. त्रि० (अनुष्ण) गरम नहीं वह; ठण्डा. Cool, cold, Chilly, not hot. क० गं० १, ४६;

अणुसूयग. त्रि० (अनुसूचक) जासूस की एक श्रेणी. A variety of spies. "सूयग तहाणुसूयग-पडिसूयग-सव्वसूयग एव" वव० १;

अणुहरिय. त्रि० (अनुहृत) जिसका अनुकरण किया गया हो वह; अनुकृत. That which has been imitated or copied. महा०

अणुहवण. न० (अनुभवन) अनुभव. Experience, realisation. स० २८७;

अणुहारि. त्रि० (अनुहारिन्) अनुकरण करने वाला; नकालची. One who imitates or copies. कुमा०

अणूय-व. पुं० (अनूप) अधिक जल वाला देश; जल-बहुल स्थान. A watery place or country. विशे० १७०३; वव० ४;

अणेगसो. अ० (अनेकशस्) अनेक बार. Frequently; often and often, often times. आ० १४;

अणेच्छंत. त्रि० (अनिच्छत्) नहीं चाहता हुआ. Not loving, not wishing. उप० ७६८ टी;

अणेज्ज. त्रि० (अज्ञेय) जानने को अयोग्य; जानने को अशक्य. Not fit for knowing, impossible of being known. महा०

अणेसण. न० (अन्वेषण) खोज; तलास. Investigation, discovery, inquiry. महा०

अणोज्जंगी. स्त्री० (अनवद्याङ्गी) भगवान् महावीर की पुत्री का नाम. Name of the daughter of Bhagwan Mahavira Prabhu. आया० चू०

अणोणअ. त्रि० (अनवनत) नहीं नमा हुआ. Unbent. से० १, १;

अणोरुम्मिअ. त्रि० (अनुद्रान) अशुष्क; गीला. Not Dry, wet. कुमा०

अणोल्ल. त्रि० (अनार्द्र) (१) शुष्क; सूखा हुआ. Not wet, dry. गा० ५४१;—मण. त्रि० (मनस्क) अकरुण; निष्ठुर; निर्दय. Pitiless, merciless, cruel, hard hearted, heartless. काम० ८६;

अणोवमिय. त्रि० (अनुपमित) उपमा रहित, अद्वितीय. Incomparable, matchless, peerless. पउम० २, ६३;

अणोहीण. त्रि० (अनवहीन) हीनता रहित, Having no defect or deficiency. पि० १२०;

अगणगण. त्रि० (अन्योन्य) परस्पर; आपस में. Mutual. षड्०

अगणागण. त्रि० (अन्यान्य) और और; अलग अलग. Reciprocal. गउड०

अगणत्त. अ० (अन्यत्र) दूसरे में; भिन्न स्थान में. Elsewhere, in another place. गा० ६५५;

अगणा. स्त्री० (आज्ञा) आज्ञा; आदेश. Command, order. गा० २३; अभि० ६३; मुद्रा० ५७;

अगणारिच्छ. त्रि० (अन्यादृक्ष) दूसरे के जैसा. Like another. प्रामा०

अगणारिस. त्रि० (अन्यादृश) दूसरे के जैसा. Like another, of another kind. पि० २४५;

अगणु. त्रि० (अज्ञ) अज्ञान; निर्बोध; मूर्ख. Foolish, ignorant, who knows nothing. षड्० गा० १८४;

अगणेसिय. त्रि० (अन्वेषित) जिसकी तहकीकात की गई हो वह. That which has been searched for, invented, discovered or inquired into. महा०

अतक्किय. त्रि० (अतर्कित) (१) ठीकर नहीं देखा हुआ; अपरिलक्षित. That which is not well perceived or conceived. वव० ८; (२) अचिन्तित; आकस्मिक. Accidental, happened accidentally. महा०

अतड. त्रि० (अतट) छोटा किनारा. A small breach or shore. बृह० १;

अतगहाअ. त्रि० (अतृष्णाक) तृष्णा रहित; निःस्पृह. One who is devoid of desires. अच्चु० १४;

अतत्त. न० (अतत्त्व) असत्य; झूठ; गैर वाजबी False; Untruth, उप० ५०८;

अतत्थ. त्रि०(अतथ्य)असत्य; झूठा. Untrue; False. आया०

अतव. पुं० (अस्तव) अप्रशंसा; निन्दा. Censure. कुमा०

अतह. त्रि० (अतथा) उस माफिक नहीं. Not like that; unlike. गउड०

अतिगाढ. त्रि० (अतिगाढ) (१) अति निबिड. Very thick or dense. (२) क्रि० वि० अत्यन्त; बहुत. Excessive, surpassingly, very much. पउम० ८, ११३;

अतुलिय. त्रि० (अतुलित) असाधारण; अद्वितीय. Uncommon, extraordinary, peerless, matchless unparalleled. भवि०

अत्त. अ० (अत्र) यहां; इस स्थान में. Here, in this place. नाट० —**भव.** त्रि० (भवत्) पूज्य; माननीय. An honorific, epithet meaning 'worthy' 'revered' 'honourable' 'your or his honour' and refering to a person that is present or near the speaker. अभि० ६१; पि० २९३;

अत्तव्व. त्रि० (अत्तव्य) खाने लायक. भक्ष्य. Eatable; Fit for food. नाट०

अत्ति. पुं० (अत्रि) इस नाम का एक ऋषि. Name of a sage. गउड०

अत्ति. स्त्री०(अर्ति) पीड़ा; दुःख. Affliction, pain, trouble, calamity. कुमा० सुपा० १८५; —**हर.** त्रि० (हर) दुःख का नाश करनेवाला. Pain-destroyer; that which removes or destroys pain, trouble or afflictions. अभि० १०३;

अत्तीकरण. न०(आत्मीकरण) अपने वश करना. Self-controlling; self-restraining. निसी० चू० ४;

अत्तुक्कोसिय. त्रि० (आत्मोत्कर्षक) गर्विष्ठ; अभिमानी. Proud, conceited, arrogant. ओव०

अत्तो. अ० (अतस्) (१) इससे; इस हेतु से. Hence, therefore, from this or that cause. गउड० (२) यहां से. Hence; from this place; henceforth. माया०

अत्थंडिल. त्रि० (अस्थण्डिल) साधुओं के रहनेके लिए अयोग्य स्थान; क्षुद्र जन्तुओं से व्याप्त स्थान. A place which is not proper for the saints to reside. ओघ० १३;

अत्थकिरिआ. स्त्री० (अर्थक्रिया) वस्तु का व्यापार; पदार्थ से होने वाली क्रिया. An art or action which is being done by a thing or object. धर्मसं० ४६६;

अत्थण. न० (अर्थन) याचना. Request, entreaty, solicitation. उप० ७२८ टी;

अत्थत्थि. त्रि० (अर्थार्थिन्) धन की इच्छावाला. Desirous of wealth. उप० १३६ टी;

अत्थमाविय. त्रि० (अस्तमापित) अस्त हुआ. Set in. सम्मत्त० १६१;

अत्थाअ. त्रि० (अस्तमित) अस्त हुआ; डूबा हुआ. Set in. पउम० १०, ६६; से० ६, ४२;

अत्थाणिय. त्रि० (अस्थानिन्) गैर-स्थान में लगा हुआ. Situated in the improper place. भवि०

अत्थिय. त्रि० (अर्थिक) धनी; धनवान्. Wealthy, rich, well to do. हे० २, १५६;

अत्थीकरण. न० (अर्थीकरण) याचना. Request, entreaty, solicitation. निसी० चू० ४;

अत्थुरण. न० (आस्तरण) बिछौना. A bed. स० ६७;

अत्थुरिय. त्रि० (आस्तरित) बिछाया हुआ. Spread over, strewed. स० २३६; दे० १, ११३;

अत्थोभय. त्रि० (अस्तोभक) 'उत्त' 'वै' आदि निरर्थक शब्दों के प्रयोग से अदूषित (सूत्र) Not vitiated or corrupted by the use of meaningless words like उत्त (utta) etc. बृह० १;

अदण. न० (अदन) भोजन. Dinner, meals, eating. बृह० १;

अदय. त्रि० (अदय) निर्दय; निष्ठुर. Cruel, hard-hearted, merciless. निसी० चू० २;

अदित्त. त्रि० (अदृप्त) (१) दर्प रहित; नम्र. Polite, prideless, modest. बृह० १; (२) अहिंसक. Harmless or innocent. ओघ० ३०२;

अदिहि. स्त्री० (अधृति) अधीराई; धीरज का अभाव. Impatience, absence of patience. पाअ०

अदोलि-र. त्रि० (अदोलिन्) स्थिर; निश्चल. Steady, motionless. कुमा०

अद्द. पुं० (अब्द) (१) मेघ; वर्षा; बारिस. A cloud, rains. हे० २, ७६; (२) वर्ष; संवत्सर; संवत्. A year. सुर० १३, ७०;

अद्द. पुं० (आर्द्र) (१) इस नाम का एक राजा. Name of a king. (२) एक प्रसिद्ध राजकुमार और पीछे से जैन मुनि. Name of a famous prince who became a Jain saint afterwards. (३) त्रि० आर्द्र राजा के वंशज. One born in the lineage of Ardra king. (४) इस नाम का एक नगर. Name of a city. सूय० २, ६;

अद्दइअ. न० (अद्वैत) भेद का अभाव; भेद रहित. None duality, identity; of one and uniform nature, equable. नाट०

अद्दइज्ज. त्रि० (आर्द्रीय) (१) आर्द्र कुमार संबन्धी. Pertaining to Ardra kumar

(२) इस नाम का 'सूत्रकृतांग' सूत्र का एक अध्ययन. Name of one of the chapters of a book of scripture named "Sutrakritanga. सूय० २,६;

अद्दि. पुं० (अद्रि) पहाड़; पर्वत. A mountain. गउड०

अद्दिट्ठ. त्रि० (अदृष्ट) (१) नहीं देखा हुआ. Not seen; unperceived; unseen. सुर० १, १७२; (२) दर्शन का अविषय. Non-object of sight; that which is not the object of sight. सम्म० ६६;

अद्दिय. त्रि० (अर्दित) पीटा हुआ, पीडित. Severely beaten; greatly troubled. वव० १०;

अद्दिय. त्रि० (आर्द्रित) आर्द्र किया हुआ; भीजाया हुआ. Wetted; Moistened. विक० २३;

अद्देस. त्रि० (अदृश्य) देखने को अशक्य. Invisible, impossible or not feasible of being seen or perceived. स०१७०;

अद्देस्सीकरण. स्त्री० (अदृश्यीकरण) (१) अदृश्य करना. Rendering invisible. (२) अदृश्य करने वाली विद्या. A science which renders a thing invisible. सुपा० ४५४;

अद्देसीकारिणी. स्त्री०(अदृश्यीकारिणी) अदृश्य बनाने वाली विद्या. A science which makes a man invisible, unseenable. सुपा० ४५४;

उद्दोहि. त्रि० (अद्रोहिन्) द्रोह रहित; द्वेष वर्जित. One without malice or ill will or feeling. धर्म० ३;

अद्धक्खिअ. त्रि० (अर्धाक्षिक) विकृत आंख वाला. One having a crooked eye. महानि० ३;

अद्धखल्ला. स्त्री० (अर्धखल्वा) एक प्रकार का जूता. A kind of shoes. बृह० ३;

अद्धचंद. न० (अर्धचन्द्र) एक जात का बाण. A kind of an arrow having a half-moon shape. 'छिंदामि अद्धचंदेण' सुर० ८, ३७;

अद्धणारीसर. पुं० (अर्धनारीश्वर) शिव; महादेव. God Siva. A form of Siva (half male and half female). कप्पू०

अद्धबब्बर. पुं० (अर्धबर्बर) देश विशेष. Name of a country. पउम० २७, ५;

अद्धर. पुं०(अधर) यज्ञ; याग. A sacrifice. पाअ०

अद्धाणिय. त्रि० (अध्विक) पथिक; मुसाफिर. A traveller. बृह० ४;

अद्धासिय. त्रि० (अध्यासित) अधिष्ठित; आश्रित. Occupied; सुर० ७, २१४; उप० २६४ टी० (२) आरूढ. Ascended; climbed. स० ६३०;

अद्धुइअ. त्रि० (अर्धोदित) थोड़ा कहा हुआ. Half-said, uttered. पि० १५८;

अद्धुग्घाड. त्रि० (अर्धोद्घाट) आधा खुला. Half-open. पउम० ३८ १०७;

अद्धुत्त. त्रि० (अर्धोक्त) थोड़ा कहा हुआ. Half said or uttered. वव० १०;

अध. अ० (अधस्) नीचे. Down, below. आया०

अधं. अ० (अधस्) नीचे. Down, below. पि० ३४५;

अधट्ठ. त्रि० (अधृष्ट) अधीठ. Modest, Polite, Courteous. कुमा०

अधण. त्रि०(अधन) निर्धन; गरीब. Moneyless, Poor; Indignant. गउड० सण०

अधणि. त्रि० (अधनिन्) धन रहित; निर्धन. Poor; Indignant. आ० १४;

अधमरण. त्रि० (अधमर्ण) करजदार; देनदार.

A debtor; One who owes. धर्मवि० १४६; १३५;

अधिरोविश्र. त्रि० (अधिरोपित) आरोपित. Ascriped, Superimposed. धर्मवि० १३७;

अधीस. त्रि० (अधीश) नायक. अधिपति. A leader, lord, master. कुम्मा० २३;

अनन्दि. स्त्री० (अनन्दि) अमङ्गल; अकुशल. Ominous, Inauspiciousness. अजि० ३७;

अनिमित्ती. स्त्री० (अनिमित्ती) लिपि विशेष. A particular kind of alphabet. विशे० ४६४ टी०

अनियमिय. त्रि० (अनियमित) (१) अव्यवस्थित. Irregular, not in order. (२) असंयत; इन्द्रियों का निग्रह नहीं करने वाला. On who does not control or curb his senses. पउम० ११४, २६;

अन्नय. पुं० (अन्वय) एक की सत्ता में ही दूसरे की विद्यमानता, जैसे अग्नि की हयाती में ही धूम की सत्ता; नियमित संबन्ध. Logical connection of cause and effect; state of constant and invariable concomitance of the Ketu and Sadhya. उप० ४१३; स० ३५१;

अन्नि. त्रि०(अन्यदीय) परकीय. Belonging to another. 'अन्नं वा अन्निं वा'

अन्नियसुय. पुं० (अन्निकासुत) एक विख्यात जैन मुनि. Name of a well known Jain saint. उप०

अन्नुत्ति. स्त्री० (अन्योक्ति) साहित्य-प्रसिद्ध एक अलङ्कार. Name of a well known figure of speech in literature; a transferred epithet. मोह० ३७; सम्मत्त० १४५;

अन्नूण. त्रि० (अन्यून) अहीन. Complete; whole, entire, not defective or deficient. धर्मवि० १२६;

अप. स्त्री० न० (अप्) पानी; जल. Water. —काय. पुं० (काय) पानी के जीव. Water-germs, germs born in water. दे० १३;

अपंग. पुं० (अपाङ्ग) (१) नेत्र का प्रान्त भाग. The outer corner or angle of the eye. (२) तिलक. A sectarial mark on the forehead. (३) वि० हीन अंग वाला. Having a defective limb. नाट०

अपकरिस. पुं० (अपकर्ष) ह्रास. Loss, decay, decline deterioration, destruction. धर्मसं० ८३७;

अपचय. पुं० (अपचय) अपकर्ष; हीनता. Diminution, decline. उत्त० १; टी०

अपच्चल. त्रि० (अप्रत्यल) असमर्थ; अयोग्य. incapable, unfit, not powerful, निसी० चू० ११;

अपच्छ. त्रि० (अपथ्य) (१) अहितकर. Unwholesome, पउम० ८२, ७२; (२) न० नहीं पचने वाला भोजन. Undigestable food. सुपा० ४३८;

अपज्जत्त. त्रि० (अपर्याप्त) असमर्थ. Incompetent, not a match for. गउड०

अपडिपोग्गल. त्रि० (अप्रतिपुद्गल) दरिद्र; निर्धन. Indigent; Poor; Needy. निसी०चू० ५;

अपडुप्पराग-न्न. त्रि० (अप्रत्युत्पन्न) प्रतिपत्ति में अकुशल. Not clever in understanding or determination (what to do); वव० ६;

अपणट्ठ. त्रि० (अप्रनष्ट) नाश को अप्राप्त. That which has not gone to

destruction, undestroyed, not destructed or perished. सुर० ४, २४०;

अपय. स्त्री० (अप्रज) सन्तान रहित. Childless, Without progeny. बृह० १;

अपय. पुं० (अपद) (१) मुक्तात्मा. An emancipated soul; one who is emancipated. अपयस्स पयं नत्थि. आया० (२) सूत्र का एक दोष. A defect in hymns. विशे०

अपरंतिया. स्त्री० (अपरान्तिका) छन्द विशेष Name of a metre. अजि० ३४;

अपराइया. स्त्री० (अपराजिता) औषधि विशेष. Name of a kind of plant or medicine. नी० ७;

अपरिच्छण्ण-अ. त्रि० (अपरिच्छन्न) नहीं ढका हुआ; अनावृत. Uncovered, not hidden, opened. वव० ३;

अपविद्ध. त्रि० (अपविद्ध) (१) प्रेरित. Impelled; Urged; Instigated; से०७, ११; (२) न० गुरु वन्दन का एक दोष; गुरु को वन्दन करके तुरन्त ही भाग जाना. A defect in the salutation to the teacher, Master or preceptor. गुभा० २३;

अपह. त्रि० (अप्रभ) निस्तेज. Lustreless, dim. दे० १, १६४;

अपहारि. त्रि० (अपहारिन्) अपहरण करने वाला. One who or that takes away or steals. स० २१७;

अपहिय. (त्रि० अपहृत) छीना हुआ. Plundered, stolen, robbed or taken away. पउम० ७६, ५;

अपहु. त्रि० (अप्रभु) (१) असमर्थ; Powerless; Unable; Incompetent. (२) नाथ रहित; अनाथ. Parentless; orphan. पउम० १०१, ३५;

अपाण. न० (अपान) (१) पान का अभाव. Want of drinking, उप० ८४५; (२) पानी जैसी ठंडी पेय वस्तु विशेष. A drinkablo thing as cold as water. (३) पुं० न० अपान वायु. On of the five lifewinds in the body which goes downwards and out at the anus. सुपा० ६२०; (४) जल वर्जित; निर्जल. Without or devoid of water. जं० २;

अपायावगम. पुं० (अपायापगम) जिनदेव का एक अतिशय. One of the superhuman, qualities attributed to Jineshvara. संबोध० २;

अपिहु. अ० (अपृथक्) अपृथक्; अभिन्न. Not separately, togetherwith, collectively. कुमा०

अपुणब्भाव. त्रि० (अपुनर्भाव) फिर से नहीं होने वाला, That which is not to born again. पंच० १;

अपेच्छ. त्रि० (अप्रेक्ष्य) (१) देखने को अशक्य. Impossible to be seen. (२) देखने को अयोग्य. Unfit to be seen. उव०

अपेय. त्रि० (अपेय) पीने को अयोग्य, मद्य आदि. Undrinkable things such as wine etc. कुमा०

अपेय. त्रि० (अपेत) गया हुआ; नष्ट. Lost, gone, perished, destroyed. बृह० १;

अपेहय. त्रि० (अपेक्षक) अपेक्षा करने वाला. One who expects or desires. आव० ४;

अप्पंभरि. त्रि० (आत्मम्भरि) एकलपेटा; स्वार्थी. Selfish, caring for nobody but himself, self-centred. उप० ५७०;

अप्पकेर. त्रि० (आत्मीय) स्वकीय; निजीय. Ones own, belonging to ones

own. प्रामा०

अप्पक्क. त्रि० (अपक्व) नहीं पका हुआ; कच्चा. Unripe, immatured, unseasoned. सुपा० ४१३;

अहिमंजु. पुं० (अभिमन्यु) अर्जुन के एक पुत्र का नाम. Name of one of the sons of Arjuna. कुमा०

अहिमंतण. त्रि० (अभिमन्त्रण) मन्त्रित करना; मन्त्र से संस्कारना. Consecrating; Making sacred by repetition of special formulas of Mantras. भवि०

अहिमंतिअ. त्रि० (अभिमन्त्रित) मन्त्र से संस्कृत. Consecrated. महा०

अहिमय. त्रि० (अभिमत) संमत; इष्ट. Dear; Beloved; Agreeable. स० २००;

अहिमाण. पुं० (अभिमान) गर्व; अहंकार. Arrogance; Pride. पासू० १७; सण०

अहिमाणि. त्रि० (अभिमानिन्) अभिमानी; गर्विष्ठ. Arrogant; Proud; Conceited. स० ४३१;

अहिमार. पुं० (अभिमार) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उत्तनि० ३;

अहिमास. पुं० (अधिमास) अधिक मास. An intercalary (lunar) month. निसी० चू० २०; आव० १;

अहिमुह. त्रि० (अभिमुख) संमुख; सामने रहा हुआ. Towards; Facing. से० १, ४४; पउम० ८, १६७; गउड०

अहिमुहि (ही)हूअ. त्रि० (अभिमुखीभूत) सामने आया हुआ. Come or approached near. पउम० १२, १०५; ४५, ६;

अहिय. त्रि० (अधीत) पठित; अभ्यस्त. Studied; Learnt. सुर० ४, १५४;

अहियार. पुं० (अभिचार) शत्रु के वध के लिए किया जाता मन्त्रादि प्रयोग. Employment of magical spells for malevolent purposes. गउड०

अहिर. पुं० (आभीर) अहीर; गोवाला. A cow-herd. गा० ८११;

अहिरम्म. त्रि० (अभिरम्य) सुन्दर; मनोहर. Beautiful; Lovely; Charming. भवि०

अहिराम. त्रि० (अभिराम) सुन्दर; मनोरम. Beautiful; Handsome. पाअ०

अहिरामिण. त्रि० (अभिरामिन्) आनन्द देने वाला. Pleasing; Delightful. सण०

अहिराय. पुं०(अधिराज) (१) राजा. A king. बृह० ३; (२) स्वामी; पति. A husband. सण०

अहिराय. न० (अधिराज्य) राज्य; प्रभुत्व. Supremacy; Imperial dignity. सट्टि० ७;

अहिरूव. त्रि०(अभिरूप) (१) सुन्दर; मनोहर. Beautiful; Handsome. अभि० २११; (२) अनुरूप; योग्य. Conformable or suitable to. विक्र० ३८;

अहिरोहण. न० (अधिरोहण) ऊपर चढ़ना, आरोहण. Ascended; Mounted. मा० ४०;

अहिरोहि. त्रि० (अधिरोहिन्) ऊपर चढ़ने वाला. Ascending; Mounting. अभि० १७०;

अहिल. त्रि० (अखिल) सकल; सब. All; Whole. गउड० रंभा०

अहिलक्ख. त्रि० (अभिलक्ष्य) अनुमान से जानने योग्य. Knowable by an inference. गउड०

अहिलसिल. त्रि० (अभिलषित) वाञ्छित. Desired; Wished. सुर० ४, २४८;

अहिलोल. त्रि० (अभिलोल) चपल; चंचल. Unsteady; Fickle. गउड०

अहिलोहिआ. स्त्री० (अभिलोभिका) लोलुपता; तृष्णा. Strong desire; Greed; Avidity. से० ३, ४७;

अहिवंदिय. त्रि० (अभिवन्दित) नमस्कृत. Respectfully bowed or saluted. स० १४१;

अहिवड्ढिय. त्रि० (अभिवर्धित) बढ़ाया हुआ. Increased. स० २४७;

अहिवल्ली. स्त्री० (अहिवल्ली) नाग वल्ली. A kind of creeper. सिरि० ८७;

अहिवाइय. त्रि० (अभिवादित) अभिनन्दित. Congratulated. स० ३१४;

अहिवाल. त्रि० (अधिपाल) पालक; रक्षक. A protector; A guide. भवि०

अहिवासि. त्रि० (अधिवासिन्) निवासी. An inhabitant; Living. चेइय० ६८७;

अहिवासिय. त्रि० (अधिवासित) सजाया हुआ; तय्यार किया हुआ. Made ready; Prepared. दस० ३, १ टी;

अहिसंका. स्त्री० (अभिशङ्का) भ्रम; संदेह. Doubt; Suspicion. पउम० ४२, २१;

अहिसंजमण. न० (अभिसंयमन) नियन्त्रण. Restraint; Control. गउड०

अहिसरण. न० (अभिसरण) प्रिय के समीप गमन. Going to meet lover. स० ५३३;

अहिसाम. त्रि० (अभिश्याम) काला; कृष्ण वर्ण वाला. Black; Dark. गउड०

अहिसारण. न० (अभिसारण) (१) आनयन. Bringing. से० १०, ६२; (२) पति के लिए संकेत स्थान पर जाना. Assignation or appointment of lovers. गउड०

अहिसारिअ. त्रि० (अभिसारित) आनीत. Brought. से० १, १३;

अहिसारिआ. स्त्री० (अभिसारिका) नायक को मिलने के लिए संकेत स्थान पर जाने वाली स्त्री. A woman who goes to meet her lover. कुमा०

अहिसोढ. त्रि० (अधिसोढ) सहन किया हुआ. Borne; Suffered; Endured. उप० १४७ टी;

अहिस्संग. पुं० (अभिष्वङ्ग) आसक्ति. Intense attachment or devotion. नाट०

अहिहय. त्रि० (अभिहत) (१) आघातप्राप्त. Struck; Beaten. से० ५, ७७; (२) मारित; व्यापादित. Killed. से० १४, १२;

अहीकरण. न० (अधिकरण) कलह; झगड़ा. A quarrel; A strife. निसी०चू० १०;

अहीरु. त्रि० (अभीरु) निडर; निर्भिक. Fearless; Undaunted. भवि०

अहीसर. पुं० (अधीश्वर) परमेश्वर. God. प्रामा०

अहुआसेय. त्रि० (आहुताशेय) अग्नि के अयोग्य. Unfit for fire. गउड०

अहुल्ल. त्रि० (अफुल्ल) अविकासि. Not blown or opened. कुमा०

अहूय. त्रि० (अभूत) जो न हुआ हो. What has not been. —पुव्व. त्रि० (पूर्व) जो पहिले कभी न हुआ हो. Unprecedented; What has not been ever. कुमा०

अहेकम्म. पुं० न० (अधःकर्मन्) अधोगति में ले जाने वाला कर्म. पिंड० ६५;

अहेसर. पुं० (अहरीश्वर) सूर्य; सूरज. The sun. महा०

अहो. अ० (अहो) इन अर्थों का सूचक अव्यय. A particular showing. (१) विस्मय; आश्चर्य. Surprise or wonder. (२) खेद; शोक. Sorrow or regret in general. (३) संबोधन; आमन्त्रण. Calling out or addressing. (४) वितर्क. A thought. (५) प्रशंसा. Praise

('Bravo' 'well done'). (६) असूया; द्वेष. Envy or jealousy. गउड० हे० २, २१७;

आ. अ० (आस्) इन अर्थों का सूचक अव्यय. A particle expressing. (१) खेद. Sorrow or regret. गा० ६२६; (२) दुःख. Pain. (३) क्रोध; गुस्सा. Anger. कप्पू०

आअअ. त्रि०(आगत) आया हुआ. Arrived; Came. से० ३, ४; १२, १८; गा० ३०१;

आअंब. त्रि० (आताम्र) थोड़ा लाल. A little red; Reddish. से० ६, ३१; सुर० ३, ११०;

आइ. पुं० (आदि) (१) समीप; पास. Vicinity; Proximity. (२) प्रकार; भेद. A variety; A kind. (३) अवयव; अंश. A part; A portion. (४) प्रधान; मुख्य. A chief; A minister. (५) उत्पत्ति. Production. सम्म० ६५;

आइ. स्त्री० (आजि) संग्राम; लड़ाई. A battle; A war. संथा.

आइ. त्रि० (आदिन्) खाने वाला. One that eats. पंचा० १८, ३६;

आइंचवार. पुं० (आदित्यवार) रविवार. Sunday. कुम्र० ४११;

आइंचिय. त्रि० (आदित्यिक) आदित्य-सम्बन्धी. Relating to the sun. सूय० नि० ८टी;

आइक्खण. न० (आख्यान) कथन; उपदेश. Instruction; Advice. बृह० ३;

आइगुण. पुं० (आदिगुण) सहभावी गुण. आव० ४;

आइग्ग. त्रि० (आविग्न) उद्विग्न; खिन्न. Distressed; Troubled. पाअ०

आइच्चगइ. पुं० (आदित्यगति) राक्षस वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of the Raksasa family. पउम० ५, २६१;

आइच्चपभ. न० (आदित्यप्रभ) इस नाम का एक नगर. Name of a city. पउम० ५, ८२;

आइच्चरक्ख. पुं० (आदित्यरक्ष) इस नाम का लंका का एक राजपुत्र. Name of a prince of Lanka. पउम० ५, १६६;

आइच्चरय. पुं० (आदित्यरजस्) वानर वंश का एक विद्याधर राजा. Name of a Vidyadhar king of Vanar family. पउम० ८, २३४;

आइड्ढिय. त्रि० (आकृष्ट) खींचा हुआ. Attracted. हम्मीर० १७;

आइत्थ. न० (आतिथ्य) अतिथि सत्कार. Hospitable reception; Hospitality. प्राकृ० २१;

आइदि. स्त्री० (आकृति) आकार. A form or figure. प्राप० स्वप्न० २०;

आइद्ध. त्रि० (अविद्ध) (१) प्रेरित. Impelled; Instigated. से० ७, १०; (२) स्पृष्ट; छूआ हुआ. Touched. से० ३, ३५; (३) पहना हुआ; परिहित. Worn; Clothed. आक० ३८;

आइन्न. त्रि० (आदीर्ण) उद्विग्न; खिन्न. Grieved; Afflicted. सुपा० ५१७;

आइय. त्रि०(आचित) (१) संचित; एकत्रीकृत. Gathered; Collected; Heaped. (२) ग्रथित; गुम्फित. Composed. कप्प०

आइवराह. पुं० (आदिवराह) कृष्ण; नारायण. An epithet of Vishnu. से० ७, २;

आइवाहिअ. पुं० (आतिवाहिक) देव विशेष. A kind of god. अचु० ८५;

आईनीइ. स्त्री० (आदिनीति) साम रूप पहली राजनीति. Conciliation, Pacific measures. (the first of the four Upayas or expedients) सुपा० ४६२;

आईल. पुं० न० (आचील) पान का थूकना. Spitting the betel-leaf. प्रव०

आईसर. पुं० (आदीश्वर) भगवान् ऋषभदेव.

Lord Rishabhdeo. सिरि० ५५१;

आउंचणा. स्त्री० (आकुञ्चना) संकोच; गात्र-संक्षेप. Contraction of the body or limbs. कस०

आउंचिअ. त्रि० (आकुञ्चित) (१) संकुचित. Contracted. (२) उठा कर धारण किया हुआ. Raised or held up. से० ६,१७;

आउंजि. त्रि० (आकुञ्चिन्) (१) संकुचने वाला. One that contracts. (२) निश्चल. Fixed; Immovable. गउड०

आउच्छण. न० (आप्रच्छन) आज्ञा; अनुज्ञा. An order; A command. गा० ४७; ५००;

आउच्छा. स्त्री० (आपृच्छा) आज्ञा. An order. कुम० १२४;

आउज्ज. त्रि० (आवर्ज्य) सम्मुख करने योग्य. Sightly; Worthseeing-matchable. आवम०

आउज्जिय. त्रि० (आतोद्यिक) वाद्य बजाने वाला. One that plays on a musical instrument. सु० च० १६६;

आउड्ड. त्रि० (आदृत) आदर युक्त. Honourable; Respectful. पिंड० ३१६; प्रव० ११२;

आउट्ट. त्रि० (आवृत्त) (१) निवृत्त; पीछे फिरा हुआ. Returned. उप० ६६८;(२) भ्रमित; भुलाया हुआ. Caused to mistake. उप० ६००; (३) कृत; विहित. Made; Done; Performed. राज०

आउट्टिम. त्रि० (आकुट्य) कूट कर बैठाने योग्य. Compressible; Condensable. दसनि० २, १७;

आउट्टिय. पुं० (आकुट्टिक) दण्ड-विशेष. A kind of punishment. भत्त० २७;

आउट्ठ. त्रि० (आतुष्ट) संतुष्ट. Satisfied; Contented. निसी० चू० १;

आउण्ण. त्रि० (आपूर्ण) पूर्ण; भरपूर; व्याप्त. Full; Filled. पउम० ८, २०३;

आउत्थ. त्रि० (आत्मोत्थ) आत्म कृत. Made by soul. वव० ४;

आउलीभूअ. त्रि० (आकुलीभूत) घबड़ाया हुआ. Confounded; Confused. सुर० २, १०;

आउविज्जा. स्त्री० (आयुर्विद्या) वैद्यक शास्त्र; चिकित्सा शास्त्र. The science of medicine. आव०

आउह. पुं० (आयुध) विद्याधर वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of the Vidyadhar lineage. पउम०५,४४;

आउहि. त्रि० (आयुधिन्) योद्धा; शस्त्र-धारक. A warrior; A soldier. विशे०

आऊरिय. त्रि० (आपूरित) भरा हुआ; व्याप्त. Full of; Filled with. सुर०२, १६६;

आएस. पुं० (आदेश) (१) निर्देश. Pointing out; Indicating. निसी० चू० (२) प्रमाण. Measure. "*एस इत्थ आएसो*". *पिं० नि० २१;*

आएसिय. त्रि०(आदिष्ट) जिसको आज्ञा दी गई हो वह. Ordered; Commanded. भवि०

आओडण. न० (आकोलन) मजबूत करना. To make strong. से० ६, ६;

आओहण. न० (आयोधन) लड़ाई; युद्ध. A war; A battle. उप० ६४८ टी; सुर०६, २२०;

आंत. त्रि० (अन्त्य) अन्त का. Last; Final. पंचा० १८, ३६;

आकंखा. स्त्री० (आकाङ्क्षा) चाह; इच्छा; अभिलाषा. A desire; A wish. विशे०८५६;

आकंप. पुं० (आकम्प) (१) थोड़ा काँपना. A little trembling. (२) आराधन. Worshiping; Adoration. वव० (३) तत्परता; आवर्जन. Readiness. राज०

आकंपण. न० (आकम्पन) देखो 'आकंप' शब्द. Vide 'आकंप'. वव०

आकंपिय. त्रि० (आकम्पित) ईषत् चलित; कम्पित. Shaken; Trembled; Moved. उप० ७२८ टी;

आकंपिय त्रि० (आकम्पित) आवर्जित; प्रसन्न किया हुआ. Pleased. पिंड० ४३६;

आकड्ढण. न० (आकर्षण) खींचाव. Attraction. निसी० चू०

आकरणण. न० (आकर्णन) श्रवण. Hearing. नाट०

आकर. पुं० (आकर) (१) खान. A mine, (२) समूह. A collection; A multitude. कुमा०

आकिट्ठि. स्त्री० (आकृष्टि) आकर्षण. Attraction. धर्मवि० १५;

आखंडल. पुं० (आखण्डल) इन्द्र. Indra, lord of gods. सु० च० ४७;

आखंडलभूइ. पुं० (आखण्डलभूति) भगवान् महावीर के मुख्य शिष्य गौतम स्वामी, Gautam swami, prime pupil of Lord Mahavir. पउम० ११८, १०२;

आगंतुग-य. त्रि० (आगन्तुक) कृत्रिम; अस्वाभाविक. Unnatural; Artificial. सुर० १२, १०;

आगम. पुं० (आगम) समागम. Intercourse. पंच० ५, १४५;

आगमि. त्रि० (आगमिन्) आने वाला; आगमी. Coming; Future, विशे० ३१५४;

आगमिअ. त्रि० (आगमित) विदित; ज्ञात; Known; Understood. सुख० १, ३;

आगमिय. त्रि० (आगमिक) (१) शास्त्र संबंधी; शास्त्र प्रतिपादित. Relating to scriptures. उवर० १५१; (२) शास्त्रोक्त वस्तु को ही मानने वाला. One who believes only in what is enjoined by the sastras. सम्म० १४२;

आगमिर. त्रि० (आगन्तृ) आगमन आने वाला; करने वाला. One that comes. सण०

आगमिस्सा. त्रि० (आगमिष्यन्ती) भविष्य (काल). The future (tense). पच्च० ६०;

आगरिसग. त्रि० (आकर्षक) (१) खींचने वाला. One that attracts. (२) पुं० अयस्कान्त; लोहचुम्बक. A magnet; A loadstone. आवम०

आगरिसण. न० (आकर्षण) खींचाव. Attracting; Pulling. सम्मत्त० २१५;

आगरिसणी. स्त्री० (आकर्षणी) विद्या विशेष. Name of a magical skill. सुर० १३, ८१;

आगरिसिय. त्रि० (आकृष्ट) खींचा हुआ. Attracted; Drawn. सुपा० १६६; महा०

आगल्ल. त्रि० (आग्लान) ग्लान; बिमार. Sick; Diseased. बृह० १;

आगहिअ. त्रि० (आगृहीत) संग्रहीत. Collected; Gathered. विशे० २२०४;

आगाढपण्ण. न० (आगाढप्रज्ञ) शास्त्र; आगम. A scripture or sastra. "आगाढपण्णेसु य भावियप्पा" वव०

आगारिय. त्रि० (आगारिक) गृहस्थ सम्बन्धी. Relating to a householder. विशे०

आगारिय. त्रि० (आकारित) (१) आहूत. Called; Invited. (२) परित्यक्त. Abandoned; Quitted. आव०

आगासगमा. स्त्री० (आकाशगमा) विद्या विशेष, जिसके बल से आकाश में गमन हो सकता है. A particular magical skill by which one can go in the sky. पउम० ७, १४४;

आगासिया. स्त्री० (आकाशिकी) आकाश में

गमन करने की लब्धि-शक्ति. A power of going through the sky. सूयभि० १६३;

आगिट्टि. स्त्री० (आकृष्टि) आकर्षण. Attraction. सुपा० २३२;

आगु. पुं० (आकु) अभिलाष; इच्छा. A desire; A wish. आक०

आघाय. पुं० (आघात) एक नरक स्थान. A particular hell abode. देवेन्द्र० २६;

आघुट्ठ. त्रि० (आघुष्ट) घोषित; जाहिर किया हुआ. Proclaimed; Publicly announced. भवि०

आघुम्मिय. त्रि० (आघूर्णित) डोला हुआ; कम्पित; चलित. Moving to and fro; Shaking. पउम० १०, ३२; ८७, ४६;

आघोसण. न० (आघोषण) ढिंढेरा; घोषणा. Proclamation; Public announcement. महा०

आचरिय. त्रि० (आचरित) (१) अनुष्ठित; विहित. Practised; Observed; Done; (२) आचरण. Conduct; Behaviour. प्रासू० १११;

आचिक्खिय. त्रि० (आख्यात) कथित; उक्त. Said; Told. स० ११६;

आचुण्णिय. त्रि० (आचूर्णित) चूर २ किया हुआ. Pounded; Pulverised. पउम० १७, १२०;

आच्छेदण. न० (आच्छेदन) (१) नाश. Destruction; Ruin. (२) त्रि० नाशक. A destroyer. कुमा०

आजीरण. पुं० (आजीरण) स्वनाम ख्यात एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. 'आजीरणो य गीओ' संथा० ६७;

आजीवण. न० (आजीवन) (१) आजीविका; जीवन निर्वाह का उपाय. Means of subsistence; Profession. (२) जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष. A fault in begging for a Jaina saint. वव०

आजीविया. स्त्री० (आजीविका) (१) निर्वाह. Vide. 'आजीवण'. (1) आव० (२) जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष. Vide 'आजीवण' (2) उत्त० टी.

आजुत्त. त्रि० (आयुक्त) अप्रमादी. Careful; Vigilant. निसी० चू०

आजुह. न० (आयुध) हथियार. A weapon. मै० २४.

आडंवर. पुं० (आडम्बर) (१) वाद्य का अवाज़. A sound of a musical instrument. (२) आरोप; ऊपरी देखाव. Show; External appendage. पाअ. न० (३) यक्ष का मन्दिर. A temple of a demi-god. प्रव०

आडंवरिल्ल. त्रि० (आडम्बरवत्) आडम्बरी. Arrogant; Proud. पाअ०

आडविय. त्रि० (आटविक) जंगल में रहने वाला; जंगली. A forester; A woodman. स० १२१;

आडोव. पुं० (आटोप) आडम्बर. Show; External appendage. सण०

आढत्तिय-आढविय. त्रि० (आरब्ध) प्रारंभ किया हुआ. Begun; Commenced. मंगल० २३; चेइय० १४८;

आढा. स्त्री० (आदर) सन्मान. Honour; Respect. प्रव०२ गाथा०१५५; संबोध०५५;

आढिअ. त्रि० (आदृत) सत्कृत; सम्मानित. Honoured; Respected. हे० १, १४३;

आणंतरिय. न०(आनन्तर्य) अनुक्रम; परिपाटी. An order or succession. आया० चू०

आणंद. पुं० (आनन्द) (१) पोतनपुर नगर का एक राजा, जो भगवान् अजितनाथ का मातामह था. Name of a king of Potanpur who was a grand-father of Lord Ajitnath. पउम० ५, ५२; (२) देश

विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ६६;

आणंदिय. पुं० (आनन्दित) रामचन्द्र के भाई भरत के साथ दीक्षा लेने वाला एक राजा. Name of a king who was initiated with Bharat, brother of Rama Chandra. पउम० ८५, ३;

आणंदिर. त्रि० (आनन्दित) आनंदी; खुश रहने वाला. Happy; Delighted. भवि०

आणण. न० (आनयन) लाना. Bringing. महा०

आणत्थ. न० (आनर्थ्य) अनर्थता. Uselessness. समु० १५०;

आणाइत्त. त्रि० (आज्ञावत्) आज्ञा मानने वाला. Obedient; Submissive. पंचा०

आणाइय. त्रि० (आनायित) मंगाया हुआ. Sent for. कुमा० २, २१;

आणामिय. त्रि० (आनामित) आधीन किया हुआ. Subdued; Subjected. पउम० ६८, ३७;

आणाल. पुं० (आलान) (१) बन्धन. A fetter; A tie. (२) हाथी बांधने की रज्जु-डोरी. The rope that ties the elephant. (३) जहां पर हाथी बांधा जाता है वह स्तम्भ; खीला. The post to which an elephant is tied; A tying post. हे० २, ११७; प्रामा०

आणावण. न०(आज्ञापन) आज्ञा; हुकम. An order; A command. पड्०

आणावण. न० (आनायन) मंगवाना. Sending for. सुपा० ५७८;

आणावत्त. न० (आज्ञापत्र) आज्ञापत्र; हुकमनामा. An edict; A written order. से० १, १८;

आणाविय. त्रि० (आज्ञापित) जिसको हुकम किया गया हो वह; फरमाया हुआ. One who is orderd. सुपा० २५१;

आणाविय. त्रि० (आनायित) मंगवाया हुआ. Sent for. सुपा० ३८५;

आणुगुरण-न्न.न० (आनुगुण्य) (१) औचित्य; अनुरूपता. Fitness; Propriety. पंचा० ६,२६;(२) अनुकूलता. Favourableness; suitableness. धर्मसं० ११८६;

आणुविति. स्त्री० (अनुवृत्ति) अनुसरण. Following. सं० ६१;

आणूग. पुं० न० (अनूप) सजल प्रदेश. A watery place or country. धर्मसं० ६२६;

आदयाण. त्रि० (आददान) ग्रहण करना. Taking; One that takes. श्रु० १३८;

आदाउ. त्रि० (आदातृ) ग्रहण करने वाला. One that takes. विशे० १५-६८;

आदाणिय. न० (आदानीय) लाभ; नफा. Profit. सुख० ४, ६;

आदिच्छा. स्त्री० (आदित्सा) ग्रहण करने की इच्छा. A desire for taking. आव०

आधोरण. पुं० (आधोरण) हस्तिपक. The rider or driver of an elephant. धर्मवि० १३६;

आपत्ति.स्त्री० (अप्राप्ति) प्राप्ति. Acquisition. संबोध० ३५; प्रव० १४६;

आपाइय. त्रि० (आपादित) उत्पादित; जनित. Produced. विशे० १७४६;

आपायण. न० (आपादन) संपादन. Obtaining; Acquiring. श्रावक० ८२; पंचा० ६, १६;

आपीड. पुं० (आपीड) शिरो भूषण. A crest-jewel. श्रा० २८;

आपुट्ठ.त्रि० (आपृष्ट) जिसकी आज्ञा या सम्मति ली गई हो वह. One who is asked. सुर० १०, ५१;

आपूर पुं० (आपूर) पूरने वाला. Filling;

Making full. "मयणासरापूरं.......सर्सि" कप्प०

आफंस. पुं० (आस्पर्श) अल्प स्पर्श. A slight touch. है० १, ४४;

आबंध. पुं० (आबन्ध) संबन्ध; संयोग. Connection; Union. गउड०

आबद्ध. त्रि० (आबद्ध) बंधा हुआ. Bound; Tied. स० ३५८;

आभव्व. त्रि० (आभाव्य) होने योग्य; संभाव्य. About to be or happen. वव०

आभार. पुं० (आभार) बोझ; भार. A burden. सु० प० २३६;

आभास. पुं० (आभास) (१) जो वास्तविक में वह न होकर उसके समान लगता हो. Any unreal or fallacious appearance. (२) विपरीत. कुमा०

आभिओगिय. त्रि० (आभियोगित) वशीकरण आदि से संस्कृत. Captive. आव०

आभिणंदिय. पुं० (आभिनन्दित) श्रावण मास. The Shravina month. चंद०

आभीर. पुं० (आभीर) एक क्षुद्र जाति; अहीर; गोवाला. A cowherd. सूर० ६, ६२;

आभोइअ. त्रि० (आभोगित) देखा हुआ. Seen; Looked. कप्प०

आभोग. पुं० (१) विलोकन; देखना. Looking at. उप० प्रदेश; स्थान. A place or region. सुर० २, २३१;

आभोगि. त्रि० (आभोगिन्) परिपूर्ण. Quite full; Entire; Complete. "जाओ जसविहवाभोगी" सु० च० २७५;

आभोय. पुं० (आभोग) सर्प की फणा. An expanded hood of a cobra. स०६१०;

आम. अ० (भवत्) आप. A respectful or honorific pronoun, translated by 'your honour,' your lordship, worship or highness. प्राकृ० ८१;

आम. अ० (आम) अनुमति प्रकाशक अव्यय; हाँ. An interjection of assent or acceptance, 'oh'; 'yes'. गा० ४१७; सुर० २, २४५; स० ४५६;

आम. पुं० (आम) रोग; पीड़ा. Disease; Sickness. से० ६, ४४; —**जर.** पुं० (ज्वर) अजीर्ण से उत्पन्न बुखार. A kind of fever. गा० ५१;

आमं. अ० (आम) (१) स्वीकार सूचक अव्यय; हाँ. An interjection of assent or acceptance. सुख २, १३; (२) अतिशय; अत्यन्त. Excess. धर्मसं० ६४६;

आमंतणवयण. न० (आमन्त्रणवचन) संबोधन विभक्ति. The vocative case. विशे० ३४५७;

आमघाय. पुं० (अमाघात) अमारि-प्रदान; हिंसा-निवारण. Preventing or warding off killing. पंचा० ६, १५;२०;२१;

आमद्द. पुं० (आमर्द) संघर्ष; आघात. Rubbing together; Friction. कुमा०

आमय. त्रि० (आमत) संमत; अनुमत. Approved; Admitted. विवे० १३६;

आमराय. पुं० (आमराज) एक प्रसिद्ध राजा. Name of a celebrated king. ती०७;

आमसिण. त्रि० (आमसृण) (१) थोड़ा चिकना. A slight oily. (२) उल्लसित. Delighted. से० १२, ४३;

आमिस. त्रि० (आमिष) मनोहर; सुंदर. Beautiful; Handsome. से० ६, ३१;

आमिस. न० (आमिष) नैवेद्य. An offering of eatables presented to a diety or idol. पंचा० ६,२६; कुप्र०४२३; ती०१३;

आमुक्क. त्रि० (आमुक्त) (१) त्यक्त. Abandoned; Quitted. गा० ५३६; गउड० (२) उतारा हुआ. Caused to descend.

आक० ३८; (३) परिहित. Worn or put on. वेणी० १११ टी;

आमुट्ठ. त्रि०(आमृष्ट) (१) स्पृष्ट. Touched. (२) उलटा किया हुआ. Made upside down; Down-cast. ओघ० नि०

आमेल्लिअ. त्रि० (आपीडित) अवतंसित; शिरोभूषण से विभूषित. Ornamented with a crest-jewel. से० ६, २१;

आमोअ. पुं० (आमोद) सुगंध; अच्छा गंध. Fragrance; Perfume. से० १, २३;

आमोअअ. त्रि० (आमोदक) (१) सुगंध उत्पन्न करने वाला. (२) आनन्द जनक. Delighting; Pleasing. से० ६,४०;

आमोअअ. त्रि० (आमोदद) सुगंध देने वाला. Casting fragrance. से० ६, ४०;

आमोइअ. त्रि० (आमोदित) हृष्ट; हर्षित. Delighted; Pleased. भवि०

आमोडग. न० (आमोटक) (१) फूलों से बालों का एक प्रकार का बन्धन विशेष. A kind of special affirmity of hair for flowers. (२) वाद्यविशेष. A kind of musical instrument. आया० चू०

आमोडिअ. त्रि० (आमोटित) मर्दित. Rubbed; Shampooed. माल० ६०;

आय. पुं० (आय) (१) कारण; हेतु. A cause or reason. विशे०१२२६; २६७६; (२) पठन. Studying. विशे० ६४८: (३) गमन. Going. विशे० २७६२;

आय. त्रि० (आगत) आया हुआ. Come; Approached. काल०

आय. त्रि०(आत्त) गृहीत.Taken. संथा०३६;

आय. पुं० (आगस्) (१) पाप. A sin. (२) अपराध; गुन्हा. Fault;Offence. श्रा०२३;

आयंप. पुं० (आकम्प) (१) काँपना; हिलना. Tremor. (२) त्रि० काँपने वाला. One that trembles. पउम० ६६, १८;

आयंपिय. त्रि० (आकम्पित) कँपाया हुआ. Trembled. स० ३५३;

आयट्टण. न० (आवर्तन) फिराना. Turning round; Revolving. सु० च० ५३०;

आयड्ढण. न० (आकर्षण) आकर्षण; खींचाव. Attraction. सु० च० १२, ७६;

आयड्ढि. स्त्री० (आकृष्टि) आकर्षण; खींचाव. Attraction; Pulling. गउड०

आयण्णण. न० (आकर्णन) श्रवण. Hearing. महा०

आयत्त. त्रि० (आयत्त) आधीन;स्ववश. Self-controlled. गा० ३७६;

आयर. पुं० (आकर) (१) खानि; खान. A mine. (२) समूह. A collection or multitude. काल० कप्पू०

आयर. पुं० (आदर) ख्याल; संभाल. Attention;Care; Close application.कप्पू०

आयरंग. पुं० (आयरङ्ग) इस नाम का एक म्लेच्छ राजा. Name of a Mlechha (Pariah) king. पउम० २७, ६;

आयरणा. स्त्री० (आचरणा) आचरण;अनुष्ठान. Practising; Observing. सट्टि०१४५; उवर०१४५;

आयरणा. स्त्री० (आचरणा) परंपरा का रिवाज. A custom or usage. चेइय० २५;

आयवत्त. पुं० (आर्यावर्त) भारत; हिंदुस्तान. Hindustan; India. इक०

आयाण. न० (आयान) (१) आगमन. Arrival; Approaching. (२) अश्व का एक आभरण विशेष. A particular ornament of a horse. गउड०

आयामि. त्रि० (आयामिन्) लम्बा. Long. गउड०

आयामुखी. स्त्री० (आयामुखी) इस नाम की एक नगरी. Name of a city. स० ४३१;

आयाय. त्रि० (आयात) आया हुआ. Come;

Approached. पउम० १४,१३०; कुम्मा० ११;

आयार. पुं०(आकार) इङ्गित; इसारा. A sign or hint. पाअ०

आयार. पुं० (आकार) 'आ' अक्षर. The word 'आ'. कुप्र० ३२;

आयारिमय. न०(आचारिमक) विवाह के समय दिया जाता एक प्रकार का दान. A nuptial gift. स० ७७;

आयारिय. त्रि० (आकारित) (१) आहूत; बोलाया हुआ. Called, Invited. पउम० ६१, २४; (२) न० आह्वान-वचन; आक्षेप-वचन. A call or invitation. से० १३; ८०; अभि० २०४;

आयासतिलय. न० (आकाशतिलक) नगर विशेष. Name of a city भवि०

आयासइत्तत. त्रि० (आयासयितृ) तकलीफ देने वाला. One that troubles. अभि० ६३;

आयासिअ. त्रि० (आयासित) खिन्न. Exhausted; Fatigued. गा० १६०;

आर. त्रि०(आर) (१) पूर्व का. Of the first. (२) मंगल ग्रह. The planet Mars. पउम० १७, १०८; सुर० १०, २२४;

आरओ. अ० (आरतस्) शुरू करके; प्रारम्भ करके. Having begun or commenced विशे० २२८४;

आरंभिअ. त्रि० (आरब्ध) प्रारब्ध; शुरू किया हुआ. Began or commenced. भवि०

आरज्झ. त्रि० (आराध्य) पूज्य; माननीय. Honourable; Respectful. अच्चु०७१;

आरराण. त्रि० (आरण्य) जंगली; जंगल-निवासी. Wild; Forest-born. से० ८, ४६;

आरत्तिय. न० (आरात्रिक) आरती. Waving a light (or the vessel containing it) at night before an idol or the light so waved. सुर० १०,१६; कुमा०

आरभड. न० (आरभट) इस नाम का एक मुहूर्त. Name of a Muhurta(period) गणि०

आरविंद. त्रि० (आरविन्द) कमल सम्बन्धी. Relating to a lotus. गउड०

आरा. अ० (आरात्) पूर्व भाग. Far from. विशे० १७४०;

आराडि. स्त्री० (आराटि) चीत्कार; चिल्लाहट. Cry; Lamentation. सुख० २, १४;

आराव. पुं० (आराव) शब्द; आवाज. A sound or voice. स० ४७७; गउड०

आराह. त्रि० (आराध्य) आराधन-योग्य. Deserved to be worshipped. आश० ११;

आराहिय. त्रि० (आराधित) अनुरूप; योग्य. Suitable or fit. स० ६२३;

आरिय. त्रि० (आकारित) आहूत; बुलाया हुआ. Called or invited. "आरिओ आगारिओ वा एगट्ठा" आव०

आरिय. त्रि० (आरित) सेवित. Served. आया चू०

आरिस. त्रि० (आर्ष) ऋषि संबंधी. Relating to sages. कुमा०

आरुट्ठ. त्रि० (आरुष्ट) क्रुद्ध; रुष्ट. Angry; Wrathful. पउम० ५३, १४१;

आरुवणा. स्त्री० (आरोपणा) देखो 'आरोवणा' शब्द. Vide 'आरोवणा'. विशे० २६२८;

आरुह. त्रि० (आरुह) उत्पन्न; उद्भूत; जात. Produced. गा० ७०५;

आरुहिय. त्रि० (आरोपित) (१) स्थापित. Established; Installed. (२) ऊपर बैठाया हुआ. Caused to sit on. से० ८, १३;

आरेण. अ॰ (आरेण) (१) पहले; अर्वाक. Firstly. विशे॰ ३४१७; (२) प्रारंभ कर. Having begun or commenced. विशे॰ २२८४;

आरोग्ग. पुं॰ (आरोग्य) एक ब्राह्मणोपासक का नाम. Name of a Brahmin. उप॰ ४४०;

आरोग्ग. न॰ (आरोग्य) एकाशन तप. A kind of religious austerity. संबोध॰ ४८;

आरोलिअ. त्रि॰(पुञ्जित) एकत्रित; इकट्ठा किया हुआ. Gathered; Collected. कुमा॰

आरोवण. न॰ (आरोपण) (१) ऊपर चढ़ाना. Causing to ascend. सुपा॰ २४६;

आरोवणा. स्त्री॰(आरोपणा) (१) ऊपर चढ़ाना. Causing to mount.(२)प्ररूपणा;व्याख्या का एक प्रकार. A kind of lecture. (३) प्रश्न; पर्यनुयोग. A question. विशे॰ २६२७, २६२८;

आरोविय. त्रि॰ (आरोपित) (१) चढ़ाया हुआ. Caused to ascend. (२) संस्थापित. Established; Installed. महा॰ पाअ॰

आरोसिअ. त्रि॰ (आरोषित) कोपित; रुष्ट किया हुआ. Angry; Wrathful. से॰ ६, ६६; भवि॰

आरोह. पुं॰ (आरोह) सवार; हाथी घोड़ा आदि पर चढ़ने वाला. A rider. से॰ १३, ७५;

आरोहि. त्रि॰ (आरोहिन्) (१) सवार होने वाला. One that rides. (२) हस्तिपक; हाथी का रक्षक. A driver of an elephant. गउड॰

आल. न॰ (आल) कलंकारोप; दोषारोपण. Charge; Accusation. स॰ ४३३; सत्त॰ २;

आलंकारिय. त्रि॰ (आलङ्कारिक) (१) अलंकार शास्त्र का ज्ञाता. One that knows the science and art of rhetoric. (२) अलंकार संबंधी. Relating to an ornament. (३) अलंकार के योग्य. Fit for an ornament. जीव॰ ३;

आलंदिअ. त्रि॰ (आलन्दिक) आलंद-समय विशेष का उल्लंघन न कर कार्य करने वाला. One who does not transgress a particular period. विशे॰

आलंबि. त्रि॰ (आलम्बिन्) अवलम्बन करने वाला; आश्रयी. Resting with; Dependent on. गउड॰

आलक्खिय. त्रि॰ (आलक्षित) (१) ज्ञात; परिचित. Familiar, Acquainted. (२) चिन्ह से जाना हुआ. Known by a sign. गउड॰

आलग्ग. त्रि॰ (आलग्न) लगा हुआ; संयुक्त. Connected; United. से॰ ५, ३३;

आलत्त. त्रि॰ (आलपित) संभाषित; आभाषित. Talked. पउम॰ १६, ४२; सुपा॰ २०८; श्रा॰ ६;

आलद्ध. त्रि॰ (आलब्ध) (१) संसृष्ट. Commingled; Conjoined. (२) संयुक्त. Connected or united. (३) स्पृष्ट; छुआ हुआ. Touched. (४) मारा हुआ. Beaten. नाट॰

आलप्प. त्रि॰ (आलाप्य) कहने के योग्य. To be said. लहुअ॰ ८;

आलभण. न॰ (आलभन) विनाशन. Destruction; Ruin. धर्मसं॰ ८८२;

आलय. पुं॰ न॰ (आलय) बौद्ध दर्शन प्रसिद्ध विज्ञान विशेष. A particular science prescribed by Bauddha philosophy. धर्मसं॰ ६६५; ६६६; ६६७;

आलवाल. न॰ (आलवाल) क्यारी; थांवला. A basin or trench for water

(round the root of a tree) पाश्र०

आलस्सि. त्रि० (आलस्यिन्) आलसी; सुस्त. Idle; Lazy; Slothful. गच्छ० २, १;

आलाण. पुं० (आलान) देखो 'आणाल' शब्द. Vide 'आणाल'. पाश्र० से० ४, १७; महा०

आलाणिय. त्रि० (आलानित) नियन्त्रित; मजबुती से बांधा हुआ. Strongly tied. "दढभुयदंडालाणियकमलाकरिणी निवो समरसीहो" सु० च० ४;

आलावणी. स्त्री० (आलापनी) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. वज्जा० ८०;

आलि. पुं० (आलि) भ्रमर; भमरा. A wasp or black bee. पडि०

आलिंग. त्रि० (आलिङ्ग्य) आलिंगन करने योग्य. To be embraced. जीव० ३;

आलिंगिय. त्रि० (आलिङ्गित) आश्लिष्ट; जिसका आलिंगन किया गया हो वह. Embraced. काल०

आलिंद. पुं० (आलिन्द) बाहर के दरवाजे के चौकट्टे का एक हिस्सा. A terrace before a house. अभि०१५६; अवि०२८;

आलिंपण. न० (आलेपण) (१) जिसका लेप होता है वह चीज़. A thing used for anointing. निसी० चू० १२; (२) लेप करना; विलेपन. Smearing. रयण० ५५;

आलित्त. त्रि० (आलिप्त) खरड़ा हुआ; लिपा हुआ. Besmeared. पिंड० २३४;

आलिद्ध. त्रि० (आलीढ) चखा हुआ; आस्वादित. Tasted. से० ६. ५६;

आलिहिअ. त्रि० (आलिखित) चित्रित. Pictured; Painted. सुर० १, ८७;

आली. स्त्री० (आली) (१) पंक्ति; श्रेणी. A line or row. (२) सखी; वयस्या. A female friend. हे० १, ८३;

आलीढ. त्रि० (आलीढ) आसक्त. Addicted or attached to. पडि०

आलीढ. पुं० न० (आलीढ) योद्धा का युद्ध समय का आसन विशेष. A particular attitude of a soldier, the right knee being advanced and the left leg retracted. वव० १;

आलीण. त्रि० (आलीन) लीन; आसक्त; तत्पर. Addicted or attached to. पउम० ३२, ६;

आलुंखण. न० (स्पर्शन) स्पर्श; छूना. Touching. गउड०

आलुंखिअ. त्रि० (स्पृष्ट) स्पृष्ट; छुआ हुआ; Touched. से० १, २१; पाश्र०

आलुंखिअ. त्रि० (दग्ध) जला हुआ. Burnt. सुर० ६, २०३;

आलेक्ख-आलेक्खिय. त्रि० (आलेख्य) चित्रित. Pictured; Painted. अच्चु०२५; से० २, ४५; गा० ६४१; गउड०

आलेव. पुं० (आलेप) विलेपन; लेप. An ointment or unguent. महा०

आलेसिय. त्रि०(आश्लेषित) आलिंगन कराया हुआ. Caused to embrace. चेइय०३७६;

आलेह. पुं० (आलेख) चित्र. A Picture. आवम०

आलेहिअ. त्रि० (आलेखित) चित्रित. Pictured; Painted. महा०

आलोअ. पुं०(आलोक) पृथ्वी का समान भाग; सम भू भाग. The equal part of the earth. ओघ० नि० ५६५ ;

आलोअग-य. त्रि० (आलोचक) आलोचना करने वाला. Critic; Caviller. आ० ४०; पुप्फ० ३५५; ३६०;

आलोइल्ल. त्रि० (आलोकवत्) प्रकाश युक्त. Bright; Shining. वज्जा० १६०;

आव. अ०(यावत्) (१) जितना. As much as. वि० ३६६; (२) जब तक; जब लग. As

far as, Till.

आवंडु. त्रि० (आपाण्डु) थोड़ा सफेद; फीका. Pale; Whitish. गा० २६५;

आवंडुर. त्रि० (आपाण्डुर) देखो 'आवंडु' शब्द. Vide 'आवंडु'. से० ६, ७४;

आवग्गण. न० (आवल्गन) अश्व पर चढ़ने की कला. Art of riding. भवि०

आवच्चेज्ज. त्रि० (अपत्यीय) अपत्य स्थानीय. One occupying in fallible position. कप्प०

आवज्जिय. त्रि० (आवर्जित) (१) प्रसन्न किया हुआ. Pleased; Propitiated. (२) अभिमुख किया हुआ. Moved to front side. महा० सुर० ६, ३१; सुपा० २३२;

आवट्टणा. स्त्री० (आवर्तना) आवर्तन. Turning round; Revolution. प्राकृ०३१;

आवडण. न० (आपतन) (१) गिरना. Falling. से० ६, ४२; (२) आ लगना. Approaching; Coming. स० ३८४;

आवणिय. पुं० (आपणिक) सौदागर; व्यापारी. A merchant; A dealer. पाम०

आवण्ण. त्रि० (आपन्न) आपत्ति युक्त. Afflicted; Distressed; Being in difficulty. गा० ४६७;

आवत्त. न० (आतपत्र) छत्र; छाता. An umbrella. पाम०

आवत्तण. न० (आवर्त्तन) चक्राकार भ्रमण. Circular motion; Gyration. हे० २, ३०;

आवत्ति. स्त्री० (आपत्ति) (१) दोष प्रसंग. (In phil) An undesirable conclusion. "सव्वविमोक्खावत्ति" विशे० १६३४; (२) आपदा; कष्ट. Misfortune; Calamity. विशे० ६६;

आवदि. स्त्री०(आवृति) आवरण. Covering; Concealing; Obscuring. संक्षि० ६;

आवया. स्त्री० (आपद्) आपदा; विपद; दुःख. Misfortune; Calamity. पाम० धण० ४२; सुर० २, १८६;

आवलि. पुं० (आवलि) एक विद्यार्थी का नाम. Name of a student. पउम० ५, ६५;

आवलिय. त्रि० (आवलित) वेष्टित. Surrounded; Enclosed. सूय० नि० २००;

आवली. स्त्री० (आवली) (१) पङ्क्ति; श्रेणी. A line; A row. पाम० (२) रावण की एक कन्या का नाम. Name of a Ravan's daughter. पउम० ८, ११;

आवाणय. न० (आपाणक) दुकान. A shop. स० ५३०;

आवाय. पुं० (आपात) (१) प्रारम्भ; शरूआत. Commencement. पाम० से० ११, ७५; (२) तत्काल; तुरंत. The present or current moment; The instant. आ० २३; (३) पतन; गिरना. Falling down. आ० २३; (४) संबन्ध; संयोग. Connection; Union. उव० कस०

आवाय. पुं० (आवाप) (१) आलवाल. A basin for water round the root of a tree. (२) प्रक्षेप; फेंकना. Throwing. (३) शत्रु की चिन्ता. Anxiety of an enemy. (४) बोना; वपन. Sowing seed. आ० २३;

आवायण. न० (आपादन) संपादन. Obtaining; Gaining. धर्मसं० १०६८;

आवास. पुं० (आवास) पड़ाव; डेरा. A camp. सुपा० २५६; उप० पृ० १३०;

आवासणिया. स्त्री० (आवासनिका) आवास स्थान. A residing place. स० १२२;

आवासय. त्रि० (आवासक) आच्छादक. Covering. विशे० ८७५;

आवासि. त्रि० (आवासिन्) रहने वाला. Residing; Living. उव०

आवासिय. त्रि० (आवासित) संनिवेशित; पडाव डाला हुआ. Camped. सुर० २, १; सु० च० ४४६;

आवाहिय. त्रि० (आवाहित) (१) बुलाया हुआ; आहूत. Called; Invited. भवि० (२) मदद के लिए बुलाया हुआ देव का देवाधिष्ठित वस्तु. Invoking a deity (to be present). सुर० ८, ४२;

आविअ. त्रि० (आवृत) आच्छादित. Covered or concealed. से० ६, ६२;

आविग्ग. त्रि० (आविग्न) उद्विग्न; उदासीन. Distressed; Troubled. से० ६, ८६; १३, ६३;

आविट्ठ. त्रि० (आविष्ट) (१) आवृत; व्याप्त. Possessed or full of. सुपा० १८७;

आविब्भूय. त्रि० (आविर्भूत) उत्पन्न; प्रादुर्भूत. Manifested; Appeared; Produced. कप्प०

आवीअ. त्रि० (आपीत) (१) पीत. Drunk. (२) शोषित. Dried up. से० १३, ३१;

आवीइ. त्रि० (आवीचि) निरन्तर; अविच्छिन्न. Constant; Continuous. "गब्भभिइ-मावीइसलिलच्छेए" सु० च० ६४१;

आवीण. त्रि० (आपीन) स्तन; थन. Udder or teat. गउड०

आवीलण. म० (आपीडन) समूह; निचय. A Collection or heap. गउड०

आवुअ. पुं० (आवुक) नाटक की भाषा में पिता, बाप. A father (in theatrical language). नाट०

आवुद. त्रि० (आवृत) ढका हुआ. Covered or concealed. प्राकृ० ८; १२;

आवुदि. स्त्री० (आवृति) आवरण. Covering, concealing or obscuring. प्राकृ० ८; १२;

आवूरण. न० (आपूरण) पूर्ति. Completion. स० ४३६;

आवेअ. पुं० (आवेग) कष्ट; दुःख; Trouble; Difficulty. से० १०, ५७; ११, ७२;

आवेढ. पुं० (आवेष्ट) (१) वेष्टन. Wrapping round. (२) मण्डलाकार करना. Making circular. से० ७, २७;

आवेढण. न० (आवेष्टन) देखो 'आवेढ' शब्द. Vide 'आवेढ'. गउड० पि० ३०४;

आवेयण. न० (आवेदन) निवेदन; मनोभाव का प्रकाश-करण. Statement. गउड०

आवेस. पुं० (आवेश) (१) अभिनिवेश. Intentness; Devotedness to an object. (२) गुस्सा. Fury; Agitation; Passion. (३) भूत-ग्रह. Demonical possession. (४) प्रवेश. Entering into; Entrance. नाट०

आस. पुं० (आस) क्षेपण; फेंकना. Throwing. विशे० २७६५;

आसइ. त्रि० (आश्रयिन्) आश्रय-स्थित. Resting with or dependent on. धर्मवि० १४७;

आसंका. स्त्री० (आशङ्का) शङ्का; भय; वहम; संशय. A doubt or suspicion. सुर० ६, १२१; महा० नाट०

आसंकि. त्रि० (आशङ्किन्) आशङ्का करने वाला. Doubting. गा० २०५;

आसंकिर. त्रि० (आशङ्किन्) आशंका करने वाला; वहमी; Doubtful; Suspicious. सुर० १४, १७; गा० २०६;

आसंग. पुं० (आसङ्ग) (१) रोग. A disease. (२) आसक्ति; अभिष्वंग. Attachment or devotion (to any object). (३) संबन्ध. Association; Connection. गउड०

आसंगि. त्रि० (आसङ्गिन्) (१) आसक्त. Strongly attached or devoted to.

(२) संबन्धी; संयोगी. Connected or united. गउड०

आसंजिअ. त्रि० (आसक्त) पीछे लगा हुआ. Intent on. सुर० ८, ३०; उत्तर० ६१;

आसंदय. न० (आसन्दक) आसन विशेष. A small couch or oblong chair. सुख० ६, १; महा०

आसंदाण. न० (आसन्दान) अवष्टम्भन ; अवरोध ; रुकावट. Preventing; Obstructing. गउड०

आसंधी. स्त्री० (अश्वगन्धी) वनस्पति विशेष. A particular kind of vegetation. सु० च० ३२४;

आसंबर. त्रि०(आशाम्बर) (१) नग्न; दिगम्बर. Naked; प्रामा० (२) पुं० जैन का एक मुख्य भेद. A prominent part of Jains. (३) दिगम्बर जैन. A Digambar Jain. से० २;

आसंसण. न० (आशंसन) इच्छा; अभिलाषा. A desire; A wish. भास० ६५;

आसंसिअ. त्रि० (आशंसित) अभिलषित. Desired or wished. गा० ७६;

आसड. पुं० (आसड) विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का स्वनाम ख्यात एक जैन ग्रन्थकार. Name of a Jain author born in the thirteenth century of Vikrama विवे० १४३;

आसणिय. त्रि० (आसनित) आसन पर बैठाया हुआ. Caused to sit on a seat. स० २६२;

आसतर. पुं० (अश्वतर) खच्चर. A mule. आ० १८;

आसत्त. त्रि०(आसक्त) लीन; तत्पर. Intent on. महा० प्रासू० ६४;

आसत्थाम. पुं० (अश्वत्थामन्) द्रोणाचार्य का प्रख्यात पुत्र. Name of a celebrated son of Drona. कुमा०

आसद्धअ. पुं० (अश्वध्वज) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a Vidyadhar king. पउम० ५, ४१;

आसधम्म. पुं० (अश्वधर्म) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a Vidyadhar king. पउम० ५, ४२;

आसमेह. पुं०(अश्वमेध) यज्ञ विशेष. A kind of sacrifice. पउम० ११, ४२;

आसमि. त्रि० (आश्रमिन्) आश्रम में रहने वाला, ऋषि, मुनि वगैरह. One that lives in a hermitage, a sage etc. पंचव० १;

आससिय. त्रि० (आश्वस्त) आश्वासन-प्राप्त. Encouraged or consolated. स० ३७८;

आसा. स्त्री० (आशा) (१) उत्तर रुचक पर बसने वाली एक दिक्कुमारी; देवी विशेष. Name of a Dikkumari living on the north Ruchaka mountain. (२) दिशा. A direction. उप० ६४८टी;

आसाअ. पुं० (आस्वाद) तृप्ति. Satisfaction. से० १, २६;

आसाअ. पुं०(आसाद) प्राप्ति. Obtaining; Attaining. से० ६, ६८;

आसाइअ. त्रि० (आशातित) (१) अवज्ञात; तिरस्कृत. Insulted; Dishonoured. पुप्फ० ४५४; (२) न० अवज्ञा; तिरस्कार. An insult. विवे० ६२;

आसाइअ. त्रि० (आस्वादित) चखा हुआ; थोड़ा खाया हुआ. Tasted. से० ५, ४६;

आसायण. न० (आशातन) अनन्तानुबन्धि कषाय का वेदन. Pangs of old deep rooted passions. विशे०

आसार. पुं०(आसार) वेगसे पानी का बरसना. To rain in cats and dogs. से० १, २०; सु० च० ६०६;

आसार. पुं॰ (आसार) समीकरण; वीणा को ठीक करना. Repairing; Mending. कुम॰ १३६;

आसारिय. त्रि॰ (आसारित) ठीक किया हुआ. Repaired; Mended. कुम॰ १३६;

आसालिया. स्त्री॰ (आशालिका) विद्या विशेष. A kind of science. पउम॰ १२, ६४; ५२, ६;

आसासअ. पुं॰ (आश्वासक) (१) विश्राम स्थान; ग्रन्थ का अंश; सर्ग, परिच्छेद, अध्याय. A chapter or section of a book. से॰ २, ४६; (२) त्रि॰ आश्वासन देने वाला. Consoling; Comforting. पुप्फ॰३८;

आसि. त्रि॰ (आशिन्) खाने वाला; भोजक. One that eats. सट्टि॰ १३;

आसिअ. त्रि॰ (आशित) खिलाया हुआ; भोजित. Given to eat. से॰ ८, ६३;

आसिअ-य. त्रि॰ (आश्विक) अश्व का शिक्षक. A cavalier. "तं आसियं बिंति" वव॰४;

आसिअ. त्रि॰ (आसित) (१) उपविष्ट; बैठा हुआ. Seated. से॰ ८, ६३; (२) रहा हुआ. स्थित. Stayed. पउम॰ ३२, ६६;

आसिण. त्रि॰ (आशिन्) खाने वाला; भोक्ता. One that eats. पउम॰ २६, ३७;

आसिण. पुं॰ (आश्विन) आश्विन मास. The month Aso. पाअ॰

आसित्त. पुं॰ (आसिक्त) नपुंसक का एक भेद. A variety impotent person. पुप्फ॰ १२८;

आसिलिट्ठ. त्रि॰ (आश्लिष्ट) आलिंगित. Embraced. नाट॰

आसी. स्त्री॰ (आशिष्) आशीर्वाद. A blessing. सुर॰ १, १३८; —**वयण.** न॰ (वचन) आशीर्वाद. Benediction. सुपा॰ ४१०; —**वाय.** पुं॰ (वाद) आशीर्वाद. A blessing. सुर॰ १२, ४३; सुपा॰ १७४;

आसु. पुं॰न॰ (अश्रु) आंसू. A tear. संथि॰ १७;

आसेवण. न॰ (आसेवन) (१) परिपालन; संरक्षण. Protecting; Maintaining. सुपा॰ ४३८;

आसोअ. त्रि॰ (आशोक) अशोक वृक्ष संबन्धी. Relating to the Asoka tree. गउड॰

आसोइया. स्त्री॰ (आसोतिका) औषधि विशेष. A kind of medicine. सुपा॰ ३६७;

आहणण. न॰ (आहनन) आघात. A blow. उप॰ ३६६;

आहय. त्रि॰ (आहृत) (१) आकृष्ट; खींचा हुआ. Pulled or attracted. (२) छीना हुआ. Snatched away; Deprived of. उप॰ २११ टी;

आहरण. पुं॰न॰ (आभरण) भूषण; अलंकार. An ornament. आ॰ १२; कप्पू॰

आहरिसिय. त्रि॰(आधर्षित) तिरस्कृत; भर्त्सित. Disregarded; Despised; Abused. भाव॰

आहल्ला. स्त्री॰ (आहल्या) विद्याधर राजा की एक कन्या. Name of a daughter of a Vidyadhar king. पउम॰ १३, ३५;

आहव. पुं॰ (आहव) युद्ध; लड़ाई. A battle; A war. पाअ॰ सुपा॰ २८८; आरा॰ ४१;

आहा. स्त्री॰ (आभा) कान्ति; तेज. Lustre; Light. कप्पू॰

आहा. स्त्री॰ (आधा) (१) आश्रय; आधार. A prop or support. पिं॰ नि॰ (२) साधु के निमित्त आहार के लिए मनः प्रणिधान. To apply mind for preparing food for sadhus. पिं॰नि॰

आहाण. न॰ (आधान) स्थान; आश्रय. A resting place. 'सव्वगुणाहाणं' आव॰ ४;

आहाण-य. न॰ (आख्यान-क) (१) उक्ति;

वचन. A word. (२) किंवदन्ती; कहावत; लोकोक्ति. A proverb. सुर० २, ६६; उप० ७२८ टी;

आहार. पुं०(आधार) अवधारण; याद रखना. Remembering. पुष्फ० ३५६;

आहारण. त्रि० (आधारण) (१) धारण करने वाला. One that holds or sustains. (२) आधारभूत. Base; Basis. से० ६, ४०;

आहारण. त्रि० (आहारण) आकर्षक. Attractive. से० ६, ४०;

आहारि. त्रि० (आहारिन्) आहार कर्ता. One that eats. अज्झ० १११;

आहाविय. त्रि० (आधावित) दौड़ा हुआ. Run. सिरि० ७५२;

आहाविर. त्रि० (आधावितृ) दौड़ने वाला. A runner. सण०

आहाह. अ० (आहाह) आश्चर्य द्योतक अव्यय. An interjection showing surprise or wonder. हे० २, २१७;

आहि. पुं० स्त्री० (आधि) मन की पीड़ा. Mental pain or anguish. धम्म० १२ टी;

आहिआइ. स्त्री० (अभिजाति) कुलीनता; खानदानी. Family-dignity. से० १, ११;

आहितुंडिअ. पुं० (आहितुण्डिक) गारुडिक, सपहरिया. A snake-charmer; A juggler. मुद्रा० ११६;

आहिपत्त. न० (आधिपत्य) मुखियापन; नेतृत्व. Supremacy. उप० १०३१ टी;

आहिय. त्रि० (आहित) (१) संपूर्ण हितकर. Entirely beneficial. (२) विरचित; निर्मित. Performed; Done. पाश्र० —ग्गि. पुं० (अग्नि) अग्नि-होत्रीय ब्राह्मण. A Brahmana who consecrates the sacred fire. पउम० ३५, ५;

आहियार. पुं० (अधिकार) अधिकार; सत्ता; हक. Power; Authority. पउम० ५५, ८;

आहिसारिअ. त्रि० (अभिसारित) नायक बुद्धि से गृहीत; पति-बुद्धि से स्वीकृत. Accepted as a husband. से० १३, १७;

आहेड. पुं० न० (आखेट) शिकार; मृगया. Hunting; Chase. सु० च० १६७;

आहेडिय. त्रि० (आखेटिक) मृगया संबन्धी. Relating to hunting. सम्मत्त० २२६;

आहु. अ० (आहु) अथवा; या. or. नाट०

आहुअ. त्रि० (आभूत) उत्पन्न; जात. Produced. 'आहुओ से गब्भो' वसु०

आहूअ. पुं० (आहूक) पिशाच विशेष. A kind of fiend or goblin. इक०

आहोइअ. त्रि० (आभोगित) ज्ञात ; दृष्ट. Known or seen. स० ४८५;

इअ. स० (एतत्-इदम्) यह. This. पि० ४२६; ४२६

इइ. अ० (इति) समाप्ति. Completion. (२) अवधि; हद. Limit. विशे० (३) मान; परिमाण. Measure. प्रव०८४; (४) निश्चय. Determination. निसी० चू० २, १५;

इंदइ. पुं० (इन्द्रजित्) इस नाम का राक्षस वंश का एक राजा; लंकेश. Name of a king of the demon family. पउम०५,२६२; (२) रावण के एक पुत्र का नाम. Name of a celebrated son of Ravana. से० १२, ४८;

इंदजाल. न०(इन्द्रजाल) माया-कर्म; छल कपट. A deceit. स० ४५४;

इंदतरु. पुं० (इन्द्रतरु) वृक्ष विशेष, जिसके नीचे भगवान् संभवनाथ को केवल ज्ञान हुआ था. A kind of tree, under which Lord Sambhavnatha was enlightened. पउम० २०, २८;

इंदमेह. पुं० (इन्द्रमेघ) राक्षस वंश में उत्पन्न एक राजा. Name of a king born in the demon family. पउम० ५, २६१;

इंदलेहा. स्त्री० (इन्द्रलेखा) राजा त्रिकसंयत की पत्नी. Name of a queen of king Triksanyat. पउम० ५, ५१;

इंदवज्जा. स्त्री० (इन्द्रवज्रा) छन्द विशेष का नाम, जिसके पाद में ग्यारह अक्षर होते हैं. Name of a metre. पिंग०

इंदवसु. स्त्री० (इन्द्रवसु) ब्रह्मराज की एक पत्नी. Name of a wife of Brahmaraja. राज०

इंदवाय. पुं० (इन्द्रवात) एक माण्डलिक राजा. Name of a ruler of a province. भवि०

इंदसम्म. पुं० (इन्द्रशर्मन्) स्वनाम ख्यात एक ब्राह्मण. Name of a Brahman. आवम०

इंदसामणिय. पुं० (इन्द्रसामानिक) इन्द्र के समान ऋद्धि वाला देव. A kind of god. महा०

इंदासणि. पुं० (इन्द्राशनि) एक नरक स्थान. A particular hell-abode. देवेन्द्र० २६;

इंदिंदिर. पुं० (इन्दिन्दिर) भ्रमर; भमरा. A wasp; A black bee. पाश्र०

इंदियजय. पुं० (इन्द्रियजय) तप विशेष. A kind of relgious austerity. प्रव० २७०;

इंदिर. पुं० (इन्दिर) भ्रमर; भमरा. A wasp; A black bee. विक्र० २६;

इंदिरा. स्त्री० (इन्दिरा) लक्ष्मी. Lakshmi, wife of Vishnu. सम्मत० २२६;

इंदीवर. न० (इन्दीवर) कमल; पद्म. A lotus. पउम० १०, ३६;

इंदुर. पुं० स्त्री० (उन्दुर) चूहा; मूषक. A Mouse or rat. नाट०

इंध. न० (चिह्न) निशानी; चिन्ह. A sign or mark. हे० १, १७७; २, ५०; कुमा०

इंधण. न० (इन्धन) अस्त्र विशेष. A kind of weapon. पउम० ७१, ६४;

इंधिय. त्रि० (इन्धित) उद्दीपित; प्रज्वलित. Kindled; Inflamed. बृह० ४;

इक्किल्ल. त्रि० (एकाकिन्) एकिला. Alone; Solitary. सिरि० ३४६;

इक्खअ. त्रि० (ईक्षक) देखने वाला. A spectator. गा० ५५७;

इक्खण. न० (ईक्षण) अवलोकन; प्रेक्षण. Seeing; Beholding. पउम० १०१, ७;

इक्खु. पुं० (इक्षु) सांटा. Sugar-cane. —घर. न० (गृह) उद्यान विशेष. Name of a garden. विशे० —पेसिया. स्त्री० (पेशिका) गंडेरी; ईख का टुकड़ा. A piece of sugar-cane. निसी० चू० १६;

इगुचाल. त्रि० (एकचत्वारिंशत्) एकतालीस; ४१. Fourty-one; 41. पि० ४४५;

इच्छिर. त्रि० (एषितृ) इच्छा करने वाला. Desiring or wishing. कुमा०

इच्छु. त्रि० (इच्छु) अभिलाषी. Desirons. गा० ७४०;

इट्ठ. पुं० (इष्ट) (१) स्वाभ्युपगत; स्व-सिद्धान्त. Beloved or favourite doctrine. धर्मसं० ५१६; (२) न० तपो-विशेष; निर्विकृति तप. A kind of austerity. संबोध० ५८; (३) याग-क्रिया. Rite of a sacrifice. स० ७१३;

इट्ठि. स्त्री० (इष्टि) (१) इच्छा; अभिलाष; चाह. A wish or desire. सुपा० २४६; (२) याग विशेष. A kind of sacrifice. अभि० २२७;

इडा. स्त्री० (इडा) शरीर के दक्षिण भाग स्थित नाड़ी. A particular vein in the right part of the body. कुमा०

इतरेतरासय. पुं० (इतरेतराश्रय) तर्क शास्त्र प्रसिद्ध एक दोष; परस्पर एक दूसरे की अपेक्षा. (In philo) A particular defect; Mutual dependence; Inter-connection. धर्मसं० ११५८;

इत्ताहे. अ० (इदानीम्) इस समय; इस वक्त; अधुना. Now; At this moment. पाश्र०

इत्तिरिय. त्रि० (इत्वरिक) अल्पकालिक; जो थोड़े समय के लिए किया जाता हो. What is done for a short time. विशे० १२६४;

इत्थत्थ. पुं० (स्त्र्यर्थ) स्त्री विषय. A subject of a woman. पि० १६२;

इत्थिणपुंसग. पुं० न० (स्त्रीनपुंसक) एक प्रकार का नपुंसक. A kind of impotent person. निसी० चू० १;

इत्थेण. त्रि० (स्त्रैण) स्त्रियों का समूह; स्त्री-जन. Female; Feminine. उप० ७२८ टी;

इभपाल. पुं० (इभपाल) हाथी का महावत. A rider or driver of an elephant. सम्मत्त० १५७;

इयरेयर. त्रि० (इतरेतर) अन्योन्य; परस्पर. Mutual; Reciprocal. राज०

इरिण. न० (ऋण) करजा; ऋण. A debt. चारु० ६६;

इला. स्त्री० (इला) राजा जनक की माता. Name of a mother of king Janak. पउम० २१, ३३;

इसाणी. स्त्री० (ऐशानी) ईशान कोण; पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा. The north-east corner. नाट०

इसिपालिया. स्त्री० (ऋषिपालिता) जैन मुनिओं की एक शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

इसु. पुं० (इषु) बाण. An arrow. पाश्र०

इस्सास. पुं० (इष्वास) (१) धनुष; शरासन. A bow. (२) बाण क्षेपक; तीरंदाज. An archer. प्राकृ०

इह. पुं० (इभ) हाथी. An elephant. प्राकृ०

इह. न० (चिह्न) चिन्ह; निशान. A sign or mark. से० १, १२; षड्०

इहिं. अ० (इह) यहां. Here. रंभा०

ई. पुं० (ई) प्राकृत वर्णमाला का चतुर्थ वर्ण; स्वर विशेष. The fourth letter of Prakrit-alphabets. प्रामा०

ईअ. अ० (इति) इस तरह. Thus. 'ईय मणोविसईण' विशे० ५१४;

ईइस. त्रि० (ईदृश) ऐसा; इस तरह का; इसके समान. Such; Of thiskind. महा० स० १५;

ईडा. स्त्री० (ईडा) स्तुति. Praise; Commendation. चेइय० ८६८;

ईसर. पुं० (ईश्वर) महादेव; शिव. An epithet of Siva. पउम० १०१, १२;

ईसाइय. त्रि० (ईर्ष्यायित) जिसको ईर्ष्या हुई हो वह. Envious; Jealous. सुपा० ६१;

ईसाण. पुं० (ईशान) प्रभु; स्वामी. A lord or master. विशे०

ईसाणी. स्त्री० (ऐशानी) (१) ईशान कोण. The north-east corner. (२) विद्या विशेष. A kind of magical-skill. पउम० ७, १४१;

ईसिअ. न० (ईर्ष्यित) (१) ईर्ष्या; द्वेष. Envy; Jealousy. गा० ५१०;

ईहा. स्त्री० (ईहा) इच्छा. A wish or desire. स० ६१२;

ईहा. स्त्री० (ईहा) चेष्टा; प्रयत्न. Effort; Activity. ओघ० नि० ३;

उ. पुं० (उ) (१) प्राकृत वर्णमाला का पञ्चम अक्षर; स्वर विशेष. The fifth letter of

Prakrata alphabets. प्रामा० (२) गति क्रिया. Motion or going. अवम० (३) उपयोग रखना; ख्याल रखना. To be careful. "उत्ति उवओगकरणे" विशे० ३११८;

उ. अ० (उ) निम्नोक्त अर्थों का सूचक अव्यय. A particle of. (१) संबोधन; आमन्त्रण. Addressing. (२) कोप-वचन; क्रोधोक्ति. Anger. (३) अनुकम्पा; दया. Compassion. (४) नियोग; हुकुम. Command. (५) विस्मय; आश्चर्य. Wonder. (६) अंगीकार; स्वीकार. Acceptance. (७) प्रश्न; पृच्छा. Interrogation. हे० २, २१७;

उ. अ० (तु) (१) प्रशंसा. Praise. (२) पाद-पूर्ति के लिए भी इसका प्रयोग होता है. The particle is also used expletively. उव० (३) समुच्चय; और. Or. कप्प० (४) विशेषण. An adjective. (५) कारण. A cause or reason. वव० १;

उअ. अ० (उत) इन अर्थों का सूचक अव्यय. A particle expressing. (१) विकल्प; अथवा. Alternative. (२) वितर्क; विमर्श. Thought. (३) प्रश्न; पृच्छा. Interrogation. कुमा० (४) समुच्चय. Aggregation or mass. (५) बहुत; अतिशय. Excess. हे० १, १७२;

उअ. न० (उद) पानी; जल. Water. पि० ३४०;

उअ. त्रि० (उदञ्च) उत्तर; उत्तर दिशा में स्थित. Situated in the north; Northern. —**महिहर.** पुं० (महिधर) हिमाचल पर्वत. The Himalayas. गउड०

उअअ. न० (उदक) पानी; जल. Water. गा० ५३; से० ६, ८८;

उअअ. न० (उदर) पेट; उदर. The belly. से० ६, ८८;

उअआरअ. त्रि० (उपकारक) उपकार करने वाला. One who does a service or favour. गा० ५०;

उअआरि. त्रि० (उपकारिन्) उपकार करने वाला. One who does a service or favour. विक० २५;

उअइव्व. त्रि० (उपजीव्य) आश्रय करने योग्य; सेवा करने योग्य. Worthy to be served. से० ६, ६;

उअंत. पुं० (उदन्त) हकीकत; वृतान्त; समाचार. News; Intelligence. पाअ० प्रामा०

उअजीवि. त्रि० (उपजीविन्) आश्रित. Living upon; Subsisting by. अभि० १८६;

उअविट्ठअ. न० (औपविष्टक) आसन. A seat. प्राकृ० १०;

उअहि. पुं० (उदधि) (१) समुद्र; सागर. A sea. गउड० (२) स्वनाम ख्यात एक विद्याधर राजकुमार. Name of a Vidyadhar prince. पउम० ५, १६६; (३) काल परिमाण; सागरोपम. A particular measure of time. सुर० २, १३६; (४) स्वनाम ख्यात एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, ११७;

उआस. त्रि० (उदास) (१) उदासी; दिलगीर. Sad; Heavy. (२) मध्यस्थ; तटस्थ. Neutral; Indifferent. पिंग०

उआसीण. त्रि० (उदासीन) देखो 'उआस' शब्द. Vide 'उआस'. स० ५४६; नाट;

उइअ. त्रि० (उचित) योग्य; लायक. Fit; Proper. से० ८, १०३;

उइअ. त्रि० (उदित) (१) उदय प्राप्त; उद्गत. Risen. सु० च० १२७; (२) उक्त; कथित. Said; Told. विशे० २३३; ८४६;

उइअपरक्कम. पुं० (उदितपराक्रम) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a king

of Ikshvaku family. पउम० ५, ६;

उइंद. पुं० (उपेन्द्र) इन्द्र का छोटा भाई; विष्णु का वामन अवतार, जो अदिति के गर्भ से हुआ था. Name of Vishnu or Krishna as the younger brother of Indra in his fifth or dwarf incarnation. हे० १, ६;

उइएण. त्रि० (उदीच्य) उत्तर दिशा संबन्धी; उत्तर दिशा में उत्पन्न. Living or being in the north. आवम०

उऊखल-उऊहल. पुं० न० (उदूखल) उलुखल; गूगल. A wooden mortar used for cleansing rice. कुमा०पड्०हे० १, १;

उंजिअ. त्रि० (सिक्त) सिक्त; छिटका हुआ. Sprinkled; Watered. सुपा० १३६;

उंब. पुं० (उम्ब) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी;

उक्क. त्रि० (उत्क) उत्सुक; उत्कण्ठित. Anxiously wishing for. सुर०३,५३; (२) एक विद्याधर राजा का नाम. Name of a Vidyadher king. पउम० १०, २०;

उक्क. त्रि० (उक्त) कथित. Said; Told. पिंग०

उक्कंठा. स्त्री० (उत्कण्ठा) उत्सुकता; औत्सुक्य. Ardent desire; Eagerness. हे० १, २५; ३०;

उक्कंडय. त्रि० (उत्कण्टक) पुलकित; रोमाञ्चित. Having the hairs of the body erect. गउड०

उक्कंत. त्रि० (उत्क्रान्त) ऊँचा गया हुआ. Gone up. भवि०

उक्कंदल. त्रि० (उत्कन्दल) अङ्कुरित. Sprouted; गउड०

उक्कंप. पुं० (उत्कम्प) कम्प; चलन. Trembling; Tremor. सण० गा० ७३५;

उक्कंपिय. त्रि० (उत्कम्पित) (१) चञ्चल किया हुआ. Trembled. राज० (२) न० कम्प; हिलन. Trembling; Tremor. गा० ३६१;

उक्कच्छ. त्रि० (उत्कच्छ) स्पष्ट; स्फुट. Distinct; Clear. पिंग०

उक्कच्छा. स्त्री० (उत्कच्छा) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

उक्कट्ठि. स्त्री० (अपकृष्टि) अपकर्ष; हानि. Diminution; Reduction; Loss. वव० १;

उक्कड्ढिय. त्रि० (उत्कर्षित) एक स्थान से उठा कर अन्यत्र स्थापित. Shifted; Removed. पिं० नि० ३६१;

उक्कराण. त्रि० (उत्कर्ण) सुनने के लिए उत्सुक. Eager to hear. से० ६, १६;

उक्कत्तण. न० (उत्कर्तन) काट डालना; छेदन. Cutting off; Tearing out. पुप्फ०३८४;

उक्कप्प. पुं० (उत्कल्प) शास्त्र-निषिद्ध आचरण. Any act contrary to sacred precepts. पंचभा०

उक्कमण. न० (उत्क्रमण) (१) उर्ध्व गमन. Going up; Ascending. (२) बाहर जाना. Going out. समु० १७२;

उक्करिअ. त्रि० (उत्कीर्ण) खोदा हुआ. Dug. महा०

उक्करिसण. न० (उत्कर्षण) (१) उत्कर्ष; बड़ाई; महत्व. Eminence; Rise; Prosperity. (२) स्थापन; आधान. Establishing. गउड०

उक्करिसिय. त्रि० (उत्कृष्ट) खींच निकाला हुआ; उन्मूलित. Drawn out; Uprooted. से० १४, ३;

उक्कल. त्रि० (उत्कल) (१) धर्म रहित. Destitute of religion. (२) न० चोरी. A theft. पराह० १, ३, टी; (३) पुं० देश विशेष. Name of a country. प्रबो० ७८;

उक्कलंबण. न० (उल्लम्बन) फांसी लटकना. Hanging. स० ३५८;

उक्कसण. न० (उत्कर्षण) (१) अभिमान करना. To be proud. (२) ऊँचा जाना. Going up. (३) निवर्त्तन; निवृत्ति. Retiring. (४) प्रेरणा. Exciting. राज०

उक्कस्स. पुं० (उत्कर्ष) अतिशय उत्कृष्टता. Excess. भवि०

उक्किट्ठ. त्रि० (उत्कृष्ट) लगातार दो दिन का उपवास. Two fasts at a time. संबोध० ५८;

उक्किन्न. त्रि० (उत्कीर्ण) चर्चित; उपलिप्त. Anointed; Smeared. तंदु० २६;

उक्किरणग. न० (उत्करणक) अक्षत आदि से बढ़ाना; बधावा; वर्धापन. Performing certain ceremony of welcoming. धर्मवि० ४६;

उक्कीलिय. न० (उत्क्रीडित) उत्तम क्रीड़ा. The best play. पउम० ११५, ६;

उक्कीलिय. त्रि० (उत्कीलित) कीलक से नियन्त्रित. Restrained by a nail. सुपा० ४७५;

उक्कुज्जिय. न० (उत्कूजित) अव्यक्त शब्द. An indistinct word. निसी० चू०

उक्कस. त्रि० (उत्कृष्ट) उत्तम; श्रेष्ठ. Best; Eminent. कुमा०

उक्कोय. त्रि० (उत्कोप) प्रखर; उत्कट. Powerful; Mighty. सण०

उक्कोवण. न० (उत्कोपन) उद्दीपन; उत्तेजन. Encouraging. भवि०

उक्कोविय. त्रि० (उत्कोपित) अत्यंत क्रुद्ध किया हुआ. Made angry. उप० पृ० ७८;

उक्कोसण. न० (उत्क्रोशन) (१) क्रन्दन. Lamentation. (२) निर्भर्त्सन; तिरस्कार. Abusing; Disregarding. उव०

उक्कोसा. स्त्री० (उत्क्रोशा) कोशा नामक एक प्रसिद्ध वेश्या. The celebrated Prostitute called Kosha. धर्मवि० ६७;

उक्कोसिअ. त्रि० (उत्क्रोशित) भर्त्सित; तिरस्कृत; धूतकारा हुआ. Abused; Disregarded. उप० पृ० ७८;

उक्ख. पुं० (उक्ष) जैन साध्वीओं के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश. A part of garment worn by Jain nuns. बृह० १;

उक्खइय. त्रि० (उत्खचित) व्याप्त; भरा हुआ. Full of. से० १, ३३;

उक्खंडण न० (उत्खण्डन) उत्कर्तन; विच्छेदन. Cutting of; Tearing out. विक्र० २८;

उक्खंडिअ. त्रि० (उत्खण्डित) खण्डित; छिन्न. Cut; Broken. से० ५, ४३;

उक्खलिय. त्रि० (उत्खण्डित) उन्मूलित; उत्पाटित. Uprooted; Eradicated. से० ६, २६;

उक्खिवण. न० (उत्क्षेपण) (१) फेंकना; दूर करना. Throwing. (२) त्रि० दूर करने वाला. Removing. कुमा०

उक्खिवणा. स्त्री० (उत्क्षेपणा) बाहर करना; दूर करना. Removing. बृह० १;

उक्खुडिअ. त्रि० (तुडित) (१) खण्डित; छिन्न भिन्न. Broken; cut. कुमा० से० ४, २१; सुपा० २६३; (२) व्यय किया हुआ; खर्च किया हुआ. Spent. सुपा० १५;

उक्खुद्दिअ. त्रि० (उत्क्षुब्ध) क्षुब्ध; क्षोभ प्राप्त. Agitated. से० ७, १६;

उक्खेविय. त्रि० (उत्क्षेपित) जलाया हुआ. Burnt. भवि०

उक्खोडिअ. त्रि० (उत्खोटित) (१) उत्क्षिप्त; उड़ाया हुआ. Thrown or tossed up. पाअ०

उग्गंध. त्रि० (उद्गन्ध) अत्यंत सुगन्धित. Very fragrant. गउड०

उग्गम. पुं० (उद्गम) (१) उत्पत्ति; उद्भव. Production. राज० (२) उदय. Rise. सुर० ३, २५०;

उग्गमिय. त्रि० (उद्गमित) उपार्जित. Obtained; Attained. निसी० चू० २;

उग्गह. पुं० (अवग्रह) (१) अवधारण; निश्चय. Determination. (२) पात्र; भाजन. A vessel. पंचा० (३) साध्वीओं का एक उपकरण. One of the belongings of the saints. ओघ० नि० ६६६; ६७६;

उग्गाढ. त्रि० (उद्गाढ) (१) अतिगाढ; प्रबल. Intense; Deep. उप० १८६ टी; सु० च० १४; (२) स्वस्थ; तंदुरस्त. Healthy. बृ० १;

उग्गामिय. त्रि० (उद्गमित) ऊपर उठाया हुआ. Raised up. सुख० १, १४;

उग्गार-उग्गाल. पुं० (उद्गार) वचन; उक्ति. A word. गउड० (२) शब्द; आवाज; ध्वनि. A sound. गउड० (३) जल का छोटा प्रवाह. A small water flow. पाश्र० (४) रोमन्थ; पगुराना. Ruminating. पाश्र०

उग्गाल. पुं० (उद्गाल) पान की पिचकारी. Spittle. प्रव० ३८;

उग्गाहण. न० (उद्ग्राहण) तगादा; दी हुई चीज की मांग. Dunning. सु० च० ४७८;

उग्गाहणिआ. स्त्री० (उद्ग्राहणिका) देखो 'उग्गाहण' शब्द. Vide 'उग्गाहण'. 'उग्गाहणियाहेउं' सु० च० ६३२;

उग्गाहा. स्त्री० (उद्गाथा) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

उग्गिरण-न्न. त्रि० (उद्गीर्ण) (१) उक्त; कथित. Said; Told. भवि० (२) उठाया हुआ; ऊपर किया हुआ. Raised up. सुर० १६, १४७; सुपा० ५३८;

उग्गिरण. न० (उद्गरण) वान्ति; वमन. Vomiting; Ejection. (२) उक्ति; कथन. Saying. उव०

उग्गीय. त्रि० (उद्गीत) (१) उच्च स्वर से गाया हुआ. Sung loudly. (२) न० संगीत; गीत; गान. A song. से० १, ६५;

उग्गीव. त्रि० (उद्ग्रीव) उत्कण्ठित; उत्सुक. Anxiously desirous. कुमा०

खंड. पुं० (खण्ड) एक नरक-स्थान. A Hell of this name. देवेन्द्र० २६; —कव्व. न० (काव्य) छोटा काव्य-ग्रन्थ. A book of small poetry. सम्मत्त० ८४;

खंडण. न० (खण्डन) (१) कण्डन; धान्य वगैरह का छिलका अलग करना. To remove husk of rice. सु० च० १४; (२) त्रि० विनाश करने वाला; नाशक. Destroyer. सु० च० ४३२;

खंडणा. स्त्री० (खण्डना) विच्छेद; विनाश. Destruction. निसी० चू० १;

खंडव. न० (खाण्डव) इन्द्र का वन-विशेष. A garden of Indra of this name. नाट०—वेणी० ११४;

खंडसो. अ० (खण्डशः) टुकड़ा टुकड़ा; खण्ड खण्ड. To cut into pieces. पि० ५१६;

खंडा. स्त्री० (खण्डा) मिस्री; चीनी; सक्कर. Sugar. ओघ० नि० ३७३;

खंडा. स्त्री० (खण्डा) इस नाम की एक विद्याधर कन्या. A daughter of a Vidya-Dhar of this name. महा०

खंडाखंडीकय. त्रि० (खण्डखण्डीकृत) टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ. Broken into pieces. सुर० १६, ५६;

खंडामणिकंचण. न० (खण्डामणिकाञ्चन) इस नाम का एक विद्याधर-नगर. A city of Vidya Dhar of this name. इक०

खंडावत्त. न० (खण्डावर्त्त) इस नाम का एक विद्याधर-नगर. A city of a Vidya Dhar of this name. इक०

खंडाहंड. त्रि० (खण्डाखण्ड) टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ. Broken into pieces. सुपा० ३८५;

खंडिआ. स्त्री० (खण्डिका) खण्ड; टुकड़ा. A piece. अभि० ६२;

खंतव्व. त्रि० (क्षन्तव्य) क्षमा-योग्य; माफ करने लायक. Excusable. विक्र० ३८; भवि०

खंद. पुं० (स्कन्द) राम का इस नाम का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Ram. पउम० ६७, ११;

खंदकुमार. पुं० (स्कन्दकुमार) एक जैन-मुनि. A Jain Muni of this name. उव०

खंदरुद्द. न० (स्कन्दरुद्र) शास्त्र-विशेष. A

Religious book of this name. धर्मसं० ६३५;

खंध. पुं० (स्कन्ध) छंद-विशेष. A Stanza. पिंग०

खंधग्गि. पुं० (स्कन्धाग्नि) स्थूल काष्ठों की आग. Fire of big pieces of a wood. पाश्र०

खंधयट्ठि. स्त्री० (स्कन्धयष्टि) हाथ; भुजा. Arm. दे० २, ७१;

खंधर. पुं० स्त्री० (कन्धर) ग्रीवा; डोक. Neck. सण०

खंधसालि. पुं० (स्कन्धशालिन्) व्यन्तर देवों की एक जाति. A family of demons. राज०

खंधार. पुं० ब० (स्कन्धार) देश-विशेष. A country of this name. पउम० ६८, ६६;

खंधाल. त्रि० (स्कन्धमत्) स्कन्ध वाला. The trunk of a tree. सु० च० १२६;

खंभल्लिश्र. त्रि० (स्तम्भनिगडित) खंभे से बांधा हुश्रा. Tied up with a pole. से० ६, ८५;

खंभाइत्त. न० (स्तम्भादित्य) गूर्जर देश का एक प्राचीन नगर; खंभात. An old city in Gujrat (Khambat). ती० २३;

खगामिणी. स्त्री० (खगामिनी) विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से श्राकाश में गमन किया जा सकता है. A Knowledge, by aid of which one can fly in the sky. पउम० ७, १४५;

खग्गाखग्गि न० (खड्गाखड्गि) तलवार की लड़ाई. Battle of swords. सिरि० १०३२;

खज्ज पुं० (खर्ज) वृक्ष-विशेष. A tree of this name. स० २५६;

खज्ज. त्रि० (खय्य) जिसका क्षय किया जासके वह. One, who can be destructed. ४ ह०

खट्टंग. न० (खट्वाङ्ग) शिव का एक श्रायुध. A weapon of Lord Shiva. कुमा० (२) प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा पात्र. (३) तान्त्रिक मुद्रा विशेष. A ring made of Tantras. वज्जा० ८८;

खट्टक्खड. पुं० (खट्वाक्षक) रत्नप्रभा नामक पृथ्वी का एक नरकावास. A hell. स० ८६

खट्टा. स्त्री० (खट्वा) खाट; पलंग; चारपाई. A cot. सुपा० ३३७; हे० १, १९५;

खट्टामल्ल. पुं० (खट्वामल्ल) बिमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह. Who is unable to move from bed on account of sickness. बृह० १;

खडंग. न० (षडङ्ग) छः श्रंग; वेद के छः श्रंग-शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छंद, निरुक्त. Six parts, Six parts of Vedas. —वि. त्रि० (वित्) छहों श्रंगों का जानकार One who knows six parts of Vedas. पि० २६५;

खडक्कार. पुं० (खटत्कार) श्राहट देना; ध्वनि के द्वारा सूचना. To Clack. सुर० ११, ११२; विक० ६०;

खडक्खड. पुं० (खटत्खट) खट खट श्रावाज. Sound of clack. मोह० ८६;

खडहड. पुं० (खटखट) साँकल वगैरह की श्रावाज; खटत्कार. Sound of chain. सु० च० ४०२;

खडिश्रा. स्त्री० (खटिका) खड़ी ; लड़कों के लिखने की खड़ी. Chalk. कप्पू०

खडी. स्त्री० (खटी) देखो 'खडिश्रा' शब्द. See word "Khariya" प्राकृ०.

खडुक्कय. पुं० न० (खटत्कृत) श्राहट देना; ध्वनि के द्वारा सूचना. To clack. सु० च० ४१४;

खणण. न० (खनन) खोदना. To dig. पउम० ८६, ६०; उप० पृ० २२१;

खणय. त्रि० (खनक) खोदने वाला. Digger,

One who digs. दे० १; ८५;

खणया. स्त्री० (क्षणदा) रात्रि; रात. Night. उप० ७६८ टी;

खणाविय. त्रि० (खानित) खुदाया हुआ. Which was dug into. सु० च०४५४;

खणित्त. न० (खनित्र) खोदने का अस्त्र; खन्ती. A spade. दे० ४, ४;

खणिय. त्रि० (खनित) खुदा हुआ. Excavated. सु० च० २५६;

खणिय. त्रि० (क्षणिक) (१) क्षणविनश्वर; क्षणभंगुर. Frail. विशे० १६७२; (२) फुरसत वाला; काम-धंधा से रहित. Who has no work; Out of work; Unemployed. धर्म्म० ८ टी;

खणियवाइ. त्रि० (क्षणिकवादिन्) सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर मानने वाला; बौद्धमत का अनुयायी. A follower of Budha, who cosiders momentry to every thing in the world. राज०

खएण. त्रि० (खन्य) खोदने योग्य. Fit to dig. दे० २, ३६;

खप्पर. पुं० (कर्पर) (१) मनुष्य-जाति-विशेष. Name of family of a human being. रंभा०(२) खोपड़ी, कपाल. Skull. हे० १, १८१; (३) घट वगैरः का टुकड़ा. A piece of earthen part. पउम० २०, १६६; (४) भिक्षा पात्र; कपाल. Name of a pot in which alm is collected 'Kapal''. सु० च० ४१५;

खम. त्रि० (क्षम) उचित; योग्य. Able. adequate. पञ्च० ५४; पाअ०

खमा. स्त्री० (क्षमा) पृथ्वी; भूमि. Land; Earth. सु० च० ३४८; —हर. पुं० (धर) (१) पर्वत; पहाड़. Mountain. (२) साधु; मुनि. Mendicant, Muni. सु०च०६२६;

खमाविय. त्रि० (क्षमित) माफ किया हुआ. Who was excused. हे० ३, १५२; सुपा० ३६४;

खमिय. त्रि० (क्षमित) माफ किया हुआ. Who was excused. कुम० १६;

खय. त्रि० (खग) आकाश तक ऊँचा पहुंचा हुआ. High up to sky. —राय. पुं० (राज) पक्षियों का राजा; गरुड़ पक्षि. A bird, King of birds. पाअ० —वइ. पुं० (पति) गरुड़ पक्षि. Lord of "Garuds" a bird. से० १५, ५०;

खय. न० (क्षत) (१) व्रण; घाव. Wound. उप० ७२८ टी; (२) त्रि० व्रणित; घवाया हुआ. Wounded. श्रा० १४; सुपा० ३४६; सुर० १२, ६१;

खय. त्रि० (खात) खोदा हुआ. Excavated. पउम० ६१, ४२;

खय. पुं० (क्षय) रोग-विशेष; राज-यक्ष्मा. Consumption, Phthisis. लहुअ० १५;

खयंकर. त्रि० (क्षयकर) नाश कारक. Destroying. पउम० ७, ८१; ६६, ३४; पुप्फ० ८२;

खयंतकर. त्रि० (क्षयान्तकर) नाश कारक. Destroying. पउम० ७, १७०;

खयकाल. पुं० (क्षयकाल) प्रलय काल. The time of destruction of all things. भवि० हे० ४, ३७०;

खयग्गि. पुं० (क्षयाग्नि) प्रलय काल की आग. Fire of the time of destruction of all things. से० १२, ८१;

खयर. पुं० स्त्री० (खचर) (१) आकाश में चलने वाला; पक्षी. A bird who flies in the sky. जी० २०; (२) विद्याधर; विद्या बल से आकाश में चलने वाला मनुष्य. Aerial, One who moves in the air. सु० च० २४०;

खयायार. पुं०स्त्री० (क्षताचार) शिथिलाचार

साधु या साध्वी. A degraded mendicant, A Sadhu or Sadhvi who was fallen from his or her acts. वव० ३;

खर. त्रि० (क्षर) विनश्वर; अस्थायी. Uncertain. विशे० ४५७;

खर. पुं० (खर) छन्द-विशेष. A stanza. पिंग०

खरंटण. न० (खरण्टन) (१) निर्भर्त्सन; परुष भाषण. Bitter talk. वव०१; (२) प्रेरणा. To request. ओघ० नि० ४०;

खरंटणा स्त्री० (खरण्टना) देखो 'खरंटण' शब्द. See word "Kharanton". ओघ० नि० ७५;

खरंटिअ. त्रि० (खरण्टित) निर्भर्त्सित. Rebuked. कुप्र० ३१८ ;

खरकम्मिअ. त्रि० (खरकर्मिन्) (१) निष्ठुर कर्म करने वाला. Cruel, (२) कोटवाल; दाण्डपाशिक. Kotwal, A Police officer. ओघ० २१८;

खरकिरण पुं० (खरकिरण) सूर्य;सूरज. Sun. पिंग० सण०

खरड. पुं० (खरट) एक जघन्य मनुष्य-जाति. A race of human being of this name. सुपा० ३६२;

खरडिअ. त्रि० (लिप्त) जिसको लेप किया गया हो वह; पोता हुआ.Plastered. ओघ० नि० ३७३;

खरदूसण. पुं० (खरदूषण) इस नाम का एक विद्याधर राजा, जो रावण का बहनोई था. Name of a Vidyadhar Raja, who was brother-in-law of Rawana. पउम० १०, १७;

खरनिस्सण. पुं० (खरनिःस्वन) इस नाम का रावण का एक सुभट.A warrior of this name of Raja Rawna. पउम०५६,३०;

खरफरुस. पुं० (खरपरुष) एक नरक-स्थान. A place in hell. देवेन्द्र० २७;

खरमुही. स्त्री० (खरमुखी) नपुंसक दासी. An eunuch (she) वव० ६;

खरय. पुं० (खरक) महावीर प्रभु के कान में से खीला निकालने वाला एक वैद्य. A physician of this name who took out a nail from the ear of Mahabir Prabhu. चेइय०६६;

खरसन्नय. न० (खरसंज्ञक) तिल का तैल. Oil of Til seeds. ओघ० नि० ४०६;

खलणा. स्त्री० (स्खलना) (१) गिर जाना; निपतन. To fall. (२) अटकायत; रुकावट. To stop. उप० ३३६ टी; (३) विराधना; भञ्जन. To fall out of his actions. ओघ० नि० ७८८;

खलपू. त्रि०(खलपू) खेले को साफ करने वाला. A sweeper, one who sweeps the ground in a field where cow is kept. कुमा० षड्० प्रामा०

खलहर-ल. पुं० (खलखल) नदी के प्रवाह की आवाज. The sound of floating river. सुर० ३, ११; २, ७५;

खलिअ. त्रि० (स्खलित) (१) रुका हुआ. Stopped. (२) गिरा हुआ; पतित. Fallen. हे० २, ७७; पाअ०

खलिअ. त्रि० (खलिक) खल से व्याप्त; खलिखचित. दे० ४, १०;

खलिण. न० (खलिन) कायोत्सर्ग का एक दोष. A fault while contemplating. प्रव० ५;

खलित्तार. त्रि०(स्खलितृ) स्खलना करने वाला. One who makes mistake. वजा० ५८; सण०

खलिया. स्त्री० (खलिका) तिल वगैरः का तैलरहित चूर्ण. A compounded powder

of medicines without oil. सुपा० ४१४;

खलियार. पुं० (खलिकार) तिरस्कार; निर्भर्त्सना. Curse. पउम० ३१; ११६;

खलियारण. न० (खलीकरण) तिरस्कार. Curse. पउम० ३६, ८४;

खलियारणा. स्त्री० (खलीकरणा) वञ्चना; ठगाई. Deception, To cheat. स० २८;

खलियारिश्र. त्रि० (खलीकृत) (१) तिरस्कृत. Cursed. पउम० ६६, २; (२) वञ्चित; ठगा हुआ. Deceived. स० २८;

खलुखित्त. न० (खलुक्षेत्र) जहां पर जरूरी चीज मिले वह क्षेत्र. The place where the needed thing can be obtained. वव०

खल्लीड. पुं० (खल्वाट) जिस के सिर पर बाल न हों; गञ्जा; चंदला. Bald. हे० १, ७४; कुमा०

खविश्र. त्रि० (क्षपित) उद्वेजित. Submitted to. गा० १३४;

खव्व. त्रि० (खर्व) (१) वामन; कुब्ज. Hump backed. पाश्र० (२) लघु; थोड़ा. Small; little. सिर० ६७५;

खसखस. पुं० (खसखस) पोस्त का दाना; उशीर; खस. The poppy. सं० ६६;

खसिश्र. न० (कसित) रोग-विशेष; खाँसी. Cough. हे० १, १८१;

खाश्र. त्रि० (खादित) भुक्त; भक्षित. Eaten. गा० ६६८; भवि०

खाइ. स्त्री० (खाति) परिखा; खाई. Ditch. सुपा० २३४;

खाइर. त्रि० (खादिर) खदिर-वृक्ष-संबन्धी. Derived from the Khair tree. हे० १, ६७;

खाण. न० (खादन) भोजन; भक्षण. Food. गा० ६६२; पउम० १४, १३६;

खाण, न० (ख्यान) कथन; उक्ति. To relate. राज०

खाणिश्र. त्रि० (खानित) खुदवाया हुआ. To dug, Excavated. हे० ३, ५७;

खाम. त्रि० (क्षाम) (१) कृश; दुर्बल. A kind of grass; weak. उप० ६८६ टी; पाश्र०

खामिश्र. त्रि० (क्षमित) (१) सहन किया हुआ. For bearing. (२) विलम्बित; विलम्ब किया हुआ. Delayed. पउम० ४३, ४१; हे० ३, १५३;

खाय. पुं० (खाद) पांचवी नरक भूमि का एक नरक स्थान. A place of the 5th hell. देवेन्द्र० ११;

खार. पुं० (क्षार) एक नरक स्थान. A place in a hell. देवेन्द्र० ३०;

खारि. स्त्री० (खारि) एक प्रकार का नाप. Name of a measure. गा० ८१२;

खारिय. त्रि० (क्षरित) पानी में घिसा हुआ. Rubbed in water. भवि० (२) क्षावित; झराया हुआ. Dropped. वव० ६;

खारोदा. स्त्री० (क्षारोदा) नदी विशेष. A river of this name. राज०

खालण. न० (क्षालन) प्रक्षालन; पखारना. To wash, To clean. सु० च० ३२८;

खावेंत. त्रि० (ख्यापयत्) प्रख्याति करता हुआ; प्रसिद्धि करता. To make known. उप० ८३३ टी;

खासि. त्रि० (कासिन्) खाँसी का रोग वाला. A patient suffering from cough. सु० च० ५७६;

खिइगोयर. पुं० (क्षितिगोचर) मनुष्य; आदमी. Man. पउम० ५३, ४३;

खिइपइट्ठ. न० (क्षितिप्रतिष्ठ) नगर विशेष. A city of this name. स० ६;

खिइसार. पुं० (क्षितिसार) इस नाम का एक दुर्ग. A fort of this name. पउम० ८०, ३;

खिंग. पुं॰ (खिङ्ग) रंडीबाज; व्यभिचारी. A whoremonger. रंभा॰

खिज्जिअय. न॰ (खेदितक) छंद विशेष. A stanza. अजि॰ ७;

खिज्जिरत्तार. त्रि॰ (खेदितृ) खेद करने वाला; खिन्न होने की आदत वाला. Harassed; Pained. कुमा॰ ७, ६०;

खिड्डु. न॰ (खेल) खेल; क्रीड़ा; मजाक. Play. सु॰ च॰ ३०२;

खिरण. त्रि॰ (खिन्न) (१) खिन्न; खेद प्राप्त. Pained, Distressed. (२) श्रान्त; थका हुआ. Tired. गा॰ २११;

खित्त. त्रि॰ (क्षिप्त) प्रेरित. Who was requested. —मण. त्रि॰ (मनस्) चित्त-भ्रम-वाला. Fickle minded. महा॰

खित्तज. पुं॰ (क्षेत्रज) गोद लिया हुआ लड़का. Adopted son. कुप्र॰ २०८;

खित्तय.न॰(क्षिप्तक) छन्द-विशेष. A stanza. अजि॰ २४; २५;

खित्तिअ. त्रि॰ (क्षैत्रिक) (१) क्षेत्र संबन्धी. Relating to a field. (२) पुं॰ व्याधि विशेष. A kind of sickness or disease. आ॰१२;

खिप्पं. अ॰ (क्षिप्रम्) शीघ्र; जल्दी. Haste. प्रासू॰ ३७; पडि॰

खिमा. स्त्री॰ (क्ष्मा) पृथ्वी. Earth. चंड॰

खिरिय. त्रि॰ (क्षरित) (१) टपका हुआ. Leaked. (२) गिरा हुआ. Fallen. पाअ॰

खीर. न॰ (क्षीर) (१) पानी; जल. Water. हे॰ २, १७; (२) बेला; दो दिन का उपवास. Two days fast. संबोध॰ ५८;

खीरि. त्रि॰ (क्षीरिन्) (१) दूध वाला. Milky. (२) जिसमें दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति. A kind of tree which gives milk. उप॰ १०३१ टी;

खीरी. स्त्री॰ (क्षैरेयी) खीर; पकान्न विशेष. Preparation of milk and rice. सु॰ च॰ ६३६;

खीलिया.स्त्री॰(कीलिका) छोटी खूँटी. Small nail. आव॰

खिलीकरण. न॰(खिलीकरण) खाली करना; शून्य करना. To Vacate. मै॰ ८;

खिल्लण.न॰(खेलन) खिलौना; खेलनक.Toy. सुर॰ १५, २०८;

खिवण. न॰ (क्षेपण) (१) फेंकना; क्षेपण. To throw. से॰ १२, ३६; (२) प्रेरण; इधर उधर चलाना. To request, To send hither and thither. से॰ ५, ३;

खीयमाण. त्रि॰ (क्षीयमाण) जिसका क्षय होता हो वह. One who is destroying, Perishing. गा॰ ९८६ टी;

खीव. पुं॰(क्षीब) मद-प्राप्त; मदोन्मत. Drunk intoxicated. दे॰ ८, ६६;

खु. अ॰ (खलु) (१) वितर्क; विचार. An expression. (२) संशय; संदेह. Doubt (३) संभावना. To think over. (४) विस्मय; आश्चर्य. Astonishment. हे॰ २, १९८; षड्॰ गा॰ ६; १४२; ४०१; स्वप्न॰ १; कुमा॰

खुडिअ. त्रि॰ (खण्डित) त्रुटित; खण्डित; विच्छिन्न. Broken. हे॰ १, ५३; षड्॰

खुरण. त्रि॰ (क्षुण्ण) मर्दित. Rubbed. गा॰ ४४५; निसी॰ चू॰ १; (२) मग्न; लीन. Immersed. चउ॰ ३८; संथा॰ (३) चूर्णित. Broken into pieces. दे॰ ५, ४५;

खुद्ध. त्रि॰ (क्षुब्ध) क्षोभ प्राप्त; घबड़ाया हुआ. Confused; Disturbed. सु॰ च॰ ३२५;

खुधा. स्त्री॰ (क्षुध्) भूख. Hunger. धर्मसं॰ १०६२;

खुब्भण.न॰ (क्षोभण) क्षोभ; घबड़ाहट. Confusion. राज॰

खुभिअ. न॰ (क्षुभित) (१) क्षोभ; घबड़ाहट,

Frightened. Alarmed. श्रोघ० (२) कलह; झगड़ा. Quarrel. बृह० ३;

खुय. न० (क्षुत) छींक. Sneeze. चेइय०४३१;

खुरप्प. पुं० न० (क्षुरप्र) एक तरह का जहाज. A kind of a ship. सिरि० ३८३;

खुरसाण. पुं० (खुरशान) (१) देश विशेष. A country of this name. (२) खुरशान देशका राजा. King of khurashan. पिंग०

खुरु. पुं० (खुरु) प्रहरण विशेष; आयुध विशेष. A kind of a weapon. सुर०१३, १६३;

खूण. न० (क्षूण) (१) नुकसान; हानि. Loss. सुर० ४, ११३; महा० (२) अपराध; गुनाह. Fault. मह० (३) न्यूनता; कमी. Difficiency; Deficiency. सु० च०७, ४३०;

खेअ. पुं०(खेद) संयम; विरति. Forebearrance; Humanity. —रण. त्रि० (ज्ञ) निपुण; कुशल; चतुर. Complete; Wise. श्रोघ० नि० ६४७;

खेअ. पुं० (क्षेप) त्याग; मोचन. Leaving; Abandoning. से० १२, ४८;

खेअण. न० (खेदन) (१) खेद; उद्वेग. Sorrow. (२) खेद उपजाने वाला. Who pains. कुमा०

खेअरिंद. पुं० (खेचरेन्द्र) खेचरों का राजा. The king of birds. पउम० ६, ५२;

खेइय. त्रि०(खेदित) खिन्न किया हुआ. Troubled; Pained; Harassed. स० ६३४;

खेड. पुं० (खेट) मृगया; शिकार. Game. भवि०

खेडण. न० (खेटन) खदेड़ना; पीछे हटाना. To push back. उप० २२६;

खेडणअ. न०(खेलनक) खिलौना. Toy. नाट० रत्ना० ६२;

खेडय. पुं० (क्ष्वेटक) (१) विष; जहर. Poison. हे० २, ६; (२) ज्वर-विशेष. A kind of fever. कमा०

खेडय. त्रि० (स्फेटक) नाशक; नाश करने वाला. Destructor. हे० २, ६; कुमा०

खेडय. न० (खेटक) छोटा गाँव. A smll village. पाश्र० सुर० २, १६२;

खेडावग. त्रि० (खेलक) खेल करने वाला; तमासगिर. An actor. उप० पृ० १८८;

खेडिअ. पुं० (स्फेटिक) (१) नाश वाला; नश्वर. Rending. (२) अनादर वाला. Disrespected. हे० २, ६;

खेत्तकप्प. पुं०(क्षेत्रकल्प) (१) देश का रिवाज. A custom of the country. बृह० ६; (२) क्षेत्र-संबन्धी अनुष्ठान. To worship in connection with the country. (३) ग्रन्थ-विशेष, जिसमें क्षेत्र-विषयक आचार का प्रतिपादन हो. A religious book in connection with the county. पंचू०

खेमलिज्जया. स्त्री० (क्षेमलिया) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain saints. कप्प०

खेलण-खेलणय. न० (खेलन-क) (१) क्रीड़ा; खेल. Play. (२) खिलौना. Toy. श्राक० स० १२७;

खेव. पुं०(क्षेप) (१) न्यास; स्थापना. To fix. विशे०६१२; (२) संख्या विशेष. Counting. क० गं० ४, ८१-८४; (३) विलम्ब; देरी. Late, delay. स० ७५५;

खेवय. त्रि० (क्षेपक) फेंकने वाला. Who throws. गा० २४२;

खेविय. त्रि० (खेदित) खिन्न किया हुआ. Annoyed, Harassed, Distressed, Pained. भवि०

खोक्खा-खोखा. स्त्री०(खोखा) वानर की आवाज. Voice of a monkey. गा० ५३२;

खोड. पुं० (स्फोट) फोड़ा. Boil. प्राकृ० १८;

खोडय. पुं० (क्ष्वोटक) नख से चर्म का निष्पीडन. To itch. दे० २, ६;

खोरिंद. पुं० (क्षोणीन्द्र) राजा; भूमि-पति. King. सथा०

खोद. पुं० (क्षोद) चूर्ण; बुकनी. Powder of digestive medicines. हम्मीर०

खोभ. पुं० (क्षोभ) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of Ravna's name. पउम० ५६, ३२; ३४;

ग

ग. पुं०(ग) व्यञ्जन वर्ण विशेष. The third consonant of the nagri Alphabet. प्रामा० प्राम०

गअवंत. त्रि० (गतवत्) गया हुआ. Having gone. प्राकृ० ३५;

गइ. स्त्री०(गति) प्रकार; भेद. State, mode of existence. से० १, ११; —तस. पुं० (त्रस) अग्नि और वायु के जीव. Insects of air and water. क० गं० ३,१३;४, १६;

गइंद. पुं० (गजेन्द्र) (१) ऐरावत हाथी; इन्द्र-हस्ती. The king of Elephants, Elephant of "Indra". (२) श्रेष्ठ-हाथी. Best elephant. गउड० कुमा०

गउ-गउअ. पुं० (गो) बैल; वृषभ; सांढ़. Ox, Bull. हे० १, १५८; —पुच्छ. पुं० न० (पुच्छ) (१) बैल का पूंछ. Tail of an ox. (२) बाण-विशेष. Arrow. कुमा०

गउअ. पुं० (गवय) गो-तुल्य आकृति वाला जंगली पशु-विशेष. A forest animal like an ox or cow; A Species of cow found in jungle. कुमा०

गउआ स्त्री०(गो)गैया;गौ. Cow. हे०११५८;

गउड. पुं० (गौड) (१) इस नाम का देश; बंगाल का पूर्वी भाग. Name of a country Province of Eastern Bengal. सु० च० ३८६; (२) गौड़ देश का निवासी. An inhabitant of Gaur county (province). हे० १, २०२; (३) गौड़ देश का राजा. Raja (King) of Gaur country. गउड० कुमा० —वह. पुं०(वध) वाक्पतिराज का बनाया हुआ प्राकृत-भाषा का एक काव्य-ग्रन्थ. A book of poems compiled by "Vakpati Raj". गउड०

गउण. त्रि० (गौण) अप्रधान; अमुख्य. Hidden. दे० १, ३;

गउणी. स्त्री० (गौणी) शक्ति विशेष; शब्द की एक शक्ति. Power of speaking. दे०१,३;

गउरविअ. त्रि० (गौरवित) गौरव-युक्त किया गया हो वह. One who has been honoured. सुपा० ३५६; ३६०;

गउरी. स्त्री०(गौरी) (१) गौर वर्ण वाली स्त्री. A beautiful or a handsome lady. कुमा० (२) पार्वती;शिव पत्नी. "Parbati" Wife of Shiva. सु० च० १०६; —पुत्त. पुं० (पुत्र) पार्वती का पुत्र; कार्त्तिकेय. Son of Parbati, Kartik. सु० च० ४०१;

गंगा. स्त्री० (गङ्गा) गंगा नदी की अधिष्ठात्री देवी. A principal goddess of River Ganges. आवम०

गंजण. त्रि० (गञ्जन) (१) मर्दन-कर्ता. One who rubs. सिरि० ५४६; (२) न० अपमान; तिरस्कार. Disgrace. सु० च० ४८०; (३) न० कलंक; दाग. Slander. वज्जा० १८;

गंजा. स्त्री० (गञ्जा) सुरा-गृह; मद्य की दुकान. Shop of liquor. दे० २, ८५ टी;

गंजिअ. पुं० (गाञ्जिक) कल्य-पाल; दारू बेचने वाला;कलाल. Liquor seller. दे०२,८५टी;

गंजिअ. त्रि० (गञ्जित) (१) पराजित; अभिभूत. Vanquished. उप० ६८६ टी, (२) हत; मारा हुआ;विनाशित. Afflicted. पिंग०

(३) पीड़ित. Pained हं० ४, ४०१;

गंठि. स्त्री० (गृष्टि) एक बार ब्यायी हुई गौ. A cow which has given the first calf. प्राकृ० ३२;

गंड. पुं० (गण्ड) (१) हाथी का कुम्भस्थल. An elephant's temple or cheek. प्रव० २६; (२) पुं० न० ऊख का जत्था; इक्षु-समूह. A bundle of sugar cane. उप०पृ०३२१;(३) छन्द-विशेष. A Stanza. पिंग० —**विइवाय.** पुं० (व्यतिपात) ज्योतिष शास्त्र-प्रसिद्ध एक योग. The seventeenth of the Astrological yogas. संबोध० ४४;

गंडइया. स्त्री० (गण्डकिका) नदी विशेष. Name of a river. आवम०

गंडभेअअ. पुं० (गण्डभेदक) चोर विशेष; पाकेटमार. Thief, Pick pocketer. अवि० १७; अभि० १८४;

गंडय. पुं० (गण्डक) गेंडा; जानवर विशेष. Rhinoceros. पाअ०

गंडीव. न० (गाण्डीव) धनुष. Bow. महा० पाअ०

गंडीवि पुं० (गाण्डीविन्) अर्जुन; मध्यम-पाण्डव. (Arjun). The third son of Raja Pandava. वेणी० ४८;

गंडुअ.न०(गण्डु) ओसीसा;सिरहना. Pillow. महा०

गंडुअ. न० (गण्डुत्) तृण-विशेष. A kind of grass. दे० २, ७५;

गंडुवहाण. न० (गण्डोपधान) गाल का तकिया. Cheek pillow, A pillow which is kept under the cheek. प्रव० ८४;

गंडूस. पुं०(गण्डूष) पानी का कुल्ला; Gurgle of water. गा० २७०; सुपा० ४४१; उप० ६८६ टी;

गंती. स्त्री० (गन्त्री) शकट; गाड़ी. Country cart, A cart drawn by oxen. सु० च० २७७;

गंतुकाम. त्रि०(गन्तुकाम) जाने की इच्छा वाला. One anxious to go. श्रा० १४;

गंथि.त्रि०(ग्रन्थिन्) रचना-कर्ता.An author. सम्मत० १३१;

गंध. पुं० (गन्ध) (१) लव; लेश. Little, a small quantity. से० ६, ३; (२) वाणव्यन्तर देवों की एक जाति. A race of demons (Banveanter). इक० —**मय.** पुं० (मृग) कस्तूरी मृग; कस्तूरिया हरिन. A deer having musk. सु०च०२; —**समिद्ध.** त्रि० (समृद्ध) (१) सुगंधित; सुगंध पूर्ण. Fragrant; Sweet smelling. (२) न० नगर विशेष A city. आवम०

गंधवाह. पुं० (गन्धवाह) पवन. Air. समु० १८०;

गंधव्व. त्रि० (गान्धर्व) (१) गन्धर्व संबन्धी; गंधर्वसे संबंध रखनेवाला.One connected with a singer. (२) न० उत्सव हीन विवाह; विवाह विशेष. A marriage void of ceremonies, A marriage.आवम०

गंधव्वि.त्रि०(गन्धर्विन्) गाने वाला. Singer. ती० ३;

गंधव्विअ. त्रि० (गान्धर्विक) गंधर्व विद्या में कुशल. A musician or a singer. सु० च० १६१;

गंधा. स्त्री० (गन्धा) नगरी-विशेष. A Village, or a town इक०

गंधाण.न०(गन्धान) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

गंधिअ. पुं०(गान्धिक) गन्ध द्रव्य बेचने वाला; पन्सारी. Grocer. दे० २, ८७;

गंधुत्तमा. स्त्री० (गन्धोत्तमा) मदिरा; शराब. Wine. दे० २, ८६;

गंभीर. पुं० (गम्भीर) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ४६, ३; (३) न० समुद्र के किनारे पर स्थित इस नाम का एक नगर. A city of this name at the shore. सुर० १३, ३०;

गंभीर. न० (गाम्भीर्य) (१) गम्भीरता. Gravity; Seriousness. (२) अनौद्धत्य. Inopposed; Humble. सूयनि० ६६;

गंभीरा. स्त्री० (गम्भीरा) (१) मात्रा-छंद का एक भेद. Part of a stanza. पिंग० (२) स्त्री० गंभीर हृदया स्त्री. Serious minded lady. वव० ४;

गंभीरिअ. न० (गाम्भीर्य) गंभीरता; गम्भीरपन. Seriousness; Gravity. है० २, १०७;

गंभीरिम. पुं० स्त्री० (गाम्भीर्य) गंभीरता; गंभीरपन. Gravity; Seriousness. सण०

गगणंग. पुं० न० (गगनाङ्ग) छंद-विशेष. A stanza. पिंग०

गग्गरी. स्त्री० (गर्गरी) गगरी; छोटा घड़ा. small earthen pot for water, Ghara. सुपा० ३३६;

गच्छविहार पुं० (गच्छविहार) गच्छ की समाचारी; गच्छ का आचार. Conduct or manner of life of a party. वव० १;

गच्छिल्ल. त्रि० (गच्छवत्) गच्छ वाला; गच्छ में रहने वाला. One who lives in a party. बृह० १;

गज्जण. न० (गर्जन) (१) गर्जन; भयानक ध्वनि; मेघ या सिंह का नाद. Roar of a thunder; Roar of a lion. (२) नगर विशेष. A city; A town. उप० ७६४;

गज्जणसद्द. पुं० (गर्जनशब्द) पशु और हाथी की आवाज. Voice of elephant or animal. उप० ७६४;

गज्जभ. पुं० (गर्जभ) पश्चिमोत्तर दिशा की पवन. Air of north-west. आवम०

गज्जल. त्रि० (गर्जल) गर्जन करने वाला. One who thunders. निसी० चू० ७;

गज्जि. स्त्री० (गर्जि) गर्जन; हाथी वगैरः की आवाज. Scream or roar of an elephant. कुमा० सुपा० ८६; उप० पृ० ११७;

गट्टण. पुं० (गट्टन) धरणेन्द्र की नाट्य सेना का अधिपति. Lord of the dancing party (actors) of Indra of earth, "Dharan Indra". राज०

गड. न० (गड) (१) विस्तीर्ण शिला; मोटा पत्थर. A slab of stone. (२) गर्त; खाई. Ditch. सुर० १३, ४१;

गड्डह. पुं० स्त्री० (गर्दभ) गदहा; गधा. Donkey. है० २, ३७, —वाहण. पुं० (वाहन) रावण; दशानन. Ravan Raja. कुमा०

गण. पुं० (गण) शिव का अनुचर. A servant or obedient of lord Shiva. पाअ० कुमा०

गणणाइया. स्त्री० (गणनायका) पार्वती; चंडी. Parvati, wife of Shiva. दे० २, ८७;

गणविअ. त्रि० (गणित) गिनती कराया हुआ. Having been counted. स० ६२१;

गणित्तार. त्रि० (गणयितृ) गिनती करने वाला. Counter. गा० २०८;

गणिय. त्रि० (गणित) जैन साधुओं का एक कुल. A sect of Jain Sadhus. कप्प०

गणेसर. पुं० (गणेश्वर) (१) गण का नायक. Leader or head of "Ganas." (२) छंद-विशेष. A stanza. पिंग०

गण्ण. त्रि० (गण्य) गणनीय; संख्येय. One that can be counted. संबोध० १०;

गद्दभिल्ल. पुं० (गर्दभिल्ल) उज्जयिनी का एक राजा. The king of Ujjain. निसी० चू० १०;

गद्दभी. स्त्री० (गर्दभी) (१) गधी; गदही. She

Ass. पि० २६१; (२) विद्या विशेष. A knowledge. काल०

गद्दहय. पुं० (गर्दभक) क्षुद्र जन्तु-विशेष; जो गो-शाला वगैर: में उत्पन्न होता है. An insect, which is brewed in Gaushala (where cows are kept). जी० १७;

गझ. त्रि० (गवय) (१) माननीय; आदरास्पद. One deserving the respect. उव० (१) न० गणना; गिनती. Counting. सुपा० २५३;

गब्भमास. पुं० (गर्भमास) कार्तिक से लेकर माघ तक का महीना. 4 months from Katak to Magh (October to January). व४० ७;

गब्भर. न० (गह्वर) (१) कोटर; गुहा. Cave. (२) गहन स्थान; विषम स्थान. Inexcessible. आव० ४;

गब्भवई. स्त्री० (गर्भवती) गर्भिणी स्त्री. Pregnant. सु० च० २७६;

गमग. त्रि० (गमक) बोधक; निश्चायक. One who knows. विशे० ३१५;

गमण. न० (गमन) (१) व्याख्यान; टीका. Speech; Annotation. (२) पुष्य वगैर: नव नक्षत्र. Nine "Nakshatras." राज०

गमणिया. स्त्री० (गमनिका) (१) संक्षिप्त-व्याख्यान; दिग्-दर्शन. Abridged speech. राज० (२) गुजारना; अतिक्रमण. To bring to pass. उप० ७२८ टी;

गमणी. स्त्री० (गमनी) जूता. Shoe. सुपा० ६१०;

गमिय. त्रि० (गमित) (१) ज्ञापित; बोधित; निवेदित. Known or thought of. विशे० ५५६; (२) गुजारा हुआ; अतिक्रान्त. Passed. गउड०

गमिर. त्रि० (गन्तृ) जाने वाला. One who goes; Goer. हे० २, १४५;

गम्म. त्रि० (गम्य) (१) जानने योग्य. Worthy of knowledge. (२) जो जाना जासके. The one that could be known. उवर० १७०; सुपा० ४२६; (३) हराने योग्य; आक्रमणीय. Worth vanquishing. सुर० २, १२६; १५; १४४; (४) भोगने योग्य. Worthy of use. सुर० १२, ५२;

गय. पुं० (गद) रोग; बीमारी. Sickness. सु० च० ५७८;

गय. त्रि० (गत) (१) विज्ञात; जाना हुआ. Known. गउड० (२) नष्ट; हत. Ruin; Perish. उप० ७२८ टी; —**अणुगइअ.** त्रि० (अनुगतिक) अंध परम्परा का अनुयायी; अंध-श्रद्धालु. Blind faith. उवर० ४६; —**वइया.** स्त्री० (पतिका) (१) विधवा; रांड. Widow. पउम० २६, ४२; (२) जिस का पति विदेश गया हो वह स्त्री; प्रोषित-भर्तृका. A lady whose husband has gone to foreign country. गा० ३३२; पउम० २६, ४२; —**वय.** त्रि० (वयस्) वृद्ध; बुड्ढा. Old. पाअ०

गय. पुं० (गज) (१) इस नाम का एक सेठ. A rich man of this name. उप० ७६८ टी; (२) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, २; —**आरोह.** पुं० (आरोह) हस्तिपक; महावत. Driver of an elephant; Elephant's driver. पाअ० —**ग्गपय.** पुं० (अग्रपद) पर्वत विशेष. A mountain. आकं० —**बंधय.** पुं० (बन्धक) हाथी को पकड़ने वाली एक जाति. One who drives or catches the elephant. सुपा० ६४२; —**मुह.** पुं० (मुख) (१) गणेश; गणपति. Ganesh; son of Shiva.

(२) यक्ष विशेष. A demon. पाश्र०

गयण. न० (गगन) 'ह' अक्षर. The thirty third or last consonant of the nagri alphabet. सिरि० ११६; -मणि. पुं०(मणि) सूर्य; सूरज. The sun. कप्प०५१;

गयणगइ. पुं० (गगनगति) एक राजकुमार. A son of a Raja. दंस०

गयणमंडल. पुं० (गगनमण्डल) एक राजा. A Raja of this name. दंस०

गयणिंदु. पुं० (गगनेन्दु) विद्याधर वंश के एक राजा का नाम. A Raja of Vidyadhar family. पउम० ५, ४५;

गयनिमीलिया. स्त्री० (गजनिमीलिका) उपेक्षा; उदासीनता. To consider equally. स० ७५१;

गया. स्त्री० (गया) स्वनाम-प्रसिद्ध नगर विशेष. A city of this name. उप० ९४१;

गया. स्त्री०(गदा) एक देव विमान. An aeroplane of a deva. देवेन्द्र० १३३;

गर. पुं० (गर) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध बवादि करणों में से एक. One of the famous part of astronomy. विशे० ३३४८; (२) न० विष; जहर. Poison. पाश्र० प्रास्० ३६;

गरलिगावद्ध. त्रि० (गरलिकाबद्ध) निक्षिप्त; उपन्यस्त. Kept. निसी० चू० १;

गरहण. न० (गर्हण) निन्दा; घृणा. Censuring; Blame. पि० १३२;

गरिम. पुं० स्त्री० (गरिमन्) गुरुता; गुरुत्व; गौरव. Greatness. हे० १, ३५; सुपा० २३, १०६;

गरिह. पुं० (गर्ह) निन्दा; गर्हा. To blame; To censure. प्राप्र०

गरुइय. त्रि० (गुरुकित) बड़ा किया हुआ. The one who has been greatly honoured. से० ६, २०; गउड०

गरुड. पुं० (गरुड) छंद विशेष. A stanza. पिंग० —त्थ. न० (अस्त्र) अस्त्र-विशेष; उरगास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र. "Gained" An enemy of sequent arrow. पउम० १२,१३०; ७१, ६६; —द्धय. पुं० (ध्वज) विष्णु; वासुदेव. Vishnu; Basudev. One of the names of God. पउम० ६१, ५७; वूह. पुं० (व्यूह) सेना की एक प्रकार की रचना. To organize the army. महा० पि० २४०;

गरुडंक. पुं० (गरुडाङ्क) (१) विष्णु; वासुदेव. Name of God. (२) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a raja of Ikshvaku dynesty; पउम० ५, ७;

गरुल. पुं० (गरुड) (१) सुपर्ण कुमार देवों का इन्द्र. "Suparan Kumar" Indra of devas. (२) एक देव विमान. An aeroplane of devas. देवेन्द्र० १३४; —ज्झय. पुं० (ध्वज) (१) गरुड़ पक्षी के चित्र वाली ध्वजा. Banner carrying the emblem of "Garud". राय० (२) वासुदेव. Name of God. (३) देव जाति विशेष. सुपर्णकुमार देव. Suparankumar Deva; A race of devas. श्रावम०

गलहत्थिअ. त्रि० (गलहस्तित) गला पकड़ कर बाहर निकाला हुआ. One who was thrown out by neck. वज्जा० १३८;

गलिअ. त्रि० (गलित) (१) क्षालित; प्रक्षालित. Cleaned; Washed. कुमा०(२) स्खलित; पतित. Fallen. से० १, २; (३) नष्टः नाश-प्राप्त. Ruined; Perished. सुपा० २४३; सण०

गलिर. त्रि०(गलितृ) निरन्तर पिघलता; टपकता. Constantly drizzling. श्रा० १४;

गल्ल. पुं० (गल्ल) (१) गाल; कपाल. Cheek, Skull. (२) हाथी का गण्ड-स्थल;

कुम्भ-स्थल. Temple of elephant. पड॰ —मसूरिया. स्त्री॰ (मसूरिका) गाल का उपधान. Pillow of cheek. जीत॰

गवायणी. स्त्री॰ (गवादनी) इन्द्रवारुणी; वनस्पति विशेष. A drug "Indravaruni" दे॰ २, ८२;

गवेधुआ. स्त्री॰ (गवेधुका) जैन मुनि गण की एक शाखा. One sect of Jain Munies. कप्प॰

गवेसणया. स्त्री॰ (गवेषणा) शुद्ध भिक्षा की याचना. Desire of pure bhojan according to the career of Sadhus. ओघ॰ नि॰ ३;

गवेसाविय. त्रि॰ (गवेषित) दूसरे से खोजवाया हुआ; दूसरे द्वारा खोज किया गया. Sought, Enquired. ओघ॰ नि॰ ६२२;

गवेसि. त्रि॰ (गवेषिन्) खोज करने वाला. Discoverer, Explorer. पुप्फ॰ ४४०;

गवेसिअ. त्रि॰(गवेषित) अन्वेषित; खोजा हुआ. Searched. सुर॰ १५, १२६;

गव्वर. न॰ (गह्वर) कोटर; गुहा. Cave स॰ ३१३;

गव्वि. त्रि॰ (गर्विन्) अभिमानी; गर्व-युक्त. Proud. आ॰ १२;

गव्विट्ठ. त्रि॰ (गर्विष्ठ) विशेष-अभिमानी; गर्व करने वाला. Proud. दे॰ १, १२८;

गव्विर. त्रि॰ (गर्विन्) अहंकारी; अभिमानी. Proud. हे॰ २, १५९; हेका॰ ४५;

गसण. न॰ (ग्रसन) भक्षण; निगलना. To swallow. स॰ ३५७;

गह. पुं॰ (ग्रह) (१) संबन्ध. Relation, connection. धर्मसं॰ ३६३; (२) ज्ञान; ग्रहण. Knowledge; To obtain; To accept. धर्मसं॰ १३६४; —भिन्न. न॰ (भिन्न) जिसके बीच से ग्रह का गमन हो वह नक्षत्र. Passing of a planet. वव॰ १; —सम. न॰ (सम) गेय काव्य-का एक भेद. A part of a poetry. दसनि॰ २, २३;

गहकल्लोल. पुं॰ (ग्रहकल्लोल) राहु; ग्रह-विशेष "Rahu" A "grah" "A planet". पाअ॰

गहचरिय. न॰ (ग्रहचरित) (१) ज्योतिष शास्त्र Astronomy. वव॰ ४;

गहण. न॰ (ग्रहण) (१) इन्द्रिय An organ sense. विशे॰ १७०७; (२) शिक्षा-विशेष. Teaching. आव॰ (३) आदर; सन्मान. To honour. (४) ज्ञान; अवबोध. Knowledge. से॰ ४, ३३;

गहत्थि. पुं॰ (गभस्ति) किरण; Rays. पाअ॰

गहर. पुं॰ न॰ (गह्वर) (१) निकुंज. A dense bush. (२) वन; जंगल. Forest. (३) दंभ; कपट. Cheat, Deceit. (४) विषम स्थान. Inexcessible. —(५) रुदन. To weep. (६) गुफा. Cave. (७) संकट. Trouble. प्राकृ॰ २४;

गहवइ. पुं॰ (गृहपति) कृषक; खेती करने वाला. Farmer. पाअ॰

गहिल. त्रि॰ (ग्रहिल) भूतादि से आविष्ट; पागल. One ridden by demons. आ॰ १४;

गहिलिय-गहिल्ल. त्रि॰ (ग्रहिल) आवेश युक्त, पागल; भ्रान्त-चित्त Mad. पउम॰ ११३, ४३; पड॰; आ॰ १२; उप॰ ५१७ टी; भवि.

गहीरिअ. न॰ (गाम्भीर्य) गहराई; गम्भीरपन. Depth, Gravity. ई॰ २,१०७;

गाअ. पुं॰ (गो) बैल; वृषभ; सांड. Ox, Bull. हे॰ १, १५८;

गाअ. त्रि॰ (गायक) गाने वाला. Singer. कुमा॰

गाअंक. पुं॰ (गवाङ्क) महादेव; शिव. Lord "Shiv' कुमा॰

गाअण. त्रि॰ (गायन) गाने वाला; गवैया.

Singer. सुपा० ५५; सम०
गाइअ. त्रि०(गीत) (१) गाया हुआ. Sung. सु० च० ११; (२) न० गीत; गान; गाना. Song. आव० ४;
गाइआ. स्त्री० (गायिका) गाने वाली स्त्री. She who sings. गा० ६४४;
गाई. स्त्री० (गो) गैया; गौ. Cow. हे० १, १५८; गा० २७१; सुर० ७, ६५;
गाण. न० (गान) गीत; गाना. Song. हे० ४, ६;
गाण. त्रि० (गायन) गवैया; संगीत प्रवीण. Singer, song-complete (master). दे० २, १०८;
गाध. त्रि० (गाध) स्ताघ; अ-गहरा. Not very deep; Shallow. दे० ५, २४;
गाम. पुं०(ग्राम) (१) प्राणि समूह; जन्तु निकर. A swarm. विशे० २८९६; —**आचार.** पुं० (आचार) विषय. To think about. आवम० —**णिद्धमण.** न० (निर्धमन) गांव का पानी जाने का रास्ता; नाला. Village drain. कप्प० —**द्ध.** पुं० न० (अर्ध) (१) आधा गांव. Half village. (२) उत्तर भारत; भारत का उत्तर प्रदेश. The northern part of Bharat. निसी चू० १२;
गामड. पु० (ग्रामक) गांव; छोटा गांव. A small village. आ० १६;
गामणी. त्रि० (ग्रामणी) (१) श्रेष्ठ; प्रधान; नायक. President. से० ७, ६०; धण० १; गा० ४४६; षड्०
गामाग. पु० (ग्रामाक) ग्राम विशेष; इस नाम का एक संनिवेश. The village of this name. आवम०
गामिअ. त्रि० (ग्रामिक) (१) ग्राम का मुखिया. Head man of a village. निसी० चू० २; (२) विषयाभिलाषी. One who is after the desires of Vishhaya.
गामिणिआ. स्त्री० (गामिनिका) गमन करने वाली स्त्री. A lady who goes here and there. अजि० २६;
गामुअ. त्रि० (गामुक) जाने वाला. One who goes. स० १७५;
गामेयग. त्रि० (ग्रामेयक) गंवार; गांव का निवासी. Villager. वृह० १;
गायण. त्रि० (गायन) गवैया. Singer. सिरि० ७०१;
गार. पु० (ग्रावन्) पत्थर; पाषाण. Stone. वव० ४;
गारविल्ल. त्रि० (गौरववत्) देखो 'गारविय' शब्द. See "Shabd Garvia" क० गं १, ५१;
गारहत्थ. त्रि० (गार्हस्थ) गृहस्थ-सम्बन्धी. Householder, Connected with the household affairs. प्रव० २३५;
गालिय. त्रि० (गालित) (१) अतिक्रान्त. Pass through. (२) विनाशित. One who is perished. (३) क्षिप्त. महा०
गाव-गावाण. पुं० (ग्रावन्) (१) पत्थर; पाषाण. Stone. पाअ० (२) पहाड़. Mountain. हे० ३, ५६;
गाह. पुं० (ग्राह) हठ; आग्रह. Opposition, Perversity. विशे० २५८१;
गाहा. स्त्री० (गाथा) (१) प्रतिष्ठा. Assurance. (२) निश्चय. To think about; To find out. आव० ४;
गाहाविय. त्रि० (ग्राहित) जिसको ग्रहण कराया गया हो वह. One, who has been mad to accept or take. सुर० ११, १८३;
गाहिणी. स्त्री० (गाहिनी) छंद विशेष. A stanza. पिंग०
गाहिपुर. न० (गाधिपुर) नगर विशेष. A

city of this name. गउड०

गाहु. स्त्री० (गाहु) छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

गिट्ठि. स्त्री० (गृष्टि) (१) एक बार ब्यायी हुई. She, who has delivered once. (२) एक बार ब्यायी हुई गौ. Cow, who has delivered once. हे० १,२६;

गिरहाविश्र. त्रि० (ग्राहित) ग्रहण कराया हुआ. Having been accepted. धर्मवि० ११६;

गिद्धि. स्त्री० (गृद्धि) एक देव विमान. A Devas aeroplane. देवेन्द्र० १३४;

गिरिंद. पुं० गिरीन्द्र (१) श्रेष्ठ पर्वत. Holy; Worthy mountain. (२) मेरु पर्वत. Meru, A mountain of this name. (३) हिमाचल. Himachal, A mountain of this name, Himalaya. कप्पू०

गिरिफुल्लिय. न० (गिरिपुष्पित) नगर विशेष. A city of this name. पिंड० ४६१;

गिरिस. पुं० (गिरीश) महादेव; शिव. Lord Shiva. पाश्र० —वास. पुं०(वास) कैलाश पर्वत. A mountain of this name "Kailash" से० ६, ७५;

गिरीस. पुं० (गिरीश) (१) हिमाचल पर्वत. A mountain of this name "Himachal" Himalaya. (२) महादेव; शिव. Lord Shiva. पिंग०

गिलण. न० (गरण) निगरण; भक्षण. Swallowing. हे० ४, ४४५;

गिलिश्रवंत. त्रि० (गिलितवत्) जिसने भक्षण किया हो वह. One, who has swallowed पि० ५६६;

गिव्वाण. पुं० (गीर्वाण) देव; सुर; त्रिदश. A deva. उप० ५३० टी;

गिहमेहि. पुं० (गृहमेधिन्) गृहस्थ. Wordly affairs. धर्मवि० २६

गिहिश्र. त्रि० (गृहीत) प्राप्त; उपात्त; ग्रहण किया हुआ. Accepted. स० ४२८;

गिहिणी. स्त्री० (गृहिणी) गृहिणी; भार्या; स्त्री. Wife. सुपा० ८३; श्रा० १६;

गिहेलुय. पुं०(गृहैलुक) देहली; द्वार के नीचे की लकड़ी. Bottom wood of the door. निसी० चू० १३;

गी.स्त्री० (गिर्) वाणी; भाषा; वाक्. Speech, Speaking. गउड०

गीश्रा. स्त्री० (गीता) छंद विशेष. A stanza; Poetry. पिंग०

गुंज. पुं० (गुञ्ज) (१) गुञ्जारव करता वायु; murmuring sound of air. पउम० १३, ४३; (२) पर्वत विशेष. A mountain of this name. पउम० ८, ६०; ६४; (४) लता विशेष. A small shrub. सुर० २, ६; —हल. न० (फल) फल विशेष; घुङ्गची. A fruit of this name. सुर० २,६;

गुंजिर. त्रि० (गुञ्जितृ) गुन गुन श्रावाज करने वाला.One who murmurs, or who utters in a low tone. उप० १०३१ टी;

गुंठिश्र स्त्री० (गुण्ठित) (१) धूसरित. Any thing of a grey tint. (२) व्याप्त. Spread. (३) श्राच्छादित. Covered. दे० १, ८५;

गुंथण. न० (ग्रन्थन) गूंथना; गठना. Stringing, tying or connecting together. रयण० १८;

गुंद. न० (गुन्द्र) वृक्ष विशेष. A tree of this name. पाश्र०

गुंफ. पुं० (गुम्फ) रचना; ग्रन्थन; गूंथना. To string together; To work. उप० १०३१ टी;

गुग्गुल. पुं०(गुग्गुल) सुगन्धित द्रव्य विशेष;

गुगल. A fragrant gum resin. सु० च० १२१;

गुग्गुली. स्त्री० (गुग्गुल) गूगल का पेड़. A plant producing a fragrant gum resin. जी० १०;

गुज्जर. पुं० (गूर्जर) (१) भारत का एक प्रान्त; गुजरात देश. A province in India "Gujrat" पिंग० (२) त्रि० गुजरात का निवासी. An inhabitant of Gujrat, (a province in India) नाट०

गुज्जरत्ता. स्त्री० (गूर्जरत्रा) गुजरात देश. Province Gujrat, (In India). सार्ध० ६८;

गुडिआ. स्त्री० (गुटिका) गोली. A pill. गा० १७७;

गुण. पुं० न० (गुण) (१) लाभ; फायदा. Profit. सु० च० १०३; व्याकरण प्रसिद्ध ए, ओ, और अर् रूप स्वर विकार. The substitution of E, O and E. सु० च० १०३; (३) अंश; विभाग. अणुजो० Part. (४) उपकार; हित. Assistance, Kindness. पंचा० ५; (५) प्रत्यञ्चा; धनुष का डोरा. A bow string. कुमा० (६) अप्रधान; गौण. Secondary subordinate. हे० १, ३४;

गुणचन्द. पुं० (गुणचन्द्र) एक राजकुमार. A monarch's son named "Gun chandar." आवम०

गुणवुड्ढि. स्त्री० (गुणवृद्धि) लगातार आठ दिनों का उपवास. Fast for eight consecutive days. संबोध० ५८;

गुणाविय. त्रि० (गुणित) पढ़ाया हुआ; पाठित. Tutored; Instructed. महा०

गुणिअ. त्रि० (गुणित) (१) पठित; अधीत. Read, Studied. ओघ० नि० ६२; (२) जिस पाठ की आवृत्ति की गई हो वह; परावर्तित. Repeated. वव० ३;

गुणिल्ल. त्रि० (गुणवत्) गुणी; गुण-युक्त. Possessing attributes; Endowed with good qualities. पि० ५९५;

गुत्ति. स्त्री० (गुप्ति)(१) कैदखाना; जेल. Prison; Jail. सु० च० ६३;

गुत्थ. त्रि० (ग्रथित) गुम्फित; गूंथा हुआ. Strung, Tied; Affixed. स० ३०३; प्रप० गा० ६३; कप्पू०

गुद्दह. न० (गोद्रह) नगर विशेष. A city of this name. मोह० ८८;

गुप्पई. स्त्री० (गोष्पदी) गौ का पैर डूबे उतना गहरा. A pit as much deep as will hold a cow's foot. धम्म० १२ टी;

गुमिअ. त्रि० (भ्रमित) भ्रमित; घुमाया हुआ. Whirling, Going round. कुमा०

गुम्म. पुं० न० (गुल्म) (१) झाड़ी; वृक्ष-घटा. Bush. पाअ० (२) सेना-विशेष, जिसमें २७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़े और १३५ प्यादे हों ऐसी सेना. The division of an army, a body of troops, consisting of nine platoons, nine elephants, nine chriots, twenty seven horses and forty five foot. पउम० ५६, ५ (३) गच्छ का एक हिस्सा; जैन मुनि समाज का एक अंश. A small party of Jain munis. स्थान; जगह. Place. ओघ० १६३;

गुरु. पुं० (गुरु) (१) शिक्षक; विद्या दाता; पढ़ाने वाला. A spirtual teacher; Tutor. वव० १; (२) बड़ा; महान्. Big; Great. (३) उत्कृष्ट; उत्तम. Best, Great, Excellent. क० गं० ४, ७२-७६; (४) बृहस्पति; ग्रह-विशेष. A planet, "Brahspati" पउम० १७, १०८; कुमा० (५) स्वर-विशेष; दो मात्रा वाला आ, ई वगैरः स्वर;

जिसके पीछे अनुस्वार या संयुक्त व्यञ्जन हो ऐसा भी स्वर वर्ण. The long vowel equal to two matras simple sound. पिंग०

गुरुणी. स्त्री० (गुर्वी) (१) गुरु-स्थानीय स्त्री. The wife of a Guru, or of a spiritual teacher. सुर० ११, २११; (२) धर्मोपदेशिका; साध्वी. A spiritual teacher (she). उप० ७२८ टी;

गुरेड. न० (गुरेट) तृण विशेष. A kind of grass. दे० १, ५४;

गुललावणिया. स्त्री० (गुडलावणिका) (१) एक तरह की मिठाई; गोलपापड़ी. A kind of sweetmeat prepared of Jagree. (२) गुड़धाना. Jagree and Dhanya combined. प्रव० २५६; सू० प० २० टी;

गुलुंछ. पुं० (गुलुच्छ) गुच्छ; गुच्छा. A bunch. दे० २, ६२;

गुलुच्छ. पुं० (गुलुच्छ) गुच्छा; स्तवक. Bunch. पाअ०

गुविल. त्रि० (गुपिल) गहन; गहरा; गाढ़; निबिड़. Strong, Good. सुर० ६, ६६; उप० पृ० ३०; (२) न० झाड़ी; जंगल. Bush; Jungle. उप० ८३३ टी० पञ्च० ४४;

गुह. पुं० (गुह) कार्तिकेय; एक शिव पुत्र. A son of Lord Shiva "Kartik" पाअ०

गूह. न० (गूथ) गू; विष्टा. Ordure. तंदु०

गूहिय. त्रि० (गूहित) छिपाया हुआ. Hidden. स० १८६;

गेंदुअ. पुं० (कन्दुक) गेंद. Ball. हे० १, ५७; १८२; सुर० १, १२१;

गेज्झ. त्रि० (ग्राह्य) ग्रहण-योग्य. To fit to accept, to take. हे० १, ७८;

गेण्हण. न० (ग्रहण) आदान; उपादान; लेना. To take. उप० ३३६, स० ३७५;

गेण्हणया. स्त्री० (ग्रहणा) ग्रहण; आदान. To take. उप० ५२६;

गेण्हाविय. त्रि० (ग्राहित) ग्रहण कराया हुआ. Taking, Seizing, Accepting. स० ५२६; महा०

गेहालु. त्रि (गेहवत्) घर वाला; गृही; संसारी. Owner of the house. षड्०

गो. पुं० (गो) (१) स्वर्ग; देवभूमि. Heaven. सु० च० १४२; (२) स्त्री० वाणी; वाग्. Speech. (३) भूमि. Earth. सु० च० १४२; (४) भूप; राजा. King. वव० १; (५) रश्मि; किरण. Rays. गउड०; —उल. न० (कुल) गायों का समूह. Herd of cows; A multitude of cows. आव० ३; (२) गोष्ठ; गोबाड़ा. Place where cows are kept, A cow house. आवम०—भूमि. स्त्री० (भूमि) गायों के चरने की जगह. Meadow. आवम० —माहिसक्क. न० (माहिषक) गौ और भैंस का यूथ. A multitude of cows and buffalloes. स० ६८६; —वाड. पुं० (गौवाट) गौओं का बाड़ा. A cow house. दे० १, १४६;

गोअलिणी. स्त्री० (गोपालिनी) ग्वालिन. A female cowherd. धर्मवि० ५५;

गोआ. स्त्री० (गोदा) नदी विशेष; गोदावरी नदी. A river of this name "Godavari" गा० १७५;

गोआअरी. स्त्री० (गोदावरी) नदी विशेष; गोदावरी. A river of this name "Godavari". गा० ३५५;

गोउलिअ. त्रि० (गोकुलिक) गो-धन पर नियुक्त पुरुष; गोकुल रक्षक. Cowherd. कुम० ३१;

गोक्खुरय. पुं० (गोक्षुरक) एक औषधि का नाम; गोखरु. A drug of this name "Gokhru" स० २५६;

गोट्ठ. पुं० (गोष्ठ) गोबाड़ा; गौओं के रहने का स्थान. A cow house or pen. महा० पउम० १०३, ४०; गा० ४४७;

गोडा. स्त्री० (गोला) नदी विशेष; गोदावरी. A river of this name "Godavri" गा० ५८, १०३;

गोडी. स्त्री० (गौडी) गुड़ की बनी हुई मदिरा; गुड़ की दारु. Wine of Jagree; Liquor made of Jagree. बृह० २;

गोणंगणा. स्त्री० (गवाङ्गना) गैया; गौ. Cow. सुपा० ४६५;

गोत्त. पुं०(गोत्र) पर्वत; पहाड़. Mountain. श्रा० १४; —देवया. स्त्री०(देवता) कुल देवी. A family Goddess. श्रा० १४;

गोत्ति. त्रि० (गोत्रिन्) कुटुम्बी; स्वजन. One from the same family, Of one family or race. सुपा० १०६;

गोत्तिश्र. त्रि० (गोत्रिक) समान गोत्र वाला; स्वजन. Of one family or race. श्रा० २७;

गोथूभ. न० (गोस्तूप) मानुषोत्तर पर्वत का एक शिखर. A top of mountain "Manushottar". दीव०

गोदा. स्त्री० (गोदा) नदी विशेष; गोदावरी नदी. A river of this name "Godavri" षड्० गा० ६५५;

गोध. पुं० (गोध) (१) म्लेच्छ देश. A barbarian country. (२) गोध देश का निवासी मनुष्य. An inhabitant of a barbarian country. राज०

गोबल. न० (गोबल) गोधन; गोकुल; गौओं का समूह. A Cow Pen. सुपा० ४३३;

गोयमज्जिया. स्त्री० (गौतमार्यिका) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain munis. कप्प०

गोयमसगुत्त. त्रि० (गौतमसगोत्र) गौतमगोत्रीय. One from the family of Gautama. आवम०

गोयर. पुं० (गोचर) गौओं के चरने की जगह. Meadow. बृह० ३;

गोयरी. स्त्री० (गौचरी) भिक्षा; मधुकरी. The alms obtained from different places by a religious mendicant. सुपा० २६६;

गोरंग. त्रि० (गौराङ्ग) शुक्ल शरीर वाला. One of white and pale body. कप्पू०

गोरगिरि. पुं० (गौरगिरि) पर्वत विशेष; हिमाचल. A mountain, Himalaya. निसी० चू० १;

गोरव. न०(गौरव) आदर; सम्मान. Respect. विशे० ३४७३;

गोरविश्र. त्रि० (गौरवित) सम्मानित; जिसका आदर किया गया हो वह. Respected, Respectable. दे० ४, ५;

गोरव्व. त्रि० (गौरव्य) गौरव-योग्य. Respectable. धर्मवि० ६४; कुम्र० ३७७;

गोरस. पुं० (गोरस) वाणी का आनन्द. Sweet speech. सिरी० ४०;

गोरिश्र. न० (गौरिक) विद्याधर का नगर विशेष. A city of " Vidya Dhar". इक०

गोरी. स्त्री० (गौरी) इस नाम की एक विद्या देवी. A goddess of this name. संति० ६; —कूड. न० (कूट) विद्याधर-नगर विशेष. A city of "Vidya Dhar". इक०

गोल. पुं० (गोल) (१) वृक्ष विशेष A tree. श्रच्चु० ५८; (२) गोलक; कुंडा. A big water jar. सुपा० २७०;

गोलिश्र. पुं० (गौडिक) गुड़ बनाने वाला. One who prepares Jagree. वव० ६;

गोल्ल. पुं० (गौल्य) देश-विशेष. A

country. श्रावम०

गोवण. न० (गोपन) (१) रक्षण. To save, To protect. (२) छिपाना. To hide. श्रा० २८; उप० ५१७ टी;

गोवद्धण. पुं० (गोवर्धन) (१) पर्वत-विशेष. A mountain of this name "Gover dhan" which was held by Lord Krishna on a finger. पि० २६१; (२) ग्राम-विशेष. A village of this name. पउम० २०, ११५;

गोवय. त्रि० (गोपक) छिपाने वाला; ढांकने वाला. One who guards or protects. संबोध० ३४;

गोवल्ल. पुं० न० (गोवल) गोत्र-विशेष. A family, A race. सू० प० १०, १६ टी;

गोवा. पुं० (गोपा) ग्वाला; गौओं का पालन करने वाला. A cowherd. प्रामा०

गोवालि. पुं० (गोपालिन्) ग्वाला; गोप; अहीर. A cowherd. सुपा० ४३२; ४३३;

गोवालिणी. स्त्री० (गोपालिनी) गोप-स्त्री; अहीरिन. A cowherd's wife. सुपा० ४३२;

गोवालिय. पुं० (गोपालिक) गोप; अहीर; ग्वाला. A cowherd. सुपा० ४३३;

गोविश्र. त्रि० (गोपित) (१) छिपाया हुआ. Having hidden. (२) रक्षित. Protected. सुर० १, ८८;

गोविश्रा. स्त्री० (गोपिका) गोपांगना; अहीरिन. A cowhead's wife. कुमा० गा० ११४;

गोविंदणिज्जुत्ति. स्त्री० (गोविंदनिर्युक्ति) इस नाम का एक जैन दार्शनिक ग्रन्थ A sacred book of Jainisim. निसी० चू० ११;

गोवी. स्त्री० (गोपी) गोपांगना; अहीरिन. A cowherd's wife. सुपा० ४३५;

गोसंधिय. पुं० (गोसन्धित) गोपाल; अहीर. A cowherd. राज०

गोसग्ग. पुं० न० (गोसर्ग) प्रातःकाल; प्रभात. Morning. पाश्र०

गोहरे-गोहरेय. पुं० (गोधरे) जन्तु-विशेष; सांप की तरह का जानवर. An Iguava, A kind of lizard like a snake. पउम० ४८, ८२;

घ

घ. पुं० (घ) कण्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. The fourth consonant of the Sanskrit; A rattling or gurggling sound. प्राप० प्रामा०

घंटिय. पुं० (घण्टिक) चाण्डाल का कुल-देवता; यक्ष-विशेष. A family God of inferior caste of Hindus. बृह० १;

घग्घर. पुं० (घर्घर) शब्द-विशेष. One of the tones or notes in music. गा० ८००; (२) खोखला गला. A sound of throat. (३) खोखली आवाज. Hollow sound. सुर० २, ११२; (४) शाड्वल. शैवाल वगैरः का समूह. Moss of scum of water. गउड०

घट्टुक्कय. पुं० (घटोत्कच) भीम का पुत्र. A son of "Bhim". हे० ४,२९९;

घट्ट. पुं० (घट्ट) (१) शर्करा प्रभा नामक नरक भूमि का एक नरकावास. A place in hell "Sharkarprabha". इक० (२) न० जमाव. To gather. श्रा० २८; (३) समूह; जत्था. Crowd. सु० च० २५६; (४) त्रि० गाढा; निबिड. Strong. सु० च० ११;

घट्टंसुश्र. न० (घट्टांशुक) वस्त्र विशेष; बूटेदार, कौसुम्भ वस्त्र. Spotted cloth. कुमा०

घट्टण. त्रि० (घट्टन) चालक; हिला देने वाला.

One who shakes, Shaker. पिंड० ६३३;

घट्टणया-घट्टणा. स्त्री० (घट्टना) (१) विचार. To think. (२) पृच्छा. Question. बृह० ४; (३) आघात; आहनन. To suffer so now in mind. (४) चलन; हिलन. To shake; To tremble. श्रोघ०नि०६;(५) कदर्थना; पीड़ा. Trouble.

घडचडग. पुं० (घटचटक) एक हिंसा-प्रधान संप्रदाय. A part of a family, race. मोह० १००;

घडण. न० (घटन) घड़ना; कृति; निर्माण. To effort, To exert. से० ७, ७१;

घडणा. स्त्री० न० (घटन) घटना; प्रसंग. Assembling, Occurring. त्रि० १३; (२) संबन्ध; अन्वय. Joinning. चेइय. ६७;४

घडा. स्त्री० (घटा) समूह; जत्था. Crowd. गउड०

घडिआ. स्त्री० (घटिका) (१) छोटा घड़ा; कलशी. Small pot. गा० ४६०; आ० २७; (२) घड़ी; मुहूर्त. Time. सुपा० १०८; (३) समय बताने वाला यन्त्र; घटी-यन्त्र. A watch. पाश्र० —लय. न० (लय) घण्टा गृह; घण्टा बजाने का स्थान. Clock tower. सुर० ७, १७;

घडुब्भव. त्रि० (घटोद्भव) (१) घट से उत्पन्न. One which came out of Jar. (२) पुं० ऋषि विशेष; अगस्त्य-ऋषि. A Rishi of this name "Augasta" प्राकृ०

घण. पुं० (घन) हथौड़ा. Hammer. दे० ६, ११; —रह. पुं० (रथ) एक जैन मुनि. A Jain muni. पउम०२०, १६;—वाहण. पुं० (वाहन) विद्याधरों के एक राजा का नाम. Name of a raja of "Vidyadhar" पउम० ५, ७७; —विज्जुआ. स्त्री० (विद्युत) देवी विशेष; एक दिक्कुमारी देवी का नाम. Name of a lady "Disha Kumari" इक०—समय. पु० (समय) वर्षा काल; वर्षा ऋतु. Rainy season. कुमा० पाश्र०

घणा. स्त्री० (घृणा) घृणा; जुगुप्सा; गर्हा. Blame censure. प्राप्र०

घत्ता. स्त्री० (घत्ता) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

घत्ताणंद. न० (घत्तानन्द) छन्द-विशेष. A stanza. पिंग०

घम्म. पुं० (घर्म) पसीना; स्वेद. Perspiration. हे० ४, ३२७;

घयपूस. पुं० (घृतपुष्य) एक जैन महर्षि. A Jain saint. कुलक० २२;

घयासव. पुं० (घृताश्रव) जिसका वचन घी की तरह मधुर लगे ऐसा लब्धिमान् पुरुष. A man whose speech is sweet. श्रावम०

घरंगण. न० (गृहाङ्गण) घर का आंगन; चौक. Courtyard. गा० ४४०;

घरकुडी. स्त्री० (गृहकुटी) (१) घर के बाहर की कोठड़ी. The outer cabin of the house. (२) चौक के भीतर की कुटिया. A cabin in the court-yard of the house. श्रोघ० नि० १०५; (३) स्त्री का शरीर. Body of a female. तंडु०

घरट्ट. पुं० (घरट्ट) अन्न पीसने का पाषाण यन्त्र. Grinding stone, Mill stone. गा० ८००; सण०

घरट्टी. स्त्री० (घरट्टी) शतघ्नी; तोप. Gun. दे० ३, १०;

घरित. त्रि० (गृहवत्) घर वाला; गृहस्थ. Owner of the house. प्राकृ० ३५;

घरिल्ल. पुं० (गृहिन्) गृही; संसारी; घरबारी. Owner of the house. गा० ७३६;

घरिल्ला. स्त्री० (गृहिणी) घर वाली; पत्नी.

Female, wife, owner of the house. कुमा०

घरिसण. न० (घर्षण) घर्षण; रगड़. Rubbing against, To rub. सण०

घसणी. स्त्री० (घर्षणी) सर्प-रेखा. Snake's mark. स० ३४७;

घसुमर. त्रि० (घस्मर) खाने की आदत वाला. Gluttonous; Voracious. प्राकृ० २८;

घाइआ. स्त्री० (घातिका) (१) घात; हत्या. Striking, Wounding, Killing. (२) घाव करना. To wound. सुर० १६, १४०;

घाइर. त्रि० (घ्रायिन्) सूँघने वाला. One who smells. गा० ८८६;

घाण. पुं० (घाण) घान; चक्की आदि में एक बार डालने का परिमाण. As much of grain as is put into a mill at one time. सुपा० १४;

घाणारिस. पुं० न० (घ्राणार्शस्) नासिका में होने वाला रोग विशेष. A disease of nose. ओघ० नि० १८४;

घायय. पुं० (घातक) नरक-स्थान विशेष. A place in hell .देवेन्द्र० २६,३०;

घारण. न० (घारण) विष के असर से होने वाली बेचैनी. Uneasyness caused by poison. सु० च० १२४;

घारिय. त्रि०(घारित) जो विषके असर से बेचैन हुआ हो. One uneasy on account of poison. उप० ४४२; उपर०६७; सुपा० १२४; ४४७;

घास. पुं० (घर्ष) घर्षण; रगड़. Rubbing. सुपा० १४.

घासेसणा. स्त्री० (ग्रासैषणा) आहार विषयक शुद्धि अशुद्धि का पर्यालोचन. To think about the shuddhi or ashuddhi of eatables. ओघ० नि० ३३८;

घिट्ठ. त्रि० (घृष्ट) घिसा हुआ; रगड़ा हुआ. Rubbed, Pounded. सुपा० २७८; गा० ६२६;

घिणा. स्त्री० (घृणा) (१) जुगुप्सा. Blame, Censure. (२) दया; अनुकम्पा. Tenderness; Pity. हे० १, १२८;

घित्तुमण. त्रि० (ग्रहीतुमनस्) ग्रहण करने की इच्छा वाला. One who desires to censure. सुपा० २०६;

घुणिय. त्रि०(घुणित) घुणों से विद्ध. A wood eaten by a weevil. बृह० १;

घुमघुमिय. त्रि० (घुमघुमित) (१) जिसने घुम घुम आवाज किया हो. One who made a noise. (२) न० घुम घुम ध्वनि. A kind of noise. सु० च० ४०;

घुम्मण. न० (घूर्णन) चक्राकार भ्रमण. Revolving, Turning round. कुमा०

घुम्माविअ. त्रि० (घूर्णित) घुमाया हुआ. Rolling, Turning. वज्जा० १२२;

घुम्मिय. त्रि० (घूर्णित) घूमा हुआ; चक्र की तरह फिरा हुआ. Turned. सु० च० ६४;

घुम्मिर. त्रि० (घूर्णितृ) घूमने वाला; फिरने वाला; चक्राकार घूमने वाला. One who turns or; revolves. उप०पृ०६२; गा० १८०; गउड०

घुरुक्कार. पुं० (घुरुत्कार) सूअर आदि की आवाज. Voice or sound of pig. किरात० ६;

घुलिअ. त्रि० (घूर्णित) चक्राकार घूमा हुआ. Turned round. कुमा०

घुसिणल्ल. त्रि० (घुसृणवत्) कुङ्कुम वाला; कुङ्कुम-युक्त. One bearing mark of saffron on forehead. कुमा०

घूणाग. पुं० (घूणाक) स्वनाम ख्यात सन्निवेश विशेष. A village of this name "Ghunak". आया चू० १;

घूयारि. पुं० (घूकारि) काक; कौआ. Crow. तंदु०

घोडग. पुं० (घोटक) कायोत्सर्ग का एक दोष. A blame in observation. प्रव० ५;

घोडग्गीव. पुं० (घोटग्रीव) अश्वग्रीव नामक प्रतिवासुदेव; नृप विशेष. Name of Basudev raja "Ashvagriv". आवम०

घोणस. पुं० (घोनस) एक जाति का सांप. A kind of snake. पउम० ३६, १७;

घोणा. स्त्री० (घोणा) (१) नाक; नासिका. Nose. पाअ०(२) घोड़े की नाक. Nose of the horse. (३) सूअर का मुख-प्रदेश. Face of the pig. से० २, ६४; गउड०

घोलणा. स्त्री० (घोलना) पत्थर वगैरहः का पानी की रगड़ से गोलाकार होना. A stone which turns round while being rubbed in water. स० ४७;

घोलाविअ. त्रि० (घोलित) मिश्रित किया हुआ. Having mixed. से० ४, ४२;

घोलिअ. त्रि० (घूर्णित) अत्यंत लीन. Immersed; To tumble. सुख० २, १३;

घोलिर. त्रि० (घूर्णितृ) घूमने वाला; चक्राकार फिरने वाला. Rolling, Turning; One which rolls or turns round. गा० ३३८; स० ७८; गउड० ५

घोस. न० (घोष) लगातार ग्यारह दिन का उपवास. A fast of eleven consecutive days. संबोध० ५८;

घोससेण. पुं० (घोषसेन) सातवें वासुदेव का पूर्व जन्म का धर्म-गुरु; एक जैन मुनि. A Jain muni (saint), A spiritual teacher of the previous life of the 7th Vasudev. पउम० २०, १७६;

घोसावण. न० (घोषण) घोषणा; डोंडी पिटवा कर जाहिर करना. Proclaiming by beat of drum. उप० २११;

च

च. पुं० (च) तालु स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. Ch. The twentieth letter of the Nagri alphabet. प्राप० प्रामा०

च. अ० (च) इन अर्थों में प्रयुक्त किया जाता अव्यय. And, also, moreover mutually, Equally. (१) अवधारण; निश्चय. Positive, Certain. पंचा० १३; (२) भेद; विशेष. Difference. निसी० चू० १; (३) अतिशय; आधिक्य. Too much. निसी० चू० ४, (४) अनुमति; सम्मति. Opinion. निसी० चू० १; (५) पुनः; फिर. But. क० गं० ४, २३; ६६; प्रासू० ५;

चआ. स्त्री० (त्वच्) चमड़ी; त्वचा. Hide. षड्०

चउकट्ठि. स्त्री० (चतुःकाष्ठी) चौखटा; द्वार के चारों ओर का काठ; द्वार का ढाँचा. Wooden, Frame of a door. निसी० चू० १,

चउक्किआ. स्त्री० (चतुष्किका) आंगन; छोटा चौक. Small courtyard. सुर० ३, ७२;

चउगमण. न० (चतुर्गमन) चारों दिशाएं. Four sides. कप्प०

चउड. पुं० (चोड) देश विशेष. A country "Chaur". सम्मत्त० ६०

चउप्पइआ. स्त्री० (चतुष्पदिका) छन्द विशेष. A kind of poetry. पिंग०

चउप्पाय. पुं० (चतुष्पाद) एक दिन का उपवास. One day's fast. संबोध० ५८;

चउप्फल. त्रि० (चतुष्फल) चौगुना. Four times. सिरि०१५७.

चउबोल. स्त्री० न० (चौबोल) छन्द विशेष.

A kind of poetry. पिंग०

चउब्बाहु. पुं० (चतुर्बाहु) (१) श्रीकृष्ण; चतुर्भुज. Lord Krishna, One who has four hands. (२) त्रि० चार हाथ वाला. One having four hands. नाट०

चउमट्टिश्रा. स्त्री० (चतुर्मृत्तिका) कपड़े के साथ कुटी हुई मिट्टी. Earth pounded with cloth. निसी० चू० १८;

चउम्मुह. पुं० (चतुर्मुख) दो दिन का उपवास; बेला. 2 days fast; Fast of 2 days. संथोध० ४८;

चउरंगय. न० (चतुरङ्गक) एक तरह का जूआ. A kind of gambling. मोह०-८६;

चउरंत. (३) न० (चतुरन्त) चक्र; पहिया. Wheel. चेइय० ३४३;

चउरंसा. स्त्री० (चतुरंसा) छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

चउराणण. त्रि० (चतुरानन) (१) चार मुंह वाला. One who has 4 mouths. (२) ब्रह्मा; विधाता. Brahma, Creator of the world. गउड०

चउरिमा. स्त्री० (चतुरिमन्) चतुरता; चातुर्य; निपुणता. Wisdom. completed. सट्टि० १६;

चउरुत्तरसय. त्रि० (चतुरुत्तरशततम) एक सौ चारवां; १०४वाँ. One hundred and fourth. पउम० १०४, ३५;

दुहभागि. त्रि० (दुःखभागिन्) दुःख में भागीदार. A partner in distress. सुपा० ४३१;

दुहमच्चु. पुं० (दुःखमृत्यु) अपमृत्यु; अकाल मौत. Untimely death; Accidental death. सुर० ८, ५३;

दुहावण. त्रि० (दुःखन) दुःखी करने वाला. One that afflicts. सण०

दुहाविअ. त्रि० (छिन्न) खण्डित. Broken. पाअ० कुमा०

दुहाविअ. त्रि० (दुःखित) दुःखी किया हुआ. Pained; Afflicted. गउड०

दुहि. त्रि० (दुःखिन्) दुःखी; व्यथित; पीड़ित. Distressed; Pained. उप० ६८६ टी;

दुहिण. पुं० (द्रुहिण) ब्रह्मा चतुर्मुख. Brahma. अच्चु० १६;

दुहित. पुं० (दौहित्र) लड़की का लड़का. Grandson; Son of a daughter. उप० पृ० ७४;

दुहित्तिया. स्त्री० (दौहित्रिका) लड़की की लड़की. Grand daughter; Daughter of a daughter. उप० पृ० ७४;

दुहित्ती. स्त्री० (दौहित्री) लड़की की लड़की. A grand daughter. श्रु० ११७;

दूइत्त. न० (दूतीत्व) दूती का कार्य; दूतीपन. Duty of a female messenger. पउम० ५३, ४५;

दूण. त्रि०(दून) हैरान किया हुआ. Harassed; Afflicted. स० ७६३;

दूभग्ग. न०(दौर्भाग्य) दुष्ट भाग्य; खराब नसीब. Ill luck; Misfortune. उप० पृ० ३१;

दूमणाइअ. त्रि० (दुर्मनायित) जो उदास हुआ हो; उद्विग्नमनस्क. Sad; Gloomy; Sorrowful. नाट-मालती० ६८;

दूरंतिअ. त्रि० (दूरान्तरित) अत्यंत व्यवहित. Separated by a long distance. गा० ६५८;

दूरग. त्रि० (दूरग) दूरवर्ती. Far situated. उप० १४८ टी० कुमा०

दूरचर. त्रि० (दूरचर) दूर रहने वाला. One living at distance. धम्मो० १०;

दूरत्थ. त्रि०(दूरस्थ) दूरस्थित; दूरवर्ती. Being at a distance; Remote. कुमा०

दूरल्ल. त्रि० (दूरवत्) दूरस्थित; दूरवर्ती Being at a distance; Remote. श्राव० ४;

दूरवत्ति. त्रि० (दूरवर्तिन्) दूर में रहने वाला. Living at a distance; Far removed; Remote. पि० ६४;

दूरीकय. त्रि० (दूरीकृत) दूर किया हुआ. Removed to a distance. श्रा० २८;

दूरीहूअ. त्रि० (दूरीभूत) जो दूर हुआ हो. Removed; Has been separated from. सुपा० १२८;

दूस. न० (दूष्य) तंबू; पटकुटी. A tent. —हर. न० (गृह) तंबू; पटकुटी. A pavilion. स० २६७;

दूसअ. त्रि० (दूषक) दोष प्रकट करने वाला. One who discloses faults. वज्जा० ६८;

दूसग. त्रि० (दूषक) (१) दूषित करने वाला. Corrupting; Polluting; Vitiating. सुपा० २७२; सं० १२४; (२) दूषण निकालने वाला; दोष देखने वाला. One who finds fault with. धर्मवि० ८२;

दूसण. पुं० (दूषण) (१) रावण की मौसी का लड़का. A son of Ravan's mother's sister. पउम० १६, २२; (२) दूषित करने वाला. A seducer; A corrupter. स० ४२८;

दूसम. त्रि० (दुःषम) (१) खराब; दुष्ट. Wicked; Vicious. (२)पुं० काल विशेष; पांचवाँ आरा. The fifth Ara. 'दूसमे काले' सड्ढि० १२६;

दूसमित्त. पुं० (दूष्यमित्र) मौर्य वंश के नाश होने पर पाटलिपुत्र में अभिषिक्त एक राजा. A king annointed or appointed in Pataliputra after the extinction of the Maurya lineage. राज०

दूसहणीअ. त्रि० (दुस्सहनीय) दुःसह; असह्य. Unbearable; Insufferable; Intolerable. पि० २७१;

दूसाहिअ. त्रि० (दौःसाधिक) दुसाध जाति में उत्पन्न; अस्पृश्य जाति का. Of the untouchable caste. प्राकृ० १०;

दूसि. पुं० (दूषिन्) नपुंसक का एक भेद. A kind of impotent person. 'वेएसु सज्जए दूसी' बृह० ४.

दूसिअ. पुं० (दूषित) एक प्रकार का नपुंसक. A kind of hermaphrodite. बृह०४;

दूसिआ. स्त्री० (दूषिका) आंख का मैल. Rheum of the eyes. कुमा०

दूहअ. त्रि० (दुःखक) दुःखजनक. Painful; Troublesome. 'असहेयं दूहओ चंदो' वज्जा० ६८;

दूहविअ. त्रि० (दुःखित) दुःखी किया हुआ; दूभाया हुआ. Distressed; Afflicted. 'किं केणवि दूहविया' कुम्मा० १२;

दूहिअ. त्रि० (दुःखित) दुःख युक्त. Unhappy; Miserable. हे० १, १३; संक्षि० १७;

दे. अ० (दे) पाद पूरक अव्यय. An expletive adverb. प्राकृ० ८१;

देअराणी. स्त्री० (देवरपत्नी) देवरानी; पति के छोटे भाई की बहू. A wife of the husband's younger brother. दे० १, १७१; कुमा०

देउलवाडय. पुं० न० (देवकुलपाटक) मेवाड़ का एक गांव. A village in Mewar. वज्जा० ११६;

देउलिआ. स्त्री० (देवकुलिका) छोटा देव स्थान. A small temple. उप० पृ० ३११; ३२० टी;

देक्खालिअ. त्रि० (दर्शित) दिखाया हुआ; बतलाया हुआ. Shown; Displayed. सुर० १, १४२;

देपाल. पुं० (देवपाल) एक मंत्री का नाम. Name of a minister. ती० २;

देव. पुं० (देव) पूज्य; पूजनीय. A title of honour. पंचा० १; —त्थुइ. स्त्री० (स्तुति) देव का गुणानुवाद. Praise of the god. प्राप्र० —दव्व. न० (द्रव्य) देव सम्बन्धी द्रव्य. God's wealth. क० गं० १, ५६; —देव. पुं० (देव) (१) परमेश्वर; परमात्मा. Providence; God सुपा० ५००; (२) इन्द्र; देवों का स्वामी. The Lord of gods. आया चू०५;—नट्टिआ. स्त्री० (नर्तिका) नाचने वाली देवी; देव-नटी. A dancing goddess. अजि० ३१; —भूमि. स्त्री० (भूमि) स्वर्ग; देवलोक. The heaven. (२) मरण; मृत्यु. The death. सुपा० ५८२; —नयरी. स्त्री० (नगरी) अमरावती; स्वर्गपुरी. Amaravati; The city of Indra. पउम०३२, ३५; रिसि. पुं० (ऋषि) नारद मुनि. Divine sage called Narada पउम० ११, ६८; ७८, १०; —सुंदरी. स्त्री० (सुन्दरी) देवाङ्गना; देवी. A goddess; A female deity. अजि० २८; —हर. न० (गृह) देव मन्दिर. A temple. उप० ४११;

देवउत्त. पुं० (देवगुप्त) ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव. A future Jinadeo of Airvata region. स०१५४;

देवउलिया. स्त्री० (देवकुलिका) देहरी; छोटा देव मन्दिर. A small temple. कुम०१४४;

देवंग. न० (दिव्याङ्ग) देवदूष्य वस्त्र. A divine garment. उप० ७३८;

देवंगण. न० (देवाङ्गण) स्वर्ग. The heaven. सम्मत्त० १६०;

देवकुलिय. पुं० (देवकुलिक) पूजारी. A worshiper. श्रावम०

देवगिह. न० (देवगृह) देव मन्दिर. A temple. सुपा० १३, ३४८;

देवच्चय. त्रि० (देवार्चक) देव की पूजा करने वाला. One who worships a god. (२) पुं० मन्दिर का पूजारी. Monk or Priest. कुम० ४४१; ती० १५;

देवपर. त्रि० (दैवपर) भाग्य पर ही श्रद्धा रखने वाला. Trusting to fate; A fatalist. षड्०

देवय. त्रि० (दैवत) देवसंबन्धी. Relating to the god; Divine. प्रव० १२५;

देवरक्ख. पुं० (देवरक्ष) राक्षसवंशीय एक राज-कुमार. A prince of the demon-lineage. पउम० ५, १६६;

देवसाल. न० (देवशाल) एक नगर का नाम. Name of a city. उप० ७६८ टी;

देवसिआ. स्त्री० (देवसिका) एक पतिव्रता स्त्री, जिसका दूसरा नाम देवसेना था. A chaste and dutiful woman whose second name was Devasena. पुप्फ० ६७;

देवायरिय. पुं० (देवाचार्य) एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य. A well-known Jaina preceptor. गु० ७;

देविंदय. पुं० (देवेन्द्रक) देव विमान विशेष. A celestial aerial car. देवेन्द्र० १२८;

देविड्ढ. स्त्री० (देवर्द्धि) (१) देव का वैभव. Divine grandeur. (२) पुं० एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार. A notorious Jaina preceptor and

author. कप्प०

देविय. त्रि०(दैविक) देव सम्बन्धी. Divine. सुर० ४, २३६;

देवी. स्त्री० (देवी) (१) दुर्गा; पार्वती. Durga; Parvati. कप्पू० (२) एक विद्याधर कन्या. A vidyadhar girl. पउम० ६, ४;

देवीकय. त्रि०(देवीकृत) देव का बनाया हुआ. Made by god. गा० ५६२;

देसंतरिअ. त्रि० (देशान्तरिक) भिन्न देश का; विदेशी. Foreign. उप० १०३१ टी; कुम्र० ४१३;

देसरगु. त्रि० (देशज्ञ) देश की स्थिति को जाननेवाला. Knowing the condition of the country. उप० १७६ टी;

देसभूसरा. पुं० (देशभूषण) एक केवल ज्ञानी महर्षि. A learned saint. पउम० ३६, १२२;

देसि. त्रि० (द्वेषिन्) द्वेष करने वाला. An enemy. रयण० ३६;

देसि-देसिअ. त्रि० (देशिन्) (१) अंशि; आंशिक; भाग वाला. Having parts. विशे० २२४७; (२) दिखलाने वाला. Guide. (३) उपदेशक. A spiritual teacher; Preacher. विशे० १४२५; भास० २८;

देसिअ. त्रि० (देश्य-दैशिक) देश में उत्पन्न; देश-संबन्धी. Provincial; Native; Born in the country. उप० ७६८ टी; अच्चु० ६; —सद्द. पुं० (शब्द) देशी भाषा का शब्द. A provincial word. वज्जा० ६;

देसिअ. त्रि० (दैशिक) पथिक; मुसाफिर. A traveller. पउम० २४, १६; उप० पृ० ११५; (२) प्रवास में गया हुआ. Gone to peregrinate. सुर० १०, १६२;—सहा. स्त्री० (सभा) धर्मशाला. An inn; A public house. उप० पृ० ११५;

देस्स. त्रि० (दृश्य) देखने योग्य. To be seen; Visible. (२) देखने को शक्य. To be looked at. स० १६६;

देहरय. न० (देहरत) मैथुन. Sexual intercourse, Coition; Copulation. वज्जा० १०८;

देहली. स्त्री० (देहली) चौखट; द्वार के नीचे की लकड़ी. The threshold of a door; The still or lower part of the wooden frame of a door. गा० ५२५; दे० १, ६५; कुम्र० १८३;

दो. अ० (द्विधा) दो प्रकार से; दो तरह In two ways. सुपा० २३३; ३१२;

दो. त्रि० ब० (द्वि) दो; उभय; युग्म. Two. हे० १, ६४;

दो. पुं० (दोस्) हाथ; बाहु. The arm. विक्र० ११३; रंभा० कप्प०

दोअई. स्त्री० (द्विपदी) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०

दोक्खर. पुं०(द्व्यक्षर) षण्ढ; नपुंसक. An impotent person. बृह० ४;

दोखंडिअ. त्रि० (द्विखण्डित) जिसके दो टुकड़े किये गये हों वह. Separated into two pieces. भवि०

दोगुंदय. पुं० न० (दोगुन्दक) एक देव विमान. A celestial airship. देवेन्द्र० १४५;

दोचूड. पुं० (द्विचूड) विद्याधर वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of the Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४५;

दोच्चं. अ० (द्विस्) दो बार; दो वक्त. Two times; Twice. 'दोच्चं तच्चं' सुर० २, २६;

दोच्चंग. नं० (द्वितीयाङ्ग) (१) दूसरा अङ्ग. The second portion. (२) पकाया हुआ शाक. Cooked vegetable. बृह० १; (३) तीमन; कढ़ी. Curry; A kind of Indian soup. ओघ० २१७ भा०

दोजीह. पुं॰ (द्विजिह्व) (१) दुर्जन. Wicked man. (२) सांप. Snake. सुर॰ १, २०;

दोणसुया. स्त्री (द्रोणसुता) लक्ष्मण की स्त्री; विशल्या. Name of a Laxamana's wife. पउम॰ ६४, ४४;

दोणी. स्त्री (द्रोणी) पानी का बड़ा कुँडा. An oval vessel for water; A bucket. कुम॰ ४४१;

दोत्तडी. स्त्री (दुस्तटी) दुष्ट नदी. A bad river. उप॰ ५३० टी; सुपा॰ ४६३;

दोत्थ. नं॰ (दौःस्थ्य) दुस्थता; दुर्दशा; दुर्गति. A bad state; A distressful condition. वव॰ ४, ७;

दोद्दाण. त्रि॰ (दुर्दान) दुःख से देने योग्य. Difficult to be given. संबि॰ ४;

दोद्धु. त्रि॰ (दोग्धृ) दोहन-कर्ता. A milker. दस॰ १, १ टी;

दोधअ, दोधक. न॰ (दोधक) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग॰

दोभाय. त्रि॰ (द्विभाग) दो भाग वाला; दो खण्ड वाला. Having two parts. उप॰ १४७ टी;

दोमुह. त्रि॰ (द्विमुख) (१) दो मुँह वाला. Having two mouths. (२) पुं॰ नृप विशेष. A king. महा॰ (३) दुर्जन. A wicked man. गा॰ २५३;

दोलणय. न॰ (दोलनक) झूलन; आन्दोलन. Swinging; Oscillating. दे॰ ८, ४३;

दोलया-दोला. स्त्री (दोला) झूला; हिंडोला. A swing; A swinging board. सुपा॰ २८६; कुमा॰

दोलाइय. त्रि॰ (दोलायित) (१) हिला हुआ. Swung. (२) संशयित. Doubtful; हेका॰ १११;

दोलायमाण. त्रि॰ (दोलायमान) (१) हिलता हुआ. Swinging. (२) संशय करता हुआ. Doubting. सुपा॰ ११७; गउड॰

दोलिया. स्त्री॰ (दोला) देखो 'दोला' शब्द. Vide दोला. सुर॰ ३, ११६;

दोलिर. त्रि॰ (दोलयितृ) झूलने वाला. One who swings. कुमा॰

दोस. पुं॰ (दोस्) हाथ; बाहु. Arm. से॰ २, १;

दोसा. स्त्री॰ (दोषा) रात्रि; रात. Night. सुर॰ १, २१;

दोसायर. पुं॰ (दोषाकर) (१) चन्द्र; चांद. Moon. उप॰ ७२८ टी; सुपा॰ २७५; (२) दोषों की खान; दुष्ट. A wicked man. सुपा॰ २७५;

दोसारअण. पुं॰ (दोषारत्न) चन्द्र; चांद. Moon. षड्॰

दोसासय. पुं॰ (दोषाश्रय) दुष्ट. दोष युक्त; दुष्ट. A wicked. पउम॰ ११७, ४१;

दोसि. त्रि॰ (दोषिन्) दोष वाला; दोषी. Faulty; Defective कुम॰ ४३८ ;

दोसील. त्रि॰ (दुःशील) दुष्ट स्वभाव वाला. Ill-natured. प्रव॰ ७३;

दोसोलह. त्रि॰ ब॰ (द्विषोडशन्) बत्तीस. Thirty-two. कप्पू॰

दोह. पुं॰ (दोह) दोहन. Milking. दे॰ २, ६४;

दोह. पुं॰ (दोह्य) दोहने योग्य. Milkable. भास॰ ८६;

दोहग्गि. त्रि॰ (दौर्भागिन्) दुष्ट भाग्य वाला; कमनसीब; मन्द भाग्य. Unfortunate; Unlucky. श्रा॰ १६;

दोहय. त्रि॰ (दोहक) दोहनेवाला. A milker. गा॰ ४६२;

दोहा. अ॰ (द्विधा) दो प्रकार. In two ways. हे॰ १, ९७;

दोहाइअ. त्रि॰ (द्विधाकृत) जिसका दो खण्ड

किया गया हो. Divided into two parts. हे० १,४७; कुमा०

दोहि. त्रि० (दोहिन्) झरने वाला; टपकने वाला. An oozer. गा० ६३६;

दोहि. त्रि० (द्रोहिन्) द्रोह करने वाला. Spiteful; Maliciun. भवि०

दोहिराण. त्रि० (द्विभिन्न) जिसका दो टुकड़ा किया गया हो. Having two parts. प्राकृ० ४१;

दोहित्त. पुं० (दौहित्र) लड़की का लड़का. A son of a daughter. सुपा० ३१४;

दोहित्ती. स्त्री० (दौहित्री) लड़की की लड़की. A grand-daughter; A daughter of a daughter. महा०

ध

ध. पुं० (ध) दन्त-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष. A particular dental consonant. प्राप० प्रामा०

धंख. पुं० (ध्वाङ्क्ष) काक; कौआ. A crow. उप० ८२३; पंचा० १२;

धंत. न० (ध्वान्त) (१) अन्धकार. Darkness. सुर० १, १२; कप्पू० ११; (२) अज्ञान. Ignorance. देवेन्द्र० २;

धंत. त्रि० (ध्मात) शब्द युक्त ; शब्दित. Wordy. पिंड०

धंधुक्कय. न० (धन्धुक्कय) गुजरात का एक नगर, जो आज कल धंधुका नाम से प्रसिद्ध है. A city in Gujarat called Dhandhuka. सुपा० ६५८; कुम्र० २०;

धंसाडिअ. त्रि० (मुक्त) परित्यक्त. Abandoned. कुमा०

धगधगाइअ. त्रि० (धगधगायित) धग् धग् आवाज वाला. Sounding 'Dhug, Dhug. कप्प०

धण. पुं० (धन) कुबेर; धन-पति. Kuber; a god of riches. सुपा० ३१०;

धणइत्त-धणइल्ल. त्रि० (धनवत्) धनी; धन वाला. Wealthy; Rich. कुम्र०२४५; पि० ५९५; संक्षि० ३०;

धणंजय. पुं० (धनञ्जय) (१) अर्जुन; मध्यम पाण्डव. Name of Arjuna. वेणी०११०; (२) वह्नि; अग्नि. An epithet of fire. (३) सर्प-विशेष. A kind of serpent. (४) वायु-विशेष: शरीर व्यापि पवन. A kind of wind. (५) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. हे०१, १७७; २, १८५; (६) श्रेष्ठि-विशेष. Name of a wealthy man. आव० ४; (७) एक राजा. A king. आवम०

धणड्ढ. पुं० (धनाढ्य) एक जैन मुनि. A Jaina saint. कप्प०

धणणंदि. पुं० स्त्री० (धननन्दि) दुगुना देव-द्रव्य. Two fold wealth of god. 'देवदव्वं दुगुणं धणणंदी भण्णइ' दंस० १;

धणत्थि. त्रि० (धनार्थिन्) धन का अभिलाषी. Desiring for wealth; Seeking for woalth. रयण० ३८;

धणपवर. पुं० (धनप्रवर) एक श्रेष्ठी. Wealthy person. महा०

धणप्पभा. स्त्री० (धनप्रभा) कुण्डलवर द्वीप की राजधानी. A capital of Kundalvar island. दीव.

धणमित्त. पुं० (धनमित्र) एक जैन मुनि. A Jaina saint. पउम० २०, १७१;

धणय. पुं० (धनद) (१) एक सार्थवाह. A leader of a caravan. सुपा० ५०३; (२) एक विद्याधर राजा, जो राजा रावण की मौसी का लड़का था. A Vidyadhar king. पउम० २०, १७१; (३) धन देने

वाला. A giver of wealth. रयण० ३८;

धणसंचया. स्त्री० (धनसंचया) एक वणिग्-महिला. Name of a Bania lady. महा०

धणसम्म. पुं० (धनशर्मन्) एक वणिक. Name of a Bania. गच्छ० २;

धणसिरि. स्त्री० (धनश्री) एक वणिग्-महिला. Name of a Bania lady. आव० ४;

धणसेण. पुं० (धनसेन) एक राजा. Name of a king. दंस० ४;

धणाल. त्रि० (धनवत्) धनी. Wealthy; Rich. प्राप्र०

धणावह. त्रि० (धनावह) (१) धन को धारण करने वाला; धनी. Wealthy. (२) पुं० एक श्रेष्ठी. Name of a wealthy person. दंस०

धणि. त्रि० (धनिन्) धनिक; धनवान्. Wealthy; Rich. हे० २, १५६;

धणिश्र. त्रि० (धन्य) धन्यवाद के योग्य. प्रशंसनीय; स्तुति पात्र. Blessed; Praiseworthy. पउम० ४६, २५; अच्चु० ४२;

धणिश्र. पुं० (धनिक) यवन मत का प्रवर्तक पुरुष-विशेष. A founder of Non-Aryan creed. मोह० १०१, १०२;

धणु. पुं० न० (धनुष्) ज्योतिष-प्रसिद्ध एक राशि. The sign sagittarius of the zodiac. विचार० १०६; संबोध० ५२;

धणुल्ल. त्रि० (धनुमत्) धनुष वाला. Armed with a bow. प्राकृ० ३५;

धणुही. स्त्री० (धनुष्) कार्मुक. A bow. कुम्र० २७४; स० ३८१;

धणेसर. पुं० (धनेश्वर) एक प्रसिद्ध जैन मुनि और ग्रन्थकार. A well-known Jaina saint and author. सुर० १, २४६; १६, २५०;

धण्ण. त्रि० (धन्य) (१) कृतार्थ. Successful. (२) लाभ के योग्य. Bestowing wealth. (३) स्तुति-पात्र; प्रशंसनीय. Praiseworthy. कप्प०

धत्त. त्रि० (धत्त) निहित; स्थापित. Established. राज०

धत्ती. स्त्री० (धात्री) धाई; उपमाता. A nurse; A foster-mother. स्वप्न० १२२; (२) पृथ्वी; भूमि. Earth. (३) आमल का वृक्ष. A kind of tree. हे० २, ८१;

धत्तूर. पुं० (धत्तूर) वृक्ष विशेष; धतूरा. The white thorn-apple (२) धतूरा का पुष्प. A flower of that tree. सुपा० १२४;

धत्तूरिश्र. त्रि० (धात्तूरिक) जिसने धतूरे का नशा किया हो वह. One who has drunk Dhattura (the white thorn-apple). सुपा० १२४; १७६;

धत्थ. त्रि० (ध्वस्त) ध्वंस-प्राप्त; नष्ट. Perished; Ruined. हे० २, ७६; सण०

धन्न. न० (धान्य) धनिया. Coriander seeds. दस नि० ६; —आगार. न० (आगार) कोष्ठागार; धान रखने का गृह. A granary; A store-house for grain. निसी० चू० ८; —कीड. पुं० (कीट) नाज में होने वाला कीट विशेष. A kind of insect of grain. जी० १७; —पत्थय. पुं० (प्रस्थक) धान का एक नाप. A measure for corn. वव० १;—पिडग. न० (पिटक) नाज का एक नाप. A measure of grain. वव० १;

धन्ना. स्त्री० (धान्य) अन्न; अनाज. Corn; Grain. उप० ८८६ टी;

धमण. न० (धमन) (१) आग में तपाना. Heating. आया० नि० १, १, ७; (२) भस्त्रा; धमनी. Bellows. राज०

धमिश्र. त्रि० (ध्मात) जिसमें वायु भर दिया गया हो. Blown; कुम्र० १४६;

धमिय. त्रि० (ध्मात) आग में तपाया हुआ. Heated; Inflamed. माहे० ४७;

धम्म. पुं० (धर्म) (१) वर्तमान अवसर्पिणी काल में उत्पन्न पन्द्रहवें जिन-देव. The fifteenth Jinadeo of the present Avasarpini. पण्हि० (२) एक वणिक. Name of a Bania. उप०७२८ टी; (३) स्थिति; मर्यादा. Limit. आया० चू० (४) धनुष; कार्मुक. A bow. सुर० १, ४४; पाअ० (५) एक जैन मुनि. A Jaina saint. कप्प० (६) आचार; रीति; व्यवहार. Usage; Custom. कप्प० (७) एक देव विमान. A celestial air-ship. देवेन्द्र० १४३; (८) एक दिन का उपवास. A fast. संवाध० ४८;—अणुट्ठाण. न० (अनुष्ठान) धर्म का आचरण. Acting according to religion; Virtuous or moral conduct. धर्म० १; —अहिगरणिय. पुं० (अधिकरणिक) न्यायाधीश; न्याय-कर्ता. A judge; A magistrate. सुपा० ११७; —अहिगारि. त्रि० (अधिकारिन्) धर्म-ग्रहण के योग्य. Worthy to practise religion. धर्म०; —आइगर. त्रि० (आदिकर) धर्म का प्रथम प्रवर्तक. The first founder of religion. (२) पुं० जिन-देव. A Jinadeo. धर्म० २; —उत्त. पुं० (पुत्र) शिष्य A pupil; A disciple. प्रारू०;—काय. पुं० (काय) धर्म का साधन भूत शरीर. A body for practising religion. पंचा० १८; —गुरु. पुं० (गुरु) धर्म-दर्शक गुरु; धर्माचार्य. A religious teacher. द्र०१;—गुव. त्रि० (गुप्) धर्म रक्षक. A protector of a religion. पह० —तित्थयर. पुं० (तीर्थंकर) जिन भगवान्. Jinadeo; Tirthankar. पण्हि० —दार. पुं० ब० (दार) धर्म-पत्नी. A lawful wife. कप्पू० —पिवासिय. त्रि० (पिपासित) धर्म की प्यास वाला. Solicitous for religion. तंदु० —प्पवाइ. त्रि० (प्रवादिन्) धर्मोपदेशक A religious instructor or preacher. आया नि० १, ४, २; —प्पावाउय. त्रि० (प्रावादुक) धर्म-प्रवादी; धर्मोपदेशक. A religious preacher. आया० नि० १, १४, १; —वय. पुं० (व्यय) धर्मार्थ दान; धर्मादा. Charity. सुपा० ६१७; —विज्ज. पुं० (वैद्य) धर्माचार्य. A religious teacher. पंचव० १;—सत्थ. न० (शास्त्र) धर्मप्रतिपादक शास्त्र. A code of religion; A scripture; Jurisprudence. दंस० ४; —साला. स्त्री० (शाला) धर्म स्थान. A charitable institution. करु० ३२;

धम्मउर. न० (धर्मपुर) नगर-विशेष. Name of a city. दंस० १;

धम्मजस. पुं० (धर्मयशस्) जैन मुनि विशेष. Name of a Jain saint. आव० ४;

धम्मत्थ. न० (धर्मास्त्र) अस्त्र-विशेष; एक प्रकार का हथियार. A kind of a weapon. पउम० ७१, ६३;

धम्मदास. पुं० (धर्मदास) भगवान् महावीर का एक शिष्य और उपदेश माला का कर्ता. A pupil of Lord Mahavira and author of Upadeshamala. उव०;

धम्मदेव. पुं० (धर्मदेव) एक प्रसिद्ध जैन आचार्य. A well-known Jain preceptor. सार्ध० ७८;

धम्मप्पह. पुं० (धर्मप्रभ) एक जैन आचार्य. A Jain preceptor. रयण० ४८;

धम्मबुद्ध. त्रि० (धर्मबुद्ध) (१) धार्मिक; धर्म-मति. Religious; Pious; Virtuous. (२) पुं० एक राजा का नाम. Name of a

king. उप० ७२८ टी;

धम्मि. त्रि० (धर्मिन्) (१) धर्म युक्त; द्रव्य; पदार्थ. Having the properties or nature of wealth. (२) धार्मिक; धर्म-परायण. Virtuous; Pious. सुपा० २१, ३३६; ५०६; वज्जा० १०६; (३) तर्क-शास्त्र प्रसिद्ध पक्ष. (In logic) Name of a Paksha. धर्मसं० ६६;

धम्मुत्तर. त्रि० (धर्मोत्तर) (१) गुणी; गुणों से श्रेष्ठ. Pre-eminent in Virtue. आया० चू० ५; (२) धर्म का प्राधान्य. Supremacy of religion. पडि०

धम्मेल्ल. पुं० (धम्मिल) एक जैन मुनि. A Jain saint. आव० ६;

धयरट्ठ. पुं० (धृतराष्ट्र) हंस पक्षी. Goose; Swan. पाअ०

धर. पुं० (धर) पर्वत; पहाड़. Mountain. से० ८, ६३; पाअ०

धरण. पुं० (धरण) (१) श्रेष्ठि विशेष. Name of a wealthy man. उप० ७२८ टी; सुपा० ५५६; (२) न० धारण करना. Bearing; Holding से० ३, ३; सार्थ० ६; वज्जा० ४८; (३) सोलह तोले का एक परिमाण. A measure of weight equal to sixteen tolas. जो० २; (४) तोलने का साधन. A balance; A means for weighing. जो० २; (५) त्रि० धारण करने वाला. Bearing Holding. कुमा०

धरणिंद. पुं० (धरणेन्द्र) नागकुमारों का दक्षिण दिशा का इन्द्र. The lord of the south of Nagakumaras पउम० ५, ३८;

धरणिचर. पुं० (धरणिचर) मनुष्य. A man; Human-being. पउम० १०१, ४७;

धरणिधर. पुं० (धरणिधर) (१) पर्वत; पहाड़. Mountain. अजि० १७; (२) अयोध्या नगरी का एक सूर्यवंशीय राजा. A king of Ayodhya from the solar race. पउम० ५, ५०;

धरणिधरप्पवर. पुं० (धरणिधरप्रवर) मेरु पर्वत. The mount Meru. अजि० १५;

धरणिधरवइ. पुं० (धरणिधरपति) मेरु पर्वत. The mount Meru. अजि० १७;

धरा. स्त्री० (धरा) पृथ्वी; भूमि. Earth. गउड० सुपा० २०१;—धर. पुं० (धर) पर्वत; पहाड़. The mountain. से० ६, ७६; ३८; स० २६६, ७०३; उप० ७६८ टी;

धराधीस. पुं० (धराधीश) राजा. A king. मोह० ४३;

धराविअ. त्रि० (धारित) (१) पकड़ा हुआ. Caught; Seized. स० २०६; सुपा० ३२५; संक्षि० ३४; (२) स्थापित. Established. 'धराविय मडयं' कुप्र० १४०;

धरिअ. त्रि० (धृत) रोका हुआ. Retained. स० २०६;

धरिणी. स्त्री० (धरिणी) पृथ्वी; भूमि. Earth. पाअ०

धरित्ती. स्त्री० (धरित्री) पृथ्वी; भूमि. Earth. श्रु० १२७; सम्मत्त० २२६;

धरिम. न० (धरिम) एक तरह का नाप; तौल; Measure. जो० २;

धरिसण. न० (धर्षण) (१) परिभव; अभिभव. Defeat. (२) संहति; समूह. An assemblage; A multitude. (३) अमर्ष; असहिष्णुता. Non-endurance; Intolerance; Impatience. (४) हिंसा. Killing. (५) बन्धन; योजन. A bondage. निसी० चू० १; राज०

धवण. न० (धावन) धौन; चावल आदि का धोवन जल. Water of the washed rice etc. सुक्त० ८१;

धवल. पुं० (धवल) (१) उत्तम बैल. A good ox. (२) पुं० न० छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग० (३) न० लगातार १६ दिन का उपवास. Sixteen fasts at a time. संबोध० ५८;

धवलक्क. न० (धवलार्क) ग्राम-विशेष; जो आजकल 'धोलका' नाम से गुजरात में प्रसिद्ध है. Dholaka a well-known city in Gujrat. ती० ३;

धवलचंद. पुं० (धवलचन्द्र) एक जैन मुनि. Name of a Jain saint. दे० ४७;

धवलण. न० (धवलन) सफेद करना; श्वेतीकरण. Whitening; White-washing. कुमा०

धवला. स्त्री० (धवला) गौ; गैया. Cow. गा० ६३८;

धवलाइअ. त्रि० (धवलायित) (१) उत्तम बैल की तरह जिसने कार्य किया हो वह. Who has worked as a good ox. (२) न० उत्तम वृषभ की तरह आचरण. Practising like a noble ox. सार्ध० ६;

धवलिम. पुं० स्त्री० (धवलिमन्) सफेदपन; शुक्लता. Whiteness. सुपा० ७४;

धवलिय. त्रि० (धवलित) सफेद किया हुआ. Whitened. भवि०

धवली. स्त्री० (धवली) उत्तम गौ; श्रेष्ठ गैया. A good cow. गउड०

धसिअ. त्रि० (धसित) धसा हुआ. Assailed; Assaulted; Attacked. हम्मीर० १३;

धाइअ. त्रि० (धावित) दौड़ा हुआ. Run. से० ८, ६८; भवि०

धाउ. पुं० (धातु) स्वभाव; प्रकृति. Nature. स० २४१; —वाइअ. त्रि० (वादिक) औषध आदि के योग से ताम्र आदि का सोना वगैरः बनाने वाला; किमियागर. Mineralogist. कुम० ३६७;

धाउसोसण. न० (धातुशोषण) आयंबिल तप. A religious austerity or penance. संबोध० ५८;

धाडण. न० (भ्राटन) बाहर निकालना. Ariving away. वव० ४;

धाडाविअ. त्रि० (निस्सारित) बाहर निकाला हुआ; निर्वासित. Driven away. पउम० २२,८;

धाडिअ. त्रि० (निःसृत) बाहर निकला हुआ. Come out side. कुमा०

धाडिअ. त्रि० (निस्सारित) निर्वासित; बाहर निकाला हुआ. Driven outside. पउम० १०१, ६०; स० २६८; उप० ७२८ टी;

धाडी. स्त्री० (धाटी) (१) डाकुओं का दल. A gang of plunderers. सुर० २, ४; प्राकृ० (२) हमला; आक्रमण; धावा. Assault; Attacking. कप्पू०

धाणा. स्त्री० (धाना) धनिया; एक जात का मसाला. Coriander seeds. प्राकृ०

धाणुक्क. त्रि० (धानुष्क) धनुर्धर; धनुर्विद्या में निपुण. An archer. उप० पृ० ८६; सुर० १३, १६२; वेणी० ११४; कुम० ४४२;

धाम. पुं० न० (धामन्) (१) अहंकार; गर्व. Pride; Arogance. (२) रस आदि में लम्पटता. Lasciviousness of tastes etc. (३) त्रि० गर्व-युक्त. Arrogant; Proud. (४) रस आदि में लम्पट. Lascivious in tastes etc. संबोध० १६;

धाय त्रि० (घ्रात) तृप्त; संतुष्ट. Satisfied; Pleased; Contented. ओघ० ७७ भा; सुर० २,६७;

धार. न० (धार) धारा सम्बन्धी जल. Water of the stream. (२) धारण करने वाला. Holding; Bearing. राज०

धारणा. स्त्री (धारणा) मर्यादा; स्थिति. Continuance in one state. आवम०

(२) मन की स्थिरता. Stable mind; Steady mind. (३) अवधारण; निश्चय. Determination. आवम०

धारा. स्त्री० (धारा) (१) प्रवाह; धाली. A flow; A current. महा० (२) अश्व की गति-विशेष. The pace of a horse. कुमा० महा० (३) मालव देश की एक नगरी. A city of Malwa district. मोह०८८; —कयंब पुं० (कदम्ब) कदम्ब की एक जाति, जो वर्षा से फलती फूलती है. A tree which blossoms only in the rainy-season. कुमा० —धर. पुं० (धर) मेघ. Cloud सुपा० २०१;

धारि. त्रि० (धारिन्) धारण करने वाला. Holding; Sustaining. कप्प०

धारिय. त्रि० (धारित) धारण किया हुआ. Sustained; Held. भवि०

धावण. न० (धावन) प्रक्षालन; धोना. To wash. कुम० १६४;

धावणया. स्त्री० (धान) स्तन-पान करना. Sucking of the breast. उप०८३३;

धाविअ. त्रि० (धावित) दौड़ा हुआ. Run. भवि०

धाविर. त्रि० (धावितृ) दौड़ने वाला. Running. सुपा० ४४;

धि. अ० (धिक्) धिक्कार; छीः. An interjection of censure ('Fie', 'shame') रंभा०

धिइ. स्त्री० (धृति) धारण करना. Causing to hold. आवम० (२) तेला; लगातार तीन दिन का उपवास. Three fasts. संबोध०५८;

धिक्कय. त्रि० (धिक्कृत) (१) धिक्कारा हुआ. Reproached; Condemned; Disregarded. वव०१; (२) न० धिक्कार; तिरस्कार. Reproach: Contempt. बृह०६;

धिक्करिअ. त्रि० (धिक्कृत) धिक्कारा हुआ. Despised; Disregarded. कुम० १२७

धिज्जाइ. पुं० स्त्री० (द्विजाति-धिग्जाति) ब्राह्मण; विप्र. Brahman. आवम०

धिज्जाइय-धिज्जाईय. पुं० स्त्री० (द्विजातिक; धिग्जातीय) ब्राह्मण; विप्र. Brahman. महा० उप० १२१; आव० ३;

धिट्ठ. त्रि० (धृष्ट) उद्धत; धीठ; प्रगल्भ. (२) निर्लज्ज; बेशरम. Shamless; Indecent; Impudent. हे० १, १३०; सुर० २, ६; गा० ६२७; आ० १४;

धिट्ठिम. पुं० स्त्री० (धृष्टत्व) धृष्टता; धीठाई. Arrogance; Insolence. सुपा० १२०;

धिप्पिर. त्रि० (दीप्र) देदीप्यमान चमकीला. Shining; Brilliant; Radiant. कुमा०

धिय. अ० (धिक्) धिक्कार; छीः. An interjection of censure; Fie; Shame. उप० ६३४;

धिसण. पुं० (धिषण) बृहस्पति; सुर-गुरु. Name of a Brihaspati, preceptor of the gods. पाअ०

धिसि. अ० (धिक्) धिक्कार; छीः. Fie; Shame. सुपा० ३६१; सण०

धी. अ० (धिक्) धिक्कार; छीः. Fie; Shame. उव० वै० ५५;

धीआ. स्त्री० (दुहितृ) लड़की; पुत्री. Daughter. मृच्छ०१०६६; पि० ३६२; महा० भवि० पव० ४२;

धीधण. त्रि० (धीधन) (१) बुद्धिमान्; विद्वान्. Learned; Wise; Intelligent. (२) एक मन्त्री का नाम. Name of a minister. उप० ७६८ टी;

धीर. त्रि० (धीर) (१) बुद्धिमान्; पण्डित; विद्वान्. Learned; Intelligent; Wise. उप० ७६८ टी; धर्म०२; (२) सहिष्णु. Able to endure. (३) पुं० परमेश्वर; परमात्मा; जिनदेव. Providence; Jinadeo. (४) गणधर-देव. Ganadhara. आव० ३;

धीर. न० (धैर्य) धीरज; धीरता. Patience. हे० २, ६४; कुमा०

धीरवण. न० (धीरण) धीरज देना; सान्त्वन. Consolation. वव० १;

धीरविय. त्रि० (धीरित) जिसको सान्त्वन दिया गया हो वह; आश्वासित. Consoled. स० ६०४;

धीरिम. पुं० स्त्री० (धीरत्व) धैर्य; धीरज. Patience. उप० पृ० ६२; सुपा० १०६; भवि० कुप्र० १४०;

धीवर. पुं० (धीवर) (१) मच्छीमार; जालजीवी. Fisherman. कुमा० कुप्र० २४७; (२) त्रि० उत्तम बुद्धि वाला. Intellectual; Wise. उप० ७६८ टी; कुप्र० २४७;

धुअ. त्रि० (धुत) (१) त्यक्त. Abandoned. (२) उच्छलित. Moved upward. से० ४,४; (३) न० कर्म. A deed. (४) त्रि० कम्पित. Trembled; Shaken. (५) न० कम्प. Tremor; Shivering. प्राकृ० ७०

धुंधुमार. पुं० (धुन्धुमार) नृप-विशेष. Name of a king. कुप्र० २६३;

धुणण. न० (धूनन) परित्याग. Abandance. राज०

धुणणा. स्त्री० (धूनन) कम्पन. Tremor; Shivering. ओघ० १६५ भा;

धुणाविअ. त्रि० (धूनित) कंपाया हुआ. Shaken; Trembled. उप० ७६८ टी;

धुणिय. त्रि० (धूत) कम्पित; हिलाया हुआ. Shivered; Shaken. सुपा० ३२०; २०१;

धुत्त. त्रि० (धूर्त) (१) जूआ खेलने वाला. Gambler. (२) पुं० धतूरे का पेड़. A white thorn apple. (३) लोहे का काट. Incrustation on Iron. (४) लवण विशेष; एक प्रकार का नोन. A kind of salt. हे० २, ३०;

धुत्तारिअ. त्रि० (धूर्तित) ठगा हुआ; वञ्चित. Cheated; Deceived. उप० ७२८ टी;

धुत्ति. स्त्री० (धूर्ति) जरा, बुढ़ापा. Old age. राज०

धुत्तिअ. त्रि० (धूर्तित) वञ्चित; प्रतारित. Cheated; Deceived. सुपा० ३२४; श्रा० १२;

धुत्तिम. पुं० स्त्री० (धूर्तत्व) धूर्तता; धूर्तपन; ठगाई. Deceit; Cheating. हे० १,३५; कुमा० श्रा० १२;

धुत्ती. स्त्री० (धूर्ता) धूर्त स्त्री. A wicked woman. वज्जा० १०६;

धुत्तीरय. न० (धत्तूरक) धतूरे का पुष्प. A flower of the thorn apple. वज्जा० १०६;

धुम्म. (धूम्र) (१) वर्ण विशेष; कपोत-वर्ण. A kind of colour. (२) त्रि० कपोत वर्ण वाला. Smoke-coloured; Grey. से० १२, ६०;

धुम्मक्ख. पुं० (धूम्राक्ष) एक राक्षस. Name of a demon. से० १२, ६०;

धुर. पुं० (धुर) कर्जदार; ऋणी. A debtor. सुपा० ४२६;

धुरंधर. त्रि० (धुरंधर) भार को वहन करने में समर्थ; किसी कार्य को पार पहुँचाने में शक्तिमान्; भार-वाहक. Able to carry out important duties; Pre-eminent. से० ३, ३६; (२) नेता; मुखिया; अगुआ. A chief; a leader. सण० उत्तर० २०; (३) पुं० गाड़ी, हल आदि खींचने वाला बैल. A beast of burden.

धुरा. स्त्री० (धुर्) (१) भार; बोझा. A load; A burden. (२) चिन्ता. Anxiety. हे० १, १६; —धार. त्रि० (धार) धुरा को वहन करने वाला; धुरन्धर. Bearing the burden. पउम० ७, १७१;

धुरीण. त्रि० (धुरीण) धुरन्धर; मुखिया; अगुआ. A chief; a leader. धर्मवि० १३६; सम्मत्त० ११८;

धुव. त्रि० (ध्रुव) (१) अवश्य-भावी. Destined to take place; Inevitable. (२) पुं० अश्व के शरीर का आवर्त. A circle on the body of a horse. कुमा० (३) कर्म. Deeds. (४) संसार. World.

धुवण. त्रि० (धावन) कंपाने वाला; हिलाने वाला. Shivering; Trembling. कुमा०

धुविया. स्त्री० (ध्रुविता) कर्म-विशेष; ध्रुव-बन्धिनी कर्म-प्रकृति. A kind of Karmas. पंच० ५, ६६;

धूणिय. त्रि० (धनित) कम्पित. Trembled; Shaken. कुम० ६८;

धूम पुं० (धूम) (१) हिंग आदि का बघार. Seasoning. पिंड० २५०(२) क्रोध; गुस्सा. Anger; Wrath; Indignation. (३) क्रोधी. Indignant; Angry. संबोध० १६; —इंगाल. पुं० ब० (अङ्गार) द्वेष और राग. Like and dislike. ओघ० २८८ भा० —केउ. पुं० (केतु) (१) अग्नि; आग. Fire. (२) अशुभ उत्पात का सूचक तारा-पुञ्ज. A meteor. गउड० —चारण. पुं० (चारण) धूम के अवलम्बन से आकाश में गमन करनेकी शक्ति वाला मुनि-विशेष. A class of saints having the power to fly around through in the sky with the help of smoke. गच्छ० २; —जोणि. पुं० (योनि) बादल; मेघ. Cloud. पाश्र० —द्धय. पुं० (ध्वज) अग्नि; वह्नि. Fire. पाश्र० उप० १०३१ टी; —वडल. पुं० न० (पटल) धूम-समूह. A collection of clouds. हे० २, १६८;

धूमल. त्रि० (धूमल) धूंआ वाला. Smoky. उप० २६४ टी;

धूमिश्र. त्रि० (धूमित) (१) धूम युक्त. Smoky. पिंड० (२) छौंका हुआ. Seasoned. दे० ६, ८८;

धूलिकलंब. पुं० (धूलिकदम्ब) ग्रीष्म ऋतु में विकसने वाला कदम्ब वृक्ष. A kind of tree blooming in the summer. कुमा०

धूम्सर. पुं० (धूसर) (१) हलका पीला रंग; ईषत् पाण्डु वर्ण. The light yellow colour. (२) धूसर रंग वाला; ईषत् पाण्डु वर्ण वाला. Of a dusty or greyish colour. प्रासू० ८४; गा० ७७४; से० १, ८२;

धूम्सरिश्र. त्रि० (धूसरित) धूसर वर्ण वाला. Grey; of a dusty colour. पाश्र० भवि०

धेश्र-धेज्ज. त्रि० (ध्येय) ध्यान-योग्य. Worthy to be meditated. अजि० १४;

धोश्रग. त्रि० (धावक) (१) धोने वाला. A washer. (२) पुं० धोबी. A washerman. उप० पृ० ३३३;

धोज्ज. त्रि० (धुर्य) (१) धुरीण; भार-वाहक. One who carries a burden. (२) अगुआ; नेता; धुरन्धर. A chief; A leader. वव० १;

प

प. अ० (प्र) प्रकर्ष. Intensity; High degree; Excess. 'पओस' से० २, ११;

प. पुं० (प) (१) ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular labial consonant. आप० (२) पाप-त्याग. Abandoning of sins. आवस० (३) उत्पत्ति. Production. (४) ख्याति; प्रसिद्धि. Fame; Reputation. (५) व्यवहार.

Social intercourse. (६) चारों ओरसे. On all sides. निसी॰ चू॰ १; हे॰ २, २१७; (७) प्रस्रवण; मूत्र॰ Urine. विशे॰ ७८१; (८) फिरफिर. Often times; Again and again. निसी॰ चू॰ ३; १७; (६) गुजरा हुआ; विनष्ट. Dead; Deceased. ठा॰ ४, २; टी;

पश्रंगम. पुं॰ (प्लवङ्गम) छंद-विशेष. A kind of metre. पिंग.

पश्रंघ. पुं॰ (प्रजङ्घ) राक्षस विशेष. Demon. से॰ १२, ८३;

पइ. अ॰ (प्रति) अपेक्षा सूचक अव्यय. A particle indicating expectation. दसनि॰ ३, १;

पइ. पुं॰ (पति) (१) रक्षक. A protector. सुपा॰ ३६; अजि॰ १७, १६; (२) श्रेष्ठ; उत्तम. The best; excellent. अजि॰ १७; —घर. न॰ (गृह) ससुराल. Father-in-law's house. पड्॰ —व्वया. स्त्री॰(व्रता) पतिसेवा परायण स्त्री; कुलवती स्त्री. A devoted, faithful and loyal wife; A chaste and virtuous wife. गा॰ ४१७; सुर॰ ६, ६७;

पइउवचरण. न॰ (प्रत्युपचरण) प्रत्युपचार; प्रति-सेवा. Service in requital. रंभा॰

पइच्छन्न. पुं॰ (प्रतिच्छन्न) भूत-विशेष. A kind of ghost. राज॰

पइट्ठा स्त्री॰ (प्रतिष्ठा) (१) आदर; सम्मान. Honour; Respect. (२) कीर्ति; यश. Fame; Glory. (३) व्यवस्था. Arrangement; Management. (४) स्थापना; संस्थापन. Establishing. (५) समाधान शंका-निरास पूर्वक स्वपक्ष स्थापन. Clearing up a doubt. चेइय॰ ५३५;

पइट्ठाण. न॰ (प्रतिष्ठान) नगर-विशेष. Name of a city. श्राक॰ २१;

पइट्ठाविय. त्रि॰ (प्रतिष्ठापित) संस्थापित. Established. स॰ ६२; ७०५;

पइट्ठिय. त्रि॰ (प्रतिष्ठित) (१) आश्रित. Restoring to. प्रासू॰ ७०;

पइणियय. त्रि॰ (प्रतिनियत) नियम-संगत; नियमित. Punctual; Regular. धर्मसं॰ २६६;

पइण्ण. त्रि॰ (प्रकीर्ण)(१) विक्षिप्त; फेंका हुआ. Thrown. गा॰ १४०; (२) अनेक प्रकार से मिश्रित. Mixed; Miscellaneous. पंचु॰—कहा. स्त्री॰ (कथा) उत्सर्ग; सामान्य नियम. The general rule. निसी॰ चू॰ ५; —तव. पुं॰ (तपस्) तपश्चर्या-विशेष. A kind of austerity. पंचा॰ १६;

पइण्णा. स्त्री॰(प्रतिज्ञा) तर्क शास्त्र प्रसिद्ध अनुमान प्रमाण का एक अवयव; साध्य वचन का निर्देश. A proposition; A statement of the proposition to be proved; The first member of the five membered syllogism. दसनि॰ १;

पइत्त. त्रि॰ (प्रदीप्त) जला हुआ; प्रज्वलित. Kindled; Inflamed; Illuminated. से॰ १५, ७३;

पइदियह. न॰ (प्रतिदिवस) प्रतिदिन; हर रोज. Daily; Every day. सुर॰ १, ५०;

पइनियय. त्रि॰ (प्रतिनियत) मुकरर किया हुआ; नियुक्त किया हुआ. Appointed. आवस॰

पइप्पईय. न॰ (प्रतिप्रतीक) प्रत्यंग; हर अंग. Every limb. रंभा॰

पइभाणाण. न॰ (प्रतिभाज्ञान) प्रतिभा से उत्पन्न होता ज्ञान; प्रातिभ प्रत्यक्ष. Vivid perception. धर्मसं॰ १२०६;

पइमुह. त्रि॰ (प्रतिमुख) संमुख. Near; Facing; Present. उप॰ ७४४;

पइरिक्क. त्रि॰ (प्रतिरिक्त) (१) विशाल;

वित्तीर्ण. Extensive; Spacious. दे० ६, ७१; (२) तुच्छ; हलका. Low; Mean. से० १, ४८;

पइलाइया. स्त्री० (प्रतिलादिका) हाथ के बल चलने वाली सर्प की एक जाति. A kind of snake. राज०

पइव. पुं० (प्रतिप) एक यादव का नाम. Name of a Yadava. राज०

पइवरिस. न० (प्रतिवर्ष) हरएक वर्ष. Every year. पि० २२०;

पइवाइ. त्रि० (प्रतिवादिन्) प्रतिपक्षी; प्रतिवादी. An opponent; Adversary. विशे० २४८८;

पइसारिय. त्रि० (प्रवेशित) जिसका प्रवेश कराया गया हो. Introduced; Brought in. महा० भवि०

पईअ. त्रि० (प्रतीत) (१) विज्ञात. Known; Understood. (२) विश्वस्त. Trustworthy; Reliable. (३) प्रसिद्ध; विख्यात. Well-known; Renowned; Famous. विशे० ७०१;

पईअ. न० (प्रतीक) अंग; अवयव. A limb; A member. रंभा०

पईइ. स्त्री० (प्रतीति) (१) विश्वास, Trust; Conviction. (२) प्रसिद्धि. Fame; Renown. राज०

पईव. त्रि० (प्रतीप) (१) प्रतिकूल. Contrary; Unfavourable; Adverse. (२) शत्रु; दुश्मन्. An enemy. उप० ६४८ टी; हे० १. २३१;

पउंजग. त्रि० (प्रयोजक) प्रेरक; प्रेरणा करने वाला. Inciting; Stimulating. पंचव० १;

पउंजण. त्रि० (प्रयोजन) प्रयोग करने वाला. One who uses or employs. पउम० १४, २०;

पउंजणया. पउंजणा. स्त्री० (प्रयोजना) प्रयोग. An experiment. A trial. ओघ० ११४; वज्जा० २;

पउंजिअ. त्रि० (प्रयुक्त) जिसका प्रयोग किया गया हो वह. Used; employed: Applied. सुपा० १४०; ४४७;

पउट्ठ. (प्रवृष्ट) बरसा हुआ. Rained. हे० १, १३१;

पउट्ठ. त्रि० (प्रजुष्ट) (१) विशेष सेवित. Well served; Devoted to. (२) न० अति उच्छिष्ट. Remained food. चंड०

पउट्ठ. त्रि० (प्रद्विष्ट) द्वेष-युक्त. Malicious; Spiteful. सुपा० ४७५;

पउण. त्रि० (प्रगुण) तैय्यार. Ready; Prepared. दंस० ३;

पउणाड. पुं० (प्रपुनाट) वृक्ष विशेष; पमाड का पेड़; चकवड़. A kind of tree. दे० ५, ५ टी;

पउत्त. पुं० (पौत्र) लड़के का लड़का. A grandson; The son of a son. प्राकृ०१०; श्रु० ११७;

पउत्ति. स्त्री० (प्रवृत्ति) (१) समाचार; वृत्तान्त. Tidings; News. पाअ० सुर० २, ४८; ३, ८४; (२) कार्य; काज. A deed; An action.

पउम. न० (पद्म) (१) दिन का नववां मुहूर्त. The ninth period of the day. जो० २; (२) राजा रामचन्द्र. An epithet of Rama. पउम० १, ५; २५, ८; (३) चक्रवर्ती राजा का निधि, जो रोग-नाशक सुन्दर वस्त्रों की पूर्ति करता है. A treasure of the Chakravarti giving curative beautiful clothes. उप० ९८६ टी; —आगर. पुं० (आकर) (१) कमलों का समूह A multitude of lotuses. (२) सरोवर. A large pond. उप० १३३ टी; —

—चरिय. न० (चरित) (१) राजा रामचन्द्र की जीवनी. Biography of Rama Chandra. (२) प्राकृत भाषा का एक प्राचीन ग्रन्थ; जैन रामायण. Jaina Ramayana; An ancient work in Prakrit language. पउम० ११८, १२१; —दल. न० (दल) कमल पत्र. A lotus-leaf. आरू०

पउमणाभ. पुं० (पद्मनाभ) (१) वासुदेव; विष्णु. Vasudeo; An epithet of Vishnu. पउम० ४०, १; (२) आगामी उत्सर्पिणी काल में भरतक्षेत्र में होने वाले प्रथम जिनदेव. The first Jindeo of Bharat in the future Utsarpini. प्रव० ४६;

पउमपुर. न० (पद्मपुर) एक दाक्षिणात्य नगर, जो आज कल नासिक नाम से प्रसिद्ध है. A city in the deccan, which is called Nasika now-a-days. राज०

पउमप्पह. पुं० (पद्मप्रभ) विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य. A Jaina preceptor in the thirteenth century of Vikrama. विचार० ३;

पउममालि. पुं० (पद्ममालिन्) विद्याधर वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of the Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४२;

पउमरह. पुं० (पद्मरथ) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of the Vidyadhar race. पउम० ५, ४३; (२) मथुरा नगरी के राजा जयसेन का पुत्र. A prince of Jayasena, king of Muttra. महा०

पउमसेण. पुं० (पद्मसेन) (२) नागकुमार जातीय एक देव का नाम. A god of Nagakumar caste. दीव०

पउमसेहर. पुं० (पद्मशेखर) पृथ्वीपुर नगर के एक राजा का नाम. A king of Prithvipur. धम्म० ७;

पउमा. स्त्री० (पद्मा) (१) एक विद्याधर कन्या का नाम. Name of a daughter of a Vidyadhar family. पउम० ६, २४; (२) रावण की एक पत्नी. A queen of Ravana. पउम० ७४, १०; (३) लक्ष्मी. Name of Lakshmi, the goddess of fortune (४) दूसरे बलदेव और वासुदेव की माताका नाम. Name of the mother of the second Baldeo and Vasudeo. (५) लेश्या विशेष. One of the six thought-tints. राज०

पउमाणण. पुं० (पद्मानन) एक राजा का नाम. Name of a king. उप० १०३१ टी;

पउमाभ. पुं० (पद्माभ) षष्ठ तीर्थंकर का नाम. Name of the sixth Tirthankar. पउम० १, २;

पउमिणी. स्त्री० (पद्मिनी) श्रेष्ठी की स्त्री का नाम. Name of a wife of a rich man. उप० ७२८ टी;

पउरव. पुं० (पौरव) पुरु नामक चन्द्र-वंशीय नृप का पुत्र. A prince of the king of the lunar race named Puru. संथ० ६;

पउरिस-पउरुस. पुं० (पौरुष) पुरुषत्व; पुरुषार्थ. Manliness; Heroism; Prowess. हे० १, १११; १६२; प्राय; संथ० ६;

पउरिस. त्रि० (पौरुषेय) पुरुष-कृत. Made or established by man. धर्मसं० ८६२;

पउल्ल. त्रि० (पक्व) पका हुआ. Cooked; Roasted. Ripe. पंचा० १;

पउविय. त्रि० (प्रकुपित) विशेष कुपित; क्रुद्ध. Very angry; Enraged; Incensed. महा०

पए. अ० (प्राक्) पहले; पूर्व. Before; Previously. 'कयं पए होइ' ओघ०४७ भा; "पत्ता पए व पत्ता' ओघ० १६८;

पएस. पुं० (प्रदेश) (१) परिमाण विशेष. A sort of measure. (२) छोटा भाग. A small part. राज०

पएसण. न० (प्रदेशन) उपदेश. Instruction; Advice. आया० चू० १;

पओग. पुं० (प्रयोग) (१) शब्द-योजना. Application of the words. भास० ६३; (२) प्रेरणा. Instigation. आ० १४; (३) शास्त्रार्थ; वादविवाद. Discussion; Controversy. —**कम्म०** न० (कर्मन्) मन आदि की चेष्टा से आत्म प्रदेशों के साथ बंधने वाला कर्म. The Karmic bondage with the soul procured by the mental movement. राज० —**करण.** न० (करण) जीव के व्यापार द्वारा होने वाला किसी वस्तु का निर्माण. Creation of any thing by the effort of living-being. विशे० —**फड्डय.** न० (स्पर्धक) मन आदि के व्यापार स्थान की वृद्धि द्वारा कर्म परमाणुओं में बढने वाला रस. A disposition to realise ones own self; A feeling to realise ones own deeds in their true perspective. कम्मप० २३;

पओगसा. अ० (प्रयोगेण) जीव-प्रयत्न से. By the effort of a living-being. पि० २६४;

पओजग. त्रि० (प्रयोजक) विनिश्चायक; निर्णायक; गमक. Decisive; Conclusive. What ascertains or determines. धर्मसं० १२२३;

पओरासि. पुं० (पयोराशि) समुद्र. A sea. सम्मत्त० १७४;

पओली. स्त्री० (प्रतोली) (१) नगर के भीतर का रास्ता A street; A main road; A principal street through a town. (२) नगर का दरवाजा. A gate of a city. पाश्र० सुपा० २६१; आ० १२;

पओवाह. पुं० (पयोवाह) मेघ; बादल. A cloud. पउम० ८, ४६; से० १, २४; सुर० २, ८५;

पओस. त्रि० (प्रदोष) प्रभूत दोषों से युक्त. Corrupt; Bad. से० २, ११;

पओहर. पुं० (पयोधर) (१) मेघ; बादल. A cloud. वज्जा० १००; (२) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०

पंक. पुं० न० (पङ्क) (१) पाप. Sin. (२) असंयम; इन्द्रिय वगैरः का अनिग्रह. Absence of control of the senses especially. निसी० चू० १; —**आवलिआ.** स्त्री० (आवलिका) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०

पंकिल. त्रि० (पङ्किल) कर्दम वाला. Muddy; Turbid; Dirty. आ० २८; गा० ७६६; कप्पू० कुप्र० १८७;

पंकेरुह. न० (पङ्केरुह) कमल; पद्म. Lotus. कप्पू० कुप्र० १४१;

पंख. पुं० (पक्ष) पन्द्रह दिन; पखवाड़ा. Fortnight. राज०

पंगुरण. न० (प्रावरण) वस्त्र; कपड़ा. A garment; Especially an upper garment. हे०१, १७५; कुमा० गा० ७८२;

पंचउल. न० (पञ्चकुल) पंचायत. An assembly of arbitration usually consisting of five persons; A jury. स० २२२;

पंचउलिय. पुं० (पञ्चकुलिक) पंचायत में बैठ कर विचार करने वाला. One who investigates in an assembly of

arbitration usually consisting of five persons. स० २२२;

पंचकप्प. पुं० (पञ्चकल्प) श्रीभद्रबाहु स्वामी कृत एक प्राचीन ग्रन्थ का नाम. An ancient volume composed by Bhadrabahu Swami. पंचभा०

पंचकल्लाणय. न० (पञ्चकल्याणक) (१) तीर्थंकर का च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण. Death, (of a heavenly or hellish deity) birth, initiation, omniscience and final emancipation of the Tirthankar. (२) काम्पिलपुर, जहां तेरहवें जिनदेव विमलनाथ के पांचों कल्याणक हुए थे Kampilpura where there bore five Kalyanaks of Jindeo Shree Vimal Nath ती० २४;

पंचकोट्ठग. पुं० (पञ्चकोष्ठक) पुरुष. Man. तंदु०

पंचग. त्रि० (पञ्चक) पांच (रूपया आदि) कीमत का. Costing five (rupees etc). दसनि० ३; १३;

पंचगव्व. न० (पञ्चगव्य) गौ के पांच पदार्थ दही, दूध, घृत, गोमय और मूत्र; पंचगव्य. The five products of the cow taken collectively, i.e. milk, curds, gheel urine and cow-dung. कप्पू०

पंचगाह. न० (पञ्चगाथ) गाथा-छंद वाले पांच पद्य. A(collection of five poems. कस०

पंचतित्थी. स्त्री० (पञ्चतीर्थी) पाँच तीर्थों का समुदाय. A collection of five holy places. धर्म० २;

पंचनाणि. त्रि०(पञ्चज्ञानिन्) मति,श्रुत,अवधि, मनः पर्यव और केवल इन पाँच ज्ञानों से युक्त; सर्वज्ञ.Omniscient;Having universal knowledge. सम्म० ६६;

पंचपव्वी. स्त्री० (पञ्चपर्वी) मास की दो अष्टमी, दो चतुर्दशी, और शुक्ल पंचमी ये पाँच तिथियाँ. Five lunar days *i. e.* two eigth days, two fourteenth days and one bright fifth day of the lunar-month. रयण० २६;

पंचपुंड त्रि० (पञ्चपुण्ड्र) पांच स्थानों में पुण्ड्र चिह्न वाला. Having the sectarial marks in five places. पिंडभा० ४३;

पंचबाण. पुं० (पञ्चबाण) कामदेव. Cupid; God of love. सुर० ४, २४६; कुमा०

पंचमधारा. (पञ्चमधारा) अश्व की एक तरह की गति. A kind of pace of the horse. महा०

पंचमुह.पुं०(पञ्चमुख) सिंह; पंचानन. A lion. उप० १०३१ टी;

पंचवत्थुग. न० (पञ्चवस्तुक) श्री हरिभद्रसूरि रचित ग्रन्थ विशेष. A volume composed by Acharya Haribhadra suri. पंचव० १,१;

पंचवयण. पुं० (पञ्चवदन) सिंह; मृगराज. A lion. सम्मत्त० १३८;

पंचसंगह. पुं०(पञ्चसंग्रह) श्री हरिभद्रसूरि कृत एक जैन ग्रन्थ. A volume composed by Acharya Haribhadrasuri. पंच० १;

पंचसमिय. त्रि० (पञ्चसमित) पाँच समितियों का पालन करने वाला.One who is careful in walking, talking, begging food, taking, leaving etc; One having five Samitis. सं० ८;

पंचसर. पुं० (पञ्चशर) कामदेव. Cupid; God of love. पाय० सुर० २, १३; सुपा० ६०; रंभा०

पंचसीस. पुं॰ (पञ्चशीर्ष) देव-विशेष. A kind of god. दीव॰

पंचसुत्तग. न॰ (पञ्चसूत्रक) श्री हरिभद्रसूरि निर्मित एक जैन ग्रन्थ. A Jaina volume composed by Acharya Haribhadrasuri. पंसू॰ १;

पंचसेल-ग. पुं॰ (पञ्चशैल-क) लवणोदधि में स्थित और पाँच पर्वतों से विभूषित एक छोटा द्वीप. A small island adorned by five mountains in the Lavana ocean. महा॰ बृह॰ ४;

पंचाउह. पुं॰ (पञ्चायुध) कामदेव. Cupid; God of love सया॰

पंचामय. न॰ (पञ्चामृत) ये पांच वस्तु– दही, दूध, घी, जल तथा सक्कर. The collection of five sweet things *i. e.* Curd, milk, Ghee, water and sugar. सिरि॰ २१८;

पंचाल. पुं॰ (पाञ्चाल) कामशास्त्र-प्रणेता एक ऋषि. A sage, author of the erotic science. सम्मत्त॰ १३७;

पंचालिआ. स्त्री॰ (पञ्चालिका) पुतली; काष्ठादि निर्मित छोटी प्रतिमा. A doll; A wooden puppet. कप्पू॰

पंचालिआ. स्त्री॰ (पाञ्चालिका) (१) द्रुपद-राज की कन्या; द्रौपदी. Name of Draupadi, princess of Drupada वेणी॰ १४८; (२) गान का एक भेद. A sort of song. कप्पू॰

पंचासग. न॰ (पञ्चाशक) श्री हरिभद्रसूरि कृत एक जैन ग्रन्थ. A Jaina volume composed by Acharya shree Haribhadra Suri. पंचा॰

पंचिया. स्त्री॰ (पञ्चिका) (१) पाँच की संख्या वाला. A collection of five. (२) पाँच दिन का. A collection of five days. वव॰ १;

पंचेसु. पुं॰ (पञ्चेषु) कामदेव; कंदर्प. Cupid; God of love. कप्पू॰ रंभा॰

पंछि. पुं॰ (पक्षिन्) पक्षी; पखी. A bird. उप॰ १०३१ टी;

पंजर. पुं॰न॰ (पञ्जर) (१) आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक आदि मुनि गण. A collection of saints, viz. Acharya, Upadhyaya, Pravartaka etc. (२) उन्मार्ग-गमन-निषेध; सन्मार्ग-प्रवर्तन. Going towards the right path. (३) स्वच्छन्दता-प्रतिषेध. Prohibition of wantonness. वव॰ १;

पंजरिय. त्रि॰ (पञ्जरित) पिंजरे में बँद किया हुआ. Caged; Confined. गउड॰

पंजल. त्रि॰ (प्राञ्जल) सरल ; सीधा. Straightforward; Candid ; Sincere सुपा॰ ३६४; वज्जा॰ ३०;

पंड. त्रि॰ (पाण्डय) देश विशेष में उत्पन्न. Born in particular country. कप्पू॰

पंडर. पुं॰ (पाण्डर) (१) क्षीरवर नामक द्वीप का अधिष्ठाता देव. A presiding god of the Kshirvar island. राज॰ (२) श्वेत वर्ण; सफेद रंग. White colour. (३) त्रि॰ श्वेत वर्ण वाला; सफेद. Whitish; Pale-white. कप्प॰ —भिक्खु. पुं॰ (भिक्षु) श्वेताम्बर जैन संप्रदाय का मुनि. A Shwetambar Jain saint. स॰ ४४२;

पंडिअमाणि. त्रि॰ (पाण्डित्यमानिन्) पंडिताई का अभिमान रखने वाला. Fancying oneself to be learned ; A conceited person. चेइय॰ ११;

पंडु. पुं॰ (पाण्डु)(१) नृप विशेष; पाण्डवों का पिता. Name of the father of the Pandavas. उप॰ ६४८ टी; सुपा॰ २७०;

(२) रोग विशेष; पाण्डु रोग. Jaundice; A kind of disease. —तणय. पुं० (तनय) पाण्डुराज का पुत्र; पाण्डव. A son of Pandu. गउड० ४८५;

पंडुय. पुं० (पाण्डुक) (१) सर्प की एक जाति. A kind of serpent. आया० चू० १;

पंडुर. पुं० (पाण्डुर) (१) श्वेत वर्ण; सफेद रंग. The white colour. (२) पीत-मिश्रित श्वेत वर्ण. The yellowish-white colour. कप्प० उव०

पंडुरज्जा. स्त्री० (पाण्डुरार्या) एक जैन साध्वी का नाम. Name of a Jain female saint. आवम०

पंडुरत्थिय. पुं० (पाण्डुराश्थिक) एक गांव का नाम. Name of a village. आया० चू० १;

पंत. त्रि० (प्रान्त) जीर्ण; फटा-टूटा. Torn; Tattered. बृह० २; (२) दरिद्र; निर्धन. Poor; Indigent. ओघ० ११;

पंति. स्त्री० (पङ्क्ति) सेना-विशेष; जिसमें एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े और पांच पदाती हों ऐसी सेना. A kind of army consisted of one elephant, one chariot three horses and five foot soldiers. पउम० ५६, ४;

पंथ. पुं० (पान्थ) पथिक; मुसाफिर. A traveller. हे० १, ३०; अच्चु० ७४;

पंफुल्ल. त्रि० (प्रफुल्ल) विकसित. Blooming; Blossomed. पिंग०

पंसण. त्रि० (पांसन) कलङ्कित करने वाला; दूषण लगाने वाला. Disgracing; Dishonouring; Defiling. हे० १, ७०; सुपा० ३४५;

पंसु. पुं० (पशु) कुठार. An axe; A hatchet. हे० १, २६;

पंसुमूलिय. पुं० (पांशुमूलिक) मनुष्य-विशेष. A Vidyadhar. राज०

पंसुल. पुं० (पांसुल) (१) पुंश्चल; परस्त्री-लम्पट. A profligate or licentious person. गा० ५१०; ५११; (२) त्रि० धुलि-युक्त. Dusty; Covered with dust. गउड०

पंसुला. स्त्री० (पांसुला) कुलटा; व्यभिचारिणी स्त्री. An unchaste or licentious woman. कुमा०

पंसुलिअ. त्रि० (पांसुलित) धूलि युक्त किया हुआ. Dusty. गउड०

पंसुली. स्त्री० (पांसुली) कुलटा; व्यभिचारिणी स्त्री. An unchaste or licentious woman. पाअ० सुर० १५, २; हे० २, १७९;

पकंपण. न० (प्रकम्पन) कम्प; कांपना. Trembling; Shivering. आव० ४;

पकंपिअ. त्रि० (प्रकम्पित) प्रकम्प-युक्त; कौंपा हुआ. Trembled; Shaken. आव० २;

पकंपिर. त्रि० (प्रकम्पितृ) कांपने वाला. Shaking; Trembling. उप० पृ० १३२;

पकड्ढण. न० (प्रकर्षण) आकर्षण; खींचाव. The act of drawing away; Attracting. निसी चू० २०;

पकप्प. पुं० (प्रकल्प) (१) अपवाद; बाधक नियम. An exception. उप० ६७७ टी; निसी० चू० १; (२) कल्पना. Imagination; Thought. निसी० चू० १; (३) प्ररूपणा. Explanation. (४) विच्छेद; प्रकृष्ट छेदन. Destruction; Ruin. निसी० चू० १; (५) जैन साधुओं का एक प्रकार का आचार; स्थविर-कल्प. A kind of conduct of Jain saints. पंचभा० —जइ. पुं० (यति) निशीथ अध्ययन का जानकार साधु. A saint, learned of Nishith chapter. धर्म० १; —धर. त्रि० (धर) निशीथ अध्ययन का जानकार. A knower of Nishitha chapter. निसी० चू० २०;

पकप्पणा. स्त्री० (प्रकल्पना) (१) कल्पना. Imagination. चेइय० १४१; अज्ज० १४२; (२) प्ररूपणा; व्याख्या. Explanation; Exposition. निसी० चू० १;

पकप्पधारि. त्रि० (प्रकल्पधारिन्) निशीथ सूत्र का जानकार. Learned of Nishitha Sutra. वव० १;

पकप्पि. त्रि० (प्रकल्पिन्) निशीथ सूत्र का जानकार. A knower of the Nishitha Sutra. वव० १;

पकप्पिअ. त्रि० (प्रकल्पित) (१) संकल्पित. Thought; Resolved; Willed. प्र०२; (२) निर्मित. Made. महा०(३) काटा हुआ. Cut; Rent. अज्ज० १०२;

पकय. त्रि० (प्रकृत) प्रवृत्त; कार्य में लगा हुआ. Engrossed into; Engaged in. उप० ६२०;

पकहिअ. त्रि० (प्रकथित) जिसने कहने का प्रारम्भ किया हो वह. Began to speak. उप० १०३१ टी; वसु०

पकित्तिअ. त्रि० (प्रकीर्तित) वर्णित. Described; Represented. श्रु० १०८;

पकिरण. न० (प्रकिरण) देने के लिए फेंकना. To throw for giving. वव० १;

पकूविअ. त्रि० (प्रकूजित) ऊंचे स्वर से चिल्लाया हुआ. Voiced loudly. उप० पृ० ३३२;

पकोव. पुं० (प्रकोप) गुस्सा; क्रोध. Wrath; Anger. आ० १४;

पक्कंत. त्रि० (प्रक्रांत) प्रस्तुत; प्रकृत. Under discussion; Taken in hand. कुमा० २७;

पक्कन्न. न० (पक्वान्न) केवल घी में बनी हुई वस्तु; मिठाई आदि. Sweetmeat. सुपा० ३८७;

पक्कम. पुं० (प्रक्रम) प्रस्ताव; प्रसंग. Proceeding; Course. सुपा० ३७४;

पक्काइय. त्रि० (पक्वीकृत) पकाया हुआ. Cooked. वज्जा० ६२;

पक्ख. पुं० (पक्ष) (१) तरफ; ओर. A side; A wing. (२) मित्र; सखा. A friend. (३) तरफदार. One belonging to any party. (४) तीर का पंख. Feather of an arrow. हे० २, १४७; (५) तरफदारी. Partisanship; Taking up a side. वव० १; —आवडिअ. त्रि० (आपतित) पक्षपाती. Partiality. हे० ४, ४०१; —आवाइया. स्त्री० (आवापिका) होम विशेष. A kind of sacrifice. स० ७५७; —वाइल्ल. त्रि० (पातिन्) पक्षपात करने वाला. Partial. उप० ७२८ टी; धम्म० १ टी; —वाय. पुं० (वाद) पक्ष-संबन्धी विवाद. An exparte statement; Stating a case उप० पृ० ३१२;

पक्खंत. न० (पक्षान्त) पांच में से अन्यतर इन्द्रिय. Any of the five senses. निसी० चू० ६;

पक्खर. पुं० (प्रक्षर) क्षरण; टपकना. Oozing; Droping. कर्पूर० २६;

पक्खरिअ. त्रि० (संनद्ध) कवचित; संनद्ध; कवच से सज्जित. Clad in armour; encoutred; Mailed. सुपा० ५०२; कुम्र० १२०; भवि०

पक्खवंत. त्रि० (पक्षवत्) तरफदारी वाला, Siding with or adhering to a party; Partial. वव० १;

पक्खाउज्ज. न० (पक्षातोद्य) पखावज; एक प्रकार का बाजा. A kind of musical instrument. कप्पू०

पक्खाय. त्रि० (प्रख्यात) प्रसिद्ध; विश्रुत. Famous; Notorious. प्राकृ०

पक्खिअआपक्खिअ. पुं० (पाक्षिकापाक्षिक)

नपुंसक-विशेष; जिसको एक पक्ष में तीव्र विषयाभिलाष होता हो और एक पक्ष में अल्प ऐसा नपुंसक. A sort of impotent person. पुप्फ० १२७;

पक्खिनाह. पुं० (पक्षिनाथ) गरुड पक्षी. Name of the king of birds. धर्मवि० ८४;

पक्खीण. त्रि० (प्रक्षीण) अत्यंत क्षीण. Decayed; Wasting. महा०

पक्खोडण. न० (शदन) धूनन; कंपाना. Trembling. कुमा०

पक्खोडिअ. त्रि० (शदित) निर्शाटित; झाड़ कर गिराया हुआ. Thrown down; Cut down. पाअ०

पखल. त्रि० (प्रखर) प्रचण्ड; तीव्र. Very pungent; sharp. प्राप्र०

पगइ. स्त्री० (प्रकृति) (१) प्रकृत अर्थ, प्रस्तुत अर्थ. The matter or subject in hand. विशे० २५०२; (२) सत्व, रज और तम की साम्यावस्था. Natural condition of Satva, Rajas, and Tamas. (३) पुं० बलदेव के एक पुत्र का नाम. A son of Baladeo. राज०

पगडीकय. त्रि० (प्रकटीकृत) व्यक्त किया हुआ. Manifested; Displayed. सुपा० १८१;

पगब्भ. त्रि० (प्रगल्भ) समर्थ. Daring; Brave; Intrepid. उप० २६४ टी;

पगब्भा. स्त्री० (प्रगल्भा) भगवान् पार्श्वनाथ की एक शिष्या. A female disciple of Lord Parshvanatha. आवम०

पगय. पुं० (प्रकृत) गांव का अधिकारी. A chief of a village. प्रव० २६८;

पगय. त्रि० (प्रगत) (१) प्राप्त Obtained; Gained. (२) जिसने गमन करने का प्रारम्भ किया हो. Gone forth or forward. सुपा० २३५; (३) संगत. Appropriate; Proper. श्रावक० १८६;

पगर. पुं० (प्रकर) समूह; राशि. A heap; A multitude. सुपा० ६५५;

पगरिसण. न० (प्रकर्षण) (१) उत्कर्ष; श्रेष्ठता. Excellence; Superiority. (२) आधिक्य; अतिशय. Excess; Abundance; Preponderance. यति० ११;

पगहिय. त्रि० (प्रगृहीत) ग्रहण किया हुआ; उपात्त. Held forth or out. सुर० ३, १६७;

पगाइय. त्रि० (प्रगीत) जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो. One who began to sing. स० ७३६;

पगार पुं० (प्रकार) (१) रीति Manner; Mode. 'एएण पगारेण सव्वं' महा०

पगास. पुं० (प्रकाश) (१) प्रसिद्धि; ख्याति. Fame; Renown. (२) आविर्भाव; प्रादुर्भाव. Becoming visible or manifest. राज०

पगासणया. स्त्री० (प्रकाशन) प्रकाश; आलोक. Light; lustre; brightness. ओघ० ५५०;

पगासय. त्रि० (प्रकाशक) प्रकाश करने वाला. Disclosing evincing. विशे० ११५५;

पगिट्ठ. त्रि० (प्रकृष्ट) प्रधान; मुख्य. Chief; principal. सुपा० ७७;

पगीअ. त्रि० (प्रगीत) (१) गाया हुआ. Sung. पउम० ३७, ४८;

पग्गह. पुं० (प्रग्रह) (१) उपधि; उपकरण. Material; means. ओघ० ६६६; (२) लगाम. Rein; bridle. से० ६, २७; १२, ६६;

पघंसण. न० (प्रघर्षण) पुनः पुनः घर्षण. Restless-friction. निसी० चू० ३;

पघोस. पुं० (प्रघोष) उद्घोषणा. Proclamation; public announcement. भवि०

पघोसिय. त्रि० (प्रघोषित) घोषित किया हुआ. उच्च स्वर से प्रकाशित किया हुआ. Declared; announced; proclaimed. भवि०

पचंकमावणा. न० (प्रचङ्क्रमण) पांव से संचारण; पांव से चलाना. Moving or going about; walking. ओघ० १०५ टी०

पचार. पुं० (प्रचार) विस्तार; फैलाव Prevalence. मोह० २०;

पचिय. त्रि० (प्रचित) समृद्ध. Prosperous; flourishing. स्वप्न० ६१;

पचुण्णिय. त्रि० (प्रचूर्णित) चूर चूर किया हुआ. Pounded; pulverized; shattered to pieces. सुर० २, ८७;

पचेलिम. त्रि० (पचेलिम) पक्क; पका हुआ. Ripe; cooked. सुपा० ८३;

पच्चंगिरा. स्त्री० (प्रत्यङ्गिरा) विद्यादेवी-विशेष. Goddess of the science of magic. सुपा० ३०६;

पच्चंत. पुं० (प्रत्यन्त) अनार्य देश. An Anaryan country. प्रयौ० ११;

पच्चक्ख. त्रि० (प्रत्यक्ष) प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय. Perceptible; visible. सुर० १, १७१;

पेक्खा. स्त्री० (प्रेक्षा) निरीक्षण, अवलोकन, देखना. Viewing, beholding. पउम० ७२, २६.

पेच्छ. त्रि० (पेक्ष) द्रष्टा, दर्शक. Spectator. 'अपरमत्थपेच्छो' स० ७१५.

पेच्छय. त्रि० (प्रेक्षक) द्रष्टा, निरीक्षक. Spectator, beholder. पउम० ८६, ७१; स० ३६१; गा० ४६८.

पेच्छि. त्रि०(प्रेक्षिन्) प्रेक्षक, द्रष्टा. Spectator, On-looker. चेइय० १०६; गा० २१४.

पेच्छिअ. त्रि० (प्रेक्षित) (१) निरीक्षित, अवलोकित. Viewed, beheld. कुमा० (२) न० निरीक्षण, अवलोकन. A look, a glance. सुर० १२, १८३, गा० २२५.

पेच्छिर. त्रि० (प्रेक्षिन्) निरीक्षक, द्रष्टा. Spectator, beholder. गा० १७४; ३७१.

पेज्ज. त्रि० (प्रेज्य) पूज्य, पूजनीय. Respectable. राज०

पेडक-य. न० (पेटक) समूह, यूथ. A collection, multitude. 'नडपेडकसंनिहा जाण' संबोध० १५; सुपा० ५४६; सिरि० १६३; महा०

पेडावइ. पुं० (पेटकपति) यूथ का नायक. A leader of a multitude. सुपा० ५४६.

पेडिआ. स्त्री० (पेटिका) मञ्जूषा. Box. मुद्रा० २४०.

पेढाल. त्रि० (पीठवत्) पीठ-युक्त. Having a back. गउड०

पेढाल. पुं० (पेढाल) (१) ग्यारह रुद्र पुरुषों में से दसवां. The tenth of eleven Rudras. विचार० ४७३; (२) एक ग्राम जहां भगवान् महावीर का विचरण हुआ था. A city, visited by Lord Mahavira. 'पेढालग्गाममागओ भयवं' आवम०; (३) न० एक उद्यान. Garden. 'तीसे बाहिं पेढालं नाम उज्जाणं', आव० १.

पेढिया. स्त्री० (पीठिका) ग्रन्थ की भूमिका, प्रस्तावना. Preface. वसु०

पेमालुअ. त्रि० (प्रेमिन्) प्रेमी, अनुरागी. Loving, affectionate. उप० ९८६ टी.

पेम्मा. स्त्री० (प्रेमा) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०.

पेरग. त्रि० (प्रेरक) प्रेरणा करने वाला, पूर्वपक्षी. Instigator. धर्मसं० ५८७.

पेरणा. स्त्री० (प्रेरणा) प्रेरणा. Impelling, inciting, instigation. सम्मत्त ० ११७.

पेरिश्र. त्रि० (प्रेरित) जिसको प्रेरणा की गई हो. Incited, instigated, impelled. दे० ८, १२; भवि०,

पेल्लिअ. त्रि० (पीडित) पीडित. Afflicted, pained. दे० ६, ५७; महा०

पेस. त्रि० (प्रेष्य) भेजने योग्य. Deserving to be sent. हे० २, ६२.

पेसण. न० (प्रेषण) आज्ञा, आदेश. Command, order. से० ३, ५४.

पेसणा. स्त्री० (पेषण) पीसना, पेषण. Pounding, pulverizing. उप०५६७,टी.

पेसविअ. त्रि० (प्रेषित) भेजवाया हुआ, प्रस्थापित. Sent. पाअ० उप० पृ० ५८.

पेसाय. त्रि० (पैशाच) पिशाच-सम्बन्धी. Demoniacal, infernal. बृह० २.

पेसिआर. पुं० (प्रेषितकार) नौकर, भृत्य, कर्मकर. Servant. पउम० ६, ३५.

पेहाविय. त्रि० (प्रेक्षित) दर्शित, दिखलाया हुआ. Shown, displayed. उप०पृ०३८८.

पेहि त्रि० (प्रेक्षिन्) निरीक्षक. Spectator. वव०

पोअ. त्रि० (प्रोत) पिरोया हुआ. Pierced, transfixed. दे० १, ७६.

पोअण. न० (प्रोतन) पिरोना, गुम्फन. Piercing, transfixing. आवम०.

पोअणा. स्त्री० (प्रोतना) पिरोना. Piercing. transfixing. उप० ३५६.

पोइय. त्रि० (प्रोत) पिरोया हुआ. Pierced, transfixed. दे०७, ४४; उप०, पृ० १०६; पाअ०

पोंडरीअ-ग. न० (पौण्डरीक) गणित-विशेष, रज्जु गणित. A kind of mathematics. सूयनि० १५४.

पोकण. न० (पूत्करण-व्याहरण) (१) पुकार, आह्वान. Calling aloud. (२) पुकारने वाला. One who calls. कुमा०

पोक्करिय. त्रि० (पूत्कृत) पुकारा हुआ. Called out, cried aloud. सुर० ६, १६४; (२) पुकार. Loud cry. दंस० ३.

पोक्खर. न० (पुष्कर) (१) जल, पानी. Water. (२) पद्म-कोष. The calyx of a lotus. (३) हाथी की सूण्ड का अग्र भाग. The tip of an elephant's proboscis. (४) आपण, दुकान. Shop. (५) असि-कोष, तलवार की म्यान The sheath of a sword. (६) मुख, मुंह. Mouth. (७) कुष्ठ रोग की औषधि. Medicine. (८) द्वीप-विशेष. Name of an island. (९) युद्ध, लड़ाई. War, battle. (१०) शर, बाण. Arrow. (११) आकाश. Sky. 'पोक्खरं' हे० १, ११६; २, ४; संक्षि० ४; (१२) नाग-विशेष. A big serpent. (१३) रोग-विशेष. disease. (१४) सारस पक्षी. The crane or swan. (१५) एक राजा का नाम. King; (१६) पर्वत-विशेष. Mountain; (१७) वरुण-पुत्र. Son of god Varuna. 'पोक्खरो' प्राम०

पोच्छाहण. न० (प्रोत्साहन) उत्तेजन. Excitement, instigation. वेणी० १०५.

पोच्छाहिअ. त्रि० (प्रोत्साहित) विशेष उत्साहित किया हुआ, उत्तेजित. Incited, instigated. सुर० १३. २६.

पोट्ट. पुं० (पुत्र) लड़का. Son. 'चारभड पोट्टेण' वव० १ टी.

पोट्टिल. पुं० (पोट्टिल) एक जैन मुनि. A Jain saint. पउम० २०, २१.

पोट्टिस. पुं० (पोट्टिस) एक कवि का नाम. Name of a poet. कप्पू०.

पोढ. त्रि० (प्रौढ) (१) समर्थ. Powerful, strong. पाअ०; (२) निपुण, चतुर. Quickwitted, skilful. (३) प्रगल्भ. Bold, confident. उप० पृ०८६; रंभा०

—वाय. पुं० (वाद्) प्रतिज्ञा-पूर्वक-प्रत्याख्यान. An emphatic assertion. गा० ४२२.

पोढा. स्त्री० (प्रौढा) (१) तीस से पचपन वर्ष तक की स्त्री. A woman of advanced age. कुम० १८४. (२) नायिका का एक भेद. One of the four principal female characters in poetic compositions. प्राकृ०१०.

पोढि. स्त्री० (प्रौढि) प्रौढता, प्रौढपन. Full growth or development. कुम०४०७.

पोढिम. पुं० स्त्री० (प्रौढिमन्) प्रौढता, प्रौढपन. Full growth. मोह० २.

पोत्त. न० (पोत) प्रवहण, नौका. Boat, barge. 'तेण पोत्ताणि' उप० ४६७ टी.

पोत्तिआ. स्त्री० (पौत्रिका) पुत्र की लड़की. Grand daughter. रंभा०

पोत्थिया. स्त्री० (पुस्तिका) पोथी, पुस्तक. Book. 'पोत्थियावलगगहत्था' काल०

पोप्फल. न० (पुगफल) सुपारी. Nuts. हे० १, १७०; कुमा०

पोप्फली. स्त्री० (पुगफली) सुपारी का पेड़. Tree of nuts. हे० १, १७०, कुमा०

पोमाढ. पुं० (पद्माट) पमाड़, पमार, चकवड़ का पेड.One of the species of trees. स० १४४.

पोमावई. स्त्री० (पद्मावती) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०.

पोर. पुं० (पुतर) जल में होने वाला क्षुद्र-जन्तु. Watery-insects. हे० १, १७०; कुमा०

पोरव. पुं० (पौरव) राजा पुरु की संतान. Descendants of king Puru. अभि० ६४.

पोरवाड. पुं० (पौरवाट) एक जैन श्रावक कुल. A lineage of Jain Shravakas. ती० २.

पोराण. त्रि० (पौराण) (१) पुराण-सम्बन्धी. Relating to the Puranas. (२) पुराण शास्त्र का ज्ञाता. Versed in puranic tales. राज०

पोरिस. न० (पौरुष) (१) पुरुषत्व, पुरुषार्थ. Manliness, exertion. प्रासू० १७; (२) पराक्रम. Heroism, valour. कुमा०

पोरिस. त्रि० (पौरुषेय) पुरुष-जन्य, पुरुष प्रणीत. Derived from a man, made or propounded by a man. धर्मसं० ८६२ टी.

पोलिआ. स्त्री० (पौलिका) खाद्य-विशेष, पूरी. Puri, or a loaf fried in butter or ghee. उप० ७२८ टी; राज०

पोह. पुं० (प्रोथ) अश्व के मुख का प्रान्त भाग. The nose or nostrils of a horse. गउड०

फ

फ. पुं० (फ) ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular labiale consonant. प्राप्र०

फंद. पुं० (स्पन्द) किञ्चित् चलन. Tremor, vibration. षड्० सण०

फंदणा. स्त्री० (स्पन्दना) किञ्चित् चलन. Tremor, vibration. सूयनि० ८ टी.

फंस. पुं० (स्पर्श) स्पर्श, छुआवट. Touch. पाअ० प्राप्र० प्राकृ० २७; गा० २६६.

फंसण. न० (स्पर्शन) छूना, स्पर्श करना. Touching. उप० ५३० टी; धर्मवि० ४३; मोह० २६.

फंसण. त्रि० (पांसन) अपशद, अधम. Low, mean, wicked. 'कुलफंसणो' सुख० २, ६; स० १६८; भवि०

फक्किया. स्त्री० (फक्किका) ग्रन्थ का विषम

स्थान, कठिन स्थान. Seat of the sacred books, a difficult position. सर० ११, २४७.

फग्गु. त्रि० (फल्गु) असार, निरर्थक, तुच्छ. Useless, vain. सुर० ८, ३; संबोध० ११; गा० ३११ अ०

फग्गुण. पुं० (फाल्गुन) अर्जुन, मध्यम पाण्डु पुत्र०. Arjuna, the third Pandava. वज्जा०१३०.

फग्गुरक्खिय. पुं० (फल्गुरक्षित) एक जैन मुनि. A Jaina saint. आव० १.

फग्गुसिरि. स्त्री० (फल्गुश्री) इस अवसर्पिणी काल के पंचम आरे में होने वाली अन्तिम जैन साध्वी. Name of the last female saint present at the end of the fifth era of Avasarpini. विचार० ५३४.

फडाल. त्रि० (फटावत्) फन वाला. Having a hood. हे० २, १५६; चंड०

फडिअ. त्रि० (स्फटित) खोदा हुआ. Dug. 'फडिया फडत्ति', सुपा० ६१३.

फडिह. पुं० (परिघ) (१) अर्गला, आगल. A wooden bolt. से० १३, ३८; (२) कुठार. Axe, hatchet. से० ५, ५४.

फणि. पुं० (फणिन्) (१) दो कला या एक गुरु अक्षर की संज्ञा. A sign of a word of two syllables. पिंग०; (२) प्राकृत पिंगल का कर्ता, पिंगलाचार्य. Pingalacharya, author of Prakrit prosody. पिंग०

फणिंद. पुं० (फणीन्द्र) पिङ्गलकार. The author of Pingala. पिंग०

फणिपहु. पुं० (फणिप्रभु) (१) नागकुमार देवों का एक स्वामी, धरणेन्द्र. Dharanendra, lord of Nagakumar gods. ती० ३; (२) शेष नाग. An epithet of the serpent demon Sesha. धर्मवि० ५७.

फणिराय. पुं० (फणिराज) (१) शेष नाग. King of serpents, a ruling dynasty was also known by this name in ancient India. कुम्र० २७२.(२)पिंगल-कर्ता. The author of Pingala. पिंग०

फणिलआ. स्त्री० (फणिलता) नाग-लता. वल्ली विशेष. An insect. कप्पू०

फणिवइ. पुं० (फणिपति) (१) इन्द्र विशेष, धरणेन्द्र. Dharanendra. सुपा० ३१; (२) नाग राज. The serpent-king. मोह० २६; (३) पिङ्गलकार. The author of Pingala. पिंग०

फणिसेहर. पुं० (फणिशेखर) प्राकृत पिङ्गल का कर्ता. The author of Prakrit prosody. पिंग०

फद्ध. पुं० (स्पर्ध) स्पर्धा, हिर्स. Emulation, rivalry. कुमा०

फद्धा. स्त्री० (स्पर्धा) स्पर्धा, हिर्स. Rivalry, competition. दे० ८, १३; कुमा० ३ १८.

फद्धि. त्रि० (स्पर्धिन्) स्पर्धा करने वाला. Rivalling, emulating. प्राकृ० २३,

फरअ. पुं० न० (स्फरक) अस्त्र-विशेष. A kind of missile. 'फरएहिं छाइऊणं' धर्मवि० ८०.

फरिसिय. त्रि० (स्पृष्ट) छुआ हुआ. Touched. कुम्र० ११; ४२.

फल. पुं० न० (फल) (१) उद्देश्य. Intention. (२) प्रयोजन. Aim, purpose. (३) त्रिफला. A particular medicine. (४) जायफल. Nutmeg. (५) बाण का अग्रभाग. The point or head of an arrow. (६) फाल. Ploughshare,

crop, produce. (७) दान. Gift, alms. (८) मुष्क, अण्डकोष. Testicles. (९) ढाल. Shield. (१०) कक्कोल, गन्ध द्रव्य-विशेष. A fragrant substance. हे० १, २३.

फलण. न०(फलन) फलना. Fructifying. सुपा० ६.

फलहिआ-फलही. स्त्री० (फलहिका-फलही) काठ आदि का तख्ता. A board, plank. ती० ११; सुर० १, १५१.

फलावह. त्रि० (फलावह) फलप्रद, फल को धारण करने वाला. Bearing fruits. पउम० १४, १४.

फलिअ. त्रि० (फलित) विकसित. Blown, blossomed. 'फुडिअं फलिअं' पाअ०

फलिणी. स्त्री० (फलिनी) प्रियंगु वृक्ष. A creeper. दे०१,३२; ६, ४६; पाअ० कुमा० गा० ६६३.

फलिह. पुं० (परिघ) (१) अस्त्र विशेष, लोहे का मुगदर आदि अस्त्र. An iron club. (२) गृह, घर. House. (३) काच-घट. A glass pitcher. (४) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक योग. An astrological conjunction. हे० १, २३२; प्राप्र०

फलिह. पुं० (स्फटिक) एक विमानावास, देव विमान विशेष. A celestial aeroplane. देवेन्द्र० १३२; इक०; (२) कुण्डल पर्वत का एक कूट. A summit of the mount Kundala. (३) रुचक पर्वत का एक शिखर. A summit of the mount Ruchaka. राज०;—गिरि. पुं० (गिरि) कैलाश पर्वत. Name of a mountain. पाअ०

फलिहंस. पुं० (फलिहंसक) वृक्ष विशेष. A kind of a tree. दे० ४, १२.

फली. स्त्री० (फली) काठ आदि की छोटी तख्ती. A small wooden stab. सुपा० ३८५.

फल्ल. त्रि० (फल्य) सूत का वस्त्र, सूती कपड़ा. A cotton garment. बृह० १.

फाय. त्रि० (स्फीत) (१) वृद्ध. Old, aged. (२) विस्तीर्ण. Expanded. (३) ख्यात. Famous, renowned. विशे० २५०७.

फार. त्रि० (स्फार) (१) प्रचुर, बहुत. Numerous, copious. धर्मवि० ५५; (२) विशाल, विपुल. Vast; (३) विस्तृत, फैला हुआ. Spread. सुर० २, २३६; काप्र०१७०; सुपा० १६४; कुप्र० ५१.

फारक्क. त्रि० (स्फारक) स्फरकास्त्र को धारण करने वाला. One who undertakes travells. 'फारक्का नमुद्दवयणओ' धर्मवि० ८०.

फाला. स्त्री० (फाला) फलाङ्ग, लांफ. Leap, jump. कुप्र० २७८; कुलक० ३२.

फालिहद्द पुं० (पारिभद्र) (१) फरहद का पेड़. A particular tree; (२) देवदारु का पेड़. A Devadar tree. (३) निम्ब का पेड़. A Nim tree. हे० १, २३२.

फास. पुं० न० (स्पर्श) (१) रोग. Disease. (२) ग्रहण. Holding. (३) युद्ध, लड़ाई. War, battle. (४) गुप्तचर, जासूस. detective. (५) वायु, पवन. Air, wind. (६) दान. Donation. (७) 'क' से लेकर 'म' तक के अक्षर. A consonant of any of the five classes of letters, (from क to म). (८) स्पर्श करने वाला. Touching. हे० २, ९२.

फासकीव. पुं० (स्पर्शक्लीब) क्लीब का एक भेद. A kind of an impotent person. निशी० चू० ४.

फासणया-फासणा. स्त्री० (स्पर्शना) (१) स्पर्श-क्रिया. Touching. ठा०६; स०१५६; जीवस० १८१; (२) प्राप्ति. Acquisition, obtaining. राज०

फासिअ. त्रि० (स्पर्शिक) स्पर्श करने वाला, One who touches. विशे० १००१.

फासिअ. त्रि० (स्पृष्ट) प्राप्त. Obtained, acquired. 'फासियं तयं', प्रव० ४.

फासिअ. त्रि० (स्पर्शित) (१) स्पर्श-युक्त, स्पृष्ट. Touched. (२) प्राप्त. Obtained, acquired. प्रव० ४.

फिट्ट. त्रि० (भ्रष्ट) विनष्ट. Destroyed, perished, 'न फिट्टा' गा० ६३; भवि०

फिरिय. त्रि० (गत) गया हुआ. Gone. 'अग्गओ फिरिया' धर्मवि० १३६.

फुंकार. पुं० (फुङ्कार) फुफकार, कुपित सर्प आदि की आवाज. Hissing of an angry serpent. सुर० २, २३७.

फुक्कार. पुं० (फूत्कार) फुफकार. फूं फूं की आवाज. Hissing. कुप्र० ४८; सण०

फुक्किय. त्रि० (फूत्कृत) फुफकारा हुआ, Hissed. आव० ४.

फुट्टण. न० (स्फुटन) (१) फूटना, टूटना. Breaking, bursting. कुप्र० ४१७. (२) फूटने वाला, विदीर्ण होने वाला. Rending, tearing. हे० ४, ४२२.

फुट्टिअ. त्रि० (स्फुटित) विदारित. Burst, broken open. 'फुट्टिअमोहो' कुमा० ७, ६४.

फुट्टिर. त्रि० (स्फुटितृ) फूटने वाला. Breaking open, bursting forth. सण०

फुडिअ. त्रि० (स्फुटित) विकसित, खिला हुआ. Budded, blown. पाअ० गा० ३६०.

फुडिआ. स्त्री० (स्फोटिका) छोटा फोड़ा, फुनसी. A small tumor. सुपा० १३८.

फुरण. न० (स्फुरण) स्फूर्ति. Throbing, trembling. सुपा० ६; वज्जा० ३४; सम्मत्त० १६१.

फुरिअ. त्रि० (स्फुरित) (१) कम्पित, हिला हुआ, फरका हुआ, चलित. Trembled, shaken. दे० ६, ८४; सुर० ५, २२६; गा० १३७; (२) दीप्त. Glittering, shining. दे० ६, ८४.

फुल्ल. न० (फुल्ल) (१) फूल, पुष्प. Flower. कुमा० धर्मवि० २०; सम्मत्त० १४३; दसनि० १; —**मालिया.** स्त्री० (मालिका) फूल बेचने वाली, मालाकार की स्त्री. A flower-girl. सुर० ३, ७४.

फुल्लंधय. पुं० (फुल्लन्धय-पुष्पन्धय) भ्रमर, भमरा. Wasp. उप० ८८६ टी.

फुल्लण. न० (फुल्लन) विकास. Blowing, expanding. वज्जा० १५२.

फुल्लविय-फुल्लाविय. त्रि० (फुल्लित) फुलाया हुआ. Blown, expanded. सम्मत्त० १४०; विक्र २३.

फुल्लिअ. त्रि० (फुल्लित) पुष्पित, विकसित. Blown, Blossomed. स० ३०३; सम्मत्त० १४०; २२७.

फुल्लिम. पुं० स्त्री० (फुल्लता) विकास, फूलन. Blowing, expanding. 'फुल्लिमसमए विकालिमा', सुर० ३, ४४.

फुल्लिर. त्रि० (फुल्लितृ) फूलने वाला, प्रफुल्ल. Blowing, expanding, blossoming. सम्मत्त० २१४.

फुसिअ. त्रि० (मृष्ट) पोंछा हुआ. Cleansed, purified. उप० पृ० ३४५; सुपा० २३१; कुप्र० २३१.

फुसिय. त्रि० (भ्रमित) घुमाया हुआ. Moved round. कुमा० ७, ४.

फूमिय. त्रि० (फूत्कृत) फूंका हुआ. Blown. उप० पृ० १४१.

फेक्कार. पुं० (फेत्कार) (१) शृगाल की आवाज. A howl. सुर० ६, २०४; (२) आवाज, चिल्लाहट. A shriek. कप्पू०

फेक्कारिय. न० (फेत्कारित) देखो 'फेक्कार' शब्द. Vide फेक्कार. स० ३७०.

फेडण. न० (स्फेटन) (१) विनाश. Destruction. (२) अपनयन. Carrying, Taking away. प्रव० १३५.

फेडणया. स्त्री० (स्फेटना) देखो 'फेडण' शब्द. Vide फेडण; पिंड० ३८७.

फेडिअ. त्रि० (स्फेटित) (१) त्याजित. Abandoned. सिरि०१५५;(२) उद्घाटित. Opened. स० ७८.

फोड. पुं० (स्फोट) (१) वर्ण-विशेष, शब्द भेद. A particular consonant. राज०; (२) भक्षक. Eater; one who eats or devours. 'बहुफोडो' ओघभा० १११.

फोडविय. त्रि० (स्फोटित) (१) तोड़वाया हुआ. Caused to break or split (२) खुलवाया हुआ. Caused to open. 'फोडाविया संपुडा' स० ४६०.

फोडिअ त्रि० (स्फोटित) फोड़ा हुआ, विदारित. Broken, splitted. स० ४७२. (२) राई आदि से बघारा हुआ. Seasoned by mustard etc. वव० १.

फोडिअय. त्रि० (स्फोटित) राई से बघारा हुआ, शाकादि. Seasoned by mustard. दे० ६, ८८.

फोडिया. स्त्री० (स्फोटिका) छोटा फोड़ा. A small tumor. उप० ७६८ टी.

फोरण. न० (स्फोरण) निरन्तर प्रवर्तन. Constant quivering. उपर० ७४.

फोरविअ. त्रि० (स्फोरित) निरन्तर प्रवृत्त किया हुआ. Perpetually engaged in. 'नियनियसत्ती फोरविआ' सम्मत्त० २२७; हम्मीर० १४.

फोसणा. स्त्री० (स्पर्शना) स्पर्श क्रिया. Act of touching. जीवस० १११.

ब

ब. पुं (ब) ओष्ठ स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular palatal consonant. प्राप०

बंग. पुं (बङ्ग) (१) भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम. Name of a son of Lord Adinath. ती० १४; (२) देश विशेष, बंगाल देश. Bengal. उप० ७१५; ती० १४; (३) बंग देश का राजा. A king of Bengal. पिंग०

बंगाल. पुं० (बङ्गाल) बङ्गाल देश. Bengal, 'बंगालदेसवइणो' सुपा० ३७७.

बंदि-बंदिण. पुं० (बन्दिन्) स्तुति-पाठक, मंगल पाठक, मागध. A bard or panegyrist. पाअ०उप०७२८ टी; धमंवि० ३०; स० ५७६.

बंदी. स्त्री० (बन्दी) (१) हठ-हृत स्त्री, बाँदी. A maid servant. दे०२, ८४; गउड० १०५; ८४३; (२) पुं० कैद किया हुआ मनुष्य. Prisoner, captive. गउड० ४२६; गा० ११८.

बंदीकय. त्रि० (बन्दीकृत) कैद किया हुआ बाँध कर आनीत. Jailed, imprisoned. गउड०

बंदुरा. स्त्री० (बन्दुरा) अश्व-शाला. Stable. 'निरुवेहि बंदुराओ', स० ७२५.

बंध. पुं० (बन्ध) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०

बंधई. स्त्री०(बन्धकी) पुंश्चली, असती स्त्री. An unchaste woman. नाट-मालती०१०६.

बंधणी. स्त्री० (बन्धनी) विद्या-विशेष. A kind of magical skill. पउम०७,१४१.

बंधु. पुं० (बन्धु) (१) माता. Mother. (२) पिता. Father. (३) मित्र, दोस्त. Friend. (४) स्वजन, नातीदार. Relations, kins-

man. कुमा० महा० प्रासू० १०८; सुपा० १६८; २४१; (५) छन्द विशेष. A kind of a metre. पिंग०

बंधुदत्त. पुं० (बन्धुदत्त) (१) एक श्रेष्ठी का नाम. Name of a wealthy man. महा० (२) एक जैन मुनी का नाम. Name of a Jaina saint. राज०

बंधुर. त्रि० (बन्धुर) नम्र, अवनत. Bent, inclined, bowed. गउड० २०५.

बंधुरिय. त्रि० (बन्धुरित) (१) पिंडीकृत. Made into a lump or ball. गउड० ३८३; (२) नम्रीभूत, नमा हुआ. Bent, inclined, bowed. गउड० ५५६; (३) मुकुटित, मुकुट-युक्त. Crowned. (४) विभूषित. Adorned, ornamented. गउड०५३३.

बंधुल. पुं० (बन्धुल) वेश्या पुत्र, असती पुत्र. Bastard. मृच्छ० २००.

बंधुय. पुं० (बन्धूक) वृक्ष-विशेष, दुपहरिया का पेड़. Name of a tree. स० ३१२.

बंभ. पुं० (ब्रह्मन्) (१) भगवान् शान्तिनाथ का शासनाधिष्ठायक देव. A presiding god of teaching of Lord Shanti Nath. संति० ७; (२) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक योग. An astrological conjunction. पउम० १७, १०७; (३) ब्राह्मण, विप्र. Brahamna. कुव्वक० ३१; (४) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग० (५) योग शास्त्र प्रसिद्ध दशम द्वार. Well known tenth door, or house. कुमा०; —चरण. न० (चरण) ब्रह्मचर्य. Chastity, continence. कुम्र० ४६१. —सुत्त. न० (सूत्र) उपवीत, यज्ञोपवित. The sacred thread. मोह० ३०; सुख० २, १३; —हिअ. पुं० (हित) एक विमानावास, देव विमान विशेष. A celestial aerial car. देवेन्द्र० १३४.

बंभणिआ. स्त्री० (ब्राह्मणिका) पञ्चेन्द्रिय जन्तु-विशेष. A worm having five senses. पुप्फ० २६७.

बंभरण-बंभरणाय. न०(ब्रह्मरयक)(१) ब्राह्मण-समूह. A group of Brahmanas. (२) ब्राह्मण-धर्म. Brahmanic religion or Dharama. 'बंभरणकज्जेसु सज्जा' सम्मत्त० १४०; कप्प०

बंभभूइ. पुं० (ब्रह्मभूति) एक राजा, द्वितीय वासुदेव का पिता. Name of a king, father of second Vasudeo. पउम० २०, १८२.

बंभरुइ. पुं० (ब्रह्मरुचि) स्वनाम ख्यात एक ब्राह्मण, नारद का पिता. Name of a Brahamana, father of Narada. पउम० ११, ५२.

बंभलिज्ज. न० (ब्रह्मलीय) एक जैन मुनि कुल. A group of Jaina saints. कप्प०

बंभी. स्त्री (ब्राह्मी) (१) कल्प-विशेष. A serious thought. सुपा० ३२४; (२) सरस्वती देवी. Sarasvati, the goddess of learning. सिरि० ७६४.

बंहि. पुं० (बर्हिन्) मयूर, मोर. Peacock. उत्तर० २६.

बक्कर. न० (बर्कर) परिहास. Joking, jesting. दे० ६, ८६; कुम्र० १६७; कप्पू०

बगदादि. पुं० (बगदादि) देश-विशेष, बगदाद-देश. Name of a country. हम्मीर० ३४.

बढर. पुं० (बठर) मूर्ख छात्र. A foolish pupil. कुम्र० ११.

बप्पहट्टि. पुं० (बप्पभट्टि) एक सुविख्यात जैन आचार्य. Name of a well-known Jaina preceptor. विचार०५३३; ती०७.

बप्फ. न० (बाष्प) नेत्र-जल, अश्रु. Tears. 'बप्फं बाहो' पाअ० स० ५६१; स्वप्न० ८५.

बब्बूल. पुं०(बब्बूल) वृक्ष विशेष, बबूल का पेड़. The Babul tree. उप० ८३३ टी; महा०

बब्भागम. त्रि० (बह्वागम) बहु श्रुत, शास्त्रों का अच्छा जानकार. Well-versed in scriptures. कस०

बब्भिश्रायण. न० (बाभ्रव्यायन) गोत्र-विशेष. A particular lineage. इक०

बम्हतरु पुं०(ब्रह्मतरु) पलाश का पेड़. The Palasa tree. कुमा०

बय. पुं० (बक) (१) पक्षि-विशेष, बगुला. An Indian crane. (२) कुबेर. An epithet of Kubera. (३) महादेव. An epithet of Mahadeva. (४) पुष्प-वृक्ष विशेष, मल्लिका का गाछ. A kind of tree. श्रा०२३; (५) राक्षस विशेष. Name of a giant. श्रा० २३; (६) असुर विशेष, बकासुर. Name of a demon killed by Bhima. वेणी० १७७.

बरह. न० (बर्ह)(१) मयूरपिच्छ. Peacock's tail. स० ५००;(२) पत्र. Leaf, feather (३) परिवार. Train, retinue. प्राकृ०२८.

बल. पुं०(बल) (१) बलदेव, हलधर, वासुदेव का बड़ा भाई. Baladeo. पउम०२०,८४; पाश्र० (२) छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०; (३) न० खाद्य विशेष. A kind of eatable. (४) अष्टम तप, लगातार तीन दिनों का उपवास. Three fasts at a time. संबोध० ५८; —च्छि. त्रि० (च्छित्) (१) बल का नाशक. Harmful to physical strength. (२) ज़हर, विष. Poison. से० २, ११; —महणी. स्त्री० (मथनी) विद्या विशेष. A particular magical skill, पउम० ७, १४२.

बलकार-बलक्कार. पुं०(बलात्कार) जबरदस्ती. Using violence, employing force. पउम० ४६, २१; दे० ६, ४१; अभि० २१७; स्वप्न० ७१.

बलभद्द. पुं० (बलभद्र) (१) राजा भरत का प्रपौत्र. A grandson of Bharata. पउम० ५, ३; (२) देव-विमान विशेष. A celestial aerial car. देवेन्द्र० १३३.

बलभाणु. पुं० (बलभानु) राजा बलमित्र का भागिनेय. A sister's son of king Balamitra. काल०.

बला. स्त्री० (बला) (१) दृष्टि विशेष, योग की एक दृष्टि. A seasoned eye, or a considerate observation. (२) भगवान कुन्थुनाथ की शासन देवी, अच्युता. A governing goddess of Lord Kunthunatha. राज०.

बलामोडि. स्त्री० (बलामोटि) बलात्कार. Using violence, employling force. दे० ६, ६२.

बलामोडिश्र. श्र० (बलादामोट्य) बलात्कार से, ज़बरदस्ती से. Forcibly, violently. 'बलामोडिश्र तेण' काप्र० १६७; उत्तर० १०३; पि० २३८.

बलि. पुं० (बलि) (१) स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा. Name of a king. गा०४०६; (२) एक दानव, दैत्यविशेष. Name of a demon. कुमा०; (३) पूजा, अर्चा, सपर्या. Worship, adoration. (४) राज-ग्राह्य-भाग. Tax, tribute. (५) चँवर का दण्ड. The handle of a whisk. (६) उपप्लव. Calamity, distress. हे० १, ३६. (७) छन्द विशेष. A kind of a metre. पिंग० —उट्ठ पुं० (पुष्ट) काक, कौश्रा. Crow. पाश्र०; —मुह. पुं० (मुख) बन्दर, कपि. Monkey. पाश्र०.

बलि. त्रि० (बलिन्) (१) बलवान्, बलिष्ट. Strong, powerful, Mighty. सुपा० ४५१; कुम्म० २७७; (२) पुं० रामचन्द्र का

एक सुभट. A warrior of Ramachandra. पउम० ५६, ३८.

बलिश्र. त्रि० (बलित) (१) जिसको बल उत्पन्न हुआ हो, सबल. Strong, mighty. कुम० २०७; (२) पुं० छन्द-विशेष. A kind of a metre. पिंग०

बलिश्रंक पुं० (बलिताङ्क) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बलिट्ठ. त्रि० (बलिष्ठ) बलवान, सबल. Powerful, strong. प्रासू० १५४.

बलिस. न० (बडिश) मछली पकड़ने का कांटा. Fish-snare. हे० १, २०२.

बलीश्र. त्रि० (बलीयस्) अधिक बल वाला. बलिष्ठ. Strongest, most powerful. अभि० १०१.

बल्ल. न० (बाल्य) बालत्व, बालकपन, शिशुता. Boyhood, childhood. कुमा० ३, ३५.

बहड. त्रि० (बृहत्) बड़ा, महान्. Large, great; —श्राइच्च. न० (श्रादित्य) नगर विशेष. Name of a city. ती० ३५.

बहल. त्रि० (बहल) पुष्कल, अत्यन्त. Copious, abundant, Plentiful. कप्पू०

बहलिम. पुं० स्त्री० (बहलता) (१) स्थूलता, मोटाई. Thickness. (२) सातत्य, निरंतरता. Continuity, Permanence. वज्जा० ५२; गा० ७५५.

बहस्सइ. पुं० (बृहस्पति) (१) राजनीति प्रणेता एक ऋषि. A sage, author of politics. (२) नास्तिक मत प्रवर्तक एक विद्वान्. A learned man, propounder of Atheism. हे० २, १३७.

बहिणिश्रा-बहिणी. स्त्री० (भगिनी) (१) बहिन. Sister. अभि०१३७; कप्पू०, पाश्र० पउम० ६, ६; हे० २, १२६; कुमा०; (२) सखी, वयस्या. Female friend. संक्षि० ४७; —तणश्र. पुं० (तनय) भगिनी पुत्र. Sisiters' son. दे०

बहिर. त्रि० (बाह्य) बहिर्भूत, बाहर का. Outward, external. प्राकृ० ३८.

बहिरिय. त्रि० (बधिरित) बधिर किया हुआ. Made deaf. सुर० २, ७५.

बहुचूड. पुं० (बहुचूड) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४६.

बहुणाय. न० (बहुनाद) नगर-विशेष. Name of a city. पउम० ५५, ५३.

बहुला. स्त्री०(बहुला) गौ, गैया. Cow.पाश्र०; —वण. न० (वन) मथुरा नगरी का एक प्राचीन बन. An ancient forest of Muttra. ती० ७.

बहुलि. पुं० (बहुलिन्) स्वनाम-ख्यात एक राज पुत्र. Name of a prince. उप० ६३७.

बहूश्र. त्रि० (प्रभूत) बहुत, प्रचुर. Much, abundant, copious. गउड०

बाण. पुं० (बाण) पांच की संख्या. Number of five. सुर० १६, २४६; —वत्त. न० (पात्र) तूणीर, शरधि. Uiver. से० १, १८.

बाधा. स्त्री० (बाधा) विरोध. Objection. धर्मसं० ११७.

बाधिश्र. त्रि० (बाधित) विरोध-वाला, प्रमाण विरुद्ध. (In logic) contradicted, contradictory. धर्मसं० ११६.

बाय. न० (बाक) बक-समूह. A multitude of cranes. श्रा० २३.

बारवई. स्त्री० (द्वारवती) भगवान् नेमिनाथ की दीक्षा-शिबिका. A palanquin of Lord Neminatha at the time of initiation. विचार० १२६.

बाल. पुं० (बाल) (१) बाल, केश. Hair. उप० ८३४; (२) स्वनाम ख्यात एक विद्याधर राजा. Name of a Vidyadhar king.

पउम० १० २१; —कइ पुं० (कवि) तरुण कवि, नया कवि. A young poet. कप्पू० —क. पुं० (अर्क) उदित होता सूर्य. The newly risen sun. कुमा०

बाला. स्त्री० (बाला) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बालि. त्रि० (बालिन्) बाल-प्रधान, सुन्दर केश वाला. Having beautiful hair. बृह० १.

बाह. पुं० (बाध) विरोध. Objection, contradiction. भास० ३४.

बाहग. त्रि० (बाधक) विरोधी. Contradicted. 'अब्भुवगयबाहगा नियमा' श्रावक० १६२.

बाहल. पुं० (बाहल) देश-विशेष. Name of a country. आवम०

बाहा. स्त्री० (बाधा) (१) हरकत, हरज. Objection. (२) विरोध. Contradiction, refutation. सुपा० १२६.

बाहा. स्त्री० (बाहु) हाथ, भुजा. Arm. हे० १, ३६; कुमा० महा०

बाहुल्ल. त्रि० (बाष्पवत्) अश्रु वाला. Having tears, shedding tears. कुमा० सुपा० ४६०.

बिअ. न० (द्विक) दो का समुदाय, युग्म, युगल. Couple, pair. क० गं० १, ३३; प्रासू० ११.

बिइज्ज. त्रि० (द्वितीय) (१) दूसरा. Second. हे० १, २४८; प्रासू० ४६; (२) सहार-मदद करने वाला. Companion, partner. पाअ० सुर० ३, १४; ७, १४४.

बिउण. त्रि० (द्विगुण) दुगना. Twice, two-fold, double. हे० १, ६४; २, ७६; गा० २८६.

बिंदावण. न० (वृन्दावन) मथुरा के पास का एक वैष्णव तीर्थ. Name a holy place near Muttra. प्राकृ० १७.

बिंदु पुं० न० (बिन्दु) (१) बिन्दी, अनुस्वार. A zero or cypher. (२) दोनों भ्रू का मध्य भाग. Centre of the two eyebrows. (३) रेखागणित का एक चिन्ह. A special feature of the science of palmistry. हे० १, ३४; कप्प० उप० १०२२; स्वप्न० ३१; कस० कुमा०; —कला. स्त्री० (कला) अनुस्वार, बिन्दी. Dot, point. सिरि० ११६.

बिंदुइअ. त्रि० (बिन्दुकित) बिन्दु-युक्त, बिन्दु-विलिप्त. Having a dot or point. पाअ० गउड०

बिंदुइज्जंत. त्रि० (बिन्दूयमान) बिन्दुओं से व्याप्त. Abundant in dots. से० ११, १२५.

बिंब. न० (बिम्ब) (१) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग० (२) सूर्य तथा चंद्र का मण्डल. The disc of the sun or moon. गउड० कप्पू०

बिंबि. स्त्री० (बिम्बी) लता विशेष, कुन्दरुन का गाछ. Creeper. कुमा०; —फल. न० (फल) कुन्दरुन का फल. Fruit. सुपा० २६३.

बिंहिअ. त्रि० (बृंहित) पुष्ट, उपचित. Grown, increased. हे० १, १२८.

बिज्जउर. न० (बीजपूर) फल विशेष, एक तरह का नीबू. A species of citron. सुपा० ६३०.

बिडाल. पुं० (बिडाल) मार्जार, नर बिल्ली. Cat. पि० २४१.

बिडालिआ-बिडाली. स्त्री० (बिडालिका) बिल्ली, मार्जारी. Cat. सम्मत्त० १२२; पि० २४१.

बिद्ल. न० (द्विदल) चना आदि वह धान्य जिसके दो टुकड़े बराबर के होते हैं. Gram.

or the grain that can be divided into two pieces equally.

बिब्बोत्र. न० (बिब्बोक) उपधान, ओसीसा. Pillow, cushion. गच्छ० ३, ८.

बिराड. पुं० (बिडाल) (१) पिंगल प्रसिद्ध मध्य लघुक पाँच मात्रा वाला अक्षर समूह. A word with five signs or syllables. (२) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बिरुद्. न० (बिरुद) इल्काब, पदवी. Title. सम्मत्त० १४१.

बिस. न० (बिस) कमल आदि के नाल का तन्तु, मृणाल. The fibrous stalk of a lotus. कुमा० पाअ०; —**कंठी.** स्त्री० (कण्ठी) बलाका, बक पक्षी की एक जाति. Crane. दे० ६, ९३.

बिसि. स्त्री० (वृषि) ऋषि का आसन. The seat of an ascetic or holy person. नं० १, ८३; पि० २०६.

बिसिणी. स्त्री० (बिसिनी) कमलिनी, कमलका गाछ. The lotus plant. पि० २०६.

बिह. त्रि० (बृहत्) बड़ा, महान्. Large, great. —**णार.** पुं० (नल) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०

बीअऊरय. न० (बीजपूरक) फल-विशेष, एक तरह का नीबू. A species of citron. मा० ३६.

बीआ. स्त्री० (द्वितीया) (१) तिथि विशेष, दूज. The second day of a lunar fortnight. सम० २६; आ० २६; रयण० २; नाया० १, १०; सुपा० १७१; (२) द्वितीया विभक्ति. (In gram.) The accusative case. चेइय० ५०६.

बीडग. न० (बीटक) बीड़ा, पान का बीड़ा. A roll of betel-leaf. सुपा० ३३६.

बीडि-बीडी. स्त्री० (बीटि-टी) देखो 'बीडग' शब्द. Vide 'बीडग'. धर्मवि० १४०.

बीभच्छ-बीभत्थ. पुं० (बीभत्स) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, २.

बीहविय. त्रि० (भीषित) डराया हुआ. Frightened, terrified. सम्मत्त० ११८.

बीहिअ. त्रि० (भीत) (१) डरा हुआ. Frightened, terrified. हे० ४, ५३; (२) न० भय, डरना. Fear. आ० १४.

बीहिर. त्रि० (भेतृ) डरने वाला. Fearing. कुमा० ६, ३५.

बुंध. न० (बुध्न) (१) वृक्ष का मूल. The foot of a tree. (२) कोई भी मूल, मूलमात्र. The lowest part. हे० १, २६; षड्०

बुक्का. स्त्री० (गर्जना) गर्जन, गर्जारव. Roar. पउम० ६, १०८; गउड०.

बुक्कार. पुं० (बूत्कार) गर्जन, गर्जना. Roar. पउम० ७, १०५; गउड०

बुक्किअ. त्रि० (गर्जित) जिसने गर्जना की हो. Thundered; roared. 'अह बुक्किआतुह' कुमा०

बुज्झविय-अ त्रि० (बोधित) (१) जिसको ज्ञान कराया गया हो. Advised, instructed. (२) जगाया हुआ. Awakened. कुम्र० ६४; सुपा० ४२५; प्राकृ० ६८.

बुज्झिअ. त्रि०(बुद्ध) ज्ञात, विदित. Known, understood; perceived. पाअ०

बुज्झिर. त्रि० (बोद्धृ) (१) जानने वाला. Knowing, Perceiving. (२) जागने वाला. Awaken. प्राकृ० ६८.

बुडुण. न० (मुडन) डूबना. Drowning, sinking. संबे० २; कप्पू०

बुड्ढ. त्रि० (वृद्ध) बूढ़ा. Old, aged. पिंग०

बुद्ध. त्रि० (बौद्ध) (१) बुद्ध-भक्त. A devotee to Buddha. (२) बुद्ध-सम्बन्धी.

Relating to Buddha. सी० ७; सम्मत्त० ११६.

बुद्धि. (बुद्धि) (१) देव प्रतिमा विशेष. Intelligent. नाया० १, १, टी; (२) छन्द-विशेष. A particular metre. पिंग०; (३) तीर्थंकरी. A female Tirthankara. (४) साध्वी. A female saint. राज०; (५) पुं० इस नाम का एक मन्त्री. Name of a minister. उप० ८४४.

बोहिय. त्रि० (बोधित) (१) तीर्थंकरी-स्त्री-तीर्थंकर-से प्रतिबोधित. Instructed by the Tirthankara. (२) सामान्य साध्वी से बोधित. Advised by Tirthankra. राज०; —सिद्ध. पुं० (सिद्ध) बुद्धि में सिद्ध-हस्त, संपूर्ण बुद्धि वाला. Perfect, well-versed, learned. आवम०; —सुंदरी. स्त्री०(सुन्दरी) एक मन्त्रि-कन्या. Daughter of a minister. उप० ७२८ टी.

बुद्धिल. पुं०(बुद्धिल) एक स्वनाम ख्यात श्रेष्ठी. Name of a wealthy man. महा०

बुभुक्खा. स्त्री० (बुभुक्षा) भूख, खाने की इच्छा. Desire to eat, hunger. अभि० २०७.

बुसिआ. स्त्री० (बुसिका) यव आदि का कंडगर, भूसा. Chaff of barley etc. दे० २, १०३.

बुहुक्खिअ. त्रि०(बुभुक्षित) भूखा. Hungry, starving, pinched with hunger. कुमा०

बेमासिय. त्रि० (द्वैमासिक) दो मास का, दो महीने का सम्बन्ध रखने वाला. Connected only for two months. पउम०२२,२८.

बोक्कस. पुं० (बोक्कस) अनार्य देश विशेष. A non-aryan country. प्रव० २७४.

बोक्किय. न० (बूत्कृत) गर्जन, गर्जना. Roar. पउम० ५६, ५४.

बोद्ध. त्रि०(बौद्ध) बुद्ध-भक्त. A devotee to Budha. संबोध० ३४.

बोधिअ. त्रि० (बोधित) ज्ञापित, अवगमित. Made known, informed. धर्मसं० ५०६.

बोधिसत्त. पुं० (बोधिसत्त्व) सम्यग् दर्शन का प्राप्त प्राणी, अर्हत् देव का भक्त जीव. A soul having right belief. मोह०३.

बोलिअ. त्रि० (ब्रोडित) डुबाया हुआ. Immersed, drowned. वज्जा० ६८,

बोल्लणअ. त्रि० (कथयितृ) बोलने के स्वभाव वाला. Talkative. हे० ४, ४४३.

बोल्ला. स्त्री० (कथा) वार्ता, बात. Tale, story. उप० १०१५.

बोल्लिअ. त्रि० (कथित) (१) उक्त. Said, told. (२) न० उक्ति. Speech. भवि० हे० ४, ३८३.

बोहिअ. पुं० (बोधिक) चुराने वाला, चोर. Thief. निसी चू० १; चेइय० ४४६.

बोल्लअ. पुं० (कथन) बोल, कथन. Word. गा० ६०३.

बोल्लाविय. त्रि० (कथित) बुलवाया हुआ. Called. स० ४६१, ६६६.

भ

भ. पुं० (भ) (१) ओष्ठ स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular palatal consonant. प्राप० प्रामा०; (२) पिंगल-प्रसिद्ध आदि गुरु और दो ह्रस्व अक्षरों की संज्ञा, भगण. Mentioned in Pingala's treatise on poetry. पिंग० (३) न० नक्षत्र. A constellation. सुर०१६, ४३. —आर. पुं० (कार) (१) 'भ' अक्षर. The word 'भ' (२) भगण. A particular metre having long and short, short

syllabless. पिंग० —गण. पुं० (गण) भगण. पिंग०

भइरव. त्रि०(भैरव) (१) भयंकर, भीषण. Terrible, frightful. पाअ०सुपा० १८२; (२) पुं० नाट्यादि प्रसिद्ध एक रस, भयानक रस. The sentiment of terror. (३) महादेव, शिव. Mahadeo, Shiva. (४) राग विशेष, भैरव राग. Name of à Ragini in the Hindu musical system. (५) नदी-विशेष. Name of a river. हे० १, १५१; प्राप्र०

भइरवी. स्त्री० (भैरवी) शिव-पत्नी, पार्वती. Parvati. गउड०

भइरहि. पुं०(भगीरथि) सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र, भगीरथ. Bhagiratha, son of Sagara Chakravarti. पउम० ५,१७५.

भंकार. पुं० (भङ्कार) भनकार, अव्यक्त आवाज़ विशेष. An indistinct sound. उप० पृ० ८६.

भंकारि. त्रि०(भङ्कारिन्) भनकार करने वाला. Destroyer. सण०

भंग. पुं० (भङ्ग) (१) रचना. A kind of arrangement. कप्प०; (२) पराजय. Defeat. (३) पलायन. Running, flight. पिंग०; —रय. न० (रत) मैथुन विशेष. A special method of copulation. वज्जा० १०८.

भंगरय. पुं० (भृङ्गरज-भृङ्गारक) (१) पौधा विशेष, भृङ्गराज, भँगरा. A kind of creeper. (२) न० भँगरा का फूल. A particular flower. वज्जा०१०८; सुपा० ३२४.

भंगा. स्त्री० (भङ्गा) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. विक्र०८७.

भंगि. स्त्री० (भङ्गि) (१) प्रकार, भेद. Kind, sort. हे० ४, ३३६; ४११.(२) व्याज, छल, बहाना. Pretence. गा० ६१३; (३) विच्छित्ति, विच्छेद. Dividing, separation. राज०; (४) पुं० स्त्री० देश विशेष. A particular country. प्रव० २७५; विचार० ४६.

भंगिअ. न० (भाङ्गिक) शास्त्र-विशेष. The sacred books. 'भंगिध सुत्ते किरिया' चेइय० २४५.

भंगिल्ल. त्रि० (भंगवत्) प्रकार-वाला, भेद पतित. Having varieties. 'पढम-भंगिल्ला' संबोध० ३२.

भंगुर. त्रि० (भङ्गुर) कुटिल, वक्र. Crooked, bent. 'कुडिलं वंकं भंगुरं', पाअ०

भंगुरावत्त. पुं० न० (भङ्गुरावर्त) पलायन. Running, flight. भवि०,

भंजअ-ग. त्रि० (भञ्जक) भांगने वाला, भङ्ग करने वाला. Divider. गा० ५५२.

भंजाविअ-भंजिअ. त्रि० (भञ्जित) (१) भंगाया हुआ, तुड़वाया हुआ. Caused to break. स० ५४०; (२) भगाया हुआ. Caused to run. पिंग०. (३) आक्रान्त. Surpassed. तंदु० ३८.

भंड. पुं० (भण्ड) विट, भडुआ. Pimp, procurer. प्रव० ३८; (२) भांड, बहुरुपिया, मुख आदि के विकार से हंसाने का काम करने वाला. Jester. आव० ६.

भंडिअ. पुं० (भाण्डिक) भंडारी, भंडार का अध्यक्ष. Treasurer. सुख० २, ४५.

भंत. त्रि०(भजत्) सेवा करता हुआ. Serving. विशे० ३४४६.

भंत. त्रि० (भात-भ्राजत्) चमकता हुआ, प्रकाशता हुआ. Bright, Glittering. विशे० ३४४७.

भंत. त्रि० (भवान्त) भव का-संसार का अन्त करनेवाला, मुक्ति का कारण. Overcoming worldly existence. विशे० ४३४६.

भंत. त्रि॰ (भ्रान्त) (१) घूमा हुआ. Wandered, roamed about. 'भंतो जसो' पउम॰३०,६८; (२) भ्रम जनक, भ्रान्ति युक्त. Perplexed, confused. (३) अपेत, अनवस्थित. Unsteady, unsettled. विशे॰३४४८; (४) पुं॰ प्रथम नरक का तीसरा नरकेन्द्रक, नरकावास विशेष. The third abode of the first hell. देवेन्द्र॰ ३.

भंत. त्रि॰ (भयान्त) भय-नाशक. That which removes fear. विशे॰३४४६.

भंति. स्त्री॰ (भ्रान्ति) भ्रम, मिथ्याज्ञान. Delusion, Wrong notion. धर्मसं॰ ७२१; ७२३; सुपा॰ ३१२; मवि॰

भंस. पुं॰ (भ्रंश) (१) स्खलना. Falling off, slipping. (२) विनाश. Destruction, ruin. सुपा॰ ११३; सुर॰ ४, २३०; 'संपाडइ संपयाभंसं' कुम्र॰ ४१.

भंसग. त्रि॰ (भ्रंशक) विनाशक. Destructive. वव॰ १.

भक्खग. त्रि॰ (भक्षक) भक्षण करने वाला. One who eats. कुम्र॰ २६.

भक्खर. पुं॰ (भास्कर) (१) अग्नि, वह्नि. Fire. (२) अर्क-वृक्ष. A particular tree. चंड॰.

भक्खावण. न॰ (भक्षण) खिलाना. Feeding. उप॰ १५० टी.

भग. पुं॰ न॰ (भग) (१) ऐश्वर्य. Affluence. (२) रूप. Beauty. (३) श्री. Wealth, riches. (४) यश, कीर्ति. Fame, glory. (५) धर्म. Religion. (६) प्रयत्न. Effort, exertion. विशे॰ १०४४; चेइय॰ २८८; (७) सूर्य, रवि. Sun. (८) माहात्म्य. Dignity. (९) वैराग्य. Absence of desire, indifference to worldy objects. (१०) मुक्ति, मोक्ष. Eternal bliss. (११) वीर्य. Semen virile. (१२) इच्छा. Desire, wish. कप्प॰टी. (१३) ज्ञान. Knowlede. प्राभा॰.

भगदत्त. पुं॰ (भगदत्त) नृप-विशेष. Name of a king. हे॰ ४, २९९.

भगिरहि-भगीरहि. पुं॰ (भगीरथि) सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र. A son of Sagara Chakravarti. पउम॰ ५, १७६; २१५.

भग्ग. त्रि॰ (भग्न) (१) पराजित. Routed, Defeated. (२) पलायित, भागा हुआ. Rnu away. हे॰ ४, ३७९; ३५४; महा॰ वव॰ २.

भग्ग. न॰ (भाग्य) नसीब, दैव. Fortune, luck. सुर॰ १३, १०५.

भग्गव. पुं॰ (भार्गव) (१) ग्रह विशेष, शुक्र-ग्रह. The planet venus. पउम॰ १७, १०८. (२) ऋषि-विशेष. The preceptor of asuras. समु॰ १८१.

भच्छिअ. त्रि॰ (भर्त्सित) तिरस्कृत. Censured, abused. दे॰ १, ८०; कुमा॰ ३,८६.

भञ्जिर. त्रि॰ (भङ्क्तृ) भांगने वाला. One who breaks. धर्मवि॰ ५५; सण॰

भट्ट. पुं॰ (भट्ट)(१) मनुष्य-जाति विशेष, स्तुति पाठक की एक जाति, भाट. A particular race of human-beings, bard, panegyrist. सिरि॰ १५५; सुपा॰ २०१; उप॰पृ॰१२०;(२) वेदाभिज्ञ, पण्डित, ब्राह्मण, विप्र. Learned man, versed in Vedas. उप॰१०३१टी; (३) स्वामित्व, मालिकी. Mastership, ownership. प्रति॰७.

भट्टारग-य. पुं॰ (भट्टारक) (१) पूज्य, पूजनीय. Venerable, revered. आव॰ ३, महा॰; (२) नाटक की भाषा में राजा. A sir-name for a king in a drama or theatre. प्राकृ॰ ६५.

भट्टिणी. स्त्री० (भर्त्री) स्वामिनी, मालिकिन. Masteress, a wife of an owner. स० १३४.

भड. पुं० (भट) (१) म्लेच्छों की एक जाति. A barbarian race. (२) वर्णसंकर जाति विशेष. A tribe of mixed castes. (३) राक्षस. Demon. हे० १, १६५.

भडित्त. न० (भटित्त) शूल-पक्क मांसादि, कबाब. Roasted meat etc. स० २६२; कुम्र० ४३२.

भणण. न० (भणन) कथन, उक्ति. Speaking, speech. उप० ५५३; सुपा० २८३; संबोध० ३.

भणाविअ. त्रि० (भाणित) कहलाया हुआ. Sent a message. सुपा० ३५८.

भणिइ. स्त्री० (भणिति) उक्ति, वचन. Speech. सुर० १, १४५; सुपा० २१४; धर्मवि० ५८.

भत्त. पुं० न० (भक्त) (१) ओदन, भात. Rice. प्रामा० (२) लगातार सात दिन का उपवास. Seven fasts at a time. संबोध० ५८. (३) भक्ति युक्त, भक्तिमान्. Devoted. उप० पृ० ६६; महा०

भत्त. त्रि० (भूत) उत्पन्न, संजात. Produced. दे० ४, ६०.

भत्ति. स्त्री० (भक्ति) (१) एकाग्र वृत्ति विशेष. A kind of meditation. आव० २. (२) कल्पना, उपचार. Thought. धर्मसं० ७४२; (३) अनुराग. Affection. धर्म० १; (४) अवयव. Limb. (५) श्रद्धा. Faithfulness. हे० १५६.

भत्था. स्त्री० (भस्त्रा) चमड़े की धौंकनी. Bellows. उप० ३२० टी; धर्मवि० १३०.

भत्थी. स्त्री० (भस्त्री) भाथी, चमड़े की धौंकनी. Bellows. कुम्र० २६६.

भद्द. न० (भद्र) (१) सुवर्ण, सोना. Gold. (२) मुस्तक, मोथा, नागरमोथा. Grass. हे० २, ८०; (३) दो उपवास. Two fasts at a time. संबोध० ५८; (४) छन्द विशेष. A particular metre. पिंग०

भद्दगुत्त. पुं० (भद्रगुप्त) स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन आचार्य. Name of a Jaina Acharya. सार्ध० २३; —गुत्तिय. न० (भद्रगुप्तिक) एक जैन मुनि कुल. A group of Jaina saints. कप्प०

भद्ददारु. न० (भद्रदारु) देवदारु, देवदार की लकड़ी. Pinewood. उत्तनि० ३.

भद्दा. स्त्री० (भद्रा) (१) रावण की एक पत्नी. A queen of Ravana. पउम० ७४, ६; (२) छन्द विशेष. A particular metre. पिंग०

भद्दास. न० (भद्राश्व) नगर विशेष. Name of a city. इक०

भद्दिज्जिया. स्त्री० (भद्रीया-भद्रीयिका) एक जैन मुनि-शाखा. A group of Jaina saints. कप्प०

भम. पुं० (भ्रम) भ्रान्ति, मोह, मिथ्या-ज्ञान. Misapprehension, delusion. से० ३, ४८; कुमा०

भमग. न० (भ्रमक) लगातार एकत्तीस दिनों का उपवास. Thirty-one fasts at a time. संबोध० ५८.

भमडिअ. त्रि० (भ्रान्त) (१) घूमा हुआ, फिरा हुआ. Wandered, roamed about. स० ४७३; (२) भ्रान्ति युक्त. Erring, being under adelusion. कुमा०

भमया. स्त्री० (भ्रू) भौं, नेत्र के ऊपर की केश-पंक्ति. Brow, eyebrow. हे० २, १६७; कुमा०

भमर. पुं० (भ्रमर)(१) छन्द-विशेष. A special metre. (२) विट, रंडीबाज. Libertine. कप्पू०

भमरावलि. स्त्री० (भ्रमरावलि)(१) छन्द विशेष.

Name of a metre. पिंग० (२) भ्रमर-पंक्ति. Row of bees.

भमरिया. स्त्री० (भ्रमरिका) जन्तु-विशेष, बर्रे. A kind of insect. जी०१८.

भमाइअ. (भ्रमित)घुमाया हुआ, फिराया हुआ. Revolved, moved round or in a circle. से० ३, ६१.

भमाड. पुं० (भ्रम) भ्रमण, घूमना, चक्कर. Moving or roaming about, roving. ओघ० भा० २६ टी; ८३ टी.

भमाडण. न० (भ्रमण) घुमाना. Revolution, to take a round. उप०पृ०२७८.

भमीडिअ. त्रि०(भ्रमित) घुमाया हुआ, फिराया हुआ. Revolved, moved in a circle. पउम० ११, २५.

भमि. स्त्री० (भ्रमि) चित्त भ्रम करने की शक्ति, Revolution, an uneasy mind. विशे० १६५३; (२) रोग विशेष, चक्कर. Giddiness, a kind of a disease, whirling of the head. हम्मीर० २८.

भयण. न० (भजन) (१) सेवा. Service, adoration, worship. राज०; (२) विभाग. Division, share. सम्म० ११३.

भयजणणी. स्त्री० (भयजननी) (१) त्रास उत्पन्न करने वाली. A terrible woman. बृह० १; (२) विद्या विशेष. Science of magic. पउम० ७, १४१.

भयवाह. पुं० (भयवाह) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति. A king of demon-family. पउम० ५, २६३.

भयाणय. त्रि० (भयानक) भयंकर, भय-जनक. Horrible, terrible. स० १२१.

भयालु. त्रि० (भीरु) भीरु, डरपोक. Timid, cowardly, timorous. दे० ६, १०७; नाट०

भर. पुं० (भर) (१) गुरुतर कार्य्य. Hard task. विशे० ११६ टी; वा० ४, ४ टी. (२) पूर्णता, सम्पूर्णता. Completeness, Perfectness. कुम्र० ६; (३) मध्य भाग. Middle portion. (४) जमावट. Arrangement. स० ५३०.

भरड. पुं० (भरट) व्रती-विशेष, एक प्रकार का साधु. Monk. सम्मत्त० १४५.

भरण. न० (स्मरण) स्मृति. Remembrance, recollection. गा०२२२;३७७.

भरण. न० (भरण) (१) पोषण. Nourishment. गा० ५२७; (२) शिल्प-विशेष, वस्त्र में बेल बूटा आदि आकार की रचना. A kind of art, working flowers on cloth, needle-work. 'सीवणं तुन्नणं भरणं' गच्छ० ३, ७.

भरह. पुं०(भरत) (१) राजा रामचन्द्र का छोटा भाई. Name of a Rama's brother. पउम०२५, १४;(२) नाट्य-शास्त्र का कर्ता एक मुनि. Name of an ancient sage who is suppossed to have been the founder of the science of music and dramaturgy. सिरि०५६; (३) शबर. A mountain dweller (४) तन्तुवाय. Weaver. (५) नृप विशेष, राजा दुष्यन्त का पुत्र. Name of the son of Dushyanta. (६) भरत के वंशज राजा. A king of Bharata family. हे० १, २१४;षड्०; (७) देव-विशेष. A special deity or god. —सत्थ. न० (शास्त्र) भरत मुनि-प्रणीत नाट्य शास्त्र. Dramaturgy founded by Bharata Muni. सिरि० ५६.

भरहेसर. पुं० (भरतेश्वर) (१) संपूर्ण भारत वर्ष का राजा, चक्रवर्ती. Chakravarti. (२) चक्रवर्ती भरत. Bharata Chakravarti. कुमा० २, १७; पडि०

भरिअ. त्रि० (स्मृत) याद किया हुआ. Remembered, recollected. 'भरिअं लुढिअं' पाअ० कुमा० भवि०

भरिउल्लट्ट. त्रि० (भृतोल्लुठित) भर कर खाली किया हुआ. Emptied. दे० ७, ८१; पाअ०

भरिली. स्त्री० (भरिली) जन्तु-विशेष. An insect having four senses. राज०

भरुअच्छ. पुं० (भृगुकच्छ) गुजरात का एक प्रसिद्ध शहर. A well-known city of Gujarata. काल० पडि०

भलाविअ. त्रि० (भालित) सौंपा हुआ, सम्हालने के लिये दिया हुआ. Entrusted. श्रा०१६.

भल्ल-भल्लय. त्रि० (भद्र) भला, उत्तम, श्रेष्ठ. Excellent. कुमा० हे० ४, ३५१; भवि०; —त्तण-प्पण. न० (त्व) भलमनसी, भलाई. Goodness. कुमा०

भल्लिम. पुं० स्त्री० (भद्रत्व) भलाई, भद्रता. Kindness, gentleness. सुपा० १२३; कुप्र० १०८.

भल्ली. स्त्री० (भल्ली) भाला, बर्छी, अस्त्र-विशेष. A kind of spear, dagger. सुर० २, २८; कुप्र० २७४; सुपा० ५३०.

भव. पुं० (भव) संसार का कारण. Cause birth. सम्म० १; (२) महादेव, शिव. An epithet of Shiva. पाअ०; (३) उत्पन्न. Produced. सुपा० ५८४; (४) न० देव-विमान विशेष. A kind of celestial aerial car or ship. —अभिणं (नं) दि. त्रि० (अभिनन्दिन्) संसार को पसंद करने वाला, संसार को अच्छा मानने वाला. Worldly man. राज० संबोध ८, ५३; —ओवग्गाहि. न० (ओपग्राहिन्) कर्म-विशेष. A particular action. धर्मसं० १२६१; —जिण. त्रि० (जिन) रागादि को जीतने वाला. A master of tunes or sounds. 'सासयं जिणाणं भवजिणाणं' सम्म० १; —त्थकेवलि. त्रि० (स्थकेवलिन्) जीवन्मुक्त. Liberated from life. सम्म० ८६.

भवण. न० (भवन) (१) उत्पत्ति, जन्म. Production, birth. धर्मसं० १७२; (२) सत्ता Power. विशे० ६६.

भवभूइ. पुं० (भवभूति) संस्कृत का एक प्रसिद्ध कवि. Name of a celebrated poet. गउड०

भवाणी. स्त्री० (भवानी) शिव-पत्नी, पार्वती. Name of Parvati, wife of Shiva. पाअ० समु० १५७; —कंत. पुं० (कान्त) महादेव. An epithet of Shiva. पिंग०

भवारिस. त्रि० (भवादृश) तुम्हारे जैसा, आपके तुल्य. Like you, like your honour. हे० १, १४२; चंड० सुपा० २७६.

भवि. पुं० (भविन्) भव्य-जीव, मुक्ति-गामी-प्राणी. A soul fit to be liberated. भवि०

भविअ. त्रि०(भव्य) (१) सुन्दर. Beautiful, handsome. कुमा०; (२) श्रेष्ठ, उत्तम. Best, excellent. संबोध० १.

भवित्ती. स्त्री० (भवित्री) होने वाली. About to occur, future. पिंग०

भसग. पुं० (भसक) एक राजकुमार, श्रीकृष्ण के बड़े भाई जरत्कुमार का एक पौत्र. A prince, grandson of Jaratkumar, elder brother of Shri Krishna. उव०

भसण. न०(भषण)(१) कुत्ते का शब्द. Dog's barking. श्रा०२७; (२) पुं० श्वान, कुत्ता. Dog. पाअ० सिरि० ६२२.

भसम. पुं० (भस्मन्) (१) ग्रह-विशेष. A particular planet. सट्ठि०४२ टी. (२) राख, भभूत. Ashes. महा० सम्मत्त० ७६.

भस्स. पुं० (भस्मन्) (१) ग्रह विशेष. A particular planet. (२) राख. Ashes. हे० २, ५१.

भस्सिअ. त्रि० (भस्मित) जलाकर राख किया हुआ, भस्म किया हुआ. Burnt to ashes. कुमा०

भा. स्त्री० (भा) दीप्ति, प्रभा, कान्ति, तेज. Splender, lustre. कुमा०

भाअ. पुं० (भाग) (१) योग्य-स्थान. A suitable place. से० १३, ६; (२) भाग्य, नसीब. Fortune. सार्ध० ८०;—धेअ-हेअ. पुं० न० (धेय) (१) भाग्य, नसीब. Destiny, luck. से० ११, ८५; स्वप्न० ५१; हम्मीर० १४; अभि० १६७; (२) कर, राजदेय. Tax, tribute. (३) दायाद, भागीदार. Partner. प्राकृ० ८८; नाट-चेत० ६०.

भाइअ. त्रि० (भाजित) (१) विभक्त किया हुआ, बांटा हुआ. Divided, Shared. पिंड० २०८; (२) खण्डित. Broken. पंच० २, १०.

भाइअ. त्रि० (भीत) (१) डरा हुआ. Feared, frightened. (२) न० डर, भय. Fear, terror. हे० ४, ५३.

भाइर. त्रि० (भीरू) डरपोक. Timid, coward. दे० ६, १०४.

भाइहंड. न० (भ्रातृभाण्ड) भाई, बहिन आदि स्वजन. A blood relation. e. g. a brother, sister etc. कुमा० १५६.

भाईरही. स्त्री० (भागीरथी) गंगा नदी. The Ganges. गउड० हे०४, ३४७; नाट-विक्र० २८.

भाउरायण. पुं० (भागुरायण) व्यक्ति वाचक नाम. A proper noun. मुद्रा० १२३.

भाग. पुं० (भाग) (१) अचिन्त्य शक्ति, प्रभाव, माहात्म्य. Dignity. 'भागो चिंता रुती स महाभागो' विशे० १०४८; (२) भाग्य, नसीब. Fortune, fate. सिरि० ८२३; (३) प्रकार, भङ्गी. A kind, a sort. राज०

भागवय. त्रि० (भागवत) (१) भगवान् से संबन्ध रखने वाला. Meditator. (२) भगवान् का भक्त. Devotee to God. धर्मसं० ३१२.

भागि. त्रि० (भागिन्) (१) भजने वाला, सेवन करने वाला. Worshipper, meditator. उव० सुपा० ५४७; (२) भागीदार, अंश-ग्राही. Partner. प्राभा०

भाडिय. त्रि० (भाटकित) भाड़े पर लिया हुआ. Hired. 'भाडिय वियडं' सुर० १३, ३५.

भाणिअ. त्रि० (भाणित) (१) पढाया हुआ, पाठित. The taught. 'नाणासत्थाइं भाणिआ' रयण० ६८; (२) कहलाया हुआ. Sent a message, Intimated. 'भज्जाइ भाणिओ मंती' सुपा० ५८७.

भाणु. पुं०(भानु) (१) सूर्य, रवि. Sun. पउम०४१, ३६; पुप्फ० १६४; सिरि० ३२; (२) किरण. A ray of light. (३) प्रामा० एक इन्द्राणी, शक्र की अग्रमहिषी. A wife of King Indra. पउम० १०२; १५६.

भाणुकरण. पुं० (भानुकर्ण) रावण का एक अनुज. A youngstor of King Ravana. पउम० ७, ६७.

भाणुमई. स्त्री० (भानुमती) रावणकी एक पत्नी. A queen of Ravana. पउम०७४, १०.

भाणुमालिणी. स्त्री०(भानुमालिनी) विद्या-विशेष. Magical science. पउम० ७, १३६.

भाणुवेग. पुं० (भानुवेग) एक विद्याधर का नाम. Name of a Vidyadhar. महा० सण०

भाणुसिरि. स्त्री० (भानुश्री) राजा बलमित्र की बहिन. A sister of Balamitra. काल०

भामण. न० (भ्रमण) घुमाना, फिराना. Turning round. सम्मत्त० १७४.

भामर. न० (भ्रामर) (१) मधु विशेष, भ्रमरी का बनाया हुआ मधु. Honey made by bees. प्रव० ४; (२) पुं० दोधक छन्द का एक भेद. A principle of Dodhaka metre. पिंग०

भामरी. स्त्री० (भ्रामरी) प्रदक्षिणा. Circumambulation from left to right. कप्पू० भवि०

भामिणी. स्त्री० (भागिनी) भाग्यवाली. A fortunate woman. हे०१,१९०; कुमा०

भामिणी. स्त्री० (भामिनी) (१) कोप-शीला स्त्री० A passionate or excited woman. (२) स्त्री, महिला. Woman, lady. श्रा० १२; सुर० १, ७६; सुपा०४७५; सम्मत्त, १६३.

भायण. पुं० न० (भाजन) (१) आधार. Vessel, pot. (२) योग्य. Fit or deserving person. हे० १, ३३; २६७; सुपा० ५६७; कुमा०

भायणंग. पुं० (भाजनाङ्ग) कल्प वृक्ष की एक जाति, पात्र देने वाला कल्प वृक्ष. King of trees. पउम० १०२; १२०.

भार. पुं० (भार) (१) भार वाली वस्तु, बोझ वाली चीज. A heavy thing, a load. श्रा० ४०; (२) काम संपादन करने का अधिकार. Authority to work. 'भारक्खमेवि पुत्ति' प्रासू० २७; (३) परिमाण-विशेष. A Special measure. 'नासइ भारं गुडस्स' प्रासू० १५१.

भारई. स्त्री० (भारती) भाषा, वाणी, वाक्य, वचन. Sayings, speech. पाञ०

भारही. स्त्री० (भारती) सरस्वती देवी. The goddess of Learning. Sarsvati. पि० २०७.

भारिअ. त्रि० (भारित) भार वाला, भारी. Heavy. उप० पृ० १३४; (२) जिस पर भार लादा गया हो वह, भार युक्त किया गया. Loaded. सुख० २, १५.

भारिल्ल. त्रि० (भारवत्) भारी, बोझ वाला. Heavy. धर्मवि० १३७.

भाव. पुं० (भाव) महान् वादी, समर्थ विद्वान्. A learned or venerable man. दस० १, १ टी.

भाव. पुं० (भाव) जन्म, उत्पत्ति. Birth. 'पिंडो कज्जं पइसमयभावाउ' विशे० ७१; (२) परामर्श, वास्तविक सत्य. Reality. विशे०४६. (३) भवन, सत्ता. Being, existing. विशे०६०, गउड० ६७८; (४) ज्ञान, उपयोग. Knowledge. आया० चू० १; विशे० ५०. —आसव. पुं० (आस्रव) वह आत्म परिणाम जिससे कर्म का आगमन हो. That which results in the change of a man's actions. द्रव्य०२६.—संजय. पुं० (संयत) सच्चा साधु. A real saint. उप० ७३२;

भावअ. त्रि० (भावक) होने वाला. To be future. प्राकृ० ७०.

भावग. त्रि० (भावक) वासक पदार्थ, गुण-धायक वस्तु. Fumigating, perfuming. आया० चू० ३.

भावड. पुं०(भावड) स्वनाम ख्यात एक वणिक्. Name of a Bania. पउम० ५, ८२.

भाविअ. त्रि० (भावित) शुद्ध, निर्दोष. Pure, innocent. बृह० १.

भाविल्ल. त्रि० (भाववत्) भाव-युक्त. Sentimental. भावणाइं भविल्लो' संबोध० २४.

भासण. न० (भाषण) कथन, प्रतिपादन. Speaking, oration. महा०

भासय. त्रि० (भासक) प्रकाशक. Enlightening, illuminating. विशे० ११०४.

भासा. स्त्री० (भास्) प्रकाश, आलोक, दीप्ति. Light, lustre. पाञ०

भासिअ. त्रि० (भासित) प्रकाश वाला, प्रकाश

युक्त. Shining. निसी० चू० १३.
भासिर. त्रि० (भाषितृ) वक्ता. Speaker. सुपा० ४३८; सत्ता०
भासिर. त्रि० (भास्वर) दीप्त, देदीप्यमान. Shining, radiant, brilliant. कुमा०
भासीकय. त्रि० (भस्मीकृत) जला कर राख किया हुआ. Burnt to ashes. उप० ६८६ टी.
भासुर. त्रि० (भासुर) घोर, भीषण, भयंकर. Terrible. पाअ० (२) पुं० छन्द विशेष. A particular metre. अजि० ३०.
भासुरिअ. त्रि० (भासुरित) देदीप्यमान किया हुआ. Brightened. अजि० २३.
भिउ. पुं० (भृगु) (१) स्वनाम ख्यात ऋषि विशेष. Sage. (२) पर्वत-सानु. Summit of a mountain. (३) शुक्र-ग्रह An epithet of Sukra (४) महादेव, शिव. Mahadeo, one of the gods of the Hindus. (५) जमदग्नि. Name of the sage Jamadagni. (६) ऊंचा प्रदेश. A chiff, a precipice. (७) भृगु का वंशज. A descendant of Bhrigu. (८) रेखा, राजि. Line. हे० १, १२८; षड्०
भिउकच्छ. न० (भृगुकच्छ) नगर विशेष, भडौच. Broach, a city. राज०
भिंग. पुं० (भृङ्ग) (१) छन्द विशेष. A particular metre. पिंग० (२) जार, उपपति. Paramour. (३) भांगरे का पेड़. A kind of tree. (४) पात्र-विशेष, झारी. A golden vase or jar. हे० १, १२८.
भिंदण. न० (भेदन) खण्डन, विच्छेद. Breaking, rending. सुर० १६, ५६.
भिंदणया. स्त्री० (भेदना) खण्डन, विच्छेद. Breaking, to split. सुर० १, ७२.
भिंभी. स्त्री० (भिम्भी) वाद्य-विशेष, ढक्का. A kind of musical instrument. ठा० ६ टी.
भिक्ख. न० (भैक्ष) (१) भिक्षा, भीख. Begging, asking for, mendicancy. (२) भिक्षा समूह. Any thing got by begging. ओघ० भा० २१६; २१७. —जीविअ त्रि० (जीविक) भीख से निर्वाह करने वाला, भिखमंगा. Living on alms. प्राकृ० ६; पिं० ८४.
भिक्खण. न० (भिक्षण) भीख मांगना, याचना. Begging, mendicancy. धर्मसं० १०००.
भिच्चभाव. पुं० (भृत्यभाव) नौकरी Service. सुर० ४, १४६.
भिज्झा. स्त्री० (अभिध्या) गृद्धि, लोभ. Greed. कस०
भित्तु. त्रि० (भेत्तृ) भेदन करने वाला. One who breaks or rends प्रव० २.
भिन्न. त्रि० (भिन्न) (१) परित्यक्त, उज्झित. Abandoned. 'जीवजढं भावओ भिन्न' बृह० १; आव० ४; —कहा. स्त्री० (कथा) मैथुन-संबन्धी बात, रहस्यालाप. Talking relating to coition. ओघ० ६६; —मास. पुं०(मास) पच्चीस दिन का महीना. A month of twenty-five days. जीत०
भिप्फ. पुं० (भीष्म) (१) स्वनाम ख्यात एक कुरुवंशीय क्षत्रिय, गांगेय, भीष्म पितामह. Name of shantanu's son through Ganga. (२) साहित्य-प्रसिद्ध रसविशेष, भयानक रस. The sentiment of terror (in rhetoric). (३) त्रि० भयजनक, भयंकर. Terrible, frightful. हे० २, ५४; प्राकृ० १५ कुमा०.
भिब्भल. त्रि० (विह्वल) व्याकुल. Pertur-

bed, uncomfortable. हे० २, ५८; ६०; प्राकृ २४; कुमा० वज्जा० १५६.

भिल्लमाल. पुं० (भिल्लमाल) स्वनाम ख्यात एक प्रसिद्ध क्षत्रिय-वंश. A well known Kshatriya lineage, dynasty. विवे० ११४.

भिल्लायई. स्त्री० (भल्लातकी) भिलावों का पेड़. A kind of tree. उप० १०३१ टी.

भिल्लिअ. त्रि०(भिलित) खण्डित, तोड़ा हुआ. Broken, shattered. 'पायारो भीह्लिओ जेणं' उप०

भिस. न० (भृश) अत्यन्त, अतिशय. Much, excess. पिंड० ५८३; उप० ३२० टी; सत्त० ६१; भवि०

भिसअ पुं० (भिषग) (१) वैद्य, चिकित्सक. Physician, doctor. हे०१, १८; कुमा० (२) भगवान् मल्लिनाथ का प्रथम गणधर. The first Ganadhara of Lord Mallinatha. प्रव० ८.

भिसिणी. स्त्री० (बिसिनी) कमलिनी, पद्मिनी. The lotus plant. हे० १, २३८; कुमा० गा० ३०८; काप्र० ३१; महा० पाअ०

भीइ. स्त्री० (भीति) डर, भय. Fear, dread. सुर० २, २३७; सिरि० ८३६; प्रासू० २४.

भीइअ. त्रि०(भीत) डरा हुआ. Frightened, alarmed. उप० ६४०.

भीइर. त्रि० (भेतृ) डरने वाला. Coward. वसु०

भीम. पुं० (भीम) (१) एक पाण्डव, भीमसेन. Name of the second Pandava prince. गा० ४४३; (२) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका पति. A king of the demons family. पउम० ५, २६३; (३) सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र. A son of Sagar Chakravarti. पउम० ५, १७५; (४) दमयंती का पिता. Father of Damayanti. कुम्म० ४८. (५) गुजरात का चालुक्य वंशीय एक राजा भीमदेव Bhimadeo, a Chalukya King of Gujarata. कुम्म० ४.

भीमकुमार. पुं० (भीमकुमार) एक राजकुमार. Prince. धम्म०

भीमप्पभ. पुं० (भीमप्रभ) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकापति. A king of Ceylon. पउम० ५, २५६.

भीमावलि. पुं० (भीमावलि) अंगविद्या का जानकार पहला रुद्र पुरुष. The first Rudra, knowing the science of foretelling good or evil by the movements of limbs. विचार० ४७३.

भुअइंद. पुं० (भुजगेन्द्र) श्रेष्ठ सर्प. The best snake. गउड०;(२) शेष नाग, वासुकि. The lord of snakes. अच्चु० २७.

भुअंग. पुं० (भुजंग) (१) विट, रंडीबाज, वेश्या-गामी. Gallants. कुमा० वज्जा० ११६; (२) जार, उपपति. Paramour. (३) द्यूतकार, जुआरी. कप्पू० Gambler. उप० पृ० २५२; (४) चोर, तस्कर. Thief. स०४३०; (५) बदमाश, ठग. Rogue. स० ५२४; —कित्ति. २४०; (कीर्ति) कंचुक. A bodice, a jacket. गा० ६४०. —प्पआय. न० (प्रयात) (१) सर्प की गति. Creaping of a snake. (२) छन्द विशेष. A particular metre. भवि० —राअ. पुं० (राज) शेषनाग. The lord of snakes. The name of a ruling dynasty in ancient India. त्रि०८२.

भुअंगम. पुं० (भुजंगम) (१) सर्प, सांप. A snake. गउड० १७८; पिंग० (२) स्वनाम ख्यात एक चोर. A renowned thief. महा०

भुअंगिणी-भुअंगी. स्त्री० (भुजंगी) (१) विद्या

मुंजायण. पुं० (मौञ्जायन) ऋषि-विशेष. Name of a sage. हे० १, १६०; प्राप्र०

मुंजि. पुं० (मौञ्जिन्) ऋषि-विशेष. Name of a sage. प्राकृ० १०.

मुंड. पुं० न० (मुण्ड) मस्तक, सिर. Head. हे० ४, ४४६; पिंग०

मुंढ-मुंढाण. पुं० (मूर्धन्) मूर्धा, मस्तक, सिर. Head. हे० १, २६; २, ४१; षड्

मुकुर. पुं० (मुकुर) दर्पण. Mirror, looking-glass. दे० १, १४.

मुक्क. त्रि० (मूक) वाक्-शक्ति से रहित. Dumb, speechless. हे० २, ६६; सुपा० ५५२; षड्०

मुक्क. त्रि० (मुक्त) लगातार पांच दिन का उपवास. Five fasts at a time. संबोध० ५८.

मुक्ख. त्रि० (मूर्ख) अज्ञानी, बेवकूफ. Ignorant, foolish, dull-headed. हे० २, ११२; कुमा० गा०८२; सुपा० २३१.

मुक्ख. त्रि०(मुख्य) प्रधान, नायक. Leader, guide. हास्य० १२५.

मुक्ख. पुं० न० (मुष्क) (१) अण्डकोष. Testicle. (२) वृक्ष-विशेष. Name of a tree. (३) चोर, तस्कर. Thief. (४) त्रि० मांसल, पुष्ट. Lusty, Brawny. प्राप्र०

मुक्खणी. स्त्री० (मोक्षणी) स्तम्भन से छुटकारा करने वाली विद्या-विशेष. Name of a magical skill. धर्मवि० १२४.

मुख. पुं० (मुख) एक म्लेच्छ जाति. A non-aryan tribe. मृच्छ० १५२.

मुग्ग. पुं०(मुद्ग) (१) रोग विशेष. A king of disease. ति० १३; (२) पक्षि-विशेष, जल-काक. A kind of sea-bird. प्राप्र०

मुग्गसेल. पुं० (मुद्गशैल) पर्वत-विशेष, कभी नहीं भिगने वाला एक पर्वत. A particular mountain. उप०७२८,टी.

मुच्छाविअ. त्रि० (मूर्च्छित) मूर्छा-युक्त किया हुआ. Fainted. से० १२,३८.

मुच्छिअ. पुं० (मूर्च्छित) नरकावास-विशेष. Name of an abode of the hell. देवेन्द्र० २७.

मुच्छिज्जंत. त्रि० (मूर्च्छायमान) मूर्च्छा को प्राप्त होता हुआ. Fainting. से०१३, ४३.

मुच्छिम. पुं० (मूर्च्छिम) मत्स्य-विशेष. A kind of fish. 'मुच्छिममच्छो उआहरणं' मन० ३.

मुच्छिर. त्रि० (मूर्च्छित) (१) बढ़ने वाला. Increasing. (२) बेहोशी वाला. Fainted, swooning. कुमा०

मुड्ढ. त्रि० (मुग्ध-मूढ) मूर्ख, बेवकूफ. Foolish, silly, stupid. हम्मीर० ५१.

मुणण. न० (ज्ञान-मुणन) ज्ञान, जानकारी. Knowledge. कुम० १८४; संबोध० २५; धर्मवि० १२५; सण०

मुणालि. पुं० (मृणालिन्) (१) पद्म समूह. A collection of lotuses. (२) पद्म-युक्त प्रदेश, कमल वाला स्थान. A place of lotuses. 'मुणालि बाणालि' सुपा० ४१३.

मुणि. पुं०(मुनि) (१) अगस्त्य ऋषि. Name of the sage Agastya. 'जलहिजलं व मुणिणा' सुपा० ४८६; (२) सात की संख्या. The number 'seven.' (३) छन्द-विशेष A kind of metre. पिंग०

मुणिर. त्रि० (ज्ञातृ-मुणितृ) जानने वाला. Knowing. सण०

मुत्त. त्रि० (मूर्त) (१) कठिन. Hard. (२) मूढ. Foolish, stupid. (३) मूर्छा-युक्त. Fainted, Insensible. हे० २, ३०; (४) पुं० एक दिन का उपवास. Fast. संबोध० ४८; (५) एक प्राण का नाम. Name of the senses of physical mechanism of human beings.

मुत्तावली. स्त्री० (मुक्तावली) (१) तप-विशेष. Name of a religious austerity. (२) द्वीप-विशेष. A particular island. (३) समुद्र-विशेष. Name of a sea. राज०

मुत्ति. स्त्री० (मूर्ति) काठिन्य, कठिनत्व. Solidity, hardness. हे० २,३०; प्राप्र०

मुत्थ. त्रि० (मुस्त) मोथा, नागरमोथा. A kind of grass. गउड०

मुद्धा. स्त्री० (मुग्धा) मुग्ध स्त्री, नायिका का एक भेद. A young girl attractive by her youthful simplicity, A pretty young maiden (regarded as a variety of Nayika in poetic compositions.) कुमा०

मुमुक्खु. त्रि० (मुमुक्षु) मुक्त होने की इच्छा वाला. Wishing to be free from worldly existence, striving after final emancipation. सम्मत्त०

मुर. पुं० (मुर) दैत्य विशेष. Name of a demon. —रिउ. पुं० (रिपु) श्रीकृष्ण. An epithet of Krishna. ती० ३; —वेरिय. पुं० (वैरिन्) श्रीकृष्ण. An epithet of Krishna. कुमा०

मुरल. पुं० ब० (मुरल) एक भारतीय दक्षिण देश, केरल देश. Name of an Indian Southern District. 'दिअर यादिट्ठा तुह मुरला' गा० ८७६.

मुरिअ. त्रि० (स्फुरित) खीला हुआ. Blosomed, Budded, expanded. कुमा०

मुसण. न० (मोषण) चोरी. Theft. सार्ध० ६०; धर्मवि० ५६.

मुसलि. पुं० (मुसलिन्) बलदेव. An epithet of Baladeo. दे० १, ११८; सण०

मुसाविअ. त्रि० (मोषित) चुरवाया हुआ, चोरी करवाया हुआ. Caused to steal. ओघ० २६०, टी.

मुसिय. त्रि० (मुषित) चुराया हुआ. Stolen. सुपा० २२०.

मुह. न० (मुख) (१) द्वार, दरवाजा. Door, passage. (२) आरम्भ. Beginning, commencement. (३) नाटक आदि का सन्धि-विशेष. The original cause or source of the action in a drama. (४) आद्य, प्रथम. First. (५) मुख्य, प्रधान. Chief, Principal. (६) शब्द, आवाज. Word, utterance. (७) नाटक. Drama. (८) वेद-शास्त्र. The Vedas, प्राप्र० हे० १, १८७ ; (९) प्रवेश. Establishment. निसी० चू० ११; (१०) पुं० वृक्ष-विशेष, बड़हल का गाछ. A kind of tree.

मुहल. पुं० (मुखर) (१) कारक, कौआ. Crow. (२) शंख. Conch-shell. हे० १, २५४; प्राप्र०; —रव. पुं० (रव) तुमुल, कोलाहल. Bustle. पाअ०

मूइल्लअ. त्रि० (मृत) मरा हुआ. Dead. 'तइआ मूइल्लओ' गा० ६६६ अ०

मूढनइय. न० (मूढनयिक) श्रुत विशेष, शास्त्र विशेष. Name of a scripture. आवम०

मूढविसूइया. स्त्री० (मूढविसूचिका) रोग-विशेष. Name of a disease. सुपा० १३.

मूलदेवी. स्त्री० (मूलदेवी) लिपि-विशेष. A particular alphabets. विशे० ४६४टी.

मूलिगा स्त्री० (मूलिका) औषधि-विशेष. A kind of medicine. उप० ६०३.

मूलिल्ल. त्रि०(मौलिक) प्रधान, मुख्य. Chief, principal. 'मूलिल्ल वाहणे, सिपि०४२३.

मूलिल्ल. त्रि० (मूलवत्) मूलधन वाला, पुंजी वाला. Capitalist. 'गाढाणुरत्तो मूलिल्लो' महा०

मूली. स्त्री० (मूली) औषधि विशेष. A kind of medicine. महा०

मेअ. पुं० स्त्री० (मेद) चाण्डाल. Chandala, or Sudra. सम्मत्त० १७२.

मेअय. त्रि० (मेचक) काला, कृष्ण वर्ण. Black, dark. गउड० ३३६.

मेअल. पुं० (मेकल) पर्वत-विशेष. Name of a mountain.—**कन्ना.** स्त्री० (कन्या) नर्मदा नदी. A river named Narmada. पाअ०

मेअवाडय. पुं० न० (मेदपाटक) एक भारतीय देश, मेवाड. Mewar, an Indian province. 'सअलंपि मेअवाडयं' हम्मीर० २७.

मेइणी. स्त्री० (मेदिनी) चाण्डालिनी. A Chandala woman. सुपा०१६; सम्मत्त० १७२.

मेइणीसर. पुं० (मेदिनीश्वर) राजा. King ruler' उप० ७२८ टी.

मेघवाहण. पुं० (मेघवाहन) एक विद्याधर राजकुमार. Name of a Vidyadhar prince. पउम० ५, ६५.

मेणआ-मेणका. स्त्री० (मेनका) (१) हिमालय की एक पत्नी. Name of the wife of Himalaya. (२) स्वर्ग की एक वेश्या. Name of an Apsaras. अभि० ४२; नाट-विक्र० ४७; पिंग०

मेत्त. न० (मात्र) (१) साकल्य. Perfectness. (२) अवधारण. Determination. हे० १, ८१.

मेरु. पुं० (मेरु) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

मेल. पुं० (मेल) मेल, मिलाप, संगम, संयोग, मिलन. Meeting, union. सूयनि० १५; दे० ६, ५२; सार्ध० १०६; कुप्र० २१०.

मेलय. पुं० (मेलक) (१) सम्बन्ध, संयोग. Meeting, union. कुमा० (२) मेला, जन-समूह का एकत्रित होना. Fair. दे० ७, ८६; त्रि० ८६.

मेलाव. पुं०न० (मेल) मिलाप, संगम, मिलन. Meeting. सुपा० ४६६; सट्ठि० १४३.

मेलाविअ. त्रि०(मेलित) मिलाया हुआ, इकट्ठा किया हुआ. Gathered. से० १०, २८.

मेल्लण. न० (मोचन) छोड़ना, परित्याग. Releasing, liberating प्रासू० १०२.

मेल्लाविय. त्रि० (मोचित) छुड़वाया हुआ. Caused to liberate. सुर०८, ६८; महा०

मेस. पुं० (मेष) राशि-विशेष. The sign Aries of the Zodiac. विचार० १०६; सुर० ३, ५३.

मेह. पुं०(मेह) रोग-विशेष, प्रमेह. A urinary disease. आ० २०; सुख० १, १५.

मेह. पुं० (मेघ) (१) कालागुरु, सुगंधी धूप-द्रव्य विशेष. A fragrant grass. से० ६; ४६; (२) एक देव विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १३२; (३) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०; (४) एक जैन मुनि. Name of Jaina saint. कप्प०; (५) देव-विशेष. A particular god. राज०; (६) मुस्तक, औषधि-विशेष, मोथा. A kind of medicine. (७) एक राक्षस. Name of a gaint. (८) राग विशेष. A musical tune. प्राप्र० हे०१,१८७; (६) एक विद्याधर

नगर. Name of a city. इक०

मेहज्झाण. पुं०(मेघध्यान) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका पति. A king of the demon-family. पउम० ५, २६६.

मेहण. न० (मेहन) पुरुष लिंग. Penis. राज०

मेहणाअ. पुं० (मेघनाद) रावण का पुत्र. Name of a Ravan's son.से०१३,६८.

मेहपुर. न० (मेघपुर) वैताढ्य पर्वत के दक्षिण श्रेणी का एक नगर. A city on the south of the mount Vaitadhya. पउम० ६, २.

मेहलय. पुं० ब० (मेखलक) देश-विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ६६.

मेहलिज्जिया. स्त्री० (मेखलिया) एक जैन मुनि शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

मेहवाहण. पुं० (मेघवाहन) (१) राक्षस वंश का आदि पुरुष, जो लंका का राजा था. The first or primeval being of the demon family. पउम० ५, २५१; (२) रावण का एक पुत्र. Name of a son of Ravana. पउम० ८, ६४.

मेहसीह. पुं० (मेघसिंह) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of a Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४३.

मेहाअर. त्रि० (मेधाकर) (१) बुद्धि वर्धक. Increasing intellects. (२) पुं० छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

मेहावण्ण. न० (मेघवर्ण) एक विद्याधर नगर. Name of a Vidyadhar city. इक०

मेहिय. न० (मेधिक) एक जैन मुनि कुल. A group of Jaina saints. कप्प०

मोअ. पुं० (मोद) हर्ष, खुशी. Delight, pleasure. रयण०१५; महा० भवि०

मोआ. स्त्री० (मोचा) कदली-वृक्ष, केला का गाछ. A plantain tree. राज०

मोआवण. न० (मोचन) छुटकारा करना. Causing to release. सिरि० ६१८; स० ४७.

मोआविअ-मोइअ. त्रि० (मोचित) छुड़वाया हुआ. Caused to emancipate. पि० ५५२; नाट० मृच्छ० ८६; सुर० १०, ६; सुपा० ४७७; महा० सुर० २, ३६; ६, ७८; सुपा० २३२; भवि०

मोक्खण. न० (मोक्षण) मुक्ति, छुटकारा. Final emancipation. स० ४१८; सुर०२, १७.

मोट्टाइअ. न० (मोट्टायित) चेष्टा-विशेष. प्रिय कथा आदि में भावना से उत्पन्न चेष्टा. To be deeply engrossed in feelings of love, or expressions of feelings of affections to a woman on behalf of her absent lover, at a *time when he is talked of by* others. कुमा०

मोडण. न० (मोटन) मोड़न, मोड़ना. Bending. वज्जा० ३८.

मोढ. पुं० (मोढ) एक वणिक् पुत्र. Name of a Bania's son. कुप्र० २०.

मोढेरय. न० (मोढेरक) नगर-विशेष. Name of a city. दे० ६, १०२; ती० ७.

मोणि. त्रि० (मौनिन्) मौन वाला. Observing a vow of silence, silent. उव० सुपा० १४; संबोध० २१.

मोर. पुं० (मोर) छन्द-विशेष. Name of a metre. —बंध. पुं० (बन्ध) एक प्रकार का बन्धन. A kind of bondage. सुपा० ३४५; —सिहा. स्त्री० (शिखा) एक महौषधि. A particular medicine. ती० ५.

मोस. पुं० (मोष) (१) चोरी. Theft. (२) चोरी का माल. Spoils. सुपा० २२१; महा०

मोसण. त्रि० (मोषण) चोरी करने वाला. Robbing, plundering, stealing. कुप्र० ४७.

मोह. पुं० (मोह) (१) विपरीत ज्ञान. False knowledge. कुमा० २, ५३; (२) चित्त की व्याकुलता. Perplexity, delusion. कुमा० ५, ५; (३) काम क्रीड़ा. Amorous sport, copulation. प्रासू० २८; (४) छन्द-विशेष. Name of metre. पिंग०

मोहण. न० (मोहन) (१) मन्त्र आदि से वश करना. A magical charm employed to bewilder an enemy, fascinating. सुपा० ५६६; (२) मूर्च्छा, बेहोशी. Fainting, swooning. निसी० १; (३) काम का एक बाण. An arrow of cupid. (४) प्रेम, अनुराग. Love, affection. कप्पू०;(५) मैथुन, रति-क्रिया. Sexual intercourse. स० ७६०; जीव० ३.

मोहणी. स्त्री० (मोहनी) एक महौषधि. A particular medicine. ती० ५.

मोहि. त्रि० (मोहिन्) मुग्ध करने वाला. Fascinating. भवि०

मोहिणी. स्त्री०(मोहिनी) छन्द-विशेष Name of a metre. पिंग०

मोहुत्तिय. त्रि० (मौहूर्त्तिक) ज्योतिष-शास्त्र का जानकार. Astrologer. कुप्र० ५.

य

य. पुं० (य) तालु-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष, अन्तस्थ यकार. A particular palatal consonant. प्राप्र० प्रामा०

यदावि. अ०(यद्यपि) अभ्युपगम-सूचक अव्यय, स्वीकार द्योतक निपात. Though, althoug. पंचा० १४, ३६.

र

र. पुं०(र) मूर्ध-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष. A particular consonant. सिरि० ११६; पिंग०—गण. पुं० (गण) छन्द शास्त्र प्रसिद्ध मध्य लघु अक्षर वाले तीन स्वरों का समुदाय. A collection of the word of three syllables. पिंग०

रइ. पुं० (रवि) सूर्य, सूरज. Sun. गा० ३४; से० १, १४-३२; कप्पू०

रइ. स्त्री० (रति) (१) कामदेव की स्त्री. Goddess of love. कुमा० (२) कर्म-विशेष. A particular Karma. क० गं० २, १०; (३) पुं० भूतानन्द नामक इन्द्र का एक सेनापति. A general of king Indra named Bhutananda. इक०;—कीला. स्त्री० (क्रीडा) काम-क्रीडा. Sexual intercourse. महा०; —घर. न० (गृह) सुरत-मन्दिर, विलास-गृह. A pleasure house. पि० ३६६, ए०; —रमण. पुं० (रमण) कामदेव. The god of love, cupid. सुपा० ४, २८६; कप्पू०;—लंभ. पुं० (लम्भ) (१) सुरत की प्राप्ति. Acquisition of copulation. (२) कामदेव. Cupid, the god of love. कुमा० सुपा० २६२.

रइलक्ख. न० (रतिलक्ष) रति-संयोग, मैथुन. Copulation, sexual intercourse. दे० ७, १३.

रइल्लिय. त्रि० (रजस्वल) रज से युक्त, रजवाला. Dusty, covered with dust. पि० ५६५.

रइविद्धि. स्त्री० (रतिवृद्धि) विद्या विशेष. Magical skill. पउम० ७, १४४.

रइसुंदरी. स्त्री० (रतिसुन्दरी) एक राज कन्या.

Name of a princess. उप०७२८, टी.

रईसर. पुं० (रतीश्वर) कामदेव, कन्दर्प. Cupid, the god of love. कुमा०

रउरव. त्रि० (रौरव) भयंकर, घोर. Dreadful, terrible.—काल. पुं० (काल) माता के उदर में पसार किया जाता समय-विशेष. Period of preguancy, or the time which the child spends in the wome of the mother. भवि०

रंक. त्रि० (रङ्क) गरीब, दीन. Poor, wretched. पिंग०

रंग. त्रि० (राङ्ग) रंगा हुआ, रंग कर बनाया हुआ. Coloured. दसनि० २, १७.

रंग. पुं० (रङ्ग) (१) राग, प्रेम. Love, affection. सिरि० ५१५; (२) युद्ध-मण्डप, जय-भूमि. Battle-field. धर्मसं० ७८३; (३) संग्राम, लड़ाई. Battle, war. पिंग० (४) रक्त वर्ण, लाली. The red colour. से०२, २१; (५) रंग, वर्ण. Colour. भवि० (६) रँगना, रंग चढ़ाना. Colouring. गउड०

रंगअ. त्रि० (रङ्गद) कुतूहलजनक. Surprising. से० ६, ४२.

रंगिर. त्रि० (रङ्गितृ) चलने वाला. One that walks. सुपा० ३.

रंगिल्ल. त्रि०(रङ्गवत्) रंग वाला. Coloured. उर० ६, २.

रंजग. त्रि० (रञ्जक) रञ्जन करने वाला, Pleasing, delighting. रंभा०

रंजण. न०(रञ्जन) (१) रँगना. Colouring. विशे० २६६१; (२) खुश करना. Pleasing. उप० ६८६ टी; संबे०५; (३) पुं०छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०४. खुश करने वाला, राग-जनक. Pleasing, delighting. कुमा०

रंडा. स्त्री० (रण्डा.) रांड, विधवा. Widow. उप० ९०३१३; वज्जा० ४४; कप्पु० पिंग०

रंध. न० (रन्ध्र) छिद्र, विवर. Hole. गा० ६५२; रंभा० भवि०

रंपण. न० (तक्षण) तनू-करण, तेज़ करना. Sharpen. कुमा०

रंभा. स्त्री० (रम्भा) (१) कदली, केले का पेड़. The plantain tree. सुपा० २५४, ६०२;कुम०११७; पाअ०;(२) देवांगना विशेष, एक अप्सरा. Name of an Apsara. सुपा० २५४;रयण० ५; (३) रावण की पत्नी. A wife of Ravana. पउम० ७४, ८.

रक्ख. पुं० (रक्ष) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. कप्प०

रक्खसउरी. स्त्री० (राक्षसपुरी) लंका-नगरी. Lanka city. से० १२, ८४.

रक्खसत्थ. न० (राक्षसास्त्र) अस्त्र-विशेष. A kind of missile. पउम० ७१, ६३.

रक्खसदीव. पुं० (राक्षसद्वीप) सिंहल द्वीप. Ceylon. पउम० ५, १२६.

रक्खसी. स्त्री० (राक्षसी) लिपि-विशेष. A particular alphabets. विशे०४६४ टी.

रक्खी. स्त्री० (रक्षी) भगवान् अरनाथ की मुख्य साध्वी. A chief female saint of Lord Aranath. प्रव०८.

रघुस. पुं० (रघुष) हरिवंश का एक राजा. A king of Hari lineage.पउम०२२,६६.

रच्छा. स्त्री०(रथ्या) मोहल्ला. Street,lane. गा० ११६; कस०

रच्छामय. पुं०(रथ्यामृग) श्वान, कुत्ता. Dog. दे० ७, ४.

रजक-ग. पुं०स्त्री० (रजक) धोबी, कपड़ा धोने का धंधा करने वाला. Washerman. आ० १२; दे० ५, ३२.

रज्जपालिया. स्त्री० (राज्यपालिका) एक जैन मुनि-शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

रट्ठिअ. त्रि॰(राष्ट्रीय) (१) देश सम्बन्धी. Relating to the country, national. (२) पुं॰ नाटक की भाषा में राजा का साला. The brother-in-law of a king. अभि॰ १६४.

रडरडिय. न॰ (रटरटित) शब्द-विशेष, वाद्य विशेष का आवाज. A particular sound. सुपा॰ ५०.

रड्डा. स्त्री॰ (रड्डा) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग॰

रण. पुं॰ (रण) शब्द, आवाज़. Sound, noise. पाअ॰

रणक्कार. पुं॰ (रणत्कार) शब्द-विशेष. A kind of sound, a rattling or jingling sound. गउड॰

रणखंभउर. न॰ (रणस्तम्भपुर) अजमेर के समीप का एक प्राचीन नगर. An ancient city near Ajmer. मुणि॰ १०६०१.

रणझणिर. त्रि॰ (रणझणायितृ) रन् झन्' आवाज़ करने वाला. Tinkling, rattling. सुपा॰ ६४१; धर्मवि॰ ८८.

रणरण-रणरणय. पुं॰ (रणरणक) (१) निःश्वास, नीसास. Sigh. वज्जा॰ ७८; (२) उद्वेग, पीड़ा. Affliction. सुर॰ ४, २३०; पाअ॰; (३) उत्कण्ठा, औत्सुक्य. Anxiety, uneasiness. दे॰ १, १३६; गउड॰ रुक्मि॰ ४८.

रणिअ. न॰ (रणित) शब्द, आवाज़. Sound. सुर॰ १, २४८.

रणिर. त्रि॰ (रणितृ) आवाज़ करने वाला. Sounding. सुपा॰ ३२७; गउड॰

रत्त. पुं॰ (रक्त) (१) वृक्ष विशेष, हिजल का पेड़. A species of trees. दे॰ २, १०; (२) न॰ कुंकुम. A kind of red powder. (३) ताम्र, तांबा. Copper. (४) सिंदूर. Red-lead.(५) हिंगुल. Vermilion. (६) खून, रुधिर. Blood. प्राप्र॰

रत्तंदण. न॰ (रक्तचन्दन) लाल चन्दन. Red-sandal. सुपा॰ १८१.

रत्तकूड. न॰ (रक्तकूट) शिखर-विशेष. Name of a summit. राज॰

रत्तट्ठ. पुं॰ (रक्तार्थ) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of the Vidyadhar family. पउम॰ ५, ४४.

रत्तधाउ. पुं॰ (रक्तधातु) कुण्डल पर्वत का एक शिखर. The summit of the mount Kundala. दीव॰

रत्तप्पह. पुं॰ (रक्तप्रभ) कुण्डल पर्वत का एक शिखर. The summit of the Kundala mountain. दीव॰

रत्तिदिअह. न॰ (रात्रिदिवस) रात-दिन, अहर्निश, निरंतर. Constantly, always, ceaselessly. अच्चु॰ ७८.

रत्तिदिय-व. न॰ (रात्रिन्दिव) रात-दिन, अहर्निश, निरन्तर. By night and day, constantly. पउम॰८, १६४; ७५, ८५.

रत्तिंध. त्रि॰ (रात्र्यन्ध) जो रात में न देख सकता हो वह. Night-blind. प्रासू॰ १७५.

रत्तोआ. स्त्री॰ (रक्तोदा) एक नदी. Name of a river. इक॰

रमण. न॰ (रमण) (१) सुरत, संभोग, रतिक्रीड़ा. Sexual intercourse, copulation. प्रव॰ ३८; कुमा॰ उप॰ पृ॰ १८७; (२) स्मर-कूपिका, योनि. A female organ. कुमा॰; (३) पुं॰ जघन, नितम्ब. The hip and the loins. पाअ॰; (४) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग॰

रमणिज्ज. पुं॰ (रमणीय) नन्दीश्वर द्वीप के मध्य में उत्तर दिशा की ओर स्थित एक अञ्जन गिरि. Anjanagiri situated on the north of Nandishvara Dvipa. प्रव॰ २६६, टी.

रमणी. स्त्री० (रमणी) एक पुष्करिणी. A large well. इक०

रमा. स्त्री० (रमा) लक्ष्मी, श्री. Name of Lakshmi. कुम्मा० ३.

रमिअ. त्रि०(रमित) रमाया हुआ. Absorbed. कुमा० ३, ८६.

रमिर. त्रि० (रन्तृ) रमण करने वाला. Merry-maker. कुमा०

रम्म. पुं० (रम्य) चम्पक का पेड़. The tree called Chamaka. से० ६, ४७.

रय. पुं० न० (रजस्) (१) पराग, पुष्प राज. The dust or pollen of flowers. से० ३, ४८; (२) सांख्य दर्शन में उक्त प्रकृति का एक गुण. The second of the three Gunas or constituent qualities of all material substances. कुमा०२१;—**स्सला.** स्त्री०(स्वला) ऋतुमती स्त्री. A woman during the menses. दे० १, १२५; —**हर.** पुं० न० (हर) जैन मुनि का एक उपकरण. A whisk of a Jaina saint. संबोध० १५.

रय. त्रि० (रत) (१) स्थित. Situated. से० ६, ४२; (२) न० रति-कर्म, मैथुन. Sexual union, coition. उर० गा० १५५; स० १८०; वज्जा० १००; सुपा० ४०३.

रय. पुं० (रय) वेग. Speed, velocity. कुमा० से० २, ७; सण०

रयण. त्रि० (रचन) करने वाला, निर्माता. Creater, former. सण०

रयण. पुं० न० (रत्न) (१) श्रेष्ठ, स्वजाति में उत्तम. Anything best or excellent of its kind. कुमा० ३, ४७; (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०; (३) पुं० रत्न द्वीप का निवासी. An inhabitant of Ratna Dvipa. पउम० ५५,१७.

रयणउर. न० (रत्नपुर) नगर-विशेष. Name of a city. सण०

रयणचित्त. पुं० (रत्नचित्र) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १५.

रयणप्पभिय. त्रि० (रात्नप्रभिक) रत्नप्रभा सम्बन्धी. Relating to Ratnaprabha. पंच० २, ६६.

रयणमाला. स्त्री० (रत्नमाला) छन्द विशेष. Name of a metre. अजि०२४.

रयणमालि. पुं० (रत्नमालिन्) विद्याधर वंश में उत्पन्न नमि-राज का एक पुत्र. Name of a son of Namiraja, born in the Vidyadhar lineage. पउम०५,१४.

रयणरह. पुं० (रत्नरथ) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १४.

रयणवइ. पुं० (रत्नपति) रत्नों का मालिक, धनी, श्रीमंत. An owner of jewels, A wealthy man. सुपा० २६६.

रयणवई. स्त्री० (रत्नवती) एक रानी. Name of a queen. रयण० ३.

रयणवज्ज. पुं० (रत्नवज्र) विद्याधर वंशीय एक राजा. A king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १४.

रयणसमया. स्त्री० (रत्नसमया) मंगलावती नामक विजय की एक राजधानी. A capital of Mangalavati region. इक०

रयणसार. पुं० (रत्नसार) (१) एक राजा. Name of a king. राज०; (२) एक सेठ का नाम. Name of a wealthy man. उप० ७२८ टी.

रयणसिंह. पुं० (रत्नसिंह) एक जैन आचार्य. Name of a Jaina Acharya. संबे० १२.

रयणसिह. पुं० (रत्नशिख) एक राजा. Name of a king. उप० १०३१ टी.

रयणायरसुश्र. पुं० (रत्नाकरसुत) (१) चन्द्रमा. Moon. (२) एक वणिक् पुत्र Name of a Bania's son. श्रा० १६.

रयणावलि-ली. स्त्री० (रत्नावलि-ली) एक विद्याधर राज-कन्या. Name of a princess of the Vidyadhar king. पउम० ६, ५२.

रयणावह. न० (रत्नावह) नगर-विशेष. Name of a city. महा०

रयणासव. पुं० (रत्नाश्रव) रावण का पिता. Name of the father of Ravana. पउम० ७, ५६-७१; —सुश्र. पुं० (सुत) रावण. An epithet of Ravana. पउम० ८, २२१.

रयणिंद. पुं० (रजनीन्द्र) चन्द्रमा. Moon. सण०

रयणी. स्त्री० (रजनी) (१) श्रौषधि विशेष. A kind of medicine. (२) हरिद्रा, हल्दी. Turmeric. उत्तनि० ३.

रयणीसार. न० (रजनीसार) सुरत, मैथुन. Sexual-intercourse, copulation, से० ३, ४८.

रयत-य. न० (रजत) (१) एक देव विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १३१; (२) हाथी का दांत. Ivory. (३) हार, माला. A garland, A pearl ornament or necklace. (४) सुवर्ण, सोना. Gold. (५) रुधिर, खून. Blood. (६) शैल, पर्वत. Mountain. (७) धवल. वर्ण. White colour. (८) शिखर-विशेष. Name of a summit. (९) सफेद वर्ण वाला, श्वेत. Whitish. प्राकृ० १२; प्राप्र० हे० १, १७७–१८०–२०६.

रयय. पुं० (रजक) धोबी. Washerman. सु० २८६; पाश्र०

रयाविय. त्रि० (रचित) बनवाया हुआ. Caused to make. स० ४३५.

रवण. न० (रवण) आवाज़ करना. Sounding. 'रवणसीला आसी' महा०

रवि. त्रि० (रविन्) आवाज़ करने वाला. Thunderer, crier. से० २, २६.

रवि. पुं० (रवि) (१) राक्षस वंश का एक राजा. Name of a king of the demon family. पउम० ५, २६२; (२) अर्क वृक्ष, आक का पेड़. Name of a shrub. हे० १, १७२;—वार. पुं० (वार) दिन विशेष, रविवार. Sunday. कुम० ४११; —हास. पुं० (हास) सूर्यहास खड्ग. A particular weapon. पउम० ५३, २७.

रवितेश्र. पुं० (रवितेजस्) (१) इक्ष्वाकु वंश का एक राजा. Name of a king of the Ikshvaku family. पउम० ५, ४, (२) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश. Name of a king of the demon lineage. पउम० ५, २६५.

रवितेया. स्त्री०(रवितेजा) एक विद्या. A particular magical-skill. पउम०७,१४१.

रविनंदण. पुं० (रविनन्दन) शनि-ग्रह. The planet saturn. श्रा० १२.

रविप्पभ. पुं० (रविप्रभ) वानर द्वीप का एक राजा. Name of a king of Vanara Dvipa. पउम० ६, ६८.

रविभत्ता. स्त्री० (रविभक्ता) एक महौषधि. A particular medicine. ती० ५.

रविभास. पुं० (रविभास) खड्ग-विशेष, सूर्यहास-खड्ग. A kind of sword. पउम० ५५, २६.

रविसुश्र. पुं० (रविसुत) (१) शनिश्चर ग्रह. The planet saturn. से० ८, २८; सुपा० ३६; (२) रामचन्द्र का एक सेनापति, सुग्रीव. Sugriva, a general of Rama Chandra. से० १५, ५६.

रस. पुं॰ न॰ (रस) निष्यन्द, निचोड़, सार. Essence. दसनि॰ ३, १६.

रस. पुं॰ न॰ (रस) (१) स्वभाव, प्रकृति. Nature. से॰ ४, ३२; (२) साहित्य शास्त्र प्रसिद्ध शृङ्गार आदि नव रस. (In poetic compositions) A sentiment. धर्मवि॰ १३; सिरि॰ ३६; (३) जल, पानी. Water. से॰ २, २७; धर्मवि॰ १३; (४) आसक्ति, दिलचस्पी. Attachment. सत्त॰ ५३, गउड॰; (५) अनुराग, प्रेम. Affection, love. पाश्र॰; (६) पारद, पारा. Mercury. निसी॰ चू॰ १३; (७) छन्दः शास्त्र प्रसिद्ध प्रस्तार विशेष. A poetical Shastra. पिंग॰

रसणा. स्त्री॰ (रसना) मेखला, कांची. Belt, girdle, waist-band. पाश्र॰ गउड॰ से॰ १, १८.

रसा. स्त्री॰ (रसा) पृथिवी, धरती. Earth. हे॰ १, १७७; १८०; कुमा॰

रसाल. पुं॰ (रसाल) आम्र वृक्ष, आम का पेड़. Mango tree. सम्मत्त॰ १७३.

रसिआ. स्त्री॰ (रसिका) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग॰

रसिंद. पुं॰ (रसेन्द्र) पारद, पारा. Mercury. जो॰ ३; श्रु॰ १५८.

रसिर. त्रि॰ (रसितृ) आवाज़ करने वाला. Sounding. सण॰

रस्सि. पुं॰ स्त्री॰ (रश्मि) रस्सी, रज्जु. String, cord, rope. प्रासू॰ ११७.

रह. पुं॰ (रथ) एक जैन महर्षि. Name of Jaina saint. कप्प॰

रहइं अ॰ (रभसा) वेग से. Speedily. स॰ ७६२.

रहंग. पुं॰, स्त्री॰ (रथाङ्ग) (१) चक्रवाक पक्षी. The ruddy goose. पाश्र॰ सुर॰ ३, २४७; कुमा॰; (२) न॰ चक्र, पहिया. Wheel. पाश्र॰

रहण. न॰ (रहन) (१) त्याग. Renunciation. (२) विरति, विराम. Pause, stop. 'वसरहणं' पिंग॰

रहवीरउर. न॰ (रथवीरपुर) एक नगर. Name of a city. राज॰ विशे॰ २५५०.

रहस. पुं॰ (रभस) (१) औत्सुक्य, उत्कण्ठा. Eagerness, zeal. (२) वेग. Speed. कुमा॰, (३) हर्ष. Delight. (४) पूर्वापर का अविचार. To pecipitate, haste. संचि॰ ७; गउड॰

रहस्स. न॰ (रहस्य) (१) तत्त्व, तात्पर्य, भावार्थ. Purport, meaning. श्रोघ॰ ७६०; रंभा॰ १६; (२) अपवाद-स्थान. Exception. बृह॰ ६.

रहु. पुं॰ (रघु) (१) सूर्य वंश का एक स्वनाम ख्यात राजा. Name of a celebrated king of the solar race. उत्तर॰ ५०; (२) श्रीरामचन्द्र. Shree Rama Chandra. पउम॰ ११३, २१; (३) कालिदास प्रणीत एक संस्कृत काव्य ग्रन्थ. A sanskrit volume made by Kalidas. गउड॰

राइ. त्रि॰ (रागिन्) राग-युक्त, राग-वाला. Full of love, passionately fond of. दसा॰ ६.

राइ. त्रि॰ (राजिन्) शोभने वाला. Shining, beautiful. वव॰ १.

राइअ. त्रि॰ (राजित) शोभित. Beautiful, lovely. से॰ १, ५६; कुमा॰ ६, ६३.

राइआ. स्त्री॰ (राजिका) (१) राई का पेड़. The mustard plant. गा॰ १७१ अ॰; (२) राई. Mustard. कुम॰ ४५.

राइंद. पुं॰ (राजेन्द्र) बड़ा राजा. Supreme king, paramount sovereign. कुमा॰

राइक्क. त्रि॰ (राजकीय) राज-सम्बन्धी. Political, regal. हे॰ २, १४८; कुमा॰

राइल्ल. त्रि० (रागिन्) राग-युक्त. Full of tune. देवेन्द्र० २७८.

राईमई. स्त्री० (राजीमती) राजा उग्रसेन की पुत्री और भगवान् नेमिनाथ की पत्नी. Name of the daughter of king Ugrasena or the wife of Lord Neminath. पद्दि०

राईव. न० (राजीव) कमल, पद्म. A blue lotus. पाश्र० हे० १, १८०.

राउत्त. पुं० (राजपुत्र) राजपूत, क्षत्रिय. Kshatriya. प्राकृ० ३०.

राउलिय. त्रि० (राजकुलिक) राजकुल संबन्धी. Relating to the royal family सुख० २, ३१.

राएसि. पुं० (राजर्षि) (१) श्रेष्ठ राजा. The excellent king. (२) ऋषि तुल्य राजा, संयतात्मा भूपति. A saint-like king. अभि०३१; विक्र० ६८; मोह० ३.

राजस. त्रि० (राजस) रजोगुण प्रधान. Endowed with the kingly attributes. कुम० ४२८.

राडि. स्त्री०(राटि) चिल्लाहट. Cry, noise. सुख० २, १५.

राढा. स्त्री० (राढा) (१) विभूषा. Lustre, light. धर्मसं०१०१८; कप्पू०; (२) भव्यता. Excellence. वज्जा० १८; (३) बंगाल का एक प्रान्त. Name of a district in Bengal. (४) बंगाल देश की एक नगरी. Name of a city in Bengal. कप्पू०; —इत्त. त्रि० (वत्) भव्य आत्मा. A pious soul. वज्जा० १८.

राण. पुं० (राजन्) राणा, राजा. King, ruler. चंड० सिरि० ११४.

राणय. पुं० (राजक) (१) राणा, राजा. Sovereign. नी० १५; सिरि० १२३; १२५; (२) छोटा राजा. Petty king, petty-prince. सिरि० ६८६; १०४०.

राणिश्रा-राणी. स्त्री० (राज्ञिका-राज्ञी) रानी, राज-पत्नी. Queen. कुम्मा० ३; श्रावक० ६३ टी; सिरि० १२५; २६७.

राम. पुं० (राम) (१) श्री रामचन्द्र, राजा दशरथ का बड़ा पुत्र. Shree Rama Chandra. गा० ३५; उप० पृ० ३७५; कुमा०; (२) त्रि० रमने वाला. Playfull, Merry-maker. उप० पृ० ३७५.

रामकरह. पुं० (रामकृष्ण) राजा श्रेणिक का एक पुत्र. Name of a son of king Shrenika. राज०

रामगिरि. पुं० (रामगिरि) पर्वत-विशेष. Name of a mountain. पउम० ४०, १६.

रामपुरी. स्त्री० (रामपुरी) अयोध्या नगरी. Ayodhya city. ती० ११.

रामणिज्जश्र. न० (रामणीयक) रमणीयता, सौन्दर्य. Elegance, Beauty. विक्र० २८.

रामा. स्त्री० (रामा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रामिश्र. त्रि० (रमित) रमण कराया हुआ. Caused to play or amuse oneself with. गा० ५६; पउम० ८०, ११.

रामेसर. पुं० (रामेश्वर) दक्षिण भारत का हिन्दु-तीर्थ. A holy place of Hindus in southern India. सम्मत्त० ८४.

राय. पुं० (राग) (१) मत्सर, द्वेष. Envy. देवेन्द्र० २७८; (२) रंगना, रंजन. Colouring; (३) वर्णन. Description; (४) अनुराग. Affection, love. (५) चन्द्र, चांद. Moon. (६) लाल वर्ण. Red colour. (७) लाल रंग वाली वस्तु. Red thing. (८) वसन्त आदि स्वर. A musical tune. हे० १, ६८.

राय. पुं० (राजन्) (१) चन्द्र, चन्द्रमा.

Moon. श्रा० २७; हम्मीर० ३; धर्मवि० ३; (२) एक महाग्रह. Name of a great planet. (३) इन्द्र. Indra. (४) क्षत्रिय. Kshatriya. (५) यक्ष. Demi-god. (६) शुचि, पवित्र. Purity. (७) श्रेष्ठ, उत्तम. The best or most excellent. हे० ३, ४१; ५०; (८) इच्छा, अभिलाष. Desire, wish. से० १, ६; (६) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०
—वाडियावाडी. स्त्री० (पाटिका-पाटी) चतुरंग सैन्य-श्रम-करण, राजा की सवारी. A procession of a king accompanied by a huge retinue of elephants, chariots, cavalry and infantry. कुमा० कुप० ११६-१२०; सुपा० २२२; —सिट्ठि. पुं० (श्रेष्ठिन्) नगर सेठ. The leading person in a town. भवि०; —सेण. पुं० (सेना) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रायईअ. त्रि० (राजकीय) राज-संबन्धी. Political, regal. प्राकृ० ३५.

रायउत्त. पुं० (राजपुत्र) राजपूत, राज-कुमार. Prince, Kshatriya. सुर० ३, १६५;

रायकेर-रायक्क. त्रि० (राजकीय) राज-सम्बन्धी. Political, regal. हे० २, १४८; कुमा० षड्०

रायचंपय. पुं० (राजचम्पक) वृक्ष विशेष, उत्तम चम्पक वृक्ष. The best Champaka tree. श्रा० १२.

रायणी. स्त्री० (राजादनी) खिन्नी, खिरनी का पेड़. A kind of tree. पउम० ५३, ७६.

रायधाणी. स्त्री० (राजधानी) राजनगर, राजा का मुख्य नगर. Capital. माट-चैत० १३२.

रायसेहर. पुं० (राजशेखर) (१) महादेव, शिव. Mahadeo, Shiva. (२) एक राजा. Name of a king. सुपा० ५२१; (३) एक कवि. Name of a poet. कप्पू०

राव. पुं० (राव) (१) रौला, कलकल. Scream, shriek. पाश्र०; (२) पुकार, आवाज़. Sound, cry. सुपा० ३४८; कुमा०

राविश्र. त्रि० (रञ्जित) रंगा हुआ. Coloured. दे० ७, ५.

रासह. पुं० स्त्री० (रासभ) गर्दभ, गदहा. Ass, donkey. पाश्र० प्राप्र० रंभा०

रासाणंदिश्रय. न० (रासानन्दितक) छन्द-विशेष. Name of a metre. अजि० १२.

रासालुद्धय. पुं० (रासालुब्धक) छन्द-विशेष. A particular metre. अजि० १०.

राह. पुं० (राध) (१) वैशाख मास. Month called Vaishakha. (२) वसन्त ऋतु. Spring season. से० १, १३; (३) एक जैन आचार्य. Name of a Jaina Acharya. उप० २८५; सुख०२, १५.

राहअ-व. पुं० (राघव) (१) रघु-वंश में उत्पन्न. One who is born in the Raghu lineage. उत्तर० २०; (२) श्री रामचन्द्र. An epithet of Shree Rama Chandra. से० १२, २२; १, १३-४७.

राहा. स्त्री० (राधा) (१) वृन्दावन की एक प्रधान गोपी, श्रीकृष्ण की पत्नी. Name of a celebrated Gopi, or cowherd's madam loved by Krishna. वज्जा० १२२; पिंग०; (२) राधावेध में रक्खी जाने वाली पुतली. A idol cr doll which is used in place of a target in arrow shooting. उप०पृ०१३०; (३) शक्ति-विशेष. A kind of strength. (४) कर्ण का पालन करने वाली माता. Name of the foster-mother of Karna. प्राकृ०४२; — मंडव. पुं० (मंडप) जहां पर राधावेध किया जाय. A place where from

the pupil of an eye of an image is aimed at. सुपा० २११.

रहिआ-राही. स्त्री० (राधिका) देखो 'राहा' शब्द, Vide 'राहा'. गा०८६; है० ४, ४४२; प्राकृ० ४२.

राहेअ. पुं० (राधेय) राधा-पुत्र, कर्ण. An epithet of Karna. गउड०

रि.अ. (रे) संभाषण सूचक अव्यय. A vocative participle. तंदु०२०-२२ टी.

रिउ. त्रि० (ऋजु) (१) सरल, सीधा. Straight. सुपा० ३४६; (२) न० विशेष पदार्थ, सामान्य भिन्न वस्तु. (In logic) Individuality (opp. सामान्य) प्रव० २७०; —सुत्त. पुं० (सूत्र) नय विशेष. Name of a Naya Sutra. विशे० २२३१, २१०८.

रिउमहण. पुं० (रिपुमथन) राक्षस वंश का एक राजा. Name of a king of the demon family. पउम० ५, २६३.

रिंखण. न० (रिङ्खण) सर्पण, गति, चाल. Crawling, creeping. पउम० २५, १२.

रिंखि. त्रि० (रिङ्खिन्) चलने वाला. Crawling, creeying. पिंड० ४७१.

रिंगण. न० (रिङ्गण) चलना, सर्पण. Crawling, creeping. प्रव० २.

रिंगिअ. न० (रिङ्गित) (१) रींगना, कच्छप की तरह हाथ के बल चलना. Creeping like a tortoise on hands. (२) गुरु वन्दन का एक दोष. A fault in bowing to the preceptor. गुभा० २४.

रिक्ख. पुं० (ऋक्ष) भालु, श्वापद-प्राणि-विशेष. Bear. है० २, १९.

रिक्खराज. पुं० (ऋक्षराज) वानर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vanar race. पउम० ८, २३४.

रिट्ठ. पुं० (अरिष्ट) (१) अरिष्ट, दुरित. Sin. षड्० पि० १४२; (२) दैत्य-विशेष. Name of a demon. षड्० से० १, ३.

रिट्ठमणि. पुं० (रिष्टमणि) श्याम रत्न-विशेष. A particular black jewel. सिरि० ११९०.

रिट्ठा. स्त्री० (रिष्टा) मदिरा, दारू. Liquor, wine. राज०

रिट्ठि. स्त्री० (रिष्टि) (१) खड्ग, तलवार. Sword. दे० ७, ६; (२) अशुभ. Inauspicious. (३) पुं० रन्ध्र, विवर. Hole. संक्षि० ३.

रिण. न० (ऋण) (१) जल, पानी. Water. (२) दुर्ग, किला. Fort. (३) दुर्गभूमि. Strong hold. (४) आवश्यक कार्य, फर्ज़. An important deed, duty. (५) कर्म. Deed. हे० १, १४१; मात्र०

रिणिअ. त्रि० (ऋणित) कर्ज़दार, अधमर्ण. Debtor. कुप्र० ४३६.

रित्थ. न० (रिक्थ) धन, द्रव्य. Wealth, riches. उप० ५२०; पाअ० स० ६०; सुख० ४, ६; महा०

रिद्धि. स्त्री० (ऋद्धि) (१) वृद्धि. Increase, growth. (२) देव विशेष. Name of a god. (३) औषधि-विशेष. A kind of medicine. हे०१, १२८; २,४१; पंचा०८; (४) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रिद्धिसुंदरी. स्त्री० (ऋद्धिसुन्दरी) एक वणिक् कन्या. Name of a Bania's daughter. उप० ७२८, टी.

रिरंसा. स्त्री० (रिरंसा) रमण की चाह, मैथुनेच्छा. Thrilling Lux for a sexual intercourse. अजम० ७६.

रीइ. स्त्री० (रीति) प्रकार, ढंग, पद्धति. Method, manner. 'निच्चं नवनवरीईइ' धर्मवि० ३२; कप्पू०

रीडण. न० (मण्डन) अलंकरण. Decorating, ornamenting. कुमा०

रीण. त्रि० (रीण) (१) क्षरित, स्रुत. Oozed, dripped. (२) पीडित. Aflicted. मत्त०२.

रीरिअ. त्रि० (राजित) शोभित. Beautiful. कुमा०

रीरी. स्त्री० (रीरी) धातु विशेष, पीतल. Brass. कुप्र० ११; सुपा १४२.

रुअंती. स्त्री० (रुदती) वल्ली-विशेष. A kind of creeper. संबोध० ४७.

रुअगुत्तम. न० (रुचकोत्तम) कूट-विशेष. Name of a summit. इक०

रुअण. न०(रोदन) रुदन, रोना. Weeping. संबोध० ४.

रुआ. स्त्री० (रुज्) रोग, बीमारी. Disease. उव० धर्मसं० ५६८.

रुआविअ. त्रि० (रोदित) रुलाया हुआ. Caused to weep. गा० ३८६.

रुइ. स्त्री०(रुचि) कान्ति, प्रभा, तेज. Lustre, brilliance. सुर० ७, ४; कुमा०; (२) आसक्ति. Close application to any object. प्रासू० १६६; (३) शोभा. Beauty, elegance. (४) बुभुक्षा, खाने की इच्छा. Desire of eating, hunger. (५) गोरोचना. A bright yellow pigment prepared from the urine or bile of a cow. षड्०

रुइअ. त्रि० (रुचित) (१) अभीष्ट, पसंद. Agreeable. सुर० ७, २४३; महा०; (२) पुं० न० विमान विशेष, एक देव विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १३२.

रुइर. त्रि० (रुचिर) (१) दीप्त, कान्ति-युक्त. Bright, shining, brilliant. तंदु० २०; (२) पुं०न० एक विमानेन्द्रक, देवविमान विशेष. Name of a celestial aerial car. देवेन्द्र० १३१.

रुंचण. न० (रुञ्चन) रुई से कपास को अलग करने की क्रिया. Act of separating cotton-seeds from cotton. पिंड० ५८८.

रुंजिय. न० (रवण) शब्द, आवाज़, गर्जना. Sound, cry. स० ४२०.

रुंटिअ. न०(रुत) गुञ्जारव, आवाज. Sound, humming of bees. 'रुंटिअं अलिविरुअं' पाअ० कुमा०

रुंड. पुं० न० (रुण्ड) बिना सिर का धड़, कबन्ध. Headless-body, trunk. 'पडिया य मुंडरुंडा' कुप्र० १३५; गउड०भवि० सण०

रुंधिअ. त्रि० (रुद्ध) रोका हुआ. Stopped, prevented. कुमा०

रुंभय. त्रि० (रोधक) रोकने वाला. Stopper, checker. स० ३८१.

रुंभाविअ. त्रि० (रोधित) रुकवाया हुआ, बंद किया हुआ. Stopped, prevented. श्रा० २७.

रुंभिअ त्रि० (रुद्ध) रोका हुआ. Stopped. हेका० ६६; सुपा० १२७.

रुक्खसत्थ. न० (वृक्षशास्त्र) वनस्पति-शास्त्र. Vanaspati Shastra pertaining to the agricultural science. स० ३११.

रुक्खिम. पुं० स्त्री० (वृक्षत्व) वृक्षपन. Grassy, green. षड्०

रुग्ग. त्रि० (रुग्ण) भग्न, तोड़ा हुआ. Broken, shattered. पाअ० गउड० ५६१.

रुज्ज. न० (रोदन) रुदन, रोना. Weeping. गा० ८४३.

रुज्झिअ. त्रि० (रुद्ध) रोका हुआ. Stopped, prevented. कुमा०

रुट्ठ. पुं० (रुष्ट) नरकावास-विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० २८.

रुद्द. पुं० (रुद्र) (१) जिन देव, जिन भगवान्. Jindeo. पउम० १०६, १२; (२) अंगविद्या का जानकार पुरुष. A man knowing the science of foretelling good or evil by the movement of limbs. विचार० ४८४.

रुद्दक्ख. पुं० (रुद्राक्ष) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. पउम० ५३, ७६.

रुद्दाणी. स्त्री० (रुद्राणी) शिव-पत्नी, दुर्गा. The wife of Rudra, name of parvati. समु० १५४.

रुप्प. न० (रुक्म) (१) काञ्चन, सोना Gold (२) लोहा. Iron. (३) धतूरा. A kind of tree. (४) नागकेसर. Name of a tree of fragrant flowers. प्राप्र०

रुप्पिणी. स्त्री० (रुक्मिणी) (१) द्वितीय वासुदेव की एक पटरानी. The crowned queen of second Vasudeo. पउम० २०, १८६; (२) एक श्रेष्टि-पत्नी. Name of a wife of a wealthy man. सुपा० ३३४.

रुवण. न० (रोदन) रोना. Weeping. उप० ३३५.

रुवणा. स्त्री० (रोवणा) आरोपणा, प्रायश्चित का एक भेद. A kind of expiation. वव० १.

रुसा. स्त्री० (रोष) रोष, गुस्सा. Wrath, rage. कुमा०

रुहण. न० (रोधन) निवारण. Checking, confining. वव० १.

रूअ. पुं० (रूप) (१) आकृति, आकार. Form, figure. गा० १३२; (२) त्रि० सदृश, तुल्य. Like, similar. दे० ६, ४६.

रूअग-य. पुं० न० (रूपक) रुपया. A particular coin, rupee. हे० ४,४२२.

रूआमाला. स्त्री० (रूपमाला) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रूढ. त्रि० (रूढ) प्रगुण, तंदुरुस्त. Healthy. पाअ०

रूढि. स्त्री० (रूढि) परम्परा से आने वाली प्रसिद्धि. Tradition, custom, usage. सुपा० ६१६; कप्पू०

रूप. पुं० (रूप) पशु, जानवर. Animal. मृच्छ० २००.

रूपि. पुं०(रूपिन्) शौनिक, कसाई. Butcher. मृच्छ० २००.

रूप. पुं० न० (रूप) (१) शब्द, नाम. Sound, word. (२) श्लोक. Hymn or verse. (३) नाटक आदि दृश्य काव्य. Drama, play. हे० १, १४२.

रूव. पुं० न० (रूप) Vide. एक, एक की संख्या. The number one, an arithmetical unit. क० गं० ४, ७७-७८-७६-८०-८१.

रूवग. पुं० न० (रूपक) साहित्य प्रसिद्ध एक अलंकार. (In Rhet.) A figurative speech corresponding to the English metayphor, in which the Upmeya is represented as being identical with the Upamena. सुर० १, २६; विशे० ६६६ टी.

रूसण. न० (रोषण) (१) रोष, गुस्सा. Wrath, anger. गा० ६७५; हे० ४, ४१८; (२) त्रि० गुस्साखोर, रोष करने वाला. Wrathful, angry. सुख० १, १४; संबोध० ४८.

रूसिअ. त्रि० (रुष्ट) रोष-युक्त. Angry, wrathful. सुख० १, १३-१६.

रे. अ० (रे) (१) परिहास. Joking, jesting (२) अधिक्षेप. Insulting. संक्षि०

४७; (३) संभाषण. Conversation. हे० २, २०१; कुमा०; (४) आक्षेप. Blame, abuse. संक्षि० ३८; (५) तिरस्कार. Censure, contempt. प्रव० ३८.

रेअ. पुं० (रेतस्) वीर्य, शुक्र. Semen virile. राज०

रेअविअ. त्रि० (मुक्त) छोड़ा हुआ, त्यक्त. Abandoned, gave up. कुमा० दे० ७, ११.

रेआ. स्त्री० (रै) (१) धन. Wealth, riches. (२) सुवर्ण, सोना. Gold. षड्०

रेइअ. त्रि० (रेचित) रिक्त किया हुआ. Emptied, cleared. से० ७, ३१.

रेभ. पुं० (रेफ) (१) 'र' अक्षर, रकार. The letter. 'र' कुमा०; (२) दुष्ट. Vicious, wicked. (३) अधम, नीच. Vilest, meanest. (४) क्रूर, निर्दयी. Cruel. (५) कृपण. Poor, indigent. हे० १, २३६, षड्०

रेवइय. न० (रेवतिक) एक उद्यान का नाम. Name of a garden. कप्प०

रेवंत. पुं० (रेवन्त) सूर्य का एक पुत्र, देव-विशेष. Name of the sun's son. 'रेवंततणुभवा इव' धर्मवि० १४२; सुपा० ५६.

रेवा. स्त्री० (रेवा) नदी-विशेष, नर्मदा. Name of the river Narmada. गा० ५७८; पाअ० कुमा० प्रासू० ६७.

रेहा. स्त्री० (रेखा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

रेहा. स्त्री० (राजना) शोभा, दीप्ति. Brilliance, elegance. कप्पू०

रेहिअ. त्रि० (राजित) शोभित. Adorned, decorated. सुर० १०, १८६.

रेहिर-रेहिल्ल. त्रि० (राजितृ) शोभने वाला. Beautiful. सुर० १, ५०; सुपा० ५६; 'नयरे नयरेहिल्ले' उप० ७२८, टी.

रेहिर. त्रि० (रेखावत्) रेखा वाला. Having lines. हे० २, १५६.

रोअ. पुं० (रोच) रुचि. Taste, liking. चेइय० २६०.

रोअण. न० (रोदन) रोना, रुदन. Weeping. दे० ५, १०; कुप्र० २३५; २८६.

रोअण. पुं० (रोचन) (१) एक दिग्-हस्ति कूट. Name of a summit. इक०;(२) न० गोरोचन. A bright yellow pigment prepared from the urine or bile of a cow. गउड०

रोअणा. स्त्री० (रोचना) गोरोचन. A bright yellow pigment prepared from the urine or bile of a cow. से० ११, ४५; गउड०

रोआविअ. त्रि०(रोदित) रुलाया हुआ. Caused to weep. गा० ३५७; सुपा० ३१७.

रोइर. त्रि० (रोदितृ) रोने वाला. Weeping. गा० ३८६; षड्०

रोगिअ. त्रि० (रोगिक) बीमार. Sick, ill. सुपा० ५७६.

रोमंचइअ-रोमंचिअ. त्रि० (रोमाञ्चित) पुलकित, जिसके रोम खड़े हुए हों. With the hair erect or thrilled with joy or fear. पउम०३, १०४; १०२, २०३; पाअ० भवि०

रोमंथ. पुं० (रोमन्थ) पगुराना, चबी हुई वस्तु का पुनः चबाना. Ruminating, chewing the cud. से० ६, ८७; पाअ० सण०

रोमय. पुं० (रोमज) पक्षि-विशेष, रोम की पंख वाला पक्षी. A kind of bird. जी० २२.

रोमस. त्रि० (रोमश) रोम-युक्त, रोम वाला. Having hairs. दे० ३, ११; पाअ०

रोलंब. पुं० (रोलम्ब) भ्रमर, मधुकर. Bee. दे० ७, २; कुप्र० ५८.

रोला. स्त्री० (रोला) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०

रोवण. न० (रोदन) रोना. Weeping. सुर० ६, ७६.

रोवण. न०(रोपण) वपन, बोना. Planting, sowing. वव० १.

रोविर. त्रि० (रोपयितृ) बोनेवाला. Planter. हे० २, १४५.

रोसविश्र. त्रि० (रोषित) कोपित, कुपित किया हुआ. Annoyed. पउम० ११०, १३.

रोह. पुं० (रोध) (१) रुकावट, अटकाव. Stopage, Hinderance. कुम० १; द्रव्य० ४६; (२) कैद. Arresting. पुष्फ० १८६.

रोह. पुं० (रोधस्) तट, किनारा. Bank, shore. पाश्र०

रोह. पुं० (रोह) प्ररोह, व्रण आदि का सूख जाना. To be healed or cured (of a wound). दे० ६, ६५.

रोहग. पुं० (रोहक) एक नट कुमार. Name of a son of a dancer. उप० पृ० २१५.

रोहगुत्त. पुं० (रोहगुप्त) (१) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. कप्प०; (२) त्रैराशिक मत का प्रवर्तक एक आचार्य. Name of an Acharya. विशे० २४५२.

रोहण. न० (रोधन) (१) अटकाव. Obstacle, hinderance. आरा० ७२; (२) त्रि० रोकने वाला. One who prevents or stops. द्रव्य० ३४.

रोहण. न० (रोहण) (१) चढ़ना, आरोहण. Ascending. सुपा० ४३८; कुम्र० ३११; (२) उत्पत्ति. Production. विशे० १७५३; (३) पुं० पर्वत-विशेष. Name of a mountain. सुपा० ३२; कुम्र० ६; (४) एक दिग्हस्तिकूट. Name of a summit. इक०

रोहिश्र. त्रि० (रोधित) घेरा हुआ. Encompassed, Surrounded. 'रोहियंपाडलिपुरं तेण' धर्मवि० ४२; कुम्र० ३११; स० ६३५.

रोहिणी. स्त्री० (रोहिणी) (१) तप-विशेष. A particular religious austerity पाश्र०; (२) गौ, गैया. Cow. पाश्र०

ल

ल. पुं० (ल) मूर्ध-स्थानीय अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण-विशेष. A particular consonant. प्राप्र०

लंका. स्त्री० (लङ्का) नगरी-विशेष, सिंहलद्वीप की राजधानी. Name of the capital and residence of Ravana. से० ३, ६२; पउम० ४६, १६; कप्पू०; —लय. त्रि० (लय) लंका निवासी. An inhabitant of Lanka. वज्जा० १३०.

लंकासुंदरी. स्त्री० (लङ्कासुन्दरी) हनूमान की एक पत्नी. A wife of Hanuman. पउम० ५२, २१.

लंकासोग. पुं० (लङ्काशोक) राक्षस वंश का एक राजा. A king of the Demon-family. पउम० ५, २६५.

लंगल. नं० (लाङ्गल) हल. Plough. 'लंगलाण सया' धर्मवि० २४; हे० १, २५६; षड्० ८०.

लंगलि. पुं० (लाङ्गलिन्) बलभद्र, बलदेव. Baladeo. कुमा०

लंगली. स्त्री० (लाङ्गली) वल्ली-विशेष, शारदी-लता. A kind of creeper. कुमा०

लंगूलि. त्रि० (लाङ्गूलिन्) पुच्छ वाला पशु. Animal. कुमा०

लंघि. त्रि० (लङ्घिन्) लंघन करने वाला. One who observes fasts. कप्पू०

लंचिल्ल. त्रि० (लाञ्चिक) घूंसखोर; रिश्वत लेकर काम करने वाला. That receives-bribes. वव० १.

लंछना. स्त्री० (लाञ्छना) चिह्न करना. Signing. उप० ४२२.

लंडुअ. त्रि० (लगिडत) उत्क्षिप्त. Thrown. 'चंदप्पवादलंडुओ विब्भवरंडो' चारु० ३.

लंपड. त्रि० (लम्पट) (१) लोलुप, लालची, लुब्ध. Greedy, covetous. पाअ० सुपा० १०७; ४६६; सुर० ३, १०.

लंपाग. पुं० (लम्पाक) देश विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ४६.

लंबअ. न० (लम्बक) ललन्तिका, नाभि पर्यन्त लटकती हुई माला आदि. A long necklace. स्वप्न ६३.

लंबणा. स्त्री० (लम्बना) रज्जु, रस्सी. Rope. स० १०१.

लंबि. त्रि० (लम्बिन्) लटकता हुआ. Hanging down. गउड०

लंबिर. त्रि० (लम्बितृ) लटकने वाला. Hanging. कुमा० गउड०

लंबुअ. त्रि० (लम्बुक) (१) लम्बी लकड़ी के अन्त भाग में बंधा हुआ मिट्टी का ढेला. A muddy ball tied to the other end of a long stick. (२) भींत में लगा हुआ ईंटों का समूह. A block of bricks set in a wall. मृच्छ० ६.

लंभिअ. त्रि० (लब्ध) प्राप्त. Obtained, acquired. नाट-चैत० १२४.

लक्खग. त्रि० (लक्षक) पहिचानने वाला. Recogniser, knower. पउम० ८२, ८४; कुप्र० ३००.

लक्खण. पुं० न० (लक्षण) (१) व्याकरण शास्त्र. Grammar. सुपा० १४१; ६४७; (२) व्याकरण आदि का सूत्र. An aphorism of Grammar etc. (३) प्रतिपाद्य, विषय. Subject. हे० २, ३; (४) पुं० सारस पक्षी. Crane. 'लक्खणो' प्राकृ० २२; (५) कारण, हेतु. Cause, reason. दसनि० ४, १४.

लक्खणा. स्त्री० (लक्षणा) (१) शब्द वृत्ति विशेष, शब्द की एक शक्ति जिससे मुख्य अर्थ के बाध होने पर भिन्न भिन्न अर्थ की प्रतीति होती है. An indirect application of a word, one of the qualities of a word which expresses its zeal through its different meaninigs. दे०१, ३; (२) एक महौषधि. A kind of medicine. ती० ५.

लक्खणा. स्त्री० (लक्ष्मणा) एक अमात्य की स्त्री. Wife of a minister. उप०७२८, टी.

लक्खणिय. त्रि० (लाक्षणिक) (१) लक्षणों का जानकार. One who is acquainted with mark or signs. (२) लक्षण युक्त. Characteristic. सुपा० १३६.

लक्खिअ. त्रि० (लक्षित) जाना हुआ. Known. (२) पहिचाना हुआ. Characterized, marked. (३) देखा हुआ. Observed, beheld. गउड० नाट-रत्ना० १४.

लग्ग. पुं० (लग्न) स्तुति-पाठक. Bard, minstrel. हे० २, ६८.

लग्गण. न० (लगन) संग, सम्बन्ध. Relation. 'वडपायसाहालग्गणेण' सुर० १५,१४; उप० १३४; ५३८.

लग्गणय. पुं० (लग्नक) प्रतिभू, जामिन. Surety, bail. पाअ०

लघिम. पुं० स्त्री० (लघिमन्) (१) लघुता, लाघव. Littleness, lightness. (२) योग की एक सिद्धि. The supernatural power of assuming excessive lightness at will, one of the eight Sidhis. 'लंघिज्ज लघिमगुणाओ' कुप्र० २७७; (३) विद्या-विशेष. A kind

of magical skill. पउम० ७, १३६.

लच्छी. स्त्री०(लक्ष्मी) (१) कान्ति. Beauty, Lustre. (२) औषधि विशेष. A kind of medicine. (३) फलिनी वृक्ष. A kind of tree. (४) हरिद्रा. Name of turmeric. (५) मुक्ता, मोती. Pearl. (६) रावण की एक पत्नी. A wife of Ravana. पउम०७४,१०; (७) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०; (८) एक वणिक् पत्नी. A Bania's wife. उप० ७२८ टी.

लच्छीनिलय. पुं० (लक्ष्मीनिलय) वासुदेव. Vasudeo. पउम० ३७, ३७.

लच्छीमंदिर. न० (लक्ष्मीमन्दिर) नगर-विशेष. Name of a city. सुपा० ६३२.

लच्छीवइ. पुं०(लक्ष्मीपति) लक्ष्मी का स्वामी, श्री कृष्ण. An epithet of Vishnu. प्राकृ० ३०.

लच्छीहर. पुं० (लक्ष्मीधर) (१) वासुदेव. Vasudeo. पउम० ३८, ३४; (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०;(३) न० नगर-विशेष. Name of a city. इक०

लज्जण-लज्जणय. न० (लज्जन) (१) शरम, लाज. Shame. सा० ८; राज०; (२) त्रि० लज्जा-कारक. Causing shame, shameful. सुपा० २१५; भवि०

लज्जा. स्त्री० (लज्जा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

लज्जालु-लज्जालुआ-लज्जालुइणी. स्त्री० (लज्जालु) (१) लता विशेष. A kind of creeper. (२) लज्जा वाली स्त्री. A modest or bashful woman. षड्० हे० २, १५६; १७४; सुर० २, १५६; गा० १२७; प्राकृ० ३५.

लज्जालुइर-लज्जालुर. त्रि० (लज्जालु) लज्जा-शील, शरमिंदा. Modest, bashful गा० ४८२; ६१२ अ०

लज्जिर त्रि०(लज्जितृ) लज्जा-शील. Modest, bashful. हे० २, १४५; गा० १५०; कुमा० वज्जा० ८; भवि०

लट्टा. स्त्री० (लट्वा) (१) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. कुमा०; (२) कुसुम्भ. Saffflower. वृह० १; (३) गौरेया, पक्षि विशेष. Sqarrow. (४) भ्रमर, भौंरा. Wasp. (५) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. दे० २, ५५.

लड्डुअ-लड्डुग. पुं०(लड्डुक) लड्डू, मोदक. A kind of sweet-meat. गा० ६४१. प्रयौ० ८३; कुप्र०२०१; भवि० पउम० ८४,४; पिंड० ३७७.

लड्डुयार. त्रि० (लड्डुककार) लड्डू बनाने वाला,हलवाई.One who makes sweet-balls. कुप्र० २०१.

लढिअ. त्रि० (स्मृत) याद किया हुआ. Remembered, recollected. पाअ०

लण्ह. त्रि० (श्लक्ष्ण) (१) अल्प, थोड़ा. A little. (२) न० लोहा, धातु-विशेष. Iron. हे० २, ७७; प्राकृ० १८.

लत्त. त्रि० (लप्त) उक्त, कथित. Said. सुपा० २३४.

लद्धि. स्त्री० (लब्धि) योग्यता. Fitness. —पुलाअ. पुं० (पुलाक) लब्धि-विशेष-संपन्न मुनि. A particular class of saint. संबोध० ३८.

लद्धिय. त्रि० (लब्ध) प्राप्त. Obtained, acquired. वै० ६६.

लद्धिल्ल. त्रि० (लब्धिमत्) लब्धि-युक्त. Strength. पंच० १, ७.

लय. पुं०(लय) (१) श्लेष. An embrace. (२) मन की साम्यावस्था. Mental inactivity. कुमा०; (३) लीनता, तल्लीनता. Sticking, adherence. (४) तिरोभाव.

Disappearance, dissolution. विशे० २६६६.

लयंग. न० (लताङ्ग) संख्या-विशेष, चौरासी लाख पूर्व. A particular number. जो० २.

लया. स्त्री० (लता) (१) प्रकार, भेद. Kind. बृह० १; (२) तप-विशेष. Kind of religious austerity. प्रव० २७१; (३) संख्या विशेष, चौरासी लाख लतांग परिमित संख्या. A particular number. जो० २.

ललाम. न० (ललामन्) प्रधान, नायक. President, chief. अभि० ६४.

ललिअंग. पुं० (ललिताङ्ग) एक राज-कुमार. Name of a prince. उप० ६८६ टी.

ललिअय. न० (ललितक) छन्द-विशेष. Name of a metre. अजि० १८.

ललिआ. स्त्री० (ललिता) एक पुरोहित की स्त्री. Name of a priest's wife. उप० ७२८ टी.

ललक. पुं० (ललक) छठवीं नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान. An abode of the sixth hell. देवेन्द्र० १३.

लव. पुं० (लव) लेश, अल्प, थोड़ा. A bit, a little. पाअ० प्रासू० ६६, ११८; सण०

लवण. पुं० (लवण) (१) रस विशेष, क्षार रस. A kind of salt. (२) सीता का एक पुत्र, लव. Name of a Sita's son. पउम० ६७, ११; (२) मधुराज का एक पुत्र. A son of Madhuraja. पउम० ४७, २७.

लवणिम. पुं० स्त्री० (लवणिमन्) लावण्य. Beauty, grace. कुमा०

लवल. न० (लवल) पुष्प-विशेष. A kind of flower. कुमा०

लवली. स्त्री० (लवली) लता-विशेष. A kind of creeper. सुपा० ३८१; कुम० २४१.

लवित्त. न० (लवित्र) दात्र, घास काटने का एक औजार. An instrument for mowing, sickle. दे० १, ८२.

लविर. त्रि० (लपितृ) बोलने वाला. Speaker. सण०

लसिर. त्रि० (लसितृ) (१) श्लिष्ट होने वाला. One who embraces. (२) चमकने वाला, दीप्त. Glittering, shining. से० ८, ४४.

लसुण. न० (लशुन) लहसुन, कन्द-विशेष. Garlic. आ० २०.

लहण. न० (लभन) (१) लाभ, प्राप्ति. Obtaining, acquisition. (२) ग्रहण, स्वीकार. Acceptance. आ० १४.

लहर. पुं० (लहर) एक वणिक् पुत्र. Name of a Bania's son. सुपा० ६१७.

लहाविय. त्रि० (लम्भित) प्रापित, प्राप्त कराया हुआ. Caused to obtain. कुप्र० २३२.

लहु-लहुअ. त्रि० (लघु) तुच्छ, निःसार. Small, tiny. (१) श्लाघनीय, प्रशंसनीय. Praiseworthy. से० १२, ४३; (२) मनोहर, सुन्दर. Lovely, handsome, beautiful. हे० २, १२२; (३) न० कृष्णा-गुरु, सुगन्धि-धूप-द्रव्य विशेष. A kind of Sandal-wood. (४) वीरण-मूल. A kind of fragrant root. हे० २, १२२; (५) स्पर्श विशेष. A kind of touch. अणुजो०; (६) पुं० एक मात्रा वाला अक्षर. A word with a sigle sign. हे० ३, १३४.

लाइअ. त्रि० (लागित) लगाया हुआ. Affixed. से० २, २६; वज्जा० ४०.

लाड. पुं० (लाट) देश-विशेष. Name of a country. सुपा० ६४८; कुप्र० २४४; भत्त० ·६७ टी; भवि० सण० इक०

लाण. न० (लान) ग्रहण, आदान. Taking, accepting. से० ७, ६०.

लाभ. पुं० (लाभ) सूद, ब्याज. Interest

on money lent. उप० ६४७.

लाभिय-लाभिन्न. त्रि०(लाभिक) लाभ-युक्त, लाभ वाला. Profitable. कर्म० १७.

लाय. त्रि० (लात) (१) न्यस्त, स्थापित. Established. (२) न० लग्न का एक दोष. A defect of wedding rituals. सुपा० १०८.

लाय. पुं० (लाज) (१) आर्द्र तण्डुल. Wet or damp rice. (२) ब० भुंजा हुआ नाज, खोई. Parched or fried grain. कप्पू०

लायण. न० (लागन) लगवाना. Causing to affix. गा० ४४८.

लायएण. न० (लावण्य) लवणत्व, खारत्व. Saltish, sour. हे० १, १७७; १८०.

लालण. न० (लालन) स्नेह-पूर्वक पालन. Fondling, patting. पउम० २६, ८८.

लालय. न० (लालक) लाला, लार. Saliva. दे० ४, १६.

लालिल्ल. त्रि० (लालावत्) लारवाला. Having saliva. सुपा० ४३१.

लाविर. त्रि०(लवितृ) काटने वाला. Cutter. गा० ३४४.

लास. न० (लास्य) (१) नाट्य शास्त्र प्रसिद्ध गेयपद आदि. A part of the Nataka-shastra of Bharata. कुमा०; (२) नृत्य, नाच. Dance. पाअ०; (३) स्त्री का नाच. Dance of a woman. (४) वाद्य, नृत्य और गीत का समुदाय. A dance accompanied with singing and instrumental music. हे० २, ६२.

लिअ. त्रि०(लिप्त) (१) लीपा हुआ. Anointed, besmeared. गा० ४२८; (२) न० लेप. Anointing, besmearing. प्राकृ० ७७.

लिआर. पुं०(लृकार) 'लृ' वर्ण Alphabet. लृ. प्राकृ० ६.

लिंगिय. त्रि० (लैङ्गिक) किसी धर्म के वेष को धारण करने वाला साधु, संन्यासी. A monk wearing the dress of a particular religion or creed. मोह० १०१.

लिंपाविय. त्रि० (लेपित) लेप कराया हुआ. Caused to smear. कुम्र० १४०.

लिंपिय. त्रि०(लिप्त) लीपा हुआ. Smeared. कुमा०

लिंब. पुं० (निम्ब) वृक्ष-विशेष, नीम का पेड़. Nim tree. हे० १, २३०; कुमा० स० ३४.

लिक्ख. न० (लेख्य) लेखा, हिसाब. Example (In Arith.) or illustration. 'लिक्खं गणिऊण चिंतए' सिरि० ४१८; सुपा० ४२४.

लिहण. न० (लेखन) (१) लिखना, लेख. Writing. कुम्र० ३६८; (२) रेखा-करण. Scratching. तंदु० ४०; (३) लिखवाना. Causing to write. संबोध० ३६.

लिहावण. न०(लेखन) लिखवाना. Causing to write. उप० ७२४

लिहाविय. त्रि० (लेखित) लिखवाया हुआ. Caused to write. स० ६०.

लीढ. त्रि०(लीढ) (१) चाटा हुआ. Licked, lipped. सुपा० ६४१; (२) स्पृष्ट. Touched. कुम्र० ४; (३) युक्त. Joined, united. प्रव० १२४.

लीला. स्त्री० (लीला) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

लीलाइअ. न० (लीलायित) (१) क्रीडा, केलि. Sport, amusement, pleasure. कप्पू०; (२) प्रभाव. Dignity, majesty. 'धम्मस्स लीलाइयं' उप० १०३१ टी.

लीलावई. स्त्री० (लीलावती) (१) विलासवती स्त्री. An amorous or wanton woman. प्रासु० ६१; (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

लुअ. त्रि०(लून) काटा हुआ, छिन्न. Cut. हे० ४, २५८; गा० ८; से० ३, ४२; दे० ७, २३; सुर० १३, १७५; सुपा० ५२४.

लुअ. त्रि० (लुप्त) (१) जिसका लोप किया गया हो. Disappeared. (२) न० लोप. Disappearance. प्राकृ० ७७.

लुअंत. त्रि० (लूनवत्) जिसने छेदन किया हो. One who has cut. धात्वा० १५१.

लुंटण. न० (लुण्टन) लूट. Plundering. सुर० २, ४६; कुमा०

लुंटाक त्रि० (लुण्टाक) लूटने वाला, लुटेरा. Robber, plunderer. धर्मवि० १२३.

लुंठग. त्रि० (लुण्ठक) खल, दुर्जन. Wicked. 'ववहरिजमाणा लुंठगलोएण' सुख० २, ६.

लुंठिअ. त्रि० (लुण्ठित) बलात्गृहीत, जबरदस्ती से लिया हुआ. Plundered, robbed. पिंग०

लुक्क. त्रि० (निलीन) लुका हुआ, छिपा हुआ, Hidden, concealed. गा० ४६; ५५८; पिंग०

लुक्क त्रि० (रुग्ण) (१) भग्न. Broken, shattered. कुमा०; (२) बीमार, रोगी. Diseased, sick. हे० २, २.

लुक्किअ. त्रि० (तुडित) टूटा हुआ, खण्डित. Broken, shattered. कुमा०

लुक्किअ. त्रि० (निलीन) लुका हुआ, छिपा हुआ. Hidden, concealed. पिंग०

लुट्ट. त्रि० (लुण्टित) लूटा हुआ. Plundered. धर्मवि० ७.

लुट्ठु. पुं० (लोष्ट) रोड़ा, ईंट आदि का टुकड़ा. Clod, a piece of brick. दे० ७, २६.

लुढिअ. त्रि० (लुठित) लेटा हुआ. Slept. सुपा० ५०३; स० ३६६.

लुणिअ. त्रि० (लून) काटा हुआ. Cut off, severed. धर्मवि० १२६; सिरि० ४०४

लुत्त. त्रि० (लोप्त्र) चोरी का माल. Stolen property, booty, spoilse. आवक० ६३ टी.

लुलिअ. त्रि० (लुठित) लेटा हुआ. Laying down. सुर० ४, ६८.

लुहण. न० (मार्जन) शुद्धि. Cleansing, purifying. कुमा०

लूड. त्रि० (लुण्ट) लूटने वाला. Plunderer, robber. हेका० २६०; काप्र० ६१७.

लूडण. न० (लुण्टन) लूट, चोरी. Theft. स० ४४१.

लूडिअ. त्रि० (लुण्टित) लूटा हुआ. Robbed, plundered. स० ५३६; पउम० ३०, ६२; सुपा० ३०७.

लूण. न० (लवण) लून, नमक. Salt. जी० ४.

लूण. न० (लवण) लावण्य, शरीर-कान्ति. Beauty, loveliness. सुपा० २६३.

लूरिअ. त्रि० (छिन्न) काटा हुआ. Cut, lopped off. कुमा० ६, ८३.

लूसिअ. त्रि० (लूषित) (१) लुण्टित, लूटा गया. Plundered, robbed. आ० १२. (२) उपद्रुत, पीड़ित. Hurt, injured. सम्मत्त० १७५. (३) हिंसित. Killed.

लूह. न० (रूक्ष) तप-विशेष, निर्विकृतिक तप. A kind of religious austerity. संबोध० ५८.

लेक्ख. न० (लेख्य) (१) व्यवहार, व्यापार. Business. सुपा० ४२४; (२)लेखा, हिसाब. Account (In arith.) कुप्र० २३८.

लेडु-लेडुअ. पुं० न० (लेष्टु) रोड़ा, ईंट पत्थर आदि का टुकड़ा. Brick. पाअ० दे० ७,२४.

लेवाड. त्रि० (लेपकर्तृ) लेपकारक. Plastermaker. वव० १.

लेसिय. त्रि० (श्लेषित) श्लेष-युक्त. Having contact. स० ७६२.

लेह. पुं० (लेह) अवलेह, भोजन, चखना,

चाटना. Food, licking, to taste. पउम० २, २८.

लेह. पुं० (लेख) (१) देव, देवता. Gods. (२) लिपि. Script letters. (३) त्रि० लेख्य, जो लिखा जाय. To be written. हे० २, १८६; (४) लेखक, लिखने वाला Writer. वज्जा० १००; —वाह. त्रि० (वाह) चिट्ठी लेजाने वाला, पत्र वाहक. Messenger, letter-bearer postman. पउम० ३१, १; सुपा० ४१६; —साला. स्त्री० (शाला) पाठशाला. School. उप० ७२८ टी.

लेहण. न०(लेहन) चाटना, आस्वादन. Lambative, Licker. पउम० ३, १०७.

लेहणी. स्त्री० (लेखनी) कलम, लेखनी. Pen. पउम० १६, ४; गा० २४४.

लेहिय. त्रि० (लेखित) लिखवाया हुआ. Caused to write. ती० ७.

लोअ. पुं० (लोक) आलोक, प्रकाश. Light. वज्जा० १०६.

लोअ. पुं० (लोप) अदर्शन, विध्वंस. Disappearance, Destruction. चेइय०६६१.

लोअणिल्ल. त्रि० (लोचनवत्) आँख वाला. Having eyes. सुपा० २००.

लोअप्पवाय. पुं० (लोकप्रवाद) जनश्रुति, कहावत. General rumour, proverb. सुर० २, ४७.

लोआहाणय. न० (लोकाभाणक) कहावत, लोकोक्ति. Proverb, saying. भवि०

लोइअ. त्रि० (लोकित) निरीक्षित, दृष्ट. Observed, looked at, inspected. गा० २७१; स० ७१३.

लोगवीर. पुं० (लोकवीर) भगवान् महावीर. Lord Mahavira. उव०

लोट्ठ. पुं० (लोष्ट) रोड़ा, ढेला. Clod, lump of earth. दे० ७, २४.

लोडाविअ. त्रि० (लोटित) घुमाया हुआ. Moved round. गा० ७६६.

लोढिअ. त्रि० (लोठित) लिटाया हुआ, सुलाया हुआ. Caused to sleep. पउम० ६१,६७.

लोण. पुं० (लवण) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. पउम० ४२, ७; आ० २०; प्रव०४.

लोणिय. त्रि० (लावणिक) लवण-युक्त, लवण-सम्बन्धी. Saltish, pertaining to salt. ओघ० ७७६.

लोण्ण. न०(लावण्य) शरीर-कान्ति. Beauty, charm. शकु० ४.

लोत्त. न० (लोप्त्र) चोरी का माल. Stolen propety, booty. स० १७३.

लोमस. त्रि० (लोमश) लोम-युक्त. Hairy, woollen, shaggy. गउड०

लोमहरिस. पुं०(लोमहर्ष) नरकावास विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० २७.

लोलमज्झ. पुं० (लोलमध्य) नरकावास-विशेष. Name of a hell. ठा० ६ टी.

लोलपच्छ. पुं०(लोलपाक्ष) नरक स्थान विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० ३०.

लोलसिट्ठ. पुं० (लोलशिष्ट) नरकावास-विशेष. A particular hell. ठा० ६ टी.

लोलावत्त. पुं० (लोलावर्त) नरकावास-विशेष. Name of a hell. ठा० ६ टी; देवेन्द्र०७.

लोलिम. पुं०स्त्री०(लोलत्व) लम्पटता, लोलुपता. Drunkenness, debautchery. कुमा०

लोह. त्रि० (लौह) लोहे का, लोह निर्मित. Made of iron. से० १४, २०.

लोहंगिणी. स्त्री० (लोहाङ्गिनी) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०

लोहकार. पुं० (लोहकार) लुहार. Blacksmith. कुम० १८८.

लोहजंघ. पुं० (लोहजङ्घ) राजा चण्डप्रद्योत का एक दूत. A messenger of the

king Chand Pradyota. महा०

लोहजंघवण. न० (लोहजङ्घवन) मथुरा के समीप का एक वन. A forest near Muttra. ती० ७.

लोहल. पुं० (लोहल) शब्द-विशेष, अव्यक्त-शब्द. An indistinct word. षड्०

लोहिआमुह. पुं० (लोहितामुख) रत्नप्रभा का एक नरकावास. A hell of Ratnaprabha. स० ८८.

ल्हसण. न० (स्रंसन) खिसकना, पतन. Slipping. सुपा० ५५.

ल्हसाविअ. त्रि० (स्रंसित) खिसकाया हुआ. Caused to slip. कुमा०

ल्हसिअ. त्रि० (स्रस्त) खिसक कर गिरा हुआ. Dropped down, slipped off. कुमा० १८७; वज्जा० ८४.

ल्हादि. स्त्री० (ह्लादि) आह्लाद, प्रमोद, खुशी. Delight, joy. राज०

ल्हाय. पुं० (ह्लाद) आह्लाद, प्रमोद, खुशी. Delight. धर्मसं० २१६.

व

व. पुं० (व) (१) अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण विशेष, जिसका उच्चारण स्थान दन्त और ओष्ठ है. A Particular consonant. प्राप०प्रामा०; (२)पुं० न० वरुण. Name of Varuna. से० १, १; २, ११.

वइ. अ० (वै) (१) अवधारण, निश्चय. A particle of affirmation or certainty. विशे० १८००; (२) अनुनय. Entreaty or persuasion. (३) संबोधन. A vocative particle. (४) पादपूर्ति. Generally used as explitive. चंड०

वइअ. त्रि० (व्ययित) जिसका व्यय किया गया हो. Expended, spent. 'किमिह दव्वेण वइएणं बहुएणं' सुपा०५७८;७३,४१०.

वइअब्भ. पुं० (वैदर्भ) (१) विदर्भ देश का राजा. A king of Vidarbha. (२) त्रि० विदर्भ देश में उत्पन्न. Born in Vidarbha. षड्०

वइअर. पुं०(व्यतिकर) प्रसङ्ग, प्रस्ताव. Incident, occurance. सुर०४,१३६;महा०

वइआलिअ. त्रि० (वैतालिक) मंगल स्तुति आदि से राजा को जगाने वाला मागध आदि. Bard, minstrel. हे० १, १५२.

वइआलीअ. पुं० न० (वैतालीय) छन्द-विशेष. Name of a metre. हे० १, १५१.

वइएस. त्रि० (वैदेश) विदेश-सम्बन्धी, परदेशी. Belonging to another country, foreign, exotic. पउम० ३३, २४; हे० १, १५१; प्राकृ० ६.

वइएह. पुं० (वैदेह) (१) वणिक्, वैश्य. Bania. (२) शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न जातिविशेष. The son of a Sudra by a Bania woman. (३)राजा जनक. The king Janaka. (४) त्रि० देह रहित से सम्बन्ध रखने वाला. One who indulges in the breaking the bonds of a bodily life. (५) मिथिला देश का. Relating to Mithila. हे० १, १५१; प्राकृ० ६.

वइकल्लिअ. न० (वैकल्य) विकलता. Agitation, flurry, excitement. पाअ०

वइकुंठ. पुं० (वैकुण्ठ) (१) उपेन्द्र, विष्णु. An epithet of Vishnu. पाअ० (२) लोक विशेष, विष्णु का धाम. The heaven of Vishnu. उप० १०३१ टी.

वइगरणिय. पुं०(वैकरणिक) राज-कर्मचारी-विशेष. Name of an officer. सुपा०५४८.

वइगुण्ण. न० (वैगुण्य) (१) वैकल्य, अपरिपूर्णता, असंपन्नता. Deficiency, imperfection. धर्मसं० ८८४; (२) विपरीतपन, विपर्यय. Diversity, contrary. राज०

वइजवण. त्रि० (वैजवन) गोत्र-विशेष में उत्पन्न. Born in a particular family. हे० १,१५१.

वइतुलिय. त्रि० (वैतुलिक) तुल्यता रहित. Devoid of similarity. निसी०चू०११.

वइदिस. पुं० (वैदिश) (१) अवन्ती देश, मालव देश. Malwa. उप० २०२; (२) त्रि० विदिशा सम्बन्धी. Relating to intermediate point of the compass. बृह० ६.

वइदेसिअ. त्रि० (वैदेशिक) विदेशी, परदेशी. Foreign, exotic. संखि०५;कुप० ३८०; सिरि० ३६३; पि०६१.

वइदेही. स्त्री०(वैदेही) (१) राजा जनक की स्त्री, सीता की माता. The mother of Sita. पउम० २६, ७५; (२) जनकात्मजा, सीता. Name of Sita. (३) हरिद्रा, हल्दी. Turmeric. (४) पिप्पली, पीपल. The Pipal tree. (५) वणिक्-स्त्री. Bania's woman. संखि० ५.

वइमेत्त. न०(वाङ्मात्र) निरर्थक वचन. Mere words. धर्मसं० २८४, २८५; ८४४.

वइर. पुं० न० (वज्र) (१) विद्युत्, विजली. Lightening. कुमा०; (२) पुं०कोकिलाच वृक्ष. Name of a tree. (३) श्वेत कुशा. A kind of Kusa grass. (४) श्री कृष्ण का एक प्रपौत्र. A grandson of Shree Krishna. (५) न० बालक, शिशु. Child, baby. (६) धात्री. Nurse, foster-mother. (७) कांजी. Sour gruel. (८) वज्र पुष्प. The blossom of Sesamum. (९) एक प्रकार का लोहा. A kind of iron. (१०) अभ्र-विशेष. A kind of talc. (११) ज्योतिष-प्रसिद्ध एक योग. A particular of consullation (In astro.). हे०२, १०५.

वइरकंड. न० (वज्रकाण्ड) रत्नप्रभा पृथिवी का एक वज्ररत्न-मय काण्ड. A particular region of the hell Ratanprabha. राज०

वइरजंघ. पुं० (वज्रजङ्घ) पुष्कलावती विजय के लोहार्गल नगर का एक राजा. A king of the city Lohargala of Pushkalavati region. आव०

वइरसिंह. पुं० (वज्रसिंह) एक राजा. Name of a king. काल० पि० ४००.

वइरसेणा. स्त्री० (वज्रसेना) एक दिक्कुमारी देवी. A Dikkumari goddess. इक०

वइरहर. पुं०(वज्रधर) इन्द्र. An epithet of Indra. षड्०

वइरा. स्त्री० (वज्रा) एक जैन मुनि शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

वइराग. न० (वैराग्य) विरक्ति, उदासीनता. Absence of wordly desires or passions. पउम० २६, २०.

वइरि-वइरिअ. त्रि० (वैरिन्) दुश्मन, रिपु. An enemy. सुर०१,७;काल० प्रासू०१७४.

वइरी. स्त्री० (वज्रा) एक जैन मुनि शाखा. A Branch of Jaina saints. कप्प०

वइरुट्टा. स्त्री० (वैरोट्या) एक विद्या देवी. A goddess of learning. संनि० ६.

वइवाय. पुं० (व्यतिपात) ज्योतिष प्रसिद्ध एक योग. A particular constellation (In astro.). राज०

वइसइअ. त्रि० (वैषयिक) विषय से उत्पन्न, विषय-संबन्धी. Relating to object of sense, sexual, carnal. संखि० ५.

वइसंपायण. पुं० (वैशम्पायन) एक ऋषि जो

व्यास का शिष्य था. Name of a sage pupil of Viyasa. हे० १, १५१; प्राप्र०

वइसम्म. पुं० न० (वैषम्य) विषमता. Uneveness. 'वइसम्मो' संक्षि० ५; पि० ६१.

वइसवण. पुं० (वैश्रवण) कुबेर. Name of Kubera, the god of wealth. हे० १, १५२; भवि०

वइसस. न० (वैशस) रोमाञ्चकारी पाप-कृत्य. Slaughter, butchery. उप० ५७५.

वइसाल. त्रि० (वैशाल) विशाला में उत्पन्न. Born in Vishala. हे० १, १५१.

वइसाह. पुं० (वैशाख) (१) मन्थन दण्ड. A churning stick. (२)पुं० न० योद्धा का स्थान विशेष. A particular position in shooting. हे०१,१५१; प्राप्र०

वइसिअ. त्रि० (वैशिक) वेष से जीविका उपार्जन करने वाला. One that earns by dress. हे० १, १५२; प्राप्र०

वइसिट्ठ. न०(वैशिष्ट्य) विशिष्टता, भेद. Distinction, peculiarity. धर्मसं० ६६.

वइस्साणर. पुं० (वैश्वानर) (१) वह्नि, अग्नि. An epithet of fire. (२) चित्रक वृक्ष. A kind of tree. (३) सामवेद का अवयव विशेष. A particular part of Samveda. हे० १, १५१.

वईअ. त्रि० (व्यतीत) अतीत, गुज़रा हुआ. Passed, elapsed. पउम० २०, २०.

वउ. न० (वपुष्) शरीर, देह. Body. राज०

वंकचूल. पुं० (वङ्कचूल) एक प्रसिद्ध राजकुमार. Name of celebrated prince. धर्मवि० ५२; पडि०

वंकचूलि. पुं० (वङ्कचूलि) एक प्रसिद्ध राज कुमार. Name of a well-known prince. 'तओ गया वंकचूलिणो गेहे' धर्मवि० ५३-५६-६०.

वंकिअ. त्रि० (वकित) बांका किया हुआ. Bent, crooked. से० ६,५६.

वंकिम. पुं०स्त्री०(वक्रिमन्) वक्रता, कुटिलता. Crookedness, obstinacy. पि० ७४; हे० ४, ३४४-४०१.

वंगण. न० (व्यङ्गन) क्षत. Wound, scratch. राज०

वंगिय. त्रि० (व्यङ्गित) विकृत शरीर वाला. Having deformed body. राज०

वंच. त्रि०(वञ्च) ठगने वाला, धूर्त. Fraudulent, deceitful. वज्जा०११६;हे०४,४१२.

वंचअ-ग. त्रि० (वञ्चक) ठगने वाला, धूर्त. Fraudulent, deceitful.नाट-मालवि०; आ० २८.

वंचण. त्रि० (वञ्चन) ठगने वाला. Fraudulent, crafty. संबोध० ४१.—चण. त्रि० (चण) ठगने में चतुर. Clever in cheating. सम्मत्त० २१७.

वंचणा. स्त्री०(वञ्चना)प्रतारणा. Cheating. उव० कप्पू०

वंचिअ. त्रि० (वञ्चित) रहित, वर्जित. Deprived of. गउड०

वंजण. न०(व्यञ्जन)शब्द, पद. Consonant word. सम्म० ३०; सूयनि० ६; पडि०विशे० १७०; (२) कक्षा आदि का बाल. Hair of the waist etc. राज०; (३) प्रकाशन, व्यक्तिकरण. Making clear, indicating. विशे० ४६१.

वंजय. त्रि० (व्यञ्जक) व्यक्त करने वाला. Manifesting, making clear. भास० २६.

वंजर. पुं० (मार्जार) बिलाव. Cat. हे० २, १३२; कुमा०

वंजुलि. त्रि० (वञ्जुलिन्) वेतरु वृक्ष वाला. Having the 'Vaitru' tree. गउड०

वंटग. पुं० (वण्टक) बांट, विभाग. Part, portion. निसी० चू० १६.

वंठ. त्रि० (वण्ठ) खर्व, वामन. Dwarf. हे० ४, ४४७.

वंत. त्रि०(वान्त) पतित, गिरा हुआ. Fallen, dropped. दस० ३, १ टी.

वंतरिणी. स्त्री०(व्यन्तरी) व्यन्तर जातीया देवी. A particular goddess सुपा० ६१३.

वंदअ-ग. त्रि० (वन्दक) वन्दन करने वाला. One that salutes. पउम० ६,४८; १०१, ७३; महा० सुख० १, ३.

वंदारय. पुं० (वृन्दारक) (१) देव, देवता. God. पाअ० कुमा०; (२) त्रि० मनोहर. Beautiful, attractive. कुमा०; (३) मुख्य, प्रधान. Eminent, excellent. हे० १, १३२.

वंदारु. त्रि० (वन्दारु) वन्दन करने वाला. One who salutes, praising. चेइय० ६२१; लहुअ० ४.

वंदावणग. न० (वन्दन) वन्दन, प्रणाम. Salutation, obeisance. श्रावक०३७४.

वंफि. त्रि०(वलिन्) (१) लौटने वाला. One who wallows. (२) नीचे गिरने वाला, Fallen. कुमा०

वंफिअ. त्रि० (काङ्क्षित) अभिलषित. Desired, wished. कुमा०

वंस पुं० (वंश) (१) पृष्ठावयव, पीठ का भाग. Back. (२) वर्ग. Class. (३) इक्षु, ऊख. Sugar cane. हे०१, २६०;—**इरि.** पुं० (गिरि)पर्वत-विशेष. Name of a mountain. पउम० ३६, ४; —**रोअणा.** स्त्री० (रोचना) वंशलोचन. Bamboo-manna. कप्पू०

वंसिअ. त्रि० (वांशिक) वंश वाद्य बजाने वाला. Flute player, piper. हे०१,७०;कुमा०

वंसिअ. त्रि० (व्यंसित) छलित, प्रतारित. Cheated, deceived. राज०

वंसी. स्त्री० (वांशी) सुरा विशेष. A kind of liquor. बृह० २.

वंसी. स्त्री०(वंशी)वाद्य विशेष, मुरली. Flute, pipe. बृह० २.

वंसी. स्त्री० (वंश) बांस Bamboo.—**मूल.** न० (मूल) बांस की जड़. Root of a bamboo. कस०

वक्क. न० (वल्क) त्वचा, छाल. The bark of a tree. उप० ८३६.

वक्क. न० (वक्त्र) मुख, मुंह. Mouth.पउम० १११, १७; गा० १६४.

वक्कंत. पुं० न० (अवक्रान्त) प्रथम नरक भूमि का दशवां नरकेन्द्रक-नरकावास. The tenth abode of the first hell, देवेन्द्र० ५.

वक्कलचीरि. पुं० (वल्कलचीरिन्) एक महर्षि, जो राजा प्रसन्नचन्द्र के छोटे भाई थे. Name of a sage, brother of the royal sage called Prasanchandra. कुप० २८६.

वक्खाणि. त्रि० (व्याख्यानिन्) व्याख्यान कर्ता. Lecturer. धर्मसं० १२६१.

वक्खाणिय. त्रि० (व्याख्यानित) व्याख्यात. Delivered a lecture, विशे० १०८७.

वक्खाय. त्रि० (व्याख्यात) विवृत, वर्णित. Described. स० १३२;चेइय० ७७१.

वक्खेव. पुं०(व्याक्षेप)(१) व्यग्रता, व्याकुलता. Confusion. उप० १३१ टी; १४०; (२) कार्य-बाहुल्य. Excessive work. सुख० ३, १.

वग्गण. न० (वल्गन) बकवाद. Prattle, chatter. रंभा०

वग्गा. स्त्री० (वल्गा) लगाम. Bridle. उप० ७६८ टी.

वग्गि. त्रि० (वाग्मिन्) (१) प्रशस्त वाक्य. बोलने वाला. Eloquent, oratorical. (२) पुं० बृहस्पति. Name of Brihaspati. पाअ० पि० २७७.

वग्गिय. न० (वल्गित) (१) बहु भाषण, बकवाद. Prattling, chatter. सम्मत्त० २२७; (२) बड़ाई की आवाज़. Swaggering, boasting. मोह० ८७; (३) गति, चाल. Motion. सग०

वग्गिर. त्रि० (वल्गितृ) (१) खुँख्वार आवाज़ करने वाला. One who creates a gurgling sound. (२) गति-विशेष वाला. Having particular motion. सुर० ११, १७१.

वग्गु. त्रि०(वल्गु) कल, मधुर. Sweet. पाश्र०

वग्गुरिय. पुं० (वागुरिक) नर्तक विशेष. A kind of dancer. राज०

वग्गोलिर. त्रि० (रोमन्थयितृ) पगुराने वाला. Ruminator. कुमा०

वग्घ. पुं० (व्याघ्र) (१) रक्त गेरण्ड का पेड़. The red variety of the castor-oil plant. (२) करञ्ज वृक्ष. A kind of tree. हे० २, ६०.

वचा. स्त्री०(वचा)(१) पृथ्वी, धरती. Earth. से० २, ११; (२) औषधि विशेष, वच. A kind of aromatic root. मृच्छ०१७०.

वच्च. पुं० (वर्चस्) चौथे नरक का चौथा नरकेन्द्रक. The forth abode of the fourth-hell. देवेन्द्र० १०.

वच्चासिअ. त्रि०(व्यत्यासित)उलटा किया हुआ. Reversed, inverted. विशे० ८५३.

वच्छ. पुं० (वत्स) (१) वत्सर, वर्ष. Year. (२) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक चक्र. A yearly chart or table of astrological calculation. गण० ११; (३) न० गोत्र विशेष. Name of a family.

वच्छतर. पुं० स्त्री० (वत्सतर)(१) क्षुद्र वत्स. Young ox. (२) दमनीय बछड़ा आदि. Weaned calf. प्राकृ० २३.

वच्छराय, पुं० (वत्सराज) एक राजा. Name of a king. ती० १०.

वच्छवाल. पुं० स्त्री० (वत्सपाल) गोप, ग्वाला. Keeper of calves. पाश्र०

वच्छसुत्त. न० (वक्षःसूत्र) आभूषण विशेष, वक्ष स्थल में पहनने की संकली. A kind of ornament. भग० ६, ३३ टी.

वच्छा. स्त्री० (वत्सा)(१) एक नगरी. Name of a city. इक०(२)लड़की. Daughter. कप्पू०

वच्छाण. पुं० (उक्षन्) बैल, बलीवर्द. Ox. 'उक्खा वसहा य वच्छाणा.' पाश्र०

वच्छिम. पुं० स्त्री० (वृक्षत्व) वृक्षपन. Grassy. षड्०

वच्छोम. न० (वच्छोम) एक नगर, कुन्तल देश की प्राचीन राजधानी. Name of a city. कप्पू०

वज्ज. पुं० (वज्र) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. Name a Vidyadhar king. पउम० ५, १६-१७; ८, १३३.

वज्ज. न०.(वर्जे) (१) छोड़कर, बिना, सिवाय. Excluding; except. श्रा० ६; दे० १७; क० गं० ४, ३४-५३.

वज्जंक. पुं० (वज्राङ्क) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जंकुसी. स्त्री० (वज्राङ्कुशी) एक विद्या देवी. Name of a goddess of learning. संति० ५.

वज्जंधर. पुं० (वज्रन्धर) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जकंठ. पुं० (वज्रकण्ठ) वानर द्वीप का एक राजा. Name of a king of Vanara Dvipa. पउम० ६, ६०.

वज्जक्ख. पुं० (वज्राक्ष) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidy-

adhar family. पउम० ८, १३२.

वज्जचूड. पुं० (वज्रचूड) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४६.

वज्जजंघ. पुं० (वज्रजङ्घ) विद्याधर वंशीय एक नरेश. Name of a king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १५.

वज्जदत्त. पुं० (वज्रदत्त) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १५. (२) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १८.

वज्जधय. पुं० (वज्रध्वज) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १५.

वज्जनागरी. स्त्री० (वज्रनागरी) एक जैन मुनि-शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

वज्जनाभ. पुं० (वज्रनाभ) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, ११.

वज्जबाहु. पुं० (वज्रबाहु) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जमज्झ. पुं० (वज्रमध्य) (१) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश. Name of a king of the demon race. पउम० ५, २६३. (२) रावणाधीन एक सामन्त राजा. A tributary prince of Ravana. पउम० ८, १३२.

वज्जर. पुं० (वर्जर) (१) देश-विशेष. Name of a country. (२) त्रि० देश-विशेष में उत्पन्न. *Born in that country.* स० १३.

वज्जरण. न० (कथन) उक्ति, वचन. Speech. हे० ४, २.

वज्जरिअ. त्रि० (कथित) कहा हुआ, उक्त. Said, told. हे०४, २; सुर०१, ३२; भवि०

वज्जवेग. पुं० (वज्रवेग) एक विद्याधर का नाम. Name of a Vidyadhar. महा०

वज्जसिंखला. स्त्री० (वज्रशृङ्खला) एक विद्या-देवी. A goddess of learning. संति०५.

वज्जसुंदर. पुं० (वज्रसुन्दर) विद्याधर वंशमें उत्पन्न एक राजा. Name of a king born in the Vidyadhar family. पउम० ५, १७.

वज्जसुजण्हु. पुं० (वज्रसुजह्नु) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १७.

वज्जसेण. पुं० (वज्रसेन) एक जैन मुनि, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे. Name of a Jaina saint who was a spiritual preceptor of Lord Rishabhadeo of the former birth. पउम० २०, १७.

वज्जहर. पुं० (वज्रधर) (१) इन्द्र. An epithet of Indra. से० १५, ४८; उव०; (२) त्रि० वज्र का धारण करने वाला. Thunderbolt bearer. सुपा० ३३४.

वज्जाउह. पुं० (वज्रायुध) (१) इन्द्र. An epithet of Indra. पउम० ३, १३७; ५१, १८; (२) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम०५, १६.

वज्जाभ. पुं० (वज्राभ) एक विद्याधर वंशीय राजा. A king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १६.

वज्जाविय. त्रि० (वादित) बजाया हुआ. Sounded. भवि०

वज्जास. पुं० (वज्राश) एक विद्याधर राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १७.

वज्जिअ. त्रि० (वादित) बजाया हुआ. Played, sounded. सिरि० ४२५.

वज्जिर. त्रि०(वदितृ) बजने वाला. Sounding. सुर० ११, १७२; सुपा० ४५, ८७; सिरि० १५५; सण०

वज्जोयरी. स्त्री० (वज्रोदरी) विद्या-विशेष. A particular magical skill. पउम० ७, १३८.

वज्झ. त्रि० (वाह्य) (१) सहन करने योग्य. Worthy to be borne. प्राप्र० उप० १५० टी; (२) न० अश्व आदि यान. Driving a horse. स० ६०३; —खेड्ड. न० (खेल) कला विशेष, यान की सवारी का इल्म. Art of driving as a horse. स० ६०३.

वट्ट. त्रि० (वृत्त) (१) अतीत, गुजरा हुआ. Passed, gone. (२) मृत. Dead, deceased. (३) संजात, उत्पन्न. Born, produced. (४) अधीन. Dependent. (५) दृढ़. Firm, fixed. (६) पुं० कूर्म, कछुआ. Tortoise. हे०२,२१.

वट्ट. पुं० (वर्त) देश-विशेष. Name of a country. सत्त० ६७ टी.

वट्टा. स्त्री० (वार्ता) बात, कथा. Story, tale. कुमा०

वट्टावण. न० (वर्तन) बरताना, कार्य में लगाना. To engage. उव०

वट्टावय. त्रि० (वर्तक) बरताने वाला, प्रवर्तक. Distributor. उव०

वट्टावय. त्रि० (वर्तक) प्रतिजागरक, शुश्रूषा-कर्ता. Server. वव० १.

वट्टि. स्त्री० (वर्ति) (१) सलाई, आंख में सुरमा लगाने की सली. A small thin stick. (२) शरीर पर किया जाने वाला एक तरह का लेप. Unguent, ointment. (३) लेख, लिखना. Writing. (४) कलम, पीछी. Pen. हे० २, ३०.

वट्टिअ. त्रि० (वर्तित) (१) परिवर्तित. Changed. दे० ५, २७. (२) प्रवर्तित. Commenced, stimulated. भवि०

वट्टुल. त्रि०(वर्तुल) गोल, वृत्ताकार. Circular, gobular. पाअ०; (२) पलाण्डु के समान एक तरह का कन्द-मूल. A kind of bulbons root. हे० २, ३०; प्रारू०

वड. न० (वट) वस्त्र-विशेष. A kind of garment. नाया० १, १ टी.

वडनयर. न० (वटनगर) नगर-विशेष. Name of a city. पउम० १०५, ८८.

वडवग्गि. पुं० (वडवाग्नि) वडवानल, समुद्र के भीतर की आग. The submarine fire. गा० ४०३.

वडवद्द. न० (वटपद्र) (१) गुजरात का एक नगर, जो आजकल बड़ौदा नाम से प्रसिद्ध है. Name of a city which is called Baroda now-a-days. उप० ५१६; (२) एक गोकुल. A particular herd of kine. उप० ५१७ टी.

वडवाणल. पुं० (वडवानल) समुद्र के भीतर की आग, वडवाग्नि. Submarine fire. पि० २४०; आ० १६.

वडसाविती. स्त्री० (वटसावित्री) एक देवी. A particular goddess. कप्पू०

वडिअ. त्रि० (गृहीत) ग्रहण किया हुआ. Taken, accepted. सुर० ७, १६६.

वडिंस. पुं० (वतंस) (१) मेरु पर्वत. The mount meru. सू० प० टी; (२) एक दिग्हस्ति कूट. A particular summit. इक०;(३) प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य. Excellent, prominent. कप्प० महा०

वडिया. स्त्री० (वृत्तिता) वर्तन. Mode or manner of living. 'भयवंतदंसणवडियाए' स० ६८३.

वडिवस्सअ. त्रि० (वरिवस्यक) पूजक, पूजा करने वाला. Worshipper. चारु० १.

वडेंस. पुं० (वतंस) शेखर, मुकुट. Crown, crest. नाया० १, १ टी.

वड्ढवअ. त्रि० (वर्धक) (१) बढ़ाने वाला. Prolonger. (२) बधाई देने वाला. One who brings good news. प्राकृ० ६१.

वड्ढवण. न० (वर्धापन) बधाई, अभ्युदय-निवेदन. Good news. दे० ७, ८७.

'वड्ढविअ. त्रि० (वर्धित-वर्धापित) जिसको बधाई दी गई हो. One who is congratulated. दे०६,७४.

वड्ढि. त्रि० (वर्धिन्) बढ़ने वाला. Increasing. से०१,१.

वड्ढिम. पुं० स्त्री० (वृद्धिमन्) बढ़ाव. Increase, growth. 'पत्ता दिणं वड्ढिमा' प्राकृ० ३३; कप्पू०

वड्ढिय. त्रि० (वर्धित) खण्डित किया हुआ, काटा हुआ. Cut. से०१, १.

वढर-वढल पुं० (वठर) (१) मूर्ख छात्र. Foolish pupil. (२) ब्राह्मण पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न संतान, अम्बष्ठ. The son of a Brahmana by a Vaishya woman. (३) शठ, धूर्त. Wicked, vile. (४) मन्द, अलस. Dull, stupid. हे० १, २५४; षड्०.

वण. न० (वन) (१) पानी, जल. Water. पाश्च० वज्जा०८८; (२) निवास. Dwelling. (३) आलय. House. हे०३,८८; प्राप्र०;(४) उद्यान, बगीचा. Garden. उप० ६८६ टी; —गय. पुं० (गज) जंगली हाथी. Wild elephant.से० ६,६३;—ग्गि. पुं० (अग्नि) दावानल.Forest conflagration.पाश्च०; —छिंद. त्रि० (छिद्) जंगल काटने वाला. Cutter of a forest. कुप्र० १०४.

वणण. न० (व्यान) बुनना. Weaving. —साला. स्त्री० (शाला) बुनने का कारखाना. A workshop of weaving. दस० १, १ टी०

वणत्थली. स्त्री० (वनस्थली) अरण्य भूमि. Wood, forest-ground. से० ३, ६३.

वणमाला. स्त्री० (वनमाला) एक राज पत्नी. Name of a queen. पउम० ११, १४; (२) रावण की एक पत्नी. A wife of Ravana. पउम० ३६, ३२.

वणय. त्रि० (वनज) वन में उत्पन्न, जंगली. Wild. वज्जा० १२८.

वणय. पुं० (वनक) दूसरी नरक पृथ्वी का एक नरक स्थान. A particular abode of the second hell. देवेन्द्र० ६.

वणराय. पुं० (वनराज) (१) विक्रम की आठवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा. A celebrated king. मोह० १०८; (२) सिंह, केसरी. Lion. चंड०

वणवासी. स्त्री० (वनवासी) नगरी विशेष. Name of a city. राज०

वणालि. स्त्री० (वनालि) वन पंक्ति. Line of forests. गा० ५७६; हे० २, १७७.

वणिअ. त्रि० (व्रणित) व्रण-युक्त,घाव-वाला. Wounded. गा०४५८; ६४६; पउम०७५, १३.

वणिअ.पुं०(वनीपक) भिक्षुक, भिखारी. Beggar, mendicant. पिंड०४४३.

वणी. स्त्री० (वनी) फली-विशेष, जिससे कपास निकलता है. Cotton pod. राज०

वराण. पुं० (वर्ण) (१) प्रशंसा, श्लाघा. Praise. उप० ६०७; (२) ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति. Class of men. (३) गुण. Quality. (४) अंगराग. Scented cosmetic, fragrant unguent. (५) सुवर्ण, सोना. Gold. (६) व्रत-विशेष. Religious observance. (७) गीत का

क्रम. The order or arrangement of a subject in a song. (८) चित्र. Picture. हे०१, १७७; प्राप॰; (६) संयम. Restraint. (१०) मोक्ष, मुक्ति. Salvation. (११) न० कुंकुम. A kind of red powder. हे० १, १४२; (१२) पंचम आदि स्वर. A note of the Indian gamut. —**सम.** न॰ (सम) गेयकाव्य का एक भेद. A kind of songs. दसनि० २, २३.

वरणण. न० (वर्णन) (१) श्लाघा, प्रशंसा. Praise, commendation. कप्पू०;(२) विवेचन, विवरण, निरूपण. Description, delineation. रयण॰ ४.

वरणणा. स्त्री॰ (वर्णना) देखो 'वरणण' शब्द. Vide वरणण. दे० १, २१; सार्ध० ४५.

वरिह. पुं॰ (वह्नि) (१) अग्नि. Fire. पाअ० महा०;(२) चित्रक वृक्ष. A kind of tree. (३) भिलावां का पेड़. Name of a tree. (४) नीबू का पेड़. The lemon plant. हे० २, ७५.

वत्त. न॰ (वक्त्र) मुख, मुंह. Mouth. हे० १, १८; भवि०

वत्तअ. पुं॰ (व्यत्यय) (१) विपर्यय, विपर्यास. Contraryness, inversion. (२) व्यतिक्रम, उल्लंघन, Transgressing, violation. प्राकृ० २१.

वत्तण. न० (वर्तन) (१) जीविका, निर्वाह. Livelihood, maintenance. कुम॰ २८; (२) स्थिति. Staying, abiding. (३) स्थापन. Establishing. (४) वर्तन, होना. Living, being. (५) त्रि० वृत्ति वाला. Stationary. (६) रहने वाला. Abiding, living. संक्षि० १०.

वत्तमाण. पुं॰ (वर्तमान) (१) काल विशेष. चलता काल. The present tense. प्राप्र॰ संक्षि० १०; (२) वर्तमान-कालीन, विद्यमान. Being, existing. (३) विद्यमानता. Existence. धर्मसं० ५७३.

वत्ता. स्त्री० (वार्ता) (१) वृत्ति. Staying, abiding; (२) दुर्गा. Durga. (३) कृषि-कर्म, खेती. Agriculture. (४) जनश्रुति, किंवदन्ती. Rumour. (५) गन्ध का अनुभव. Sense of smelling. —**लाप.** पुं० (लाप) बातचीत. Conversation. सिरि० २८२.

वत्तिणी. स्त्री० (वर्तिनी) मार्ग, रास्ता. Road, way. पाअ० स० ४; सुर० १२, १३१.

वत्तुकाम. त्रि॰ (वक्तुकाम) बोलने की चाह वाला. Desirous of speaking. स॰ ३१८; अभि० ४४; स्वप्न० १०; नाट-विक्र॰ ४०.

वत्थ. त्रि० (व्यस्त) पृथग्, भिन्न, जुदा. Seperated, divided. सुर॰ १६, ५५.

वत्थंग. पुं० (वस्त्राङ्ग) कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देने का काम करती है. A kind of wish-yielding tree. पउम० १०२; १२१.

वत्थखेड्ड. न० (वस्त्र खेल) कला-विशेष. A particular art. जं० २ टी.

वत्थपूस. पुं० (वस्त्रपुष्य) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. कुलक०२२.

वत्थपूसमित्त. पुं० (वस्त्रपुष्यमित्र) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. ती०७.

वत्थलिज्ज. न० (वस्त्रलिह्य) दो जैन मुनि-कुलों के नाम. Name of two groups of Jaina saints. कप्प०

वत्थविज्जा. स्त्री० (वस्त्रविद्या) विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्त्र-स्पर्श कराने से ही बीमार अच्छा हो जाय. A kind of magical skill. वव० ५.

वद्धणिआ-वद्धणी. स्त्री० (वर्धनिका-नी) संमार्जनी, झाड़ू. Broom. दे० ८, १७; ७, ४१ टी.

वद्धमाण. पुं० (वर्धमान) (१) एक शाश्वत जिन-देव. Name of an eternal Jindeo. (२) एक शाश्वती जिन-प्रतिमा. A perpetual idol of Jina. प्रव० ५६. (३) राजा रामचन्द्र का एक प्रेक्षा-गृह—नाट्य-शाला. A particular theatre of Ram Chandra. पउम० ८०, ५.

वद्धमाणग-य. पुं० (वर्धमानक) (१) एक देव-विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १४०; (२) प्रासाद-विशेष, एक तरह का महल. A kind of palace. नाया० १, १ टी; (३) एक गांव का नाम, अस्थिक ग्राम. Name of a city. 'पढमं वद्धमाणयं त्ति नाम होत्था' आवम० (४) त्रि० कृताभिमान, अभिमानी, गर्वित. Proud, arrogant.

वद्धारिय. त्रि० (वर्धित) बढ़ाया हुआ. Increased. भवि०

वद्धावण. न० (वर्धन-वर्धापन) बधाई, अभ्युदय-निवेदन. Good-news. भवि० सुर० ३, २४; महा० सुपा० २२२; १३४.

वद्धावणिया. स्त्री० (वर्धनिका-वर्धापनिका) देखो 'वद्धावण' शब्द. Vide वद्धावण. सिरि० १३१६.

वद्धावय. त्रि० (वर्धापक) बधाई देने वाला. One who brings some good news. सुर० १५, ७६; स० ५८०; सुपा० ३६१.

वन्निआ. स्त्री० (वर्णिका) बानगी, नमूना. A sample, a specimen. 'सग्गस्स वन्निया मिव' धर्मवि० ६४.

वप्प. पुं० (वप्र) तट, किनारा. Bank, shore. पाअ०

वब्भ. पुं० (वध्र) पशु-विशेष. A kind of animal. स० ४३७.

वभिचरिअ. त्रि० (व्यभिचरित) व्यभिचार दोष से दूषित. A loose charactered man. आ० १४.

वभिचारि. त्रि० (व्यभिचारिन्) (१) न्याय-शास्त्रोक्त दोष-विशेष से दूषित, एकान्तिक. Faulty in philosophical sequence. धर्मसं० १२२७; पंचा० २, ३७; (२)पुं० परस्त्री-लम्पट. Unchaste, adulterous. वव० ६; ७.

वमग. त्रि० (वामक) उल्टी करने वाला. Vomitting. चेइय० १०३.

वमाल. पुं० (पुञ्ज) राशि, ढेर. A heap. सण०

वमालण. न० (पुञ्जन) (१) इकट्ठा करना. Collecting. (२) विस्तार. Extension. (३) त्रि० इकट्ठा करने वाला. Heaping. (४) विस्तारने वाला. Extending. कुमा०

वम्मथ-ह. पुं० (मन्मथ) कामदेव, कंदर्प. Cupid, god of love. चंड० प्राप्र० हे० १, २४२; २, ६१; पाअ०

वम्मीइ. पुं० (वाल्मीकि) एक प्रसिद्ध ऋषि, रामायण-कर्ता मुनि. Name of a celebrated sage, and author of the Ramayana. उत्तर० १०३.

वम्ह. पुं० (ब्रह्मन्) वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड़. Name of a tree. पउम०५३,७६.

वय. पुं० (वृक) पशु-विशेष, भेड़िया. A wolf. पउम० ११८, ७.

वय. पुं० (व्रज) (१) देश-विशेष. Name of a country. (२) मार्ग, रास्ता. Way, road. (३) संस्कार-करण. Cultivating, educating. (४) गमन, गति. Going, motion. श्रा० २३; (५) समूह, यूथ. Collection, multitude. श्रा० २३; स० २६७; सुपा० २८८; ती० ३.

वय. पुं० (व्यय) (१) खर्च. Expenditure, expense. स० ५०३; (२) हानि, नुकसान. Loss. उव० प्रास्० १८१.

वय. पुं० (वद्) कथन, उक्ति. Speech; आ० २३०.

वय. पुं० (वयस) पक्षी. Bird. गउड० उव० पृ० १८.

वयंतरिअ. त्रि० (वृत्यन्तरित) बाड़ से तिरोहित. Covered by a hedge. दे० २, ६३.

वयंसी. स्त्री० (वयस्या) सखी, सहेली. Female companion or friend. कप्पू०

वयण. पुं० न० (वचन) एकत्व आदि संख्या का बोधक व्याकरण शास्त्रोक्त प्रत्यय. Number. In Sanskrit Gram. there are three numbers, singular, dual and plural. पयइ० २, २ टी.

वयणिज्ज. त्रि० (वचनीय) उलहना देने योग्य, उपालम्भनीय. Censurable, blameable. कुम० ३; (२) वचन, शब्द. Word. ८३६; सम्म ५३; काप्र० (३) लोकापवाद, निन्दा. Blame, censure. स० ५३२.

वयत्थ. त्रि० (वयस्थ) तरुण, युवा. Young, youthful. सुख० १, १६.

वया. स्त्री० (वपा) (१) विवर, छिद्र. Hole. (२) मेदा, चरबी. Fat, marrow. आ० २३.

वया. स्त्री० (वचा) (१) औषध-विशेष. A particular medicine. (२) मैना, सारिका. A kind of bird. आ० २३.

वर. पुं० (वर) (१) वरदान, देव आदि का प्रसाद. Boon, blessing. कुमा० आ० १२, २७; कुम० ८०; भवि०; (२) अभीष्ट. Wished, desire. आ० १२; कुम० ८०; —वरिया. स्त्री० (वरिका) अभीष्ट वस्तु मांगने के लिए की जाने वाली घोषणा, ईप्सित वस्तु के दान देने की घोषणा. Proclamation for giving the desired object. आवम० स० ४०१; सुर० १६, १८; सुपा० ७२.

वरंड. पुं० (वरण्ड) (१) दीर्घ काष्ठ, लम्बी लकड़ी. Long stick. (२) भित्ति, भींत. Wall. मृच्छ० ६.

वरक्ख. न० (वराख्य) गन्ध-द्रव्य-विशेष, सिल्हक. A fragrant substance. से० ६, ४४.

वरक्ख. पुं० (वराक्ष) (१) योगी. Ascetic. (२) यक्ष. Demi-god. (३) त्रि० श्रेष्ठ इन्द्रिय वाला. Having excellent senses. से० ६, ४४.

वरक्खा. स्त्री० (वराख्या) त्रिफला. The three myrobalans taken collectively. से० ६, ४४.

वरण. न० (वरण) (१) तट, किनारा. Bank, shore. गउड०; (२) प्राकार, किला. Fort. गा० २४५; (३) स्वीकार, ग्रहण. Acceptance. राज०

वरणय. न० (वरणक) तृण-विशेष. A kind of grass. गउड०

वरणा. स्त्री० (वरणा) (१) काशी की एक नदी. Name of a river near Benares. राज०; (२) अच्छ देश की प्राचीन राजधानी. An ancient capital of the Achha country. सूयनि० ६६ टी.

वरधणु. पुं० (वरधनुष) एक मन्त्रि-कुमार, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती का बाल-मित्र. Name of a minister's son. महा०

वरमाल. पुं० (वरमाल) एक देव विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १३३.

वरमाला. स्त्री० (वरमाला) वर को पहनाई जाने वाली माला, वरत्व-सूचक माला. Bridegroom's garland. कुम० ४०७.

वरय. पुं० (वरक) सगाई करने वाला, विवाह का प्रार्थी पुरुष. Bridegroom. सुर० ६, ११५.

वरुइ. पुं० (वररुचि) राजा नन्द के समय का एक विद्वान् ब्राह्मण. Name of a learned Brahmana in time of king Nanda. कुम० ४४७.

वरला. स्त्री०(वरला) हंसी, हंस पत्ती की मादा. Goose, पाश्र०

वरहाडिश्र. त्रि० (निःसृत) बाहर निकला हुआ, निर्गत. Come out. कुमा०

वराय. त्रि० (वराक) दीन, गरीब, रंक. Poor pitiable, miserable. पाश्र० सुर० २, १३; ६, १६५; सुपा० ६३; गा०५३३.

वराड. पुं० (वराट) दक्षिण का एक देश, जो आज कल भी बरार नाम से प्रसिद्ध है. A city in the Deccan. कुम० २५५; सुख०१८, ३५; राज०

वराडिया. स्त्री० (वराटिका) कपर्दिका, कौड़ी. Cowrie, shell. सुपा०२०३.

वरावड. पुं० न० (वरावट) देश-विशेष. Name of a country. पउम०६८, ६४.

वरि. अ० (वरम्) अच्छा, ठीक. Rather or better than. 'वरि मरणं मा विरहो' सुर० ४,१८२; भवि०

वरिश्र. त्रि० (वृत) (१) स्वीकृत. Accepted. से० १२, ८८; (२) सेवित. Served. भवि०

वरिस. पुं०न० (वर्ष) (१) वृष्टि,वर्षा. Rain कुमा० कप्पू० भवि०;(२)जंबूद्वीप. Jambudvipa. (३) जंबूद्वीप का अंश-विशेष, भारत आदि क्षेत्र. A part of Jambudvipa. (४) मेघ. Cloud. हे०२, १०५; —अ० त्रि० (ज) वर्षा में उत्पन्न. Produced in the rainy-season. षड्०

वरिसविश्र. त्रि० (वर्षित) बरसाया हुआ. Caused to rain. सुपा० २२३.

वरिसि. त्रि० (वर्षिन्) बरसने वाला. Rainy. वेणी० १११.

वरिसिणी. स्त्री० (वर्षिणी) विद्या-विशेष. A kind of Magical skill. पउम०७,१४२.

वरुंट. पुं० (वरुण्ट) एक शिल्पि-जाति. A kind of artist. राज०

वरुड. पुं० (वरुड) एक अन्त्यज जाति. Name of a class of untouchables or a depressed class. दे०२,४४.

वरुण. पुं० (वरुण) (१) एक विद्याधर नरपति. Name of a Vidyadhar king. पउम० ६, ४४; १६, १२; (२) एक श्रेष्ठि पुत्र. Name of a son of a noble family. (३) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग० (४) पुं० न० एक आर्य देश. Name of an Arya-country. प्रव०२७५.

वरुणा. स्त्री० (वरुणा) अच्छ देश की प्राचीन राजधानी. An ancient capital of the Achachha country. प्रव०२७५; (२) एक राज पत्नी. Name of a queen. पउम ७,४४.

वरुणी. स्त्री० (वरुणी) विद्या-विशेष. Name of a magical skill. पउम०७, १४०.

वरूल. पुं० न० (वरूल) देश विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ६४.

वरुहिणी. स्त्री० (वरूथिनी) सेना, सैन्य. Army. पाश्र०

वलइय. त्रि० (वलयित) (१) वलय की तरह गोलाकार किया हुआ,वलय की तरह मुड़ा हुआ. Formed into a bracelet. पउम०२८, १२४; कप्पू०; (२) वेष्टित. Surrounded, encircled. कप्पू०

वलक्ख. त्रि० (वलक्ष) श्वेत, सफेद. White. पाश्र०

वलग्ग. त्रि० (आरूढ) जिसने आरोहण किया हो, चढ़ा हुआ. Mounted, ascended. पाश्र०

वलण. न० (वलन) मोड़ना, वक्र करना.

Bending. दे० १,४२; (२) प्रत्यावर्तन, पीछे लौटना. Returing. से० ८, ६; गउड०;(३) बांक, वक्रता. Crookedness. हे०४,४२२.

वलयाइअ. त्रि० (वलयायित) जो वलय की तरह गोल हुआ हो. Formed into a bracelet. कुमा०

वलहि-ही. स्त्री० (वलभि-भी) गृह-चूडा, छज्जा, वरामदा. Verandah. (२) महल का अग्रस्थ भाग. The top-most part of a palace. प्राप०; (३) काठियावाड़ का एक प्राचीन नगर, जिसको आज कल वला कहते हैं. An ancient city of Kathiawar. ती० १५; सम्मत० ११८.

वलिर. त्रि०(वलितृ) लौटने वाला. Returning. सुपा०५१.

वले. अ०सम्बोधक सूचक अव्यय. Vocative particle. प्राकृ० ८०.

वल्लई. स्त्री० (वल्लवी) गोपी. Woman of a class of cow-herds. दे०७,३६ टी.

वल्लरी. स्त्री० (वल्लरी) वल्ली, लता. Creeper. पाअ० गउड० सुपा० ५२१.

वल्लव. पुं० स्त्री० (वल्लवी) गोप, अहीर, ग्वाला. Cowherd. पाअ०

वल्लहराय. पुं०(वल्लभराज) (१) गुजरात का एक चौलुक्य वंशीय राजा. A king of Gujarata of the Chalukya family. कुप्र०४; (२) दक्षिण के कुन्तल देश का राजा. A king of the Kuntala country in the Deccan. कप्पू०

वल्लहा. स्त्री० (वल्लभा) दयिता, पत्नी. Wife. गा० ७२.

वल्लिर. त्रि० (वल्लितृ) हिलने वाला. Movable. कुप्र० ८४.

वल्हीअ. पुं० (वाह्लीक) (१) देश-विशेष. Name of a country. स० १३; नाट०; (२) त्रि० वाह्लीक देश में उत्पन्न, वाह्लीक देश का. Born in Wahlika country. स० १३.

ववएस. पुं० (व्यपदेश) व्यवहार. Business. से० ३, २६; (२) कपट, बहाना, छल. Fraud, craft. महा०

ववगम. पुं० (व्यपगम) नाश. Disappearance, destruction. आवम०

ववगय. त्रि० (व्यपगत) नाश-प्राप्त, नष्ट. Destroyed, ruined. नमि० ११; कप्प०

ववट्ठंभ. पुं० (व्यवष्टम्भ) अवलम्बन, सहारा. Help, support. से० ४, ४६.

ववट्ठिअ. त्रि० (व्यवस्थित) व्यवस्था-प्राप्त. Arranged, placed in order. से० १२, ५२.

ववण. न० (वपन) बोना. Sowing, planting. वव० १; श्रु० ६.

ववत्था. स्त्री० (व्यवस्था) (१) मर्यादा, स्थिति. Limit. स०१३; कुप्र० ११४; (२) प्रक्रिया, रीति. A settled rule, statute. (३) इन्तजाम. Arrangement,settlement. सुपा० ४१; (४) निर्णय. Decision, determination. स०१३; —पत्तय. न० (पत्रक) दस्तावेज. Document. स०४१०.

ववत्थावण. न० (व्यवस्थापन) व्यवस्था करना. Arrangement, settlement. धर्मसं० ५२०.

ववत्थावणा. स्त्री० (व्यवस्थापना) व्यवस्था करना. Arranging. धर्मसं० ५२०.

ववत्थिअ. त्रि० (व्यवस्थित) व्यवस्था युक्त. Placed in order, arranged. स० ४६, ७२७; सुर० ७, २०५; सण०

ववत्थिअ. त्रि० (व्यवस्थित) जिसने व्यवस्था की हो. One who has managed. दसनि० ४, ३५.

ववदेसि. त्रि०(व्यपदेशिन्) व्यपदेश करने वाला. Transacting business. शकु० ६६.

ववधाण. न० (व्यवधान) अन्तर, दो पदार्थों के बीच का अन्तर. Distance. अभि० २२२.

ववसिय-ववस्सिय. त्रि० न० (व्यवसित) (१) चेष्टित. Moved, stirred. स० ७४६; (२) उद्यम, प्रयत्न. Endeavour, attempt. से० ३, २२.

ववहरग. त्रि० (व्यवहारक) व्यापार करने वाला, व्यापारी. Trader. कुप्र० २२४.

ववहार. पुं० (व्यवहार) (१) विवाद, मामला, मुकद्दमा. Legal dispute, complaint. पउम० १०५, १००; स०४६०; चेइय० ५६०; उप० ५१७ टी; (२) विवाद-निर्णय, फैसला. Decision, adjustment. उप० पृ० २८३; (३) जीवराशि विशेष. Wordly people. सिक्खा० ६.

ववहार. पुं० (व्यवहार) (१) पूर्वग्रन्थ. The Purvas. (२) जीतकल्प सूत्र. The Jitakalpa scripture. (३) कल्पसूत्र. The Kalpa Sutra. (४) मार्ग, रास्ता. Road, way. (५) ईप्सितव्य. Worthy to be desired. वव०१. —रासिय. त्रि० (राशिक) जीवराशि-विशेष में स्थित. Those living amongst the wordly people. सिक्खा० ६.

ववहारि. पुं० (व्यवहारिन्) (१) ऐरवतक्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव. Name of a Jinadeo born in Airvata kshetra. (२) वणिक्, व्यापारी. Trader, Bania. मोह० ६४; श्रा० १४; सुपा० ३३४.

ववहिअ. त्रि० (व्यवहित) व्यवधान-युक्त. Separated by any thing intervening. आवम०

ववित्र. त्रि० (उप्त) बोया हुआ. Sowed. उप० ७२८ टी; प्रासू० ६.

ववेक्खा. स्त्री०(व्यपेक्षा) विशेष अपेक्षा, परवाह. Inter-dependence. धर्मसं०११६७.

वव्वर. त्रि० (वर्वर) (१) पामर. Wretched, Miserable. (२) मूर्ख. Foolish. कुमा०

वस. पुं० न० (वश) (१) प्रभुत्व, स्वामित्व. Authority, mastership. (२) आज्ञा. Command, order. कुमा०; (३) अधीनता, परतन्त्रता. Dependence, subservience. क० गं० १, ४४. —आइत्त. त्रि० (आयत्त) अधीन, परतंत्र. Dependent. धर्मवि० ३१. —वत्ति. त्रि० (वर्तिन्) वशीभूत, परतंत्र. Dependent. उप० १३६ टी; सुपा० २३८.

वस. पुं० (वृष) (१) धर्म. Religion. चेइय० ५४१; (२) बैल, वृषभ. Ox. स० ६५४; क० गं० १, ४३.

वसअ-ग. त्रि० (वशग) वशीभूत, पराधीन. Dependent. पउम० ३०, २०; अच्चु० ६१; सुर० २, २३१; कुमा० सुपा० २५७.

वसइ. स्त्री० (वसति) (१) स्थान, आश्रय. Place, dwelling. कुमा०; (२) रात्रि, रात. Night. दे० ७, ४१; (३) गृह, घर. House. गा० १६६; (४) वास, निवास. Residence. हे० १, २१४.

वसंतउर. न० (वसन्तपुर) नगर-विशेष. Name of a city. महा०

वसंततिलअ. पुं० (वसन्ततिलक) (१) हरिवंश में उत्पन्न एक राजा. Name of a king born in Harivansa family. पउम० २२, ६८; (२) न० एक उद्यान, जहां भगवान् ऋषभदेव ने दीक्षा ली थी. Name of a garden where Lord Rishabhadeo was initiated. पउम० ३, १३४.

वसंततिलआ. स्त्री० (वसन्ततिलका) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

वसंवय. त्रि० (वशंवद) निज को अधीन कहने वाला. Obedient to the will of, submissive. धर्मवि० ६.

वसण. न० (वसन) निवास, रहना. *Dwelling, residing.* कप्प० ४८.

वसणि. त्रि० (व्यसनिन्) खोटी आदत वाला. Addicted to any vice, vicious. सुपा० ४८८.

वसभ. पुं० (वृषभ) (१) ज्योतिष-प्रसिद्ध राशि-विशेष, वृष-राशि. The sign Taurus of the zodiac. पउम० १७, १०८; (२) भगवान् ऋषभदेव. Lord Rishabhadeo. चेइय० ४४१; (३) एक जैन मुनि जो चतुर्थ बलदेव के पूर्व जन्म में गुरू थे. Name of a Jain saint who was spiritual teacher of the fourth Baladeo in the former birth. पउम० २०, १९२. —क्खेत्त. न० (क्षेत्र) स्थान-विशेष, जहां पर वर्षा काल में आचार्य आदि रहते हों. A particular place where acharyas etc. live during the monsoon. वव० १०; निसी० चू० १७.

वसभग्गाम. पुं० (वृषभग्राम) ग्राम-विशेष, कुत्सित देश में नगर तुल्य गांव. Name of a city. वव० १०.

वसह. पुं० (वृषभ) (१) वैयावृत्य करने वाला मुनि. A serving saint. ओघ० १४०; (२) लक्ष्मण का एक पुत्र. Name of Lakshman's son. पउम० ९१, २०; (३) कान का छिद्र. Orifice or hollow of the ear. (४) औषध विशेष. A kind of medicine. प्राप्र०—इंध. पुं० (चिह्न) शंकर, महादेव. An epithet of Siva. गउड० —वाहण. पुं० (वाहन) महादेव. Shankar, Mahadeo. वज्जा० ६०.

वसहकेउ. पुं० (वृषभकेतु) इक्ष्वाकु वंश का एक राजा. Name of a king of the Ikshvaku family. पउम० ५, ७.

वसित्त. न० (वशित्व) योग की एक सिद्धि, योग-जन्य एक ऐश्वर्य. *A particular superhuman power or faculty.* 'साहुवसित्तगुणेणं पसमं' कुप्र० २७७.

वसिर. त्रि० (वसितृ) वास करने वाला, रहने वाला. Dweller, resident. सुपा० ६४७; सम्मत्त० २१७.

वसीयरणी. स्त्री० (वशीकरणी) वशीकरण विद्या. Fascination, enchantment. सुर० १३, ८१.

वसीहूअ. त्रि० (वशीभूत) जो अधीन हुआ हो. One who is dependant. उप० ९८६ टी.

वसु. न० (वसु) (१) पुं० जिनदेव. Jinadeo. (२) वीतराग, राग-रहित. One who has subdued his passions. (३) आठ की संख्या. The number eight. विवे० १४४; पिंग०; (४) एक छन्द का नाम. Name of a metre. पिंग०; (५) न० लोकान्तिक देवों का एक विमान. A celestial aerial car of Lokantika gods. इक०

वसुआअ. त्रि० (उद्वात) शुष्क. Dry. पाअ० से० १, २०; गउड० प्राकृ० ७७.

वसुआइअ. त्रि० (उद्वापित) शुष्क किया हुआ, सुखाया हुआ. Dried. से० ६, २५.

वसुंधर. पुं (वसुन्धर) एक जैन-मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १९१.

वसुंधरा. स्त्री० (वसुन्धरा) (१) रावण की एक पत्नी. Name of a Ravan's wife. पउम० ७४, १०; (२) एक श्रेष्ठि पत्नी. Name of a wife of a noble man. उप० ७२८ टी.

वसुनंदय. पुं०(वसुनन्दक) एक तरह की उत्तम तलवार. A kind of the excellent sword. सुर० २, २२; भवि०

वसुबल. पुं० (वसुबल) इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न

एक राजा. Name of a king born in the Ikshvaku family. पउम० ५, ४.

वसुभाग. पुं० (वसुभाग) एक व्यक्ति वाचक नाम. Name of a person. महा०

वसुभागा. स्त्री० (वसुभागा) ईशानेन्द्र की एक पटरानी. A crowned queen of Ishanendra. इक०

वसुभूइ. पुं० (वसुभूति) एक जैन मुनि का नाम. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १७६; आवम०

वसुसद्द. पुं०(वसुशब्द) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

वसुहारा. स्त्री० (वसुधारा) एक श्रेष्ठिनी. Name of a sowcar's wife. उप० ७२८ टी.

वह. पुं० (वह) परीवाह, पानी का प्रवाह. Flow of water, streamlet. दे० १, ५५.

वहकारी. स्त्री० (वधकारी) विद्या विशेष. A particular magical skill. पउम० ७, १३७.

वहण्णु. पुं० (व्यधज्ञ) एक नरक-स्थान. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २८.

वहाविअ. त्रि० (वधित) मरवाया हुआ. Caused to kill. रत्ना० २४.

वहिअ. त्रि० (ऊढ) वहन किया हुआ. Carried, conveyed. धात्वा० १५२.

वहिचार. पुं० (व्यभिचार) (१) पर-स्त्री या पर पुरुष से संभोग. Unchastity. स० ७११; (२) न्याय शास्त्र प्रसिद्ध एक हेतु दोष. A logical fallacy, the presense of Hetu without any sadhya. धर्मसं० ६३.

वा. अ० (वा) (१) अपि, भी. Also. कुमा० कप्प० सुख० ५, २२; (२) सादृश्य, समानता. Similarity. विशे० १८६४.

वाइ. त्रि० (वाचिन्) वाचक, अभिधायक, कहने वाला. Speaker, declarant. विशे० ८७४.

वाइअ. त्रि० (वातिक) उत्कर्ष वाला. Prosperous. उव० धर्मवि०७६; नपुंसक का एक भेद. A kind of impotent person. पुप्फ० १२७; धर्म० ३.

वाइअ. त्रि० (वात) बहा हुआ, चला हुआ. Flown. सुर० २, ७६.

वाउकुमार. पुं०(वायुकुमार) हनूमानका पिता. Hanumanta's father. पउम० १६, २.

वाउरा. स्त्री० (वागुरा) मृग-बन्धन, पशु फंसाने का जाल, फन्दा. Trap, snare. पउम० ३३, ६७; हेका० ३१; गा० ६५७.

वाउल. त्रि० (वातूल) (१) वात-रोगी, उन्मत्त. Affected by gouty. (२) पुं० वात-समूह. Whirl-wind. हे० १, १२१; प्राकृ० ३०.

वाउलण. न० (व्यापरण) व्यापृत-क्रिया, व्यापार. Business. वव० १.

वाउलणा. स्त्री० (व्याकुलना) व्याकुल करना. Confounding, distracting. वव०४.

वाउलिअ. त्रि०(व्याकुलित) (१) व्याकुल बना हुआ. Confused, confounded. सण०

वाऊलिअ. त्रि० (वातूलित) (१) वातूल बना हुआ. Crazy. (२) नास्तिक. Atheist. दसनि० १, ६६.

वाएरिअ. त्रि० (वातेरित) पवन-प्रेरित. Stimulated by the wind. गा०१७६.

वाएसरी. स्त्री० (वागीश्वरी) सरस्वती देवी. Goddess Sarasvati. 'वाएसरी पुत्थयवग्गहत्था' षडि० सम्मत्त० २१५.

वागड. पुं० (वागड) गुजरात का एक वागड नाम का प्रान्त. A district called Vagada in Gujarata. कुप्र० ६.

वागडिय. त्रि० (व्याकृत) प्रकट किया हुआ. Published. वव० १.

वागरणि. त्रि० (व्याकरणिन्) प्रतिपादन करने वाला. Demonstrator, commentator. सम्म० २.

वागिल्ल. त्रि० (वाग्मिन्) बहुभाषी, वाचाल. Talkative, Loquacious. वव० ७.

वागुर. पुं० (वागुरा) मृग-बन्धन, फन्दा. Snare. 'रे रे रएह वागुरे' मोह० ७६.

वाघारिय. त्रि० (विस्तारित) प्रलम्ब, लम्बा. Long. पंचा० १८, १८; प्रव० ६७.

वाडव. पुं० (वाडव) वडवानल, समुद्र-स्थित अग्नि. Submarine fire. सण०

वाडहाणग. पुं० न० (वाटधानक) (१) एक छोटा गांव. Name of a small village. (२) त्रि० उस गांव का निवासी. Inhabitant of that village. 'ताहे तेण वाडहाणगा हरिएसा' सुख० ६; १; महा०

वाडिआ. स्त्री० (वाटिका) बगीचा, उद्यान. Garden. 'सणवाडिआ' गा० ६; चारु० ५६; दे० ७, ३५; रंभा०

वाडी. स्त्री० (वाटी) बगीचा, उद्यान. Garden, park. धर्मसं० ४१.

वाणर. पुं० न० (वानर) (१) विद्याधर मनुष्यों का एक वंश. A lineage of Vidyadharas. (२) वानर वंश में उत्पन्न मनुष्य. Man born in the Vanar family. पउम० ६, १.

वाणरउरी. पुं० (वानरपुरी) किष्किन्धा नामक एक भारतीय प्राचीन नगरी. An ancient city of India called Kiskindha. से० १४, ५०.

वाणरकेउ. पुं० (वानरकेतु) वानर वंश का कोई भी राजा. A king of the Vanara family. पउम० ८, २३५.

वाणरदीव. पुं० (वानरद्वीप) द्वीप-विशेष. A particular island. पउम० ६, ३४.

वाणरद्धय. पुं० (वानरध्वज) हनूमान. An epithet of Hanumata. पउम० ५३, ४३.

वाणरवइ. पुं० (वानरपति) सुग्रीव, रामचन्द्र का एक सेनापति. Sugriva, a general of Rama Chandra. से०२,४१;३, ५२.

वाणरिंद. पुं० (वानरेन्द्र) वानर वंशीय पुरुषों का राजा, वाली. Vali, king of Vanara family. पउम० ६, ४०.

वाणवासिआ. स्त्री०(वानवासिका) छन्द विशेष. Name of a metre. अजि० ३३.

वाणिज्ज. न०(वाणिज्य) एक जैन मुनि कुल का नाम. Name of a group of Jaina saints. कप्प०

वाणिज्जिय. त्रि०(वाणिजिक) वाणिज्य कर्त्ता, व्यापारी. Trader. भवि०

वाणी. स्त्री० (वाणी) (१) वाग्देवता, सरस्वती देवी. Goddess Saraswati. कुमा०संति० ४;(२) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

वाणीर. पुं (वानीर) वेतस्-वृक्ष. A sort of cane or ratan. पाअ० गा० ५६६.

वाम. त्रि० (वाम) (१) सुन्दर,मनोहर. Beautiful, charming. वामलोअणा पाअ०; (२)न० सव्य पक्ष. The left side. वामत्थो पउम० ५५, ३१; (३) बाँया शरीर. Left wing. गा०३०३. -लोअणा.स्त्री०(लोचना) सुन्दर नेत्र वाली स्त्री, रमणी. A woman with lovely eyes. पाअ० —वट्ट. त्रि० (वर्त) प्रतिकूल आचरण करने वाला. Of a perverse or crooked nature. बृह० १.

वामण. पुं०(वामन) (१) श्रीकृष्ण का एक अवतार. Name of a Vishnu in his fifth incarnation. से०२, ६; (२) न०

कर्मविशेष, जिसके उदय से वामन शरीर की प्राप्ति हो. A particular Karma. क० गं० १, ४०.

वामणथली. स्त्री० (वामनस्थली) देश विशेष. Name of a country. ती० १५.

वामलूर. पुं० (वामलूर) वल्मीक. An ant-hill, a mote-hill. पाश्र० गउड०

वामीस. त्रि० (व्यामिश्र) मिश्रित, युक्त, सहित. Mixed. पउम० ७२, ४; तंदु० ४४.

वामीसिय. त्रि० (व्यामिश्रित) मिश्रित, युक्त, सहित. Mixed. भवि०

वामोह. पुं० (व्यामोह) मूढ़ता, भ्रान्ति. Infatuation. उप० पृ० ३३६; सुपा० ६५; भवि०

वामोहण. त्रि० (व्यामोहन) भ्रान्ति-जनक. Infatuating. भवि०

वाय. त्रि० (वान) शुष्क, सूखा, म्लान. Dry. गउड० से० ५, ५७; पाश्र० प्राप्र० कुमा०

वाय. पुं० (व्रात) समूह, संघ. Collection, multitude. श्रा० २३; भवि०

वाय. त्रि० (व्यातृ) संवरण करने वाला. Hiding, Concealing. श्रा० २३.

वाय. त्रि०(व्यागस्) प्रकृष्ट अपराधी. Great guilty. श्रा० २३.

वाय. पुं० (वातृ) कपड़ा बुनने वाला, जुलाहा. Weaver. श्रा० २३.

वाय. त्रि० (व्याप) प्रकृष्ट, विस्तार वाला. Broad, expanded. श्रा० २३.

वाय. पुं० (वाक) ऋग्वेद आदि वाक्य. A sentence of Rigveda etc. श्रा० २३.

वाय. पुं०(व्याय) (१) गति, चाल. Going, motion. (२) पक्षी का आगमन. Coming of a bird. (३) विशिष्ट लाभ. Good profit. श्रा० २३.

वाय. पुं० (व्याध) वंचन, ठगाई. Cheating, deceitfulness. श्रा० २३.

वाय. पुं० (वाज) (१) पक्ष, पंख. Wing. (२) मुनि, ऋषि. Saint or sage. (३) शब्द, आवाज़. Sound. (४) वेग. Speed, velocity. (५) न० घृत, घी. Ghee. (६) पानी, जल. Water. (७) यज्ञ का धान्य. Sacrificial corn. श्रा० २३.

वाय. न० (वाच) शुक-समूह. Multitude of parrots. श्रा० २३.

वाय. त्रि० (वाज्) (१) फेंकने वाला. Throwing. (२) नाशक. Destroying. श्रा० २३.

वाय. पुं० (व्याज) (१) कपट, माया, छल. Deceit, trick. (२) विशिष्ट गति. Excellent motion. श्रा० २३.

वाय. पुं० (व्राय) विवाह, शादी. Marriage. श्रा० २३.

वाय. पुं० (वाप) (१) वपन, बोना. To sow, to plant. (२) क्षेत्र, खेत. Field. श्रा० २३.

वाय. पुं० (वाय) (१) गमन, गति. Going, motion. (२) सूंघना. To smell. (३) जानना, ज्ञान. To know. (४) इच्छा. Wish, desire. (५) खाना, भक्षण. To eat. (६) परिणयन, विवाह. Marriage. श्रा० २३.

वाय. त्रि० (व्याद्) विशेष ग्रहण करने वाला. One who takes much. श्रा० २३.

वाय. त्रि० (वाच्) वक्ता, बोलने वाला. Speaker. श्रा०२३.

वाय. पुं० (वात) उत्कर्ष. Prosperity, eminence. उव० ५५ टी.

वाय. पुं० (वाद) (१) उक्ति, वचन. Word. (२) नाम, आख्या. Name.'वल्लहवाएण अलं मम' गा० १२३; (३) बजाना. Playing, sounding. सिरि०१५७; (४) स्थैर्य, स्थिरता. Firmness, stability. श्रा० २३.

वाय. त्रि० (पातृ) रक्षा करने वाला. Guard. (२) पीने वाला. One that drinks. (३) सूखने वाला. Drying. आ० २३.

वायंतिय. त्रि० (वागन्तिक) वचन मात्र में नियमित. A man of word. राज०

वायकम्म. न० (वातकर्मन्) अपान वायु का सरना, पर्दन. Breaking wind. ओघ० ६२२ टी.

वायग. पुं०(वाचक) (१) अभिधायक, अभिधा-वृत्ति से अर्थ का प्रकाशक शब्द. Expressing, denoting. सम्मत्त०१४३; (२) एक प्राचीन जैन महर्षि और ग्रन्थकार, तत्त्वार्थसूत्र का कर्ता श्री उमास्वातिजी. Name of an ancient Jaina saint and author. पंचा० ६, ४५; (३) त्रि० कथक, कहने वाला. Speaker, declarer. (४) पढ़ाने वाला. Teacher. गच्छ० ५.

वायग. त्रि० (वादक) बजाने वाला. Musician. कुम० ६; महा०

वायग. पुं० (वायक) तन्तुवाय, जुलाहा. Weaver. दे० ६, ५६.

वायड. त्रि० (व्याकृत) स्पष्ट, प्रकट अर्थ वाला. Distinct, clear. दसनि० ७.

वायण. न० (वादन) (१) बजाना. Playing, sounding. सुपा० १६; २६३; कुम० ४१; महा० कप्पू०; (२) त्रि०बजाने वाला. Musician. दे० ७, ६१ टी.

वायणिअ. त्रि० (वाचनिक) वचन-संबन्धी. Relating to the speech. नाट-विक्र० ३५.

वायत्थ. पुं०(वादार्थ) तत्व चर्चा. Discussion, debate. 'तेपि समं कुलइ वायत्थं' पउम० ४१, ५७.

वायत्थि. त्रि० (वादार्थिन्) शास्त्रार्थ की चाह वाला. Desirous of debate. पउम० १०५, २६.

वायव्व. पुं० (वायव्य) (१) वायु देवता सम्बन्धी. Pertaining to the wind, aerial. (२) सुर०८, ४५; महा०; (२) न० गौ के खुर से उड़ी हुई रज. Dust raised up by the treading of cows. कुमा०

वायस. पुं० (वायस) कायोत्सर्ग में कौए की तरह दृष्टि को इधर उधर घुमाना. Moving of the pupil of the eyes like a crow to the right and left while in meditation. प्रव० ५.

वाया. स्त्री० (वाच्) (१) वाणी की अधिष्ठात्री-देवी, सरस्वती. Name of Sarasvati, the goddess of learning. आ०२३; (२) व्याकरण-शास्त्र. Grammar. गउड० ८०२.

वायाड. त्रि० (वाचाट) वाचाल, बकवादी. Talkative, garrulous. सुपा० ३१०; चेइय० ११७; संक्षि० २.

वायायण. पुं० न० (वातायन) (१) गवाक्ष. Window. पउम० ३६, ६१; स० २४१; पाअ० महा०; (२) पुं० राम का एक सैनिक. A warrior of Ram Chandra. पउम० ६७, १०.

वायाल. त्रि० (वाचाल) मुखर, बकवादी. Talkative, garrulous. आ० १२; पाअ० सुपा० ११३.

वायाविअ. त्रि० (वादित) बजवाया हुआ. Caused to play or sound. स० ५२७; कुम० १३६.

वार. पुं० (वार) (१) समूह, यूथ. Collection, multitude. सुपा० २१४; सुर० १४, २४; सार्थ० ४६; कुमा० सम्मत्त० १७५; (२) सूर्य आदि ग्रह से अधिकृत दिन, जैसे रविवार सोमवार आदि. A day of the week. (३) बारी, परिपाटी. Time, turn.

गा० २६१; उप० ६४८ टी. —जुवइ. स्त्री० (युवति) वारांगना, वेश्या. Prostitute, harlot. कुमा० —जोव्वणी. स्त्री० (यौवना) वारांगना. Courtezan, prostitute. प्राकृ० १४.—तरुणी. स्त्री० (तरुणी) वारांगना. Public woman, harlot. सत्त० —वहू. स्त्री० (वधू) वेश्या. Prostitute. कुम० ४४३; —विलासिणी. स्त्री० (विलासिनी) वारांगना. Courtezan. कुमा० सुपा० २००.

वार. न० (द्वार) दरवाजा. Door. प्राकृ० २१; कुमा० गा० ८८०;—वाल. पुं० (पाल) दरवान, प्रतीहार. Door-keeper. कुमा०

वारंवार. न० (वारंवार) फिर फिर. Often times and again. से० ६, ३२; गा० २६४.

वारग. पुं० (वारक) वारी, क्रम. Turn, time. उप० ६४८ टी.

वारण. न० (वारण) (१) छत्र, छाता. Umbrella. सिरि० १०२३. (२) पुं० छन्द का एक भेद. A kind of metre. पिंग०

वारणा. स्त्री० (वारणा) निवारण, रुकावट. Warding off, restraining. बृह० १.

वारत्त. पुं० (वारत्त) (१) एक अन्तकृद् मुनि. Saint. (२) एक ऋषि. Name of a sage. उव०; (३) एक अमात्य. Name of a minister. (४) न० एक नगर. Name of a city. धम्म० ६ टी.

वारबाण. पुं० (वारबाण) कञ्चुक, चोली. Bodice, jacket. पाश्र०

वारवई. स्त्री० (द्वारवती) द्वारका नगरी. Dwarka City. कुम० ६३.

वारा. स्त्री० (वारा) (१) देरी, विलम्ब. Delay, procrastination. 'जं लग्गा एत्तिया वारा' सुपा० ४९६; (२) वेला, दफा. Time. निज्झ- यइ वाराओ दुन्नि तिन्नि' सट्ठि० ६ टी.

वाराविय. त्रि० (वारित) जिसका निवारण कराया गया हो. Warded off, prevented. कुम० १४०.

वाराही. स्त्री० (वाराही) (१) विद्या-विशेष. Particular magical skill. पउम० ७, १४१; (२) वराहमिहिर का बनाया हुआ एक ज्योतिष ग्रन्थ, वराहसंहिता. Astrological volume composed by Varaha Mihira. सम्मत० १२१.

वारि. स्त्री० (वारि) हाथी को फंसाने का स्थान. Place for entraping an elephant. पाश्र० स० २७७; ६७८.

वारिभद्दग. पुं० (वारिभद्रक) भिक्षुक की एक जाति, शैवलाशी भिक्षुक. A class of beggars. सूयनि० ६०.

वारिमय. त्रि० (वारिमय) पानी का बना हुआ. Made of water. हे० १,४; पि० ७०.

वारिमुअ. पुं० (वारिमुच्) मेघ, जलधर. Cloud; षड्०

वारिआ. स्त्री० (द्वारिका) छोटा दरवाजा, बारी. Small window. ती० २; धर्मवि० १४६.

वारिसिय. त्रि० (वार्षिक) (१) वर्ष-सम्बन्धी. Annually, yearly. बाज०; (२) वर्षा सम्बन्धी. Belonging to the rains. 'चउरो मासा वारिसिया' पउम० ८२, ६४.

वारी. स्त्री० (द्वारिका) बारी, छोटा दरवाजा. Window. ती० २.

वारी. स्त्री० (वारी) हाथी को फंसाने का स्थान. Place for entraping an elephant. 'बद्धो वारीबंधे फासेण' सुर० ८, १३६; ओघ० ४४६ टी.

वारुण. न० (वारुण) जल, पानी. Water. सिरि० ३६१;—त्थ. न० (अस्त्र) वरुणाधिष्ठित अस्त्र. A missible presided over by Varuna. महा०

वारुणपुर. न० (वारुणपुर) नगर-विशेष. Name of a city. इक०

वारुणी. स्त्री० (वारुणी) (१) लता-विशेष, इन्द्रवारुणी, इन्द्रायन. A particular creeper. कुमा०; (२) कायोत्सर्ग का एक दोष. A defect of a special mode of sitting in meditation. प्रव० ५.

वालण. न० (वालन) लौटाना. Causing to return. सुर० १, २४६.

वालय. पुं० (वालक) गन्ध-द्रव्य-विशेष. A particular fragrant substance. पाअ०

वालहिल्ल. पुं० (वालखिल्य) क्रतु से उत्पन्न पुलस्त्य कन्या के साठ हज़ार पुत्र, जो अंगुष्ठ पर्व के देह-मान वाले थे. A class of divine personages of the size of a thumb and produced from the Kratu's body. गउड०

वाला. पुं० स्त्री० (वाला) कंगू, अन्न-विशेष. A species of grain. 'संपण्णं वालावल्लरअं' गा० ८१२.

वालि. पुं० (वालि) एक विद्याधर-राजा, कपि-राज. Name of a Vidyadhar king. पउम० ६, ६; से० १, १३;—तणअ. पुं० (तनय) राजा वालि का पुत्र, अंगद. Angada, son of Vali. से० १३, ८३.

वालि. त्रि० (वालिन्) वक्र, टेढ़ा. Crooked, bent. से० १, १३.

वालिअ. त्रि० (वालित) मोड़ा हुआ. Bent. पाअ० स० ३३७.

वालिंद. पुं० (वालीन्द्र) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of Vidyadhar family. पउम० ५, ४५.

वालिखिल्ल. पुं० (वालिखिल्य) एक राजर्षि. Name of a royal sage. पउम० १४, १८.

वाव. अ० (वाव) अथवा, या. Or, and. विशे० २०२०.

वाव. पुं० (वाप) वपन, बोना. Sowing, planting. दे० ६, १२६.

वावंफिर. त्रि० (करिष्णु) श्रम करने वाला. Labourer. कुमा०

वावड. त्रि० (व्यावृत्त) लौटाया हुआ, वापिस किया हुआ. Returned. उप० ५३४.

